CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ

॥ श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

ब्रह्मसूत्रम्

सटिप्पणशाङ्करभाष्यरत्नप्रभाललिताव्याख्यायुतम्

समन्वयाध्यायः

(प्रथमो भागः)



महर्षि भगवान् वेदव्यास जी



जगद्गुरु आदि शङ्कराचार्य जी

श्रीकैलासविद्या प्रकाशनम्, हृषीकेशः (उ.प्र.)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2



स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज

प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता कैलास आश्रम के वर्तमान दशम पीठाधीश्वर अनन्त श्री स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज हैं। आपका जन्म भौमवार मार्गशीर्ष अमावस्या वि.सं. १९७८ (सन् १९२१) को गाज़ीपुर ग्राम जिला पटना (बिहार) में एक समृद्ध ब्राह्मण परिवार में हुआ। बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक लगन हृदय में घर किए हुए थी। बीस वर्ष की आयु में घर गृहस्थी को छोड़कर आप नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा लेकर अखण्ड परमार्थ साधना में लग गए। अपने सद्गुरुदेव अनन्तश्री स्वामी विज्ञानानन्दगिरि जी महाराज एवं उनके गुरुदेव योगिराज अनन्त श्री स्वामी नित्यानन्दगिरि जी महाराज से आपको पर्याप्त मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

संस्कृत विद्या के प्रति हार्दिक आकर्षण उत्पन्न होने से आपने पाणिनीय अष्टाध्यायी और पातञ्जल महाभाष्य का अध्ययन संस्कृत के असाधारण विद्वान् अवधूत श्री ब्रह्मानन्द जी से दो वर्षों तक किया। विद्या पिपासा ने आपको काशी में दक्षिणामूर्त्ति मठ में निवास कर मध्यमा से लेकर शास्त्री, वेदान्त-सर्वदर्शनाचार्य पर्यन्त परीक्षा क्रम से अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कुशाग्रबुद्धि सम्पन्न, आप सभी परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अध्ययन के साथ अध्यापन की लगन भी आप में होने से आपने दक्षिणामूर्त्ति संस्कृत महाविद्यालय में वेदान्त-प्राध्यापक के पद को स्वीकार किया। आपकी अध्यापन शैली से विद्यार्थी अत्यन्त सन्तुष्ट एवं प्रभावित हुए।

१९५९ ई. में आपने निरञ्जनपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्री स्वामी नृसिंह गिरि जी महाराज के अनुरोध पर दिल्लीस्थ विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पद का भार संभाला। वहाँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

4.2

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ श्रीमदभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम् ॥

श्रीकैलासविद्यालोकस्य पञ्चपञ्चाशततमः (५५) सोपानः

श्रीबादरायणविरचितम्

ब्रह्मसूत्रम्

सटिप्पणशाङ्करभाष्यरत्नप्रभाललिताव्याख्यायुतम्

समन्वयाध्यायः

(प्रथमो भागः)

गोविन्दप्रसादिनोटिप्पणीकारः

विद्यावाचस्पतिमहामण्डलेश्वरश्रीमत्स्वामी
विष्णुदेवानन्दगिरिजीमहाराजः

ललिताव्याख्याकारः

वेदान्तसर्वदर्शनाचार्यः श्रीकैलासदशमपीठाधीश्वरः
आचार्यमहामण्डलेश्वरः
श्रीमत्स्वामिविद्यानन्दगिरिजीमहाराजः

विद्वत्सम्पादकमण्डलेन सम्पादितम्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकाशक:
श्रीकैलासविद्याप्रकाशनम् हृषीकेशः (उ०प्र०)

ब्रह्मविद्यापीठश्रीकैलासाश्रमस्य षष्ठपीठाचार्याणां विद्यावाचस्पतीनां महामण्डलेश्वराणां श्रीमत्स्वामिविष्णुदेवानन्दगिरिमहोदयानां, महामण्डलेश्वराणां श्रीमत्स्वामिचैतन्यगिरिमहोदयानां (शास्त्रिणाम्) च निर्वाणरजतमहोत्सवप्रसङ्गे प्रकाशितम् ।

अस्य ग्रन्थस्य सर्वाधिकारः प्रकाशकेन स्वायत्तीकृतः

प्रथम संस्करणम् १५००	महाशिवरात्रिः शाङ्कराब्दः १२०९	वि० सं० २०५३ सन् १९९७	मूल्यम् ३०० रूप्यकाणि

ग्रन्थप्राप्तिस्थानानि :

	दूरभाष :
श्री कैलास आश्रमः, कैलास गेट, हृषीकेशः—२४९२०१	४३०५९८
श्रीदशनाम संन्यासाश्रमः, भूपतवाला, हरिद्वारः—२४९४०१	२७२०६
श्री कैलासाश्रमः, उत्तरकाशी—२४९१९३	२३६१
श्री कैलास धामः, कैलास धाम मार्गः, नई झूसी—२२१५०६	
श्री कैलास विद्यातीर्थः, भाई वीरसिंह मार्गः, नई दिल्ली—११०००१	३३४७४७५
श्री कैवल्यविद्याकान्तम् १०३-बी.एल.आई.जी. राजौरी गार्डन, नई दिल्ली—११००२७	५४५१२४९
श्री कैलासाश्रमः, कैलास आश्रम मार्ग, मॉडल टाऊन, रोहतक—१२४००१	
श्री कैलास विद्यातीर्थः, राजगिर, जि० नालन्दा—८०३११६	
श्री रामाश्रमः, समाना मण्डी, पटियाला—१४७१०१	२०४५०
श्री नर्मदा सत्सङ्ग आश्रम, भिलाड़ियाघाट, होशंगाबाद	
श्री कैलास विद्या धामः, रूपनगर, सेक्टर-५ जम्मूतवी—१८०००१	

मुद्रक :
श्री कैलास विद्या प्रेस, ब्रह्मानन्दाश्रमः
मुनिकीरेती, हृषीकेशः

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

KAILAS VIDYA PRAKASHANA SERIES—55

(SRI BADARAYANA'S)

BRAHMASUTRAM

Text With Sankarabhashya and Ratnaprabha Teeka

VOLUME ONE

Annotation—GOVINDAPRASADINEE

BY

Vidyavacaspati Mahamandaleswara Srimat
Swami Visnudevananda Giriji Maharaj

OVER

Hindi Discourses—LALITA

BY

Vedanta Sarvadarsanacharya
Sri Kailas Peetha Dheeswara Mahamandleswara
Srimat Swami Vidyananda Giriji Maharaj

Edited By

Editorial Panel of Sri Kailas Ashrama

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Published by :
SRI KAILASH VIDYA PRAKASHANAM
RISHIKESH, U.P.

MEMORIALIS :
Nirvana Silver Jubilee of—
Vidyavacaspati Srimat Swami Visnudevananda Giriji Maharaj, Sixth Acharya Mahamandaleswara and Srimat Swami Chaitanya Giriji Maharaj (Shashtriji), Eighth Acharya Mahamandaleswara.

ALL RIGHTS RESERVED BY THE PUBLISHER.

First Impression	Holy Maha Shivaratri Shankarabda	Vikram Sambatsar 2053	Price
1500	1209	A. D. 1997	Rs. 300 only

The Book is available in India at:

	Telephone No.
Shri Kailas Ashram, Rishikesh—249 201	430598
Shri Brahmananda Ashram, Rishikesh—249 201	
Shri Kailas Ashram, Ujeili, Uttarkashi—249 193	2361
Shri Dashnama Sannyasa Ashram, Bhupatwala, Haridwar—249 401	27206
Shri Rama Ashram, Samana Mandi, (Distt. Patiala) Punjab—147 101	20450
Shri Kailas Ashram, Model Town, Rohatak (Hariyana)—124 001	
Shri Kailas Dhama, Nai Jhusi, Allahabad—221 506	
Shri Kailas Vidya Tirtha (Adi Shankaracharya Smaraka) 6, Bhai Vir Singh Marg, New Delhi—110001	3347475
Shri Kailas Vidya Tirtha, Rajgir, (Distt. Nalanda) Bihar.	
Shri Kaivalya-Vidya-Kantam, Rajori Garden, New Delhi—110027	5451249
Shri Narmada Satsang Ashram, Bhiladiya Ghat, Distt. Hushangabad.	
Shri Kailas Vidya Dham, Rupnagar, Sector-5. Jammu Tawi—180001	

PRINTED AT
SRI KAILAS VIDYA PRESS, MUNI-KI-RETI, RISHIKESH-249 201

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ

॥ श्रीमच्छंकरभगवत्पादो विजयतेतराम् ॥

सम्पादकीयम्

वेदान्त दर्शन के सिद्धान्तों का प्रतिपादन करने वाले ग्रन्थों में ब्रह्मसूत्र एक अद्वितीय प्रामाणिक ग्रन्थ है। अनेकानेक सम्प्रदायविद् आचार्यों ने इस पर विभिन्न प्रकार के मत-मतान्तरों को प्रतिपादित करने वाले भाष्य लिखे हैं। पर उन सभी के मध्य में भगवान् श्री आद्य शङ्कराचार्य जी द्वारा लिखित अद्वैतसिद्धान्तप्रतिपादक भाष्य सर्वाधिक प्रामाणिक, न्याययुक्त तथा सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जिसको प्रकाशित करते हुए हम अपार हर्ष का अनुभव कर रहे हैं क्योंकि इस अपूर्व संस्करण को प्रकाशित करने के तीन अत्यन्त पावन निमित्त हैं—१. वेदान्त श्रवण को अभीप्सा से कैलास आश्रम में स्वेच्छा से पधारे कैलास आश्रम के अधिष्ठातृदेव भगवान् श्री अभिनव चन्द्रेश्वर महादेव का प्रतिष्ठा शताब्दी महोत्सव। २. "श्रीगोविन्दप्रसादिनो टिप्पणी" के परिष्कर्ता षष्ठ कैलासपीठाधीश्वर विद्यावाचस्पति अनन्तश्री स्वामीविष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज का निर्वाण रजत महोत्सव और ३. अष्टम कैलास पीठाधीश्वर अनन्तश्री स्वामी चैतन्य गिरि जी (शास्त्री जी) महाराज का निर्वाण रजत महोत्सव। इन पावन प्रसङ्गों को लेकर ही अन्य संस्करणों से विशिष्ट यह संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रस्तुत संस्करण की विशेषता यह भी है कि इसमें श्रीमच्छाङ्करभाष्य रत्नप्रभा टीका, गोविन्द प्रसादिनी टिप्पणी तथा हिन्दी ललिता व्याख्या के सहित प्रकाशित किया गया है। इससे पूर्व ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य के सभी संस्करणों में या तो रत्नप्रभा, भामती एवं न्यायनिणय टीका दिए गये हैं अथवा भामती, कल्पतरु एवं परिमल के सहित छापे गये हैं। पर हमने भाष्यार्थ को सरलतया सर्वाधिक स्फुट करने वाली रत्नप्रभा टीका को ही इस संस्करण में दिया है। इसका एक अभिप्राय यह भी है कि तीनों टीकाओं के सहित शाङ्करभाष्य के अनेक प्रकाशनों में रत्नप्रभा को सर्वप्रथम रखा गया है, ऐसा करने वाले सम्पादक ने भी निःसन्देह इसका वैशिष्ट्य समझा होगा। अतः हमने भी प्रस्तुत संस्करण में रत्नप्रभा को ही रखा है। श्री गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणियाँ श्रीकैलास आश्रम के पूर्व मनीषियों के गहन चिन्तन के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई हैं जिनके विना उपनिषद्, ब्रह्मसूत्रादि जैसे कठिन अद्वैत सिद्धान्त प्रतिपादक ग्रन्थों का सम्प्रदायप्रतिपादन-परक समीचीन अर्थ जानना अत्यन्त दुष्कर ही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं, प्रत्युतमनीषियों के स्वानुभव से ऐसा प्रत्यक्ष हो चुका है। इसी क्रम में श्री कैलास आश्रम ब्रह्मविद्यापीठ के दशम पीठाचार्य म० मं० अनन्तश्री स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज द्वारा लिखित 'ललिता व्याख्या' भी गहन मनन-चिन्तन का सुपरिणाम है। इस व्याख्या को जो 'ललिता' अभिधान दिया गया है उसके पीछे भी महाराजश्री का विशिष्टाभिप्राय प्रतिभासित होता है। यह व्याख्या ललित है, शोभन है, सुन्दर है; ललिता जगज्जननो भगवती दुर्गा का भी एक रूप है तथा महाराज श्री का पूर्वजीवन-वृतान्त देखने से भी ज्ञात होता है कि उनके पावन लोकविग्रह को जननी का नाम भी श्रीमती ललिता देवी है। इन्हीं कारणों से महाराजश्री ने व्याख्या का नाम ललिता रखा होगा, यही उनके मङ्गलाचरण से भी ज्ञात होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यद्यपि इससे पूर्व भी हिन्दी भाषा में अनेक अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं किन्तु हमें अत्यन्त खेद के साथ कहना पड़ता है कि वे शाङ्करभाष्य के साथ न्याय नहीं कर पाये। अभी तक हिन्दी में शाङ्करभाष्य की कोई भी ऐसी व्याख्या उपलब्ध नहीं है जो उसका वास्तविक भाव स्फुटकर हिन्दी भाषाभाषी जिज्ञासुओं को सन्तुष्ट कर सके क्योंकि भाष्य की गूढ़ संस्कृत भाषा के तात्पर्यार्थ का प्रदर्शन हिन्दी भाषा में करना अत्यन्त कठिन कार्य था। पर प्रस्तुत ललिता व्याख्या में महाराजश्री ने भाष्य का गूढ़ तात्पर्यार्थ प्रकाशित करने का सफल प्रयत्न किया है तथा जहाँ भाष्य क्लिष्ट है, वहाँ महाराजश्री ने टीका का आश्रय लेकर भी भाष्योक्त वास्तविक तात्पर्य को स्फुट किया है। भाष्य से सम्बन्धित रत्नप्रभा तथा हिन्दी ललिता व्याख्या यथासम्भव उसी पृष्ठ में रखी गयी है इससे पाठकों को अनावश्यक बार-बार पृष्ठ उलटना नहीं पड़ेगा। निश्चय ही भाष्य में किये गये अध्यासनिरूपण को, सांख्य, मीमांसा, न्याय, चार्वाक, बौद्ध आदि दर्शनों के खण्डन को तथा श्रौत प्रमाणों और अनुमानादि प्रमाणों द्वारा सिद्ध किये गये केवलाद्वैत सिद्धान्त के निरूपण को संस्कृतभाषानभिज्ञों के सम्मुख हिन्दी भाषा में प्रस्तुत करना साधारण व्यक्ति योग्य कार्य नहीं था। इस कार्य को कोई बहुश्रुत, श्रोत्रिय, व्याकरणन्यायादि दर्शनों में पारङ्गत विद्वान् ही कर सकता है। महाराज श्री ने इससे पूर्व भी **चित्सुखी-छात्रतोषिणी, व्याप्तिपञ्चकम्-छात्रतोषिणी, वेदान्त परिभाषा-सुबोधिनी टीका, ब्रह्मसूत्र-विद्यानन्दवृत्ति** आदि अनेकानेक व्याख्यायें लिखकर न्याय एवं वेदान्त दर्शन के जिज्ञासुओं तथा छात्रों को समान रूप से अनुगृहीत किया है। जो सभी ग्रन्थ विद्यानुरागी पारङ्गत पण्डितों द्वारा भूरिशः प्रशंसित हैं।

इस संस्करण में द्वादशदर्शनकाननपञ्चानन आ० म० मं० अनन्त श्री स्वामी काशिकानन्द गिरि जी महाराज ने प्रस्तावना निबन्ध देकर इसका महत्त्व बढ़ाया है। देश-विदेश सर्वत्र आंग्लभाषा के माध्यम से आधुनिक जिज्ञासुओं को वेदान्त दर्शन के तात्पर्य से अवगत कराने के लिए जिनका प्रयास श्लाघनीय है, ऐसे समादरणीय श्रीमत्स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज ने अपनी सम्मति देकर उक्त जिज्ञासुओं को भी इस संस्करण के अध्ययन के लिए आकृष्ट किया है। डॉ० श्री विष्णुदत्तराकेश जी (एम. ए., पी. एच.डी., डी. लिट्)। हिन्दी विभागाध्यक्ष, गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने भी मनोरम शैली में अपनी शुभसम्मति देकर हमें अनुगृहीत किया है। ललिता व्याख्याकार स्वयं महाराजश्री ने प्रासङ्गिकम् निबन्ध के माध्यम से इस ग्रन्थ के वृत्तवस्तु का स्पष्टीकरण किया है। एतदर्थ हम उक्त सभी महानुभावों के अधमर्ण हैं एवं सम्पादक मण्डल के हम सभी सदस्य उक्त महानुभावों के अनुग्रहपात्र हैं और रहेंगे।

प्रस्तुत संस्करण दो भागों में प्रकाशित हुआ है जिसमें यह वैशिष्ट्य भी है अक्षर अन्य संस्करणों की अपेक्षा बड़े टाइप में दिये गये हैं और शब्दों के मध्य में पर्याप्त दूरी भी रखी गयी है जिससे वृद्धजन भी सुविधापूर्वक इसे पढ़ सकेंगे। और भी पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यथासम्भव उद्धरणों की संख्या; यथोचित स्थलों पर अर्धविराम, पूर्णविराम, प्रश्नवाचकचिह्न आदि भी इस संस्करण में दिये गये हैं। वैयासिक न्याय माला के श्लोकों के साथ उनके पञ्चावयवों को सरल भाषा में स्फुटीकरण भी अपना विशेष स्थान रखता है। सूत्रों के आगे और पीछे संख्योल्लेख भी पाठकों को सौविध्यप्रद होगा। इतने पर भी मानवीय कृति होने के कारण यदि अशुद्धियाँ एवं त्रुटियाँ रह गयी हों तो विद्वत्सुधी-जन हमें क्षमा करेंगे तथा हमारा ध्यान उस ओर आकर्षित करेंगे। इत्यों शम्।

मकरसंक्रान्तिः — **वयं निर्विविदिषवः भावत्काः**
वि० सं० २०५३ — **सम्पादकमण्डलसदस्याः**

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रस्तावना

भारतीय दार्शनिक वाङ्मय में ब्रह्मसूत्र का स्थान सर्वोपरि है। इसको उत्तरमीमांसा भी कहते हैं। पूर्वमीमांसा में वेदों के पूर्वभाग कर्मकाण्ड पर विचार हैं और उत्तरमीमांसा मे वेदों के उत्तरभाग ज्ञानकाण्ड पर विशेष विचार है। ज्ञानसाधन उपासना का भी कुछ विचार इसमें सम्मिलित हुआ है।

ब्रह्मसूत्र के रचयिता के विषय में प्रायः मतैक्य होने पर भी विप्रतिपत्ति के लिए भी स्थान पर्याप्त है। भगवान वेदव्यास ब्रह्मसूत्र के रचयिता हैं ऐसी प्रसिद्धि सर्वत्र है। **"ब्रह्मसूत्रकृते तस्मै वेदव्यासाय वेधसे"** इस प्रकार भामतीकार ने मङ्गलाचरण में बताया है। **"श्रीशङ्करभाष्य कृतं प्रणम्य व्यासं हरिं सूत्रकृतम्"** ऐसा रत्नप्रभाकार भी कहते हैं **"श्रीमद्व्यासपयोनिधिः"** इत्यादि न्यायनिर्णय के मङ्गलाचरण की पंक्ति है। परन्तु भाष्यकार अन्तिम सूत्र की अवतरणिका में **"अत उत्तरं भगवान बादरायण आचार्यः पठति"** इस प्रकार ब्रह्मसूत्र के रचयिता का नाम बादरायण लिखते हैं। पञ्चपादिकाकार ने भी **"बादरायणसंज्ञाय मुनये शमवेश्मने"** कहते हुए बादरायण का ही नाम लिया है। पर वहीं विवरणकार **"तं व्यासं नमत जगत्यपूर्वभानुम्"** कहते हैं।

क्या व्यास और बादरायण एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं या भिन्न-भिन्न दो ऋषि हैं। इस विषय में प्राचीन मनीषी वर्ग प्रथम पक्ष को ही स्वीकार करते हैं। किन्तु अर्वाचीन समीक्षक दो भिन्न व्यक्ति मानने के पक्षधर हैं। भाष्यकार स्वयं द्वापर और कलि की सन्धि में कृष्ण द्वैपायन के अवतार का उल्लेख करते हैं जो वेदव्यास नाम से प्रसिद्ध हैं। परन्तु जैन बौद्धादि मत निराकरण करते हुए तीन हजार वर्ष के अंदर ही बादरायण ऋषि अपना अस्तित्व सूचित करते हैं। व्यास चिरंजीवी होने के कारण आज भी विद्यमान हैं इत्यादि श्रद्धास्पद कल्पना आधुनिक मनीषी विचारकों के दिमाग में स्थान नहीं ले पाती। अस्तु इस विचार को हम यहीं रहने देते हैं। चाहे वे भिन्न व्यक्ति हों चाहे एक, हमारे लिए पूज्य हैं ही। दो हों तो दोनों पूज्य हैं, एक हों तो कोई बात ही नहीं।

ब्रह्मसूत्र पर अनेक आचार्यों की व्याख्या प्रसिद्ध हैं। अद्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, शुद्धाद्वैत एवं द्वैत सिद्धान्त के भाष्य एवं व्याख्या में तो हैं ही, इनमें भी वैष्णव शैवादि मतानुसार भाष्य तथा व्याख्या आदि विद्यमान हैं। वर्तमान में उपलब्ध भाष्यों में सर्वप्राचीन भाष्य शाङ्करभाष्य ही है। उसी के आधार पर ऊहापोह करते हुए अन्य भाष्य एवं व्याख्यायें चली हैं।

श्रीमद्रामानुजाचार्य अपने को इस ऋण से छुटकारा पाने के लिए बोधायनकृत वृत्ति के आधार पर मैं भाष्य लिखता हूँ, ऐसा बताया है। पण्डितप्रवर बलदेवोपाध्याय का कथन है, कि पूरी वृत्ति केवल एक ही व्यक्ति को मुखपाठ आता था और उसके बाद वह वृत्ति लुप्त हो गयी। उसी का मुखपाठ सुनकर रामानुजाचार्य ने भाष्य लिखा। यदि यह बात सत्य है, तो उस अमूल्यनिधि की रक्षा करने का किञ्चिन्मात्र भी प्रयत्न न करने वाले रामानुजाचार्य अक्षम्य अपराध के भागी होंगे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपना भाष्य वे लिपिबद्ध कर सकते थे, तो आधारस्तम्भ को उन्होंने लिपिबद्ध क्यों नहीं किया या कराया ? यह जटिल आक्षेप सामने आयेगा । क्या यह कल्पना भी कोई नहीं करेगा, कि उस वृत्ति के रहते अपने भाष्य का कोई मूल्य नहीं रहेगा । अतः स्वयं उन्होंने उसे नष्ट होने दिया ? बात इतनी ही हो सकती है कि श्री रामानुजाचार्य के पूर्वाचार्यों ने किंवदन्ती के रूप में जो सुन रखी थी और संक्षेप में लिख रखी थो उसका आधार रामानुजाचार्य ने लिया । अतएव रामानुज भाष्य बौधायनसम्मत ही है यह निश्चित करना सम्भव नहीं है। स्वयं रामानुजाचार्य इतना ही लिखते हैं—**"बोधायनकृतां विस्तीर्णां वृत्तिं पूर्वाचार्याः सञ्चिक्षिपुः"** उस संक्षेप के आधार पर उनका भाष्य है ।

महाविद्वान् वैरागी सम्प्रदाय के आचार्य श्री भगवदाचार्य स्वयं कहते हैं कि श्रीरामानुजाचार्य श्रीशङ्कराचार्य के उद्धृत श्रुतियों से अतिरिक्त किसी भी श्रुति को ढूँढ़ने का लेशमात्र भी प्रयत्न नहीं किया । शङ्करोद्धृत श्रुतियों के ही अर्थ बदलकर व्याख्या करने का ही प्रयास किया । इससे स्पष्ट है कि श्रीरामानुजाचार्य शाङ्करभाष्य के ही अधमर्ण हैं । भले उन्होंने सिद्धान्तान्तर को प्रस्तुत किया हो ।

हमने अपनी अद्वैत परिशुद्धि नाम के ग्रन्थ में यह स्पष्ट किया है कि शङ्कराचार्य पर अन्य वादियों का जो आक्षेप हुआ है वह सिद्धान्त की गहराई में न उतर पाने का ही परिणाम है । वस्तुतः केवलाद्वैत का किसी के साथ विवाद नहीं है और विरोध भी नहीं है । **"अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम्"** इस गौड़पादीय वचन पर गौर करना परम आवश्यक है । केवलाद्वैत में ब्रह्म को **"सत्यं ज्ञानमनन्तं"** आदि वाक्यों में सत्यादि पद लक्ष्यार्थ बतलाया, तब सत्यादिपदवाच्यार्थ क्या है ? वाच्यार्थ के बिना शक्यसम्बन्धरूप लक्षणा नहीं हो सकती । सत्यपदवाच्यार्थ यह जगत ही है, उसे पृथक् करके बताने के लिए व्यावहारिक पद जोड़कर हम बोलते हैं–व्यावहारिक सत्य । ब्रह्म को पारमार्थिक सत्य जो बोलते हैं वह समझाने का एक तरीका मात्र है । जब कि श्रुति **"यतो वाचो निवर्तन्ते"** कहती है तब पारमार्थिक सत्य शब्द की भी वहाँ शक्त्या प्रवृत्ति कैसे होगी । **"अतद्व्यावृत्त्यायं"** के अनुसार ये सब अतद्व्यावृत्त्यर्थ शब्दव्यवहार है । अतएव रामानुजादि का खण्डन-मण्डन शब्द भी उस ब्रह्म तक पहुँच नहीं पायेगा तो उसका खण्डन कैसे हो ? जो उनका सत्यपदवाच्यार्थ है उसको हम भी मानते हैं तो हमारा विरोध क्या है ? अतएव शाङ्करभाष्य किसी भी धूलिप्रक्षेप से धूसरित होने वाला नहीं है । अतः वह निर्मल एवं निर्दोष है ।

शाङ्कर भाष्य की अनेकानेक व्याख्या, उपव्याख्यादि अभी तक हो चुके हैं जिनमें भामती प्रस्थान तथा विवरण प्रस्थान अत्यन्त प्रसिद्ध हैं । मुद्र्यमाण रत्नप्रभा विवरणप्रस्थानानुगामी है, जो महात्माओं के लिए अत्यन्त प्रिय हैं। चतुःसूत्री पर इनकी विद्वत्तापूर्ण व्याख्या है, जिसपर पूर्णानन्दीय व्याख्या अत्यन्त मनोरम है । आगे तो रत्नप्रभा आनन्दगिरीय न्यायनिर्णय का संक्षिप्त संस्करणमात्र है । फिर भी सरल होने के कारण महात्माओं की अध्ययन-अध्यापन परम्परा में रत्नप्रभा का प्रबल वर्चस्व रहा है । भोलेबाबा ने रत्नप्रभा का भी हिन्दी अनुवाद किया है, जो आज कल दुर्लभ हो गया है ।

भाष्य तथा रत्नप्रभा पर विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर स्वनामधन्य श्रीमत्स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज की गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी कैलास परम्परा में अत्यन्त प्रसिद्ध है, जो ग्रन्थग्रन्थियों को खोलने का अनितर साधारण सामर्थ्य रखती है । प्रस्तुत संस्करण में उसका भी निवेश हो जाने से ब्रह्मविद्योपजीवियों का महान उपकार होने जा रहा है । साम्प्रदायिकविद्यासंरक्षण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

के लिए इसकी प्रतीक्षा उत्सुक दृष्टि से सन्त एवं सम्प्रदायानुरागी कर रहे थे, आज उसकी पूर्ति होने जा रही है।

विद्वद्धौरेय आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीस्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज ने प्रथम दश उपनिषदों का पूर्वोक्त गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी के साथ प्रकाशन कर बड़ा उपकार किया ही है, साथ ही भाष्यों का हिन्दी भाषानुवाद कर जिज्ञासुओं के लिए अमृत कलश सामने रख दिया। उसी क्रम में ब्रह्मसूत्र भाष्य का भी अनुवाद कुतूहलता के साथ प्रस्तुत होने की वाट पाठक जोह रहे थे वह भी साथ-साथ सम्पन्न हो रहा है।

इसे केवल एक अनुवाद मात्र नहीं कहा जा सकता किन्तु भाष्य विवरण कहना उचित होगा। रत्नप्रभा का प्रतिपद अनुवाद किये बिना ही भावार्थ को लेकर भाष्यविवरण प्रस्तुत किया गया है। और कहीं-कहीं रत्नप्रभा में अस्पष्ट भी अवश्यज्ञेय पदार्थों का स्पष्टीकरण जगह-जगह किया गया है। जैसे द्वितीय सूत्र **'जन्माद्यस्य यतः'** में अभिन्ननिमित्तोपादानरूप से ब्रह्म विवक्षित है केवल जन्म निमित्त कारणमात्र से सम्भव होने पर भी आदि पद ग्राह्य स्थिति एवं लय निमित्त में नहीं हो सकते। घट का लय कुम्भकार में नहीं होता, वह तो उपादान मृत्तिका में ही सम्भव है। यह बात **'प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्'** में स्पष्ट होगा। प्रकृति का उपादान कारण अर्थ है **'च'** कार से निमित्त कारण गृहीत है। रत्नप्रभाकार ने थोड़ा कह कर समाप्त किया। स्थिति-लय कारण यदि भिन्न हो तो जन्मकारणत्वमात्र से ब्रह्मत्व का बोध होना सम्भव नहीं है, क्योंकि भेदप्रतियोगित्व-रूपी वस्तुपरिच्छेद उसमें आ जायेगा। यह एक उदाहरणमात्र हमने दिखलाया। इसी प्रकार स्थान-स्थान पर हिन्दी व्याख्या अपना वैशिष्ट्य रखती है।

उपनिषद् मुद्रणकाल से अभी तक चिरप्रतीक्षित ब्रह्मसूत्र का संस्करण पाठकों के हाथ में आ रहा है, अवश्य ही इससे विद्यार्थी समाज प्रसन्न होगा। साथ ही प्रौढ़ विद्वान् भी टिप्पणी सहित होने से लाभान्वित होंगे।

प्रस्तावक :

द्वादशदर्शनकाननपञ्चानन अनन्तश्री
आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामी
काशिकानन्द गिरि जी महाराज
आनन्द वन आश्रम, मुम्बई।

शरत् पौर्णमासी
वि. सं. २०५३
शाङ्कराब्दः १२०१
सन् १९९६ ई०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

FOREWORD

The ancient Indian Sanskrit literature enjoys many unique features, the most significant among them being the works in the form of sutras. The natural language like the classical Sanskrit is presented by Panini using metalanguage in his famous grammar sutras. So too, the Astanga yoga is unfolded through sutras by Patanjali. There are many other sutra works covering various topics like logic, ethics and liturgy. While these works are descriptive in nature, we have two analytical sutra works, namely, the Purvamimamsa of Jaimini and the Uttaramimamsa of Bhagavan Vyasa. The Sutras of Jaimini analyse and present the Karma-Kand of the Vedas. The work of Bhagavan Vyasa analyses and presents the subject matter of jnana-kanda of the Veda, popularly known as Upanisadas. The work of Vyasa is an important part of the study of Vedanta. The vision of the Veda unfolded in the Upanisadas is analysed thoroughly by the sutras. Being an analytical work, it moves methodically through a binary method of purvapaksa, objectiond and siddhanta, the conclusion.

The tatparya of the Vedanta is arrived at answering all objections as identity between the individual and the Lord, the cause of the world. That this oneness is the vision of the Veda is proved by analysing the relevant sentences of the Upanisadas. Some of these sentences are unequivocal while some others are not. That even the equivocal sentences are of the same vision is proved by looking into the context, results etc.

In the second chapter, Vyasa discusses very thoroughly all possible objections with regard to the vision of oneness. It looks as though the various schools of

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

philosophy propounded by latter Buddhists like Nagarjuna and others were expected by Vyasa, for he had dealt with all of them. A thorough study of this work does not leave anything to be desired in arriving at the tatparya of the Upanisadas. All possible doubts also resolve for good.

The bhasya of Sankara is a blessing in as much as it gives a new lease to the tradition of teaching sampradaya. Following the style of patanjali, the author of Mahabhasya, Sankara is crisp and convincing. There are many people who annotated the commentary of Sankara, sentence by sentence; but for a seeker, the Ratnaprabha of Govindananda is a source of unfailing light. The foot notes, tippani, of the late revered Sri Swami Visnudevananda are also a great help in one's understanding of some crucial logical, grammatical and philosophical topics

Here is another blessing for those who have no easy access to Sanskrit in the Hindi translation of Mahamandalesvara Sri Swami Vidyananda Giri. Keeping the Ratnaprabha in view, he has ably translated the bhasya. In the tradition of the study of Brahmasutras, the first four sutras are studied very thoroughly in as much as the entire sastra is covered by these four. Keeping this in view, the Kailash Ashram has brought out a separate volume covering the first four sutras with the introduction of Sankara, popularly known as Adhyasa-bhasya. Mandalesvar's experience in teaching the Vedanta Sastra for years and his thorough knowledge of the various schools of Indian philosophy makes his translation lucid, authentic and thorough.

I invoke the grace of Lord Gangadharesvara with a prayer for this work to find its fulfilment by reaching the deserving jijnasus.

His Holiness Swami Dayananda Saraswathi
Founder Shruti Sewa Trust
Arsha Vidya Gurukulam, Anaikatti (P.O.)
Coimbatore - 641 108

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्
रत्नप्रभाललिताव्याख्या

श्री कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमत्स्वामि विद्यानन्दगिरि जी महाराज भारतीय वाङ्मय के तलस्पर्शी पण्डित हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन ज्ञान वैराग्य से ओतप्रोत रहा है। भगवान् आद्य शङ्कराचार्य के सिद्धान्तों की अक्षुण्ण रक्षा करते हुए श्रीस्वामी जी महाराज ने उत्तरापथ में शाङ्करदिग्विजय का अध्यात्मरथ आगे बढ़ाया है। प्रस्थान त्रयी की कथाओं का सार्वजनिक उपक्रम उनके विलक्षण पाण्डित्य का सूचक है। श्रीमद्भागवत सप्ताह तथा श्रीरामचरितमानस नवाह की तरह प्रस्थानत्रयी का अष्टादशाह उन्होंने ही प्रारम्भ किया। आचार्य श्री शङ्कर के बाद पण्डित मण्डली से बाहर सामान्य जनता में गीता, उपनिषद् तथा ब्रह्मसूत्र की शाङ्करी व्याख्या को लोकप्रिय बनाने में जो उद्योग उन्होंने किया, उसके लिए भारत की पण्डित मण्डली सदैव उनकी ऋणी रहेगी। कैलास से ब्रह्मविद्यामन्दाकिनी का निरन्तर प्रवाहित होना उचित है। भगवान् सदाशिव श्रीनारद को निमित्त बना कर कैलास पर ही ब्रह्मविद्या का उपदेश करते हैं। श्रीमद्भागवत् इसका प्रमाण है—

उपविष्टं दर्भमय्यां बृस्यां ब्रह्म सनातनम्। नारदाय प्रवोचन्तं पृच्छते शृण्वतां सताम्॥

ब्रह्मसूत्र पर १९६९ में श्रीस्वामी जी ने 'विद्यानन्दवृत्ति' लिखकर अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता का परिचय दिया था। एक कुशल विषय मर्मज्ञ अध्यापक के गुणों से भरपूर उनकी चिन्तनों का सुफल इस वृत्ति में प्रकट हुआ था। छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए इसमें चतुःसूत्री भामती सन्तरणी भी दे दी गयी थी। श्री सदाशिवेन्द्र सरस्वती तथा रामकिङ्कर पण्डित विरचित वृत्तियों के रहते हुए भी इस वृत्ति का प्रयोजन था—छात्र और जिज्ञासुओं को इस योग्य बना दिया जाए कि वे साधिकार शाङ्करभाष्य के अध्ययन में प्रवृत्त हों तथा सुगमता से भाष्य का तात्पर्य हृदयंगम कर लें।

प्रवेशमीहते कश्चिन्नरश्चेद्व्यासनिर्मिते। सूत्रे चाद्वैतराद्धान्ते शङ्कराचार्य भाषिते।
अवश्यं तेन दृश्येत, वृत्तिरेषा मुमुक्षुणा। अन्यथा भाष्यतात्पर्ये प्रवेशः स्यात्सुदुर्लभः॥

यही कारण है कि विद्यानन्दवृत्ति की प्रशंसा श्रद्धेय श्री करपात्री जी, श्री स्वामी अखण्डानन्द जी सरस्वती, महामण्डलेश्वर श्रीस्वामी काशिकानन्दगिरिजी तथा आचार्य पण्डित बद्रीनाथ शुक्ल जी जैसी दार्शनिक विभूतियों ने की थी। अब स्वामी विद्यानन्दगिरिजी ने सटिप्पण रत्नप्रभाललिताव्याख्या संवलित आचार्य भाष्य को प्रस्तुत कर एक बड़े अभाव की सर्वांग सुन्दर पूर्ति की है। विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विष्णुदेवानन्दगिरि जी की गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी तथा स्वामी विद्यानन्द गिरि जी की ललिता व्याख्या ने अत्यन्त निर्मल रूप में भाष्यकार के तात्पर्य को प्रकाशित कर दिया है। प्रत्येक अधिकरण की सङ्गति, विषय, संशय, पूर्वपक्ष एवं उत्तरपक्षात्मक पञ्चावयवी कसौटी का स्पष्ट तथा वैज्ञानिक शैली में प्रतिपादन-अनुगमन जहां ग्रन्थ को निर्दुष्ट सिद्ध करता है, वहाँ व्याख्याकार के प्रगाढ़ पाण्डित्य की भी सूचना देता है—

ब्रह्मसूत्र भगवान् बादरायण की रचना है। आचार्यप्रवर पण्डित गोपीनाथ कविराज जी ने ब्रह्मसूत्र को भिक्षुसूत्र मानने का प्रस्ताव किया था। पर पण्डित उदयवीर शास्त्री ने इस भ्रम का निराकरण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करते हुए स्पष्ट घोषणा की, कि पराशर गोत्र वाले कपिल के शिष्य भिक्षुपञ्चशिख की सांख्य विषयक रचना भिक्षुसूत्र है न कि ब्रह्मसूत्र। ब्रह्मसूत्रकार वे ही बादरायण व्यास हैं, जिन्होंने महाभारत तथा पुराणों की रचना की है। वायु पुराण इस का समर्थन करता है—

पराशरसुतो व्यासः कृत्वा पौराणिकं कथाम्। सर्ववेदार्थघटितां चिन्तयामास चेतसि।
जीवेश्वरब्रह्मभेदो निरस्तः सूत्रनिर्णये। निरूपितं परं ब्रह्म श्रुतियुक्तविचारतः॥

वायु पुराण प्रामाणिक रचना है तथा महाभारत के समकालीन रचना है। महाभारत में उस का नामोल्लेख मिलता है—

वायुप्रोक्तमनुस्मृत्य पुराणमृषिसंस्तुम्।

आचार्य श्री शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र भाष्य में **'नामरूपे च भूतानाम्'** तथा **'ऋषीणां नामधेयानि याश्च वेदेषु दृष्टयः'** जैसे श्लोक वायुपुराण से उद्धृत किए हैं। यह भी सम्भवतः इसीलिए, कि वायुपुराण बादरायण व्यास का रचना है और सूत्रकार तथा पुराणकार के रूप में व्यास जी के कर्तृत्व को प्रमाणित करतो है। अतः यह भ्रान्त धारणा छोड़नी चाहिए कि ब्रह्मसूत्र का लेखक व्यास के अतिरिक्त कोई बादरायण नाम का व्यक्ति था, जिसने बुद्ध के बाद सूत्रों को रचना की। भामतीकार ने **'ब्रह्मसूत्रकृते तस्य वेदव्यासाय वेधसे'** कह कर कृष्णद्वैपायन व्यास और बादरायण को अभिन्न ही माना है।

भगवत्पाद आचार्य शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र का भाष्य प्रस्तुत कर विशुद्ध अद्वैतवाद का प्रतिष्ठापन किया। आचार्य से पूर्व आचार्य बोधायन और आचार्य उपवर्ष जैसे आचार्य हो गए थे, जिन्होंने ब्रह्मसूत्र की विशद व्याख्या की थी। पाणिनि के गुरु वर्ष के भाई थे उपवर्ष। आचार्य शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र के भाष्य में दो स्थलों पर उपवर्ष का स्मरण किया है। प्रपञ्चहृदयङ्कार का कहना है कि विस्तृत बोधायनवृत्ति का संक्षेप उपवर्ष ने किया। आचार्य शङ्कर ने इन वृत्तियों को बहुत उपयुक्त नहीं माना। बोधायनवृत्ति को निजमतानुसार अर्थान्तर की ओर मोड़ दिए जाने की बात श्रीरामानुज ने भी श्री भाष्य में स्वीकार की है—**'भगवद्बोधायनकृतां विस्तीर्णां ब्रह्मसूत्रवृत्तिं पूर्वाचार्याः सञ्चिक्षिपुः, तन्मतानुसारेण सूत्राक्षराणि व्याख्यायन्ते।'** आचार्य शङ्कर ने ब्रह्मसूत्र की अनाविल व्याख्या विशुद्ध वेदान्तानुसार की। उन्होंने सूत्रों का क्रम निश्चित किया, सूत्रपदानुसारी भावना को समझा, स्वमत प्रतिपादन के लिए अधिकरणों की सङ्गति बैठाई तथा परमत निराकरण की उग्रखण्डनात्मक शैली का अनुवर्त्तन कर सिद्धान्त-निरूपण की ऐसी पद्धति विकसित की जिसने अद्वैतवाद को दर्शनों का मुकुटमणि बना दिया। उनके विरोधी वैष्णवाचार्य भी श्रीशङ्कर द्वारा बनाई गई पद्धति का विरोध न कर सके। कुछ साधारण परिवर्त्तनों के साथ उन्होंने भी उसी शैली का अनुगमन किया। आचार्य शङ्कर द्वारा निर्मित्त व्याख्या विधि को ही उन्होंने अपना आदर्श बनाया। पांचरात्र अथवा भागवत मत को छोड़ कर सांख्य, वैशेषिक, बौद्ध, जैनमतादि के खण्डन में बाद के आचार्यों ने श्री शङ्कर का ही अनुकरण किया। सूत्रकार से भी उग्र विरोधी तेवर आचार्य शङ्कर के खण्डन में दिखाई देते हैं। सांख्य पर तो आचार्य ऐसे टूटते हैं, जैसे वही उनका प्रधान विरोधी हो। वैष्णवाचार्यों ने भक्ति सिद्धान्त के मूलस्रोत पांचरात्रागमों का समर्थन करने में आचार्य द्वारा प्रस्तुत खण्डनात्मक उक्तियों के विरुद्ध मण्डनात्मक युक्तियां देने में ही अपनी शक्ति झोंक दी, यह स्वाभाविक भी था क्योंकि ऐसा न करने पर भक्तिवाद न टिक पाता और उनका प्रस्थान ही त्रुटित हो जाता। आचार्य शङ्कर के अद्वैतवाद के विरुद्ध आचार्य भास्कर जैसे प्रतिवादियों ने जो कुछ कहा-लिखा, उसका उतनी ही शक्ति से खण्डन आचार्य वाचस्पति मिश्र ने भामती में कर दिया। भामतीकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ने आचार्य शङ्कर की महिमा को पुनः मण्डित किया। इसके बाद तो शङ्कर विरोधियों के मुख कीलित हो गए, उनके चेहरे निष्प्रभ हो गए, उनके अधरों पर शब्द सूख गए, तर्कों को पाला मार गया और धूल धूसरित खण्डनात्मक प्रयासों के लिए कोई स्थान हो न रह गया। अन्तरवर्त्ती व्याख्याकारों ने प्रत्यक्ष-परोक्ष आचार्य का लोहा मान लिया।

श्री स्वामी विद्यानन्दगिरि जी ने ललिता व्याख्या प्रस्तुत करते हुए इस सारी सामग्री को ध्यान में रखा है। उनकी 'विद्यानन्दवृत्ति' को पढ़ कर यदि शाङ्कर सिद्धान्त का मानचित्र समझ में आता है तो इस भाष्य को पढ़ कर उस मानचित्र की रङ्गयोजना और मणिकुट्टिम शृङ्गार की एक-एक बारीकी पकड़ में आ जाती है। उन्होंने प्रथमाध्याय को समन्वयाध्याय, द्वितीयाध्याय को विरोध परिहाराख्याध्याय, तृतीय अध्याय को साधनाख्याध्याय तथा चतुर्थ को फलाध्याय कह कर व्याख्या प्रस्तुत की है, जिससे सूत्रकार तथा भाष्यकार के मूल मन्तव्य का पता चल जाता है। यह क्रम भामतोकार के अनुसार ही है, बस द्वितोय अध्याय का नाम भामतोकार ने अविरोधाख्य रखा है और स्वामी विद्यानन्द जी ने उसे प्रासङ्गिकम् में विरोध परिहाराख्य कहा है। ललिता व्याख्या में स्वामी जी ने पहले आचार्य शङ्कर के सूत्र भाष्य का अर्थ प्रस्तुत किया है फिर रत्नप्रभा के सूत्रपोषक अर्थ की हिन्दी दी है। इसके बाद सारे विवेचन का सङ्गति, विषय, संशय, पूर्वपक्ष तथा सिद्धान्त शीर्षक से सार प्रस्तुत कर दिया है। इससे सिद्धान्त को हृदयंगम करने में पूर्ण सुविधा मिलेगी। उदाहरण के लिए **'शास्त्रयोनित्वाधिकरण'** को लें। इसका सारांश स्वामी जी ने इन शब्दों में व्यक्त किया है—

१. **सङ्गति**—निखिल जगत् का कारण होने से आपने ब्रह्म में सर्वज्ञत्व कहा, वह ठीक नहीं है क्योंकि जगदन्तःपाती वेद भी है और वह नित्य है, फिर तो निखिल जगत्कारणत्व ब्रह्म में कहना अयुक्त है, ऐसा आक्षेप होने पर शास्त्रयोनित्वाधिकरण प्रारम्भ करते हैं।

२. **विषय**—शास्त्रयोनित्वाधिकरण में वेद का कर्ता ब्रह्म का विचार किया गया है।

३. **संशय**—वेद का कर्ता ब्रह्म है या नहीं।

४. **पूर्वपक्ष**—**'वाचा विरूपनित्यया'** इस वेदवाक्य में वेद को नित्य कहा गया है, उसका कर्त्ता कोई नहीं हो सकता। अतः वेद का कर्ता ब्रह्म नहीं है।

५. **सिद्धान्त**—वेद का कर्ता ब्रह्म ही है क्योंकि वेद परमेश्वर का श्वास-निःश्वास है नित्यता तो समानता को लेकर कही गई है। अतः सबका प्रकाशक वेद का कर्ता होने से ब्रह्म सर्वज्ञ है।

स्वामी जी ने सूत्र के ठीक बाद वैयासिक न्यायमाला के श्लोक दिए हैं और उसी पृष्ठ में पञ्चावयवों का वर्णन भी है। पर कहीं-कहीं प्रकरण समाप्ति पर उन श्लोकों का सार उक्त पञ्चावयव के आधार पर हिन्दी में प्रस्तुत कर दिया है, उदाहरण के लिए उक्त सारांश के बोधक न्यायमाला के श्लोक लीजिए—

न कर्तृ ब्रह्म वेदस्य किं वा कर्तृ न कर्तृ तत्। विरूपनित्यया वाचेत्येवं नित्यत्वकीर्तनात्॥
कर्तृ निःश्वसिताद्युक्तेर्नित्यत्वं पूर्वसाम्यतः। सर्वावभासिवेदस्य कर्तृत्वात्सर्वविद्भवेत्॥

पाठक देखेंगे कि स्वामी जी को सम्पूर्ण भाष्य हस्तामलकवत् है, उनकी ललिता व्याख्या विषय का सांगोपांग रमणीय निरूपण करती है तथा भाष्यकार के सूत्रार्थ विचार की प्रामाणिकता युक्तियुक्त ढङ्ग से प्रतिपादित करती है। तृतीय अध्याय (साधनाख्य अध्याय) में स्वामी जी की

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रतिभा तथा निपुणता का विशेष परिचय मिलता है। पूर्वमीमांसा शास्त्र के पूर्ण अध्ययन के बिना न तो इस अध्याय के भाष्य को समझा जा सकता है और न इसका पठन-पाठन किया या कराया जा सकता है। स्वामी जी का इस सम्बन्ध में यह कथन विद्वानों के लिए चुनौती है कि "वैदिक उपासनाओं के लिए इस पाद पर अनुसन्धान की परम आवश्यकता है। अनुसन्धान के बाद उपनिषदों में वर्णित परापर विद्या के अनुष्ठान के लिए एक तालिका बनाने की भी आवश्यकता है जिससे साधक उपनिषदों में वर्णित वैदिक उपासनाओं का सम्यक् प्रकार से अनुष्ठान कर समुचित फल प्राप्त कर सकें।" ब्राह्मण ग्रन्थों तथा उपनिषदों की प्रतीकात्मक शैली में कथित उपासना विधियाँ, उपास्यदेव तथा उपासना के फलों में दिखाई देने वाले विरोध का निरसन तभी सम्भव है जब मूल मन्त्र भाग के तात्पर्य से गहरा परिचय हो। मूल सूत्रकार का लक्ष्य समन्वय है। अतः भाष्यकार तथा टीकाकारों ने ऊपर से विरोधी दीखने वाली उपासनाओं में अन्तरवर्ती एकत्व दिखाया है। **'दर्शयति च'** सूत्र की व्याख्या में कह दिया गया है—**'अन्यत्रोपासनाविधानायोपादानात्प्रायेणोपासनानामस्यैकत्वं सर्वत्रेति सिद्धम्।'**'

एक बात और। धर्मशास्त्र में प्रयुक्त होने वाले शब्दों के अर्थ को जानने के लिए पाठक को अन्यत्र न जाना पड़े, उसके सतत स्वाध्याय का आसन खण्डित न हो। अतः व्याख्याकार ने उनकी परिभाषाएँ यथास्थान दे दी हैं। जैसे इष्ट और पूर्त शब्दों की व्याख्या में प्रस्तुत निम्नाङ्कित श्लोक ध्यान आकृष्ट करते हैं—

अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानां चानुपालनम्, आतिथ्यं वैश्वदेवं च इष्टमित्यभिधीयते।
वापी कूपतडागादि देवलायतनानि च, अन्नप्रदानमारामः पूर्तमित्यभिधीयते॥

इस प्रकार कहा जा सकता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ शाङ्करभाष्य का एकमात्र ऐसा हिन्दी अनुवाद है जिसमें आचार्य के चिन्तन की विशिष्टता बताते हुए भाष्यगत सिद्धान्त का निर्मल प्रतिपादन किया गया है। इस ग्रन्थ द्वारा प्रबुद्ध पाठकों को सूत्रानुसार सम्पूर्ण विवेचन सामग्री एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेगी तथा अद्वैत विषयक समस्त परम्पराओं के समन्वयक सूत्र उपलब्ध हो सकेंगे। अद्वैत सम्प्रदाय की शास्त्र सम्मत पुष्टि तथा अवैदिक और अद्वैत-इतर सिद्धान्तों का निराकरण भाष्यकार का लक्ष्य रहा है। श्री स्वामी जी ने ललिता व्याख्या में सर्वत्र इसी सिद्धान्त की रक्षा की है। आचार्य शङ्कर के मूल सिद्धान्त के इस नाभिकेन्द्र में पाठकों को वैदिक सिद्धान्त का स्वच्छ, मनोरम और नित्य शतदल खिलता हुआ मिलेगा; वह शतदल जिस पर श्री वाचस्पति मिश्र, श्री मधुसूदन जी सरस्वती तथा कैलासपीठ के महामण्डलेश्वर वृन्द मधुकर बन कर अध्यात्म के मधुकण एकत्र करते रहे हैं। श्रीविद्यानन्दगिरि जी इसी मधुविद्या के निष्णात आचार्य हैं। वे हमारी अर्चना के योग्य प्रज्ञापुरुष हैं।

॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

भगवदीयः

मकरसंक्रान्तिः
वि० सं० २०५३
शाङ्कराब्दः १२०६

डॉ० विष्णुदत्त राकेश
पी-एच-डी., डी. लिट्.
मानविकी सङ्कायाध्यक्ष
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ प्रासङ्गिकम् ॥

दिशन्तु शं मे गुरुपादपांसवः

अपौरुषेय वेद, कल्पवृक्ष के तुल्य है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुषार्थ के साधनों एवं अधिकारी आदि का निपुणतम वर्णन है। वेद में कर्म, उपासना और ज्ञान ऐसे तीन काण्ड हैं। इनमें कर्म और उपासना लौकिक तथा पारलौकिक दोनों ही फल के साधन हैं। सकाम भाव से कर्म और उपासना का अनुष्ठान करने पर केवल ऐहिक तथा आमुष्मिक सुख-साधन प्राप्त होते हैं, पर निष्काम भाव से अनुष्ठान किये जाने पर अन्तःशुद्धि एवं चित्तऐकाग्रय द्वारा परम्परया मोक्ष के भी साधन होते हैं। इससे भिन्न ज्ञान मोक्ष का साधन है जिसका निरूपण वेद के शिरोभाग उपनिषदों में किया गया है। यूँ तो उपनिषदों में धर्म, अर्थ एवं काम का भी निरूपण है किन्तु प्रधान रूप से मोक्ष के साधन ज्ञान का ही निरूपण किया गया है। मोक्ष परम पुरुषार्थ है जो ब्रह्मात्मैक्य दृढ़ अपरोक्ष ज्ञान से सद्यः प्राप्त होता है और अदृढ़ अपरोक्ष ज्ञान से परम्परया मोक्ष मिलता है। उपनिषदों के संदिग्ध वाक्यों का विचार उत्तर मीमांसा (ब्रह्मसूत्र) में किया गया है जिसके रचयिता भगवान् बादरायण हैं। भगवान् बादरायण के अभिप्राय को जगद्गुरु आदि शङ्कराचार्य भगवत्पाद ने ही ठीक-ठीक समझा है, क्योंकि इसके पूर्व ब्रह्मसूत्र पर भाष्य या वृत्ति लिखने वालों के पक्षों का निराकरण भी ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य में देखने को मिलता है। शाङ्करभाष्य के केवलाद्वैत सिद्धान्त पर धूलि प्रक्षेप करने का असफल प्रयत्न बाद के विद्वानों ने किया है, जिसकी चर्चा यहाँ पर अनावश्यक है। हम तो यहाँ पर ब्रह्मसूत्र और उसके प्राञ्जल, गम्भीर शाङ्करभाष्य पर ही कुछ विचार करना उचित समझते हैं।

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों में विभक्त है, जिसके प्रत्येक अध्याय में चार-चार पाद हैं। ब्रह्मसूत्र के प्रारम्भिक चार अधिकरण इतने अधिक महत्वपूर्ण हैं कि कुछ विद्वान् भगवत्पाद आदि शङ्कराचार्य के सिद्धान्त को समझने के लिए इन चार अधिकरणों का अध्ययन ही प्रर्याप्त मानते हैं। उनकी यह भी धारणा है कि शेष ब्रह्मसूत्र में इन्हीं चार अधिकरणस्थ चार सूत्रों के विषयों का पल्लवन किया गया है, फिर भी उसका अध्ययन-अध्यापन अनावश्यक नहीं है। ब्रह्मसूत्र के प्रथम जिज्ञासा अधिकरण में चार वर्णकों द्वारा भगवान् भाष्यकार ने इस अधिकरण के अभिप्राय को सुस्पष्ट किया है, १. अध्यास वर्णक २. अगतार्थ वर्णक ३. अधिकारी वर्णक तथा ४. ब्रह्म की आपात प्रसिद्धि वर्णक। इन चारों वर्णकों द्वारा जो भी भगवान् भाष्यकार ने इस अधिकरण के अभिप्राय को सुस्पष्ट किया है वह मनन करने योग्य है। विशेषतः समन्वयाधिकरण के दो वर्णकों में जो भाव व्यक्त किया है वह मनन करने योग्य है। विशेषतः समन्वयाधिकरण के दो वर्णकों में जो भाव व्यक्त किया है वह तो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखने में ही बनता है। ऐसे ही आगे के अधिकरणों में भी अनुपम चिन्तन ब्रह्मजिज्ञासुओं को मिलता है। इसीलिए तो श्रीमधुसूदन सरस्वतीजी ने सिद्धान्त बिन्दु में लिखा है—

न नौमि तं व्यासमशेषमर्थं सम्यङ्न सूत्रैरपि यो बबन्धः।
बिनाऽपि तैः संग्रथितमशेषं तं शङ्करं नौमि सुरेश्वरं च॥

अर्थात् सूत्रों की रचना करने के बाद भी उपनिषदों के अभिप्राय को वेदव्यास जी नहीं बाँध सके क्योंकि वेदव्यास जी के सूत्रों की व्याख्या अन्यथाभी विद्वानों ने की है। पर बिना सूत्ररचना के ही आदि शङ्कराचार्य जी तथा सुरेश्वराचार्य जी ने जिस केवलाद्वैत श्रौतसिद्धान्त को सुस्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया है एतदर्थ वेदव्यास की अपेक्षा भी हम आदि शङ्कराचार्य एवं सुरेश्वराचार्य जी को अधिक वन्दनीय मानते हैं। ऐसा ही अभिप्राय संक्षेप शारीरकाचार्य श्री सर्वज्ञात्ममुनि ने भी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि

वक्तारमासाद्य यमेव नित्या सरस्वती स्वार्थसमन्विताभूत्।
निरस्तदुष्तर्ककलङ्कपङ्का नमामि तं शंकरमर्चिताङ्घ्रिम्।

(नित्य सरस्वती वेदवाणी जगद्गुरु आदि शङ्कराचार्य को प्राप्तकर अपने अर्थ से सम्पन्न हो गयी, जिस वेद वाणी में दुष्तर्क पङ्ककलङ्क का नाम तक भी नहीं है, ऐसे भगवत्पाद के चरणों में मैं नमस्कार करता हूँ।)

समन्वयाध्याय के प्रथम पाद में उन श्रुति वाक्यों का विचारकर अद्वय ब्रह्म में समन्वय बतलाया गया है जिनमें ब्रह्मलिङ्ग सुस्पष्ट भासते हैं। पर जिनमें ब्रह्मलिङ्ग सुस्पष्ट नहीं भासते और उपास्य ब्रह्म का प्रतिपादन करने वाले हैं ऐसे श्रुतिवाक्यों का विचारकर अद्वय ब्रह्म में समन्वय समन्वयाध्याय के द्वितीय पाद से किया गया है। ऐसे ही जिन श्रुतिवाक्यों में ब्रह्मलिङ्ग स्पष्ट तो नहीं है किन्तु प्रायशः वे ज्ञेय ब्रह्म को विषय करते हैं, ऐसे श्रुतिवाक्यों पर विचारकर अद्वय ब्रह्म में समन्वय प्रथमाध्याय के तृतीय पाद से किया गया है और श्रुतियों में जो अव्यक्त एवं अजादि पद आये हैं जिन्हें देखने पर सन्देह होता है कि सम्भवतः ये पद प्रधान, परमाणु या शून्य को तो विषय नहीं कर रहे हैं, ऐसे सन्दिग्ध पदों का विचारकर पूर्वोक्त अद्वयब्रह्म में ही इनका भी समन्वय दिखलाया गया है। इस प्रकार सम्पूर्ण श्रुतियों का अद्वय ब्रह्म में समन्वय निश्चित हो जाने पर विरोध परिहार के लिए द्वितीय अध्याय की रचना वेदव्यास जी ने की है।

विरोध परिहाराख्य द्वितीय अध्याय के चार पाद हैं—१. स्मृतिपाद २. तर्क पाद ३. वियत् पाद और ४. प्राण पाद। सांख्य, योग, काणादादि स्मृतियों और उनके तर्कों के साथ जब समन्वय में विरोध खड़ा हो गया, तो उस विरोध का परिहार द्वितीय अध्याय के प्रथम पाद से किया गया है। द्वितीय अध्याय के द्वितीय तर्क पाद द्वारा उन्हीं के तर्कों से उनके दर्शनों की समीक्षा की है जिससे सांख्य, काणाद, बौद्ध, जैन, पाशुपत एवं पाञ्चरात्र भागवत मत में दुष्टत्व बतलाया गया है। जब इनके तर्क इनके दर्शनों में ही पङ्गु हो रहे हैं तो भला इनके तर्कों द्वारा ब्रह्मसूत्र के प्रथमाध्याय से सुनिश्चित समन्वय में विरोध की आशा कैसे की जा सकती है। द्वितीय अध्याय के तृतीय पाद द्वारा महाभूत एवं जीवादि श्रुतियों के विरोध का परिहार किया गया है। उसका मूल कारण यह था कि जब तर्क पाद के अन्तिम अधिकरण में **'विप्रतिषेधाच्च'** इस सूत्र द्वारा भगवान् वेदव्यास ने यह कहा कि पाञ्चरात्र मत इसलिए भी असङ्गत है क्योंकि उसमें परस्पर विरोध दीखता है, इसी बात को लेकर वियदादि भूतों एवं जीव आदि के सम्बन्ध में जब श्रुतिविरोध दीखता है तब क्यों नहीं श्रुति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सिद्धान्त को असङ्गत मान लिया जाय; इस विरोध का परिहार द्वितीय अध्याय के तृतीय पाद से किया गया है। विरोध परिहाराख्य द्वितीय अध्याय के चतुर्थपाद द्वारा लिङ्ग शरीर सम्बन्धी श्रुतियों के विरोध का परिहार किया गया है। इन्द्रियाँ, मुख्यप्राण, इनके स्वरूप, परिमाण एवं संख्या आदि के विषय में जब श्रुतियों का मतैक्य नहीं है, तो क्यों नहीं परस्पर विरुद्ध बोलने वाली श्रुतियों की उपेक्षा की जाय; ऐसा विरोध आने पर भगवान् वेदव्यास ने उसका भी परिहार ब्रह्मसूत्र के द्वितीय अध्याय चतुर्थ पाद द्वारा कर दिया है। इस प्रकार सभी विरोधों के निरस्त हो जाने पर केवलाद्वैत सिद्धान्त में श्रुतियों का पूर्वोक्त समन्वय सुस्थिर हो जाता है। तत्पश्चात् मुमुक्षु साधक मोक्षसाधनों के अनुष्ठान में तत्पर होता है। उन्हीं साधनों का विचार ब्रह्मसूत्र के तृतीय अध्याय में किया गया है।

तृतीय अध्याय को साधनाख्य अध्याय भी कहते हैं, जिसमें मोक्ष के सभी साधनों पर विचार किया गया है, इसमें भी चार पाद हैं—१. वैराग्य पाद २. तत्त्वम्पदार्थशोधन पाद ३. गुणोपसंहार पाद और ४. निर्गुणविद्या के अन्तरङ्ग-बहिरङ्ग साधन विचार पाद। इसके प्रथम वैराग्य पाद में जीव की परलोक गति और आगति का विस्तृत विचार किया गया है, जिससे साधक के मन में पुनर्जन्म से छूटने की तीव्र आकांक्षा उत्पन्न हो जाय और वह लोक-परलोक के समस्त भोगों से उपरत हो अध्यात्म साधना में तत्पर हो जाये। इसके द्वितीय तत्-त्वम् पदार्थशोधन पाद में महावाक्य के तत् एवं त्वम् पदार्थ का विचार किया गया है, जिसमें सभी आठ अधिकरण हैं। प्रारम्भिक चार अधिकरणों द्वारा त्वम् पदार्थ का विचार और तत्पश्चात् चार अधिकरणों द्वारा तत् पदार्थ का विचार किया गया है। पदार्थ ज्ञान वाक्यार्थ ज्ञान का हेतु है, इसे सभी विद्वान् मानते हैं। अतः वाक्यार्थ ज्ञान से पूर्व तत्-त्वम् पदार्थ का विचार अत्यावश्यक है। इस अध्याय के तृतीय पाद में परापर विद्या के गुणों का उपसंहार कहाँ और कैसे होना चाहिए, इसका निपुणतम विचार छत्तीस अधिकरणों में किया गया है। पूर्वमीमांसा से अनुप्राणित होने के कारण इसके अध्ययन-अध्यापन में विद्वान् कठिनाई का अनुभव करते हैं, किन्तु वैदिक उपासनाओं के लिए इस पाद पर अनुसन्धान की परम आवश्यकता है। अनुसन्धान के बाद उपनिषदों में वर्णित परापर विद्या के अनुष्ठान के लिए एक तालिका बनाने की भी आवश्यकता है, जिससे साधक उपनिषदों में वर्णित वैदिक उपासनाओं का सम्यक् प्रकार से अनुष्ठानकर समुचित फल प्राप्त कर सके। साधनाख्य तृतीय अध्याय के चतुर्थ पाद में निर्गुण ब्रह्मविद्या के अन्तरङ्ग एवं बहिरङ्ग साधनों का विशेष विचार किया गया है, जिसमें सभी सत्रह अधिकरण हैं। इस पाद के विषयों का सम्यक् विचार किये बिना निर्गुण ब्रह्मविद्या में साधकों की दार्ढ्य प्रवृत्ति नहीं हो सकती। प्रसङ्गवश इस पाद में भी सगुण विद्या का भी किञ्चित विचार है।

ब्रह्मसूत्र के चतुर्थ अध्याय का नाम फलाध्याय है जिसमें निर्गुण एवं सगुण ब्रह्मविद्या के फल-विशेष का निर्णय किया गया है। इसके प्रथम पाद में जीवनमुक्ति एवं उसके साधनों का निरूपण है, द्वितीय पाद में विद्या के फलस्वरूप उपासक की उत्क्रान्ति एवं गति का विचार विस्तार से किया गया है। इस अध्याय के तृतीय पाद में सगुण ब्रह्मोपासक के मरने पर उत्तरायण मार्ग द्वारा ब्रह्म-लोक की प्राप्ति कही गयी है, ब्रह्मलोक के मार्ग का वर्णन विस्तार से किया गया है। अन्तिम चतुर्थ पाद में निर्गुण ब्रह्मज्ञानियों को विदेहकैवल्य की प्राप्ति एवं ब्रह्माविर्भाव भी बतलाया गया है और सगुण ब्रह्म उपासकों को ब्रह्मलोक के शासक के समान ऐश्वर्य की प्राप्ति बतलायी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गयी है; किन्तु उस लोक के शासन का अधिकार वहाँ के शासक ब्रह्मा के अधीन ही बतलाया गया है, भोगमात्र की समता कही गयी है। इस प्रकार संक्षेपतः इस ब्रह्मसूत्र के विषयों का विचार पूर्ण हो जाता है।

कुछ विद्वानों ने ब्रह्मसूत्र के **'जन्माद्यस्य यतः'** एवं **'अनावृत्ति शब्दात्'** इन दोनों सूत्रों को देखकर सगुण ब्रह्म के प्रतिपादन में ब्रह्मसूत्र का चरम तात्पर्य माना है जो आपात रमणीय है क्योंकि उपनिषदों में सगुण ब्रह्म की उपासना एवं उसके ज्ञान से ब्रह्मलोक के भोगों की प्राप्ति कही है, मोक्ष तो निर्गुण ब्रह्मज्ञान से ही मिलता है अन्यथा निर्गुण ब्रह्म की उपनिषदों में चर्चा एवं उसके ज्ञान का वैषिष्ट्य ही नहीं रह जायेगा।

प्रस्तुत संस्करण में प्रत्येक अधिकरणों के सङ्गति, विषय, संशय, पूर्वपक्ष एवं सिद्धान्त पक्ष इन पञ्चावयवों का सुस्पष्ट प्रतिपादन ललिता व्याख्या में किया गया है जो वैयासिक न्यायमाला के ऊपर आधारित है। प्रत्येक अधिकरण का नाम जहाँ दिया गया है, उसके नीचे वैयासिक न्यायमाला के श्लोक दिये गये हैं और उसी पृष्ठ में ललिता व्याख्या के साथ अधिकरणों के पञ्चावयवों को बतलाया है। सूत्र सदा शिरोभाग में दिये गये हैं और सूत्रारम्भ के पूर्व उपोद्घात भाष्य दिया गया है और तत्पश्चात् भाष्यकार द्वारा सूत्रार्थ विचार दिखलाया गया है। भाष्यसम्बन्धित रत्नप्रभा टीका एवं टिप्पणियों को यथासम्भव उसी पृष्ठ में रखने का प्रयास किया गया है और ललिता व्याख्या कभी आगे-पीछे भी हो गयी है। पाठकों की सुविधा के लिए इन सभी बातों का ध्यान रखकर सम्पादन किया गया है; उसी दृष्टि से इस ग्रन्थ में चतुःसूत्री (टीका, टिप्पणी एवं ललिता व्याख्या के सहित) पृथक भी एक भाग में सङ्कलन किया गया है और सम्पूर्ण ग्रन्थ दो भागों में उपलब्ध है। आशा है कि प्रस्तुत ग्रन्थ का सम्पादन पाठकों एवं जिज्ञासुओं के लिए इसके पूर्व प्रकाशनों की अपेक्षा अधिक उपादेय होगा। इसकी पाण्डुलिपि, टिप्पण सङ्कलन, शोध्यपत्रसंशोधन एवं सम्पादन में सम्पादक मण्डल के सदस्यों ने अत्यन्त मनोयोग दिया है, एतदर्थ ये सभी साधुवाद एवं भगवत्कृपा के पात्र हैं। अतः हम उन सबकी मङ्गल कामना करते हैं। इत्योंशम्।

वासन्ती नवरात्रि
शाङ्कराब्द १२०८
विक्रमाब्द २०५३
दिनाङ्क २६-३-९६

भगवत्पादीय:
आचार्य म. मं. स्वामी विद्यानन्द गिरि
श्री कैलास आश्रम
हृषीकेश पिन–२४९२०१

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्यस्थविषयानुक्रमणिका ।

प्रथमोऽध्यायः पृ० १–४४४

प्रथमः पादः पृ० १–१८१

	सू०	पृ०	पं०
मङ्गलाचरणम्		१	१
उपोद्घातः ।		५	१
अथ प्रथमवर्णकम्–पृ० ५–२७			
अनिर्वचनीयताख्यातिवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१५	१
अन्यथात्मख्यातिवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१५	१
अख्यातिवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१७	१
शून्यवादिमतेऽध्यासलक्षणम् ।		१७	२
अध्याससम्भावनाया आक्षेपपूर्वकमुपपादनम् ।		१८	३
अध्यासस्य प्रमाणसिद्धत्वम् ।		२०	४
शास्त्रस्य विषयप्रयोजनप्रदर्शनम् ।		२७	१
१ जिज्ञासाधिकरणम् । (पृ० ५–४३)			
अथ द्वितीयवर्णकम्–पृ० २८			
अथ तृतोयवर्णकम्–पृ० २९–३६ ।			
अथशब्दस्यानन्तर्यार्थकत्वव्यवस्थापनम् ।		२९	१
तच्चानन्तर्यं शाब्दबोधापेक्षं कर्मावबोधापेक्षं वेति संदिह्योभयनिरसनपूर्वकं नित्यानित्यवस्तुविवेकादिसाधनसम्पत्त्यानन्तर्यसाधनम् ।		३१	१
अतःशब्दघटकस्येदंशब्दस्याग्निहोत्रादीनां श्रेयःसाधनानामनित्यफलत्वार्थकत्वकथनम् ।		३५	४
ब्रह्मजिज्ञासापदस्य शेषषष्ठीसमासत्वनिराकरणपूर्वककर्मषष्ठीसमासत्वव्यवस्थापनम् ।		३६	४
अथ चतुर्थवर्णकम्–पृ० ३९–४३ ।			
ब्रह्मणो जिज्ञास्यत्वं विकल्पासहत्वेनाक्षिप्य सर्वजनीनेनात्मास्तित्वप्रत्ययेन प्रसिद्धिमुपपाद्य तत्त्वनिर्णयपरिपन्थिभूतानां बहुविधप्रतिपत्तीनां युक्तिवाक्यतदाभाससमुत्थितानां निरसनहेतुद्वारा वेदान्तवाक्यमीमांसाया निःश्रेयसप्रयोजनत्वप्रतिपादनम् ।		४०	१
२ जन्माद्यधिकरणम् । (पृ० ४३–५३)			
जन्मादिपदस्यार्थकथनम् ।	२	४४	१
अस्येतिपदस्यार्थकथनम् ।	,,	४५	३
यतःपदस्यार्थकथनम् ।	,,	४६	२
विपरिणामादीनां शेषभावविकाराणां जन्मादित्रिष्वन्तर्भावप्रतिपादनम् ।	,,	४६	३
उक्तस्य ब्रह्मलक्षणस्यातिव्याप्तत्वशङ्कानिरासाय जगतः कारणान्तरादसंभवप्रतिपादनम् ।	,,	४७	४
स्वभाववादिमतनिराकरणम् ।	,,	४७	५
प्रकृताधिकरणस्य विषयवाक्यप्रदर्शन तद्गतयच्छब्दार्थनिर्णायकवाक्यप्रदर्शनमुत्तरसूत्रावतरणं च ।	,,	५३	२
३ शास्त्रयोनित्वाधिकरणम् । (पृ० ५४–५७)			
प्रथमवर्णकम् । (पृ० ५४–५५)			
ब्रह्मणो वेदकर्तृत्वप्रतिपादनेन जगद्योनित्वावगतनिरतिशयसर्वज्ञत्वदृढीकरणम् ।	३	५५	१
द्वितीयवर्णकम् । (पृ० ५६–५७)			
ब्रह्मणः शास्त्रप्रमाणकत्वप्रतिपादनम् । अस्मिन्कल्पे पूर्वसूत्रेणास्य सूत्रस्य गतार्थत्वाशङ्का तत्परिहारश्च ।	,,	५६	६
उत्तरसूत्रावतरणव्याजेन द्वितीयवर्णकाक्षेपपूर्वकोत्तरसूत्रनिवर्त्यपूर्वपक्षाभिधानम् ।	,,	५८	१

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सू० पृ० पं०

४ समन्वयाधिकरणम् । (पृ० ५८–१००)

प्रथम वर्णकम् । (६२-६७)

सूत्रघटकपदानामर्थकथनम् । ४ ६२ ५

वेदान्तानामेकान्तेन ब्रह्मप्रतिपादनपरत्वमाख्यातुं केषांचिद्वाक्यानामुपदर्शनम् । ,, ६४ १

ब्रह्मण सिद्धत्वेन मानान्तरवेद्यत्वमित्यादीनां पूर्वपक्षबीजानां निराकरणम् । ,, ६५ ४

द्वितीयवर्णकम् । (पृ० ६७-१००)

ब्रह्मण उपास्तिविधिशेषत्ववादिमतोपन्यासः । ४ ६७ ३

कर्मज्ञानफलयोर्वैलक्षण्यप्रदर्शनम । ,, ७१ ५

ब्रह्मणस्तज्ज्ञानस्य च कार्यानुप्रवेशानर्हत्वम् । ,, ७९ ६

ब्रह्मण आप्यत्वनिरासः । ,, ८१ ३

ज्ञानस्य क्रियात्वमाशङ्क्य तत्परिहारः । ,, ८४ ४

ब्रह्मविषयकलिङादीनां विधित्वनिराकरणम् । ,, ८५ ६

ब्रह्मात्मावगतौ सर्वकर्तव्यताहान्यादेरिष्टत्वकथनम । ,, ८७ २

केवलवस्तुवादी वेदभागो नास्तीति प्रभाकरमतस्य निराकरणम् । ,, ८७ ८

आम्नायस्य क्रियार्थत्वादितिसूत्रे आनर्थक्यमतदर्थानामित्युक्तस्यानर्थक्यस्य पुरुषार्थानुपयोग्युपाख्यानादिभूतार्थवादविषयकत्वाभिधानम् । ,, ९० २

निषेधवाक्यवद्वेदान्तानां सिद्धेऽर्थे प्रामाण्यप्रतिपादनम् । ,, ९१ ६

न वेदान्तानां कर्तव्यविध्यनुप्रवेशमन्तरेण रज्जुस्वरूपकथनवदर्थवत्त्वं संभवति श्रुतब्रह्मणोऽपि यथापूर्वं संसारित्वदर्शनादित्याक्षेपस्य निराकरणम् । आत्मनः सशरीरत्वस्य शरीरात्माभिमानलक्षणमिथ्याज्ञानरूपत्वकथनम् । ,, ९४ ३

शरीरात्माभिमानस्य गौणत्वं वदतः प्राभाकरस्य खण्डनम् । विदुषः सर्वप्रवृत्त्यसबन्धप्रदर्शनेनावगतब्रह्मात्मभावस्य यथापूर्वसंसारित्वाभावावधारणम् । ,, ९६ ६

सू० पृ० पं०

वेदान्तानां प्रतिपत्तिविधिपरत्वनिराकरणम् । ४ ९९ ७

अन्नं प्रसिद्धं, प्राणमनोबुद्धयः [१]हिरण्यगर्भरूपाः बिम्बचैतन्यमीश्वर आनन्दः। तेषां पञ्चानां विकारा आध्यात्मिका [२]देहप्राणमनोबुद्धिजीवा अन्नमयादयः पञ्चकोशाः इति श्रुतेः परमार्थः। पूर्वाधिकरणे गौणमुख्येक्षणयोरतुल्यत्वेन संशयाभावाद्गौणप्रायपाठो न निश्चायक इत्युक्तं तर्हि मयटो विकारे प्राचुर्ये च मुख्यत्वात्संशये विकारप्रायपाठादानन्दविकारो जीव आनन्दमय इति निश्चयोऽस्तीति प्रत्युदाहरणसङ्गत्या पूर्वपक्षमाह—किं तावदिति। आनन्दमयपदस्यामुख्यार्थग्रहे हेतुं पृच्छति—कस्मादिति। विकारप्रायपाठहेतुमाह—अन्नमयादीति। श्रुत्यादिसङ्गतयः स्फुटा एव। पूर्वपक्षे वृत्तिकारमते जीवोपास्त्या प्रियादिप्राप्तिः फलं, सिद्धान्ते तु ब्रह्मोपास्त्येति भेदः। शङ्कते—अथापीति। परिहरति—न स्यादिति। सङ्गृहीतं विवृणोति—मुख्य इति। परमात्मेत्यर्थः। शारीरत्वेऽपीश्वरत्वं किं न स्यादित्यत आह—नचेति।

आनन्दमयोऽभ्यासात् (ललिता)

तैत्तिरीय उपनिषद् में अन्नमय, प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय के क्रम में पढ़ा गया है कि 'विज्ञानमय के भीतर इससे भिन्न आत्मा आनन्दमय है।' उस पर संशय होता है कि यहाँ पर आनन्दमय शब्द से परब्रह्म कहा जाता है जो 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस वाक्य से प्रकृत है अथवा अन्नमयादि की भाँति ब्रह्म से कोई भिन्न ही पदार्थ आनन्दमयपदवाच्य है? पूर्वपक्षी ब्रह्म से भिन्न अमुख्य आत्मा आनन्दमयपदवाच्य मानता है क्योंकि अन्नमयादि अमुख्य आत्मा के प्रसङ्ग में आनन्दमय आया है। सर्वान्तर होने के कारण भी आनन्दमय मुख्य आत्मा का ही वाचक है ऐसा सिद्धान्ती का मत है। पूर्वपक्ष कहता है कि जिस आनन्दमय के प्रिय आदि अवयव हैं और जिसमें शारीरत्व भी सुना गया है वह मुख्य आत्मा नहीं हो सकता। यदि आनन्दमय मुख्य आत्मा माना जायेगा तो उसका प्रियादि अवयव के साथ संस्पर्श नहीं कहा जा सकता किन्तु इस प्रसङ्ग में उस आनन्दमय का 'प्रिय वृत्ति ही शिर है' ऐसा सुना जाता है। साथ ही उसे 'उस पूर्वोक्त विज्ञानमय आत्मा का यही आनन्दमय आत्मा शारीर है' इस वाक्य द्वारा विज्ञानमय को शरीर कहा है और उस विज्ञानमय के भीतर रहने वाले का यही शारीर आत्मा है जो कि आनन्दमय है। शरीरधारी सदात्मा का

---

१. समष्टय इत्यर्थः। २. व्यष्टय इत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संस्पर्शो वारयितुं शक्यः। तस्मात्संसार्येवानन्दमय आत्मेत्येवं प्राप्त इदमुच्यते—'आनन्दमयोऽभ्यासात्।' पर एवात्माऽऽनन्दमयो भवितुमर्हति। कुतः? अभ्यासात्। परस्मिन्नेव ह्यात्मन्यानन्दशब्दो बहुकृत्वोऽभ्यस्यते। आनन्दमयं प्रस्तुत्य 'रसो वै सः' इति तस्यैव रसत्वमुक्त्वोच्यते—'रसँ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति' इति 'को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्। यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयाति' (तै० २-७) 'सैषानन्दस्य मीमाँसा भवति, एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति'। 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन' (तै० २-८,९) इति। 'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' (तै० ३-६) इति च। श्रुत्यन्तरे च 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० ३-९-२८) इति ब्रह्मण्येवानन्दशब्दो दृष्टः। एवमानन्दशब्दस्य बहुकृत्वो ब्रह्मण्यभ्यासादानन्दमय आत्मा ब्रह्मेति गम्यते। यत्तूक्तम्–अन्नमयाद्यमुख्यात्मप्रवाहपतितत्वादानन्दमयस्याप्यमुख्यत्वमिति, नासौ दोषः।

जीवत्वं दुर्वारमित्यर्थः। नन्वानन्दपदाभ्यासेऽप्यानन्दमयस्य ब्रह्मत्वं कथमित्याशङ्क्य ज्योतिष्टोमाधिकारे ज्योतिष्पदस्य ज्योतिष्टोमपरत्ववदानन्दमयप्रकरणस्थानन्दपदस्यानन्दमयपरत्वात्तदभ्यासस्तस्य ब्रह्मत्वसाधक इत्यभिप्रेत्याह—आनन्दमयं प्रस्तुत्येति। रसः सारः आनन्द इत्यर्थः। अयं लोकः। यद्यदि एष आकाशः पूर्णः आनन्दः साक्षी प्रेरको न स्यात्तदा को वान्याच्चलेत्, को वा विशिष्य प्राण्याज्जीवेत्, तस्मादेष एवानन्दयाति, आनन्दयतीत्यर्थः। 'युवा स्यात्साधुयुवा' (तै. २-८-१) इत्यादिना वक्ष्यमाणमनुष्ययुवानन्दमारभ्य ब्रह्मानन्दावसाना एषा सन्निहिता आनन्दस्य तारतम्यमीमांसा भवति। उपसंक्रामति विद्वान्प्राप्नोतीत्येकदेशिनामर्थः। मुख्यसिद्धान्ते तूपसंक्रमणं विदुषः कोशानां प्रत्यङ्मात्रत्वेन विलापनमिति ज्ञेयम्। शिष्टमुक्तार्थम्। आनन्दशब्दाद्ब्रह्मावगतिः सर्वत्र समानेति गतिसामान्यार्थमाह—श्रुत्यन्तरे चेति। लिङ्गादमुख्यात्मसन्निधे[1] र्बाध इति मत्वाह—नासाविति। सर्वान्तरत्वं न श्रुतमित्याशङ्क्य ततोऽन्यस्यानुक्तेस्तस्य सर्वान्तरत्वमिति विवृणोति—

प्रिय-अप्रिय संस्पर्श निषेध नहीं किया जा सकता क्योंकि शरीरधारी का इष्टानिष्ट के साथ सम्बन्ध होता ही है। अतः आनन्दमय आत्मा संसारी है। इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर सिद्धान्ती कहता है कि परमात्मा ही आनन्दमय हो सकता है, क्योंकि परमात्मा में ही अनेक बार आनन्द शब्द की आवृत्ति देखी जाती है। आनन्दमय का प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'निःसन्देह वह रसरूप है' इस वाक्य द्वारा उसमें रसत्व बतलाने के बाद कहा है कि 'रस को प्राप्त कर यह जीव आनन्दित होता है' 'कौन भला स्वांस और निःस्वाँस भी ले सकता था यदि आनन्दरूप आकाश न होता' यही सबको आनन्द देता है। आनन्द की मीमांसा भी यही है। 'विद्वान् इसी आनन्दमय आत्मा का उपसंक्रमण करता है।' 'ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला किसी से डरता नहीं।' 'आनन्दरूप ब्रह्म है, ऐसा भृगु ने जाना।' इन सभी श्रुतियों में आनन्द की आवृत्ति सुनी जाती है। अन्य श्रुति में भी 'ब्रह्म विज्ञान और आनन्दरूप है' इस वाक्य के द्वारा ब्रह्म में ही आनन्द शब्द का प्रयोग हुआ है। इस प्रकार आनन्द शब्द का ब्रह्म में अनेक बार अभ्यास होने के कारण प्रकृत आनन्दमय आत्मा ब्रह्म ही है, ऐसा जाना जाता है। और जो आप ने कहा था कि अन्नमयादि अमुख्य आत्मा के प्रवाहपाती

---

१. सन्निधेः स्थानरूपत्वात् लिङ्गस्य च स्थानापेक्षया प्रबलप्रमाणत्वादिति भावः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१३) विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात् ॥१३॥

आनन्दमयस्य सर्वान्तिरत्वात् । मुख्यमेव ह्यात्मानमुपदिदिक्षु शास्त्रं लोकबुद्धिमनुसरत्, अन्नमयं शरीरमनात्मानमत्यन्तमूढानामात्मत्वेन प्रसिद्धमनूद्य [१]मूषानिषिक्तद्रुतताम्रादिप्रतिमावत्ततोऽन्तरं ततोऽन्तरमित्येवं पूर्वेण पूर्वेण समानमुत्तरमुत्तरमनात्मानमात्मेति ग्राहयत्, प्रतिपत्तिसौकर्यापेक्षया सर्वान्तरं मुख्यमानन्दमयमात्मानमुपदिदेशेति श्लिष्टतरम् । यथारुन्धतीनिदर्शने बह्वीष्वपि तारास्वमुख्यास्वरुन्धतीषु दर्शितासु यान्त्या प्रदर्श्यते सा मुख्यैवारुन्धती भवती, एवमिहाप्यानन्दमयस्य सर्वान्तिरत्वान्मुख्यमात्मत्वम् । यत्तु ब्रूषे—प्रियादीनां शिरस्त्वादिकल्पनाऽनुपपन्ना मुख्यस्यात्मन इति—अतीतानन्तरोपाधिजनिता सा न स्वाभाविकीत्यदोषः । शारीरत्वमप्यानन्दमयस्यान्नमयादिशरीरपरम्परया प्रदर्श्यमानत्वात्, न पुनः साक्षादेव शारीरत्वं संसारिवत्, तस्मादानन्दमयः पर एवात्मा ॥१२॥

अत्राह—नानन्दमयः पर आत्मा भवितुमर्हति । कस्मात् ? विकारशब्दात् । [२]प्रकृतिवचनादयमन्यः शब्दो [३]विकारवचनः समधिगतः, आनन्दमय इति, मयटो विकारार्थत्वात् ।

मुख्यमिति । लोकबुद्धिमिति । तस्याः स्थूलग्राहितामनुसरदित्यर्थः । ताम्रस्य मूषाकारत्ववत्प्राणस्य देहाकारत्वं देहेन सामान्यं, तथा मनः प्राणाकारं तेन सममित्याह—पूर्वेणेति । अतीतो योऽनन्तर उपाधिर्विज्ञानकोशस्तत्कृता सावयवत्वकल्पना, शरीरेण ज्ञेयत्वाच्छारीरत्वमिति लिङ्गद्वयं दुर्बलम् । अतः सहायाभावादभ्याससर्वान्तरत्वाभ्यां विकारसन्निधेर्बाध इति भावः ॥१२॥

विकारार्थकमयट्श्रुति[४]सहाय इत्याशङ्क्य मयटः प्राचुर्येऽपि विधानान्मैवमित्याह—विकारेत्यादिना ।

होने से आनन्दमय में भी अमुख्य आत्मतत्त्व ही है, वह कोई दोष नहीं है क्योंकि यह आनन्दमय सर्वान्तर है । मुख्य आत्मा का उपदेश करने वाला शास्त्र लोकबुद्धि का अनुसरण करता हुआ जिस अन्नमय अनात्मा को अत्यन्त मूढ़पुरुषों ने आत्मा मान रखा है उस प्रसिद्ध अन्नमयादि आत्मा का अनुवाद कर साँचे में ढाले द्रुतताम्रादि प्रतिमा की भाँति पुनः उससे भीतर-उससे भीतर इस प्रकार पूर्व पूर्व के समान उत्तर उत्तर अनात्मा को भी आत्मारूप से ग्रहण कराता है । बोध सरलता की अपेक्षा से सर्वान्तर मुख्य आनन्दमय आत्मा का जो उपदेश किया है, वह युक्तियुक्त ही है । जैसे अनेक अमुख्य अरुन्धती तारा को दिखलाने के बाद अन्त में मुख्य अरुन्धती तारा का दर्शन अरुन्धती निदर्शन में कराया गया है ऐसे ही यहाँ भी आनन्दमय सर्वान्तर होने के कारण मुख्य आत्मा ही है । और जो आप ने कहा कि प्रिय, मोद, प्रमोदादि की शिरस्त्वादि की कल्पना आनन्दमय का मुख्य आत्मा अर्थ मानने पर असंगत हो जाती है, यह भी कोई दोष नहीं है क्योंकि यह तो इससे पूर्व कही गई विज्ञानमय उपाधि से उत्पन्न कल्पना है जो स्वाभाविक नहीं है । आनन्दमय में जो शारीरत्व कहा गया है वह भी आनन्दमयादि शरीर परम्परा से मानना चाहिए, न कि संसारी जीव की भाँति आनन्दमय आत्मा में साक्षात् शारीरत्व है । अतः आनन्दमय पद से परमात्मा ही कहा गया है ॥१२॥

---

१. स्थाता । २. स्वार्थिकमयटाब्रह्मपरत्वं स्यादित्यत आह—प्रकृतिवचनादिति । ३. विकारवचनः कार्यवाचीत्यर्थः । ४. सहायः संनिधिरिति शेषः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१४) तद्धेतुव्यपदेशाच्च ।।१४।।

तस्मादन्नमयादिशब्दवद्विकारविषय एवानन्दमयशब्द इति चेत्, न। प्राचुर्यार्थेऽपि मयटः स्मरणात्। 'तत्प्रकृतवचने मयट्' (पा० ५-४-२१) इति हि प्रचुरतायामपि मयट् स्मर्यते। यथा 'अन्नमयो यज्ञः' इत्यन्नप्रचुर उच्यते, एवमानन्दप्रचुरं ब्रह्मानन्दमय उच्यते। आनन्दप्रचुरत्वं च ब्रह्मणो मनुष्यत्वादारभ्योत्तरस्मिन्नुत्तरस्मिन्स्थाने शतगुण आनन्द इत्युक्त्वा ब्रह्मानन्दस्य निरतिशयत्वावधारणात्। तस्मात्प्राचुर्यार्थे मयट् ।।१३।।

इतश्च प्राचुर्यार्थे मयट्। यस्मादानन्दहेतुत्वं ब्रह्मणो व्यपदिशति श्रुतिः—'एष ह्येवानन्दयाति' इति। आनन्दयतीत्यर्थः। यो ह्यन्यानानन्दयति स प्रचुरानन्द इति प्रसिद्धं भवति। यथा लोके योऽन्येषां धनिकत्वमापादयति स प्रचुरधन इति गम्यते; तद्वत्। तस्मात्प्राचुर्यार्थेऽपि मयटः सम्भवादानन्दमयः पर एवात्मा ।।१४।।

तत्प्रकृतवचने मयडिति। तदिति प्रथमासमर्थाच्छब्दात्प्राचुर्यविशिष्टस्य प्रस्तुतस्य वचनेऽभिधाने गम्यमाने मयट्प्रत्ययो भवतीति सूत्रार्थः। अत्र वचनग्रहणात्प्रकृतस्य प्राचुर्यवैशिष्टचसिद्धिः, तादृशस्य लोके मयटोऽभिधानात्, यथा 'अन्नमयो यज्ञः' इति। अत्र ह्यन्नं प्रचुरमस्मिन्नित्यन्नशब्दः प्रथमाविभक्तियुक्तस्तस्मान्मयट् यज्ञस्य प्रकृत्यर्थाऽन्नप्राचुर्यवाची दृश्यते, न शुद्धप्रकृतवचन इति ध्येयम् ।।१३।।

सूत्रस्थचशब्दोऽनुक्तसमुच्चयार्थं इति मत्वा व्याचष्टे—इतश्चेति। तच्चानुक्तं ब्रह्मानन्दस्य निरतिशयत्वावधारणं पूर्वमुक्तम् ।।१४।।

विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात् (ललिता)

इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि आनन्दमय परमात्मा नहीं हो सकता, क्योंकि प्रकरणप्रतिपाद्य आनन्दवाचक शब्द से विकार अर्थ में मयट् प्रत्यय हुआ है। अतः जैसे अन्नादि शब्द में मयट् प्रत्यय विकारार्थक है वैसे ही आनन्द शब्द में भी मयट् प्रत्यय विकार अर्थ में ही हुआ है। ऐसा मानना भी ठीक नहीं क्योंकि प्राचुर्य अर्थ में भी मयट् प्रत्यय का **'तत्प्रकृतवचने मयट्'** इस पाणिनिसूत्र से विधान किया गया है। जब प्राचुर्य अर्थ में भी मयट् प्रत्यय का स्मरण होता है तो जिस प्रकार यह यज्ञ अन्नमय है अर्थात् अन्नप्राचुर्य यह यज्ञ है ऐसा कहा जाता है उसी प्रकार आनन्दबहुल ब्रह्म आनन्दमय पद से कहा गया है। मनुष्यानन्द से लेकर ब्रह्मलोकपर्यन्त उत्तरोत्तर आनन्द का पर्यवसान ब्रह्म में ही होता है इसलिए ब्रह्म में आनन्द का प्राचुर्य है। उस आनन्दमीमांसा प्रसंग में उत्तरोत्तर स्थान में सौ गुणा अधिक आनन्द बतलाकर ब्रह्मानन्द में निरतिशय आनन्द का निश्चय होता है। अतः प्राचुर्य अर्थ में ही मयट् प्रत्यय मानना उचित होगा ।।१३।।

तद्धेतुव्यपदेशाच्च (ललिता)

इसलिए भी प्राचुर्य अर्थ में ही मयट् प्रत्यय मानना चाहिये, क्योंकि श्रुति में ब्रह्म को आनन्द का हेतु कहा गया है। 'यही परमात्मा सबको आनन्द देता है।' जो दूसरे को आनन्द देता है वह निःसन्देह आनन्दप्रचुर है, ऐसी लोक में प्रसिद्धि देखी जाती है और जैसे लोक में जो दूसरों को धनिक बनाता है वह प्रचुर धनवाला है, ऐसा जाना जाता है। अतः प्राचुर्य अर्थ में भी जब मयट् प्रत्यय का होना सम्भव है तो आनन्दमय शब्द का अर्थ मुख्य आत्मा ही होगा ।।१४।।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१५) मान्त्रवर्णिकमेव च गीयते ॥१५॥

इतश्चानन्दमयः पर एवात्मा । यस्मात् 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इत्युपक्रम्य 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१) इत्यस्मिन्मन्त्रे यत्प्रकृतं ब्रह्म सत्यज्ञानानन्तविशेषणैर्निर्धारितं, यस्मादाकाशादिक्रमेण स्थावरजङ्गमानि भूतान्यजायन्त, यच्च भूतानि सृष्ट्वा तान्यनुप्रविश्य गुहायामवस्थितं सर्वान्तरं, यस्य विज्ञानाय 'अन्योऽन्तर आत्मान्योऽन्तर आत्मा' इति प्रक्रान्तं तन्मान्त्रवर्णिकमेव ब्रह्मेह गीयते 'अन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः' (तै० २-५) इति । मन्त्रब्राह्मणयोश्चैकार्थत्वं युक्तं, अविरोधात् । अन्यथा हि प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रिये स्याताम् । न चान्नमयादिभ्य इवानन्दमयादन्योऽन्तर आत्माभिधीयते । एतन्निष्ठैव च 'सैषा भार्गवी वारुणी विद्या' (तै० ३-६) तस्मादानन्दमयः पर एवात्मा ॥१५॥

आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वे लिङ्गमुक्त्वा प्रकरणमाह—मान्त्रेति । यस्मादेवं प्रकृतं तस्मात्तन्मान्त्रवर्णिकमेव ब्रह्मानन्दमय इति वाक्ये गीयत इति योजना । ननु मन्त्रोक्तमेवात्र ग्राह्यमिति को निर्बन्धः, तत्राह—मन्त्रेति । ब्राह्मणस्य मन्त्रव्याख्यानत्वादुपायत्वमस्ति, मन्त्रस्तूपेयः, तदिदमुक्तम्—अविरोधादिति । तयोरुपायोपेयभावादित्यर्थः । तर्ह्यन्नमयादीनामपि मान्त्रवर्णिकब्रह्मत्वं स्यादित्यत आह—न चेति । किञ्च भृगवे प्रोक्ता, वरुणेनोपदिष्टा भृगुवल्ली पञ्चमपर्यायस्थानन्दे प्रतिष्ठिता । तत्र स्थानन्यायेन तदेकार्थब्रह्मवल्लचा आनन्दमये निष्ठेत्याह—एतन्निष्ठैवेति ॥१५॥

मान्त्रवर्णिकमेव च गीयते (ललिता)

इसलिए भी आनन्दमय शब्द मुख्य आत्मा का ही वाचक है क्योंकि 'ब्रह्मज्ञानी पर को प्राप्त कर लेता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्तरूप है' इस मन्त्र में जो प्रकृत ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त विशेषणों से निर्धारित है और जो आकाशादि क्रम से स्थावर, जङ्गम भूतों को उत्पन्न करता है एवं भूतों की सृष्टिकर उसमें प्रविष्ट हो बुद्धिरूप गुहा में अवस्थित सर्वान्तर तत्त्व है, जिसके विज्ञान के लिए 'दूसरा अन्तर आत्मा है दूसरा अन्तर आत्मा है' ऐसा प्रकरण से प्राप्त है, उसी मान्त्रवर्णिक ब्रह्म का गान अग्रिम 'अन्योऽन्तर आत्मानन्दमयः' इस वाक्य से किया गया है। मन्त्र और ब्राह्मण में एकार्थता युक्तियुक्त ही है क्योंकि ऐकार्थ्य मानने पर विरोध नहीं रह जाता, अन्यथा प्रकृत के हानि और अप्रकृत की प्रक्रिया का प्रसंग आ जायेगा। और अन्नमयादि के भीतर उससे भिन्न तत्त्व का निरूपण जिस प्रकार पहले किया गया है वैसा आनन्दमय से भिन्न उसके भीतर किसी अन्य आत्मा का वर्णन नहीं है प्रत्युत उस आनन्दमय में ही निष्ठ यह '**भार्गवी वारुणी विद्या**' पूर्ण हो जाती है। भृगु ने इस विद्या को प्राप्त किया और वरुण ने उपदेश किया, इसलिए इसे भार्गवी वारुणी विद्या कहते हैं। अतः आनन्दमय शब्द का अर्थ परमात्मा ही है ॥१५॥

---

१. मन्त्रब्राह्मणयोः साध्यसाधनरूपत्वात् । २. पञ्चमपर्यायेति—अन्नं ब्रह्मेति व्यजानादित्यारभ्य आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानादित्यादिपञ्चमपर्यायेत्यर्थः । ३. देशसामान्यं स्थानं तद्द्विविधं पाठसादेश्यमनुष्ठानसादेश्यं चेति । तत्र पाठसादेश्यमपि द्विविधं यथासंख्यपाठः संनिधिपाठश्चेति, तत्र यथासंख्यपाठात्मकं स्थानं दृष्टान्तयन्नाह—स्थानन्यायेनेति । ४. तथा भृगुवल्ल्यैकार्थो यस्येति ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१६) नेतरोऽनुपपत्तेः ॥१६॥

(१७) भेदव्यपदेशाच्च ॥१७॥

इतश्चानन्दमयः पर एवात्मा नेतरः। इतर ईश्वरादन्यः संसारी जीव इत्यर्थः। न जीव आनन्दमयशब्देनाभिधीयते। कस्मात्? अनुपपत्तेः। आनन्दमयं हि प्रकृत्य श्रूयते—'सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा। इदँ सर्वमसृजत। यदिदं किञ्च' (तै० २-६) इति। तत्र प्राक्शरीराद्युत्पत्तेरभिध्यानं, सृज्यमानानां च विकाराणां स्रष्टुरव्यतिरेकः, सर्वविकारसृष्टिश्च न परस्मादात्मनोऽन्यत्रोपपद्यते ॥१६॥

इतश्च नानन्दमयः संसारी। यस्मादानन्दमयाधिकारे—'रसो वै सः। रसँ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति' (तै० २-७) इति जीवानन्दमयौ भेदेन व्यपदिशति। नहि लब्धैव लब्धव्यो भवति। कथं तर्हि 'आत्मान्वेष्टव्यः' (छा० ८-७-१) 'आत्मलाभान्न परं विद्यते' इति श्रुतिस्मृती, यावता न लब्धैव लब्धव्यो भवतीत्युक्तम्। बाढम्। तथाप्यात्मनो-

स ईश्वरः तपः सृष्ट्यालोचनमतप्यत कृतवानित्यर्थः। अभिध्यानं कामना। 'बहु स्याम्' इत्यव्यतिरेकः ॥१६॥

अधिकारे प्रकरणे। स आनन्दमयो रसः। ननु लब्धृलब्धव्यभावेऽप्यभेदः किं न स्यादत आह—नहि लब्धैवेति। ननु लब्धृलब्धव्ययोर्भेदस्यावश्यकत्वे श्रुतिस्मृत्योर्बाधः स्यादित्याशङ्कते—कथमिति। यावता यतस्त्वयेत्युक्तमतः श्रुतिस्मृती कथमित्यन्वयः। उक्तां [१]शङ्कामङ्गीकरोति—बाढमिति। तर्ह्यात्मन एवात्मना लभ्यत्वोक्तिबाधः अभेदादित्याशङ्क्य कल्पितभेदान्न बाध इत्याह—तथापीति।

नेतरोऽनुपपत्तेः (ललिता)

और इस कारण से भी आनन्दमय परमात्मा ही है, अन्य नहीं है अर्थात् परमात्मा से भिन्न संसारी जीव आनन्दमय पदवाच्य नहीं है। आनन्दमय शब्द से जीव को क्यों नहीं कहा जाता, इसमें हेतु देते है कि ऐसा मानने पर उस प्रसंग की संगति नहीं बनती। आनन्दमय का प्रसंग प्रारम्भकर सुना जाता है कि 'उसने कामना की कि मैं बहुतरूप में और प्रजारूप में हो जाऊँ, तत्पश्चात् उसने तप किया और तप करने के बाद यह जो कुछ भी स्थावर-जङ्गम जगत् दीखता है, इन सबकी सृष्टि कर डाली।' वहाँ पर शरीरादि की उत्पत्ति से पूर्व अभिध्यान, सृज्यमान विकारों का स्रष्टा से अभेद और सम्पूर्ण विकारसृष्टि—ये सब के सब परमात्मा से भिन्न आनन्दमय को मानने पर असंगत हो जायेंगे ॥१६॥

भेदव्यपदेशाच्च (ललिता)

इसलिए भी आनन्दमयपदवाच्य संसारी जीव नहीं है, क्योंकि आनन्दमय के अधिकार में 'निःसन्देह वह परमात्मा रसस्वरूप है, उसी रस को प्राप्तकर यह जीव आनन्दित होता है' इस श्रुति में जीवात्मा और आनन्दमय को भिन्नरूप से बतलाया है। लब्धा और लब्धव्य एक नहीं होते। यदि कहो कि तब 'आत्मा का अन्वेषण करना चाहिए' 'आत्मलाभ से बड़ा दूसरा लाभ नहीं है'

१. अभेदशङ्काम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऽप्रच्युतात्मभावस्यैव सतस्तत्त्वानवबोधनिमित्तो मिथ्यैव देहादिष्वनात्मस्वात्मत्वनिश्चयो लौकिको दृष्टः । तेन देहादिभूतस्यात्मनोऽप्यात्माऽनन्विष्टोऽन्वेष्टव्योऽलब्धो लब्धव्योऽश्रुतः श्रोतव्योऽमतो मन्तव्योऽविज्ञातो विज्ञातव्य इत्यादिभेदव्यपदेश उपपद्यते । प्रतिषिध्यत एव तु परमार्थतः सर्वज्ञात्परमेश्वरादन्यो द्रष्टा श्रोता वा, 'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा' (बृ० ३-७-२३) इत्यादिना । परमेश्वरस्त्वविद्याकल्पिताच्छारीरात्कर्तुर्भोक्तुर्विज्ञानात्माख्यादन्यः । यथा मायाविनश्चर्मखड्गधरात्सूत्रेणाकाशमधिरोहतः स एव मायावी परमार्थरूपो भूमिष्ठोऽन्यः । यथा वा घटाकाशादुपाधिपरिच्छिन्नादनुपाधि(र)परिच्छिन्न आकाशोऽन्यः । ईदृशं च विज्ञानात्मपरमात्मभेदमाश्रित्य 'नेतरोऽनुपपत्तेः' 'भेदव्यपदेशाच्च' इत्युक्तम् ।।१७।।

अभेदेऽपीत्यर्थः । लौकिकः भ्रमः । आत्मनः स्वाज्ञानजभ्रमेण देहाद्यभिन्नस्य भेदभ्रान्त्या परमात्मनो ज्ञेयत्वाद्युक्तिरित्यर्थः । अन्वेष्टव्यो देहादिविविक्ततया ज्ञेयः, विवेकज्ञानेन लब्धव्यः साक्षात्कर्तव्यः, तदर्थं श्रोतव्यः, विज्ञानं निदिध्यासनं साक्षात्कारो वा, श्रुत्यन्तरस्थार्थानुवादादपौनरुक्त्यम् । ननु भेदः सत्य एवास्तु, तत्राह—प्रतिषिध्यत इति । अत ईश्वराद्द्रष्टा जीवोऽन्यो नास्तीति चेज्जीवाभेदादीश्वरस्यापि मिथ्यात्वं स्यादत आह—परमेश्वर इति । अविद्याप्रतिबिम्बत्वेन कल्पिताज्जीवाच्चिन्मात्र ईश्वरः पृथगस्तीति न मिथ्यात्वम् । कल्पितस्याधिष्ठानाभेदेऽप्यधिष्ठानस्य ततो भेद इत्यत्र दृष्टान्तमाह—यथेति । सूत्रारूढः स्वतोऽपि मिथ्या, न जीव इत्यरुच्या भेदमात्रमिथ्यात्वे दृष्टान्तान्तरमाह—यथा वेति । ननु सूत्रबलाद्भेदः सत्य इत्यत आह—ईदृशं चेति । कल्पितमेवेत्यर्थः । सूत्रे भेदः सत्य इति पदाभावात्, 'तदनन्यत्व–' (ब्र०सू० २-१-१४) इत्यादि[1]सूत्रणाच्छ्रु[2]त्यनुसाराच्चेति भावः ।।१७।।

यह श्रुति-स्मृति कैसे सुसंगत हो सकेगी यदि लब्धा लब्धव्य न हो तो ? आप का यह कहना ठीक है। वहाँ पर जो आत्मा अपने स्वरूप से कभी प्रच्युत नहीं होता उस तत्व का बोध न होने के कारण देहादि अनात्मवस्तु में मिथ्या ही आत्मत्वनिश्चय लौकिकपुरुषों का देखा गया है। उस दृष्टि को लेकर देहादिरूप आत्मा में जो वस्तुतः अनुप्रविष्ट नहीं है, उसके अन्वेषण के लिए कहा गया है, जो मिथ्याज्ञान के कारण अप्राप्त हो गया है, अश्रुत है, अमत है, अविज्ञात है; उसकी प्राप्ति के लिए, श्रवण, मनन और विज्ञान के लिए श्रुतियों में भेद उपदेश किया गया है, क्योंकि परमार्थतः सर्वज्ञ परमात्मा से भिन्न द्रष्टा और श्रोता का निषेध **'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा'** इत्यादि वाक्यों से किया गया है। परमेश्वर तो अविद्याकल्पित शरीराभिमानी कर्ता-भोक्ता जीव से भिन्न ही हैं। जिस प्रकार ढाल और तलवार लिए हुए मायावी से निकलकर धागा आकाश की ओर जाता है और उसमें मायावी चढ़ा हुआ भी दीखता है किन्तु उस मायावी से परमार्थरूपमायावी भूमिस्थ भिन्न ही है। और जैसे घटादि उपाधिपरिच्छिन्न घटाकाश से निरुपाधिक अपरिच्छिन्न आकाश भिन्न ही होता है ऐसे ही जीव और परमात्मा में औपाधिक भेद मानकर पूर्वोक्त **'नेतरोऽनुपपत्तेः'** और **'भेदव्यपदेशाच्च'** ये दोनों सूत्र कहे गये हैं ।।१७।।

---

१. अस्मिन्नस्येत्यादि सूत्रणात् । २. नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टेत्यादिश्रुतिः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१८) कामाच्च नानुमानापेक्षा ॥१८॥

(१९) अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति ॥१९॥

आनन्दमयाधिकारे च 'सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय' (तै० २-६) इति कामयितृत्वनिर्देशान्नानुमानिकमपि सांख्यपरिकल्पितमचेतनं प्रधानमानन्दमयत्वेन कारणत्वेन वापेक्षितव्यम् । 'ईक्षतेर्नाशब्दम्' (ब्र.सू. १-१-५) इति निराकृतमपि प्रधानं पूर्वसूत्रोदाहृतां कामयितृत्वश्रुतिमाश्रित्य प्रसङ्गात्पुनर्निराक्रियते गतिसामान्यप्रपञ्चनाय ॥१८॥

इतश्च न प्रधाने जीवे वाऽऽनन्दमयशब्दः । यस्मादस्मिन्नानन्दमये । प्रकृत आत्मनि प्रतिबुद्धस्यास्य जीवस्य तद्योगं शास्ति । तदात्मना योगस्तद्योगः, तद्भावापत्तिः । मुक्तिरित्यर्थः । तद्योगं शास्ति शास्त्रम्—'यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते । अथ सोऽभयं गतो भवति । यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते । अथ तस्य भयं भवति' (तै० २-७) इति । एतदुक्तं भवति—यदैतस्मिन्नानन्दमये-

---

नन्वानन्दात्मकसत्त्वप्रचुरं[1] प्रधानमानन्दमयमस्तु, तत्राह—कामाच्चेति । अनुमानगम्यमानुमानिकम् । पुनरुक्तिमाशङ्क्याह—ईक्षतेरिति ॥१८॥

अस्मिन्निति विषयसप्तमी । आनन्दमयविषयकप्रबोधवतो जीवस्य तद्योगं यस्माच्छास्ति तस्मान्न प्रधानमिति योजना । जीवस्य[2] 'प्रधानयोगोऽप्यस्तीत्यत आह—तदात्मनेति । 'जीवस्य जीवाभेदोऽस्तीत्यत आह—मुक्तिरिति । अदृश्ये स्थूलप्रपञ्चशून्ये, आत्मसम्बन्धमाऽऽत्म्यं लिङ्गशरीरं तद्रहिते, निरुक्तं शब्दशक्यं तद्भिन्ने, निःशेषलयस्थानं निलयनं माया तच्छून्ये ब्रह्मणि, अभयं यथा स्यात्तथा

कामाच्च नानुमानापेक्षा (ललिता)

आनन्दमय के अधिकार में 'उसने कामना की, मैं बहुत हो जाऊँ और प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ' इस प्रकार कामयितृत्व का निर्देश होने के कारण अनुमानसिद्ध सांख्यपरिकल्पित अचेतन प्रधान भी आनन्दमयपदवाच्य नहीं हो सकता और न वह जगत्कारणरूप से ही अपेक्षित है । यद्यपि 'ईक्षतेर्नाशब्दम्' इस सूत्र से प्रधान में जगत्कारणत्व का निषेध कर दिया गया है, अतः प्रधान-जगत्कारण निराकृत हो चुका है फिर भी गतिसामान्य के विस्तारार्थ पूर्वसूत्र में उदाहृत कामयितृत्वश्रुत का आश्रय लेकर प्रसंगवश पुनः प्रधानजगत्कारणता का निराकरण किया जाता है । अतः पुनरुक्ति की आशङ्का नहीं कर सकते ॥१८॥

अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति (ललिता)

इसलिए भी न प्रधान और न जीव ही आनन्दमयपदवाच्य हो सकता है, क्योंकि इस प्रकृत आनन्दमय आत्मा में प्रतिबुद्ध इस जीव का आनन्दमय के साथ सम्बन्ध का उपदेश है । तदात्मना योग को तद्योग कहते है जिसे तद्भावापत्ति और मुक्ति भी कहा गया है । ऐसा तद्योग का उपदेश 'जब यह मुमुक्षु इस स्थूलप्रपञ्चशून्य, लिङ्गशरीररहित, निर्वचन किये जाने से पृथक्, निःशेष

---

१. सत्वादिरूपत्वेन प्रधानस्येति शेषः । २. वृत्तिकारनये भेदस्य तात्त्विकत्वादाह—जीवस्येत्यादि । 'जीवस्य ब्रह्माभेदो नास्तीत्यत आह' इत्यपि पाठान्तरं क्वचिद्दृश्यते ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऽल्पमप्यन्तरमतादात्म्यरूपं पश्यति तदा संसारभयान्न निवर्तते । यदा त्वेतस्मिन्नानन्दमये निरन्तरं तादात्म्येन प्रतितिष्ठति तदा संसारभयान्निवर्तत इति । तच्च परमात्मपरिग्रहे घटते, न प्रधानपरिग्रहे जीवपरिग्रहे वा । तस्मादानन्दमयः परमात्मेति स्थितम् ।

इदं त्विह वक्तव्यम्—'स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः' । 'तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयात् । अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः' 'तस्मात् अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः' 'तस्मात् अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः' (तै० २-१,२,३,४) इति च विकारार्थे मयटप्रवाहे सत्यानन्दमय एवाकस्मादर्धजरतीयन्यायेन कथमिव मयटः प्राचुर्यार्थत्वं ब्रह्मविषयत्वं चाश्रीयत इति । मान्त्रवर्णिकब्रह्माधिकारादिति चेत्, न । अन्नमयादीनामपि तर्हि ब्रह्मत्वप्रसङ्गः । अत्राह—युक्तमन्नमयादीनामब्रह्मत्वं, तस्मात्तस्मादान्तरस्यान्तरस्यान्यस्यान्यस्यात्मन उच्यमानत्वात्, आनन्दमयात्तु न कश्चिदन्य आन्तर आत्मोच्यते, तेनानन्दमयस्य ब्रह्मत्वम्, अन्यथा प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रियाप्रसङ्गादिति । अत्रोच्यते—यद्यप्यन्नमयादिभ्य इवानन्द-

---

यदैव प्रतिष्ठां मनसः प्रकृष्टां वृत्तिमेष विद्वांल्लभते अथ तदैवाभयं ब्रह्म प्राप्नोतीत्यर्थः । उत् अपि अरमल्पमप्यन्तरं भेदं यदैवैष नरः पश्यति, अथ तदा तस्य भयमिति योजना इति ।

वृत्तिकारमतं दूषयति—इदं त्विति । इह परव्याख्यायां, विकारार्थके मयटि बुद्धिस्थे सत्यकस्मात्कारणं विना एकप्रकरणस्थस्य मयटः पूर्वं विकारार्थकत्वं, अन्ते प्राचुर्यार्थकत्वमित्यर्धजरतीयं कथमिव केन दृष्टान्तेनाश्रीयत इतीदं वक्तव्यमित्यन्वयः । प्रश्नं मत्वाशङ्कते—मान्त्रेति । स्फुटमुत्तरम् । किमान्तर इति न श्रूयते, किं वा वस्तुतोऽप्यान्तरं ब्रह्म न श्रूयत इति विकल्प्य आद्यमङ्गीकरोति—अत्रोच्यते-यद्य-

---

विलयस्थान ब्रह्म में अभय प्राप्त कर लेता है, तभी मन की उत्कृष्ट प्रतिष्ठा को अर्थात् अभयब्रह्म को विद्वान् प्राप्त कर जाता है और जब यह साधक उसमें थोड़ा भी भेद देखता है, तब उसे भय होता है' इस शास्त्र ने किया है। तात्पर्य यह है कि जब इस आनन्दमय में थोड़ा भी भेद अर्थात् अतादात्म्यरूप को देखता है, तब संसारभय से नहीं छूटता और जिस समय इस आनन्दमय में भेदरहित तादात्म्यरूप से प्रतिष्ठा प्राप्त करता है, तब संसारभय से छूट जाता है। यह शास्त्रादेश आनन्दमय पद का अर्थ परमात्मा मानने पर ही घटता है, प्रधान या जीव अर्थ मानने पर नहीं। अतः आनन्दमय का अर्थ परमात्मा ही है, यह सिद्ध हुआ ।

यहाँ यह कहना आवश्यक है कि 'वही यह पुरुष अन्नरसमय है' 'उसी इस अन्नरसमयपुरुष से भिन्न अन्तरात्मा प्राणमय है' 'उससे भिन्न आत्मा मनोमय है' 'उससे भिन्न अन्तरात्मा विज्ञानमय है' इन सभी पर्यायों में जब विकारार्थक मयट् प्रत्यय है, तो भला इस प्रवाह में पढ़ा गया आनन्दमय पद में पड़े हुए मयट् प्रत्यय का अकस्मात् अर्धजरतीय न्याय से प्राचुर्यार्थत्व और ब्रह्मविषयत्व का आश्रय कैसे ले सकोगे ? यदि कहो कि मान्त्रवर्णिक में ब्रह्म का अधिकार होने से हम मयट् प्रत्यय का प्राचुर्य अर्थ करते हैं। तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि तब तो अन्नमयादि में भी ब्रह्मत्व का प्रसंग आ जायेगा। यदि कहो कि अन्नमयादि को ब्रह्म नहीं कहना युक्तियुक्त ही है क्योंकि उन सबके भीतर दूसरे-दूसरे आत्मा का उपदेश किया गया है किन्तु आनन्दमय के भीतर कोई अन्य आत्मा नहीं कहा गया है। इसलिए आनन्दमय में ब्रह्मत्व है और कदाचित् ऐसा न माना जाय तो प्रकृतहान और अप्रकृतप्रक्रिया की प्रसक्ति होगी ?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मयादन्योऽन्तर आत्मेति न श्रूयते तथापि नानन्दमयस्य ब्रह्मत्वं, यत आनन्दमयं प्रकृत्य श्रूयते—'तस्य प्रियमेव शिरः। मोदो दक्षिणः पक्षः। प्रमोद उत्तरः पक्षः। आनन्द आत्मा।—ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' (तै० २-५) इति। तत्र यद्ब्रह्म मन्त्रवर्णे प्रकृतम्—'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति, तदिह 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्युच्यते। तद्विजिज्ञापयिषयैवान्नमयादय आनन्दमयपर्यन्ताः पञ्चकोशाः कल्प्यन्ते। तत्र कुतः प्रकृतहानाऽप्रकृतप्रक्रियाप्रसङ्गः। नन्वानन्दमयस्यावयवत्वेन 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्युच्यते, अन्नमयादीनामिव 'इदं पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यादि। तत्र कथं ब्रह्मणः स्वप्रधानत्वं शक्यं विज्ञातुम्? प्रकृतत्वादिति ब्रूमः। नन्वानन्दमयावयवत्वेनापि ब्रह्मणि विज्ञायमाने न प्रकृतत्वं हीयते, आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वादिति। अत्रोच्यते—तथा सति तदेव ब्रह्मानन्दमय आत्मावयवी,

---

पीति। विकारप्रायपाठानुगृहीतमयट्श्रुतेः सावयवत्वलिङ्गाच्चेत्याह—तथापीति। इष्टार्थस्य दृष्ट्या जातं सुखं प्रियं, स्मृत्या मोदः, स चाभ्यासात्प्रकृष्टः प्रमोदः, आनन्दस्तु कारणं, बिम्बचैतन्यमात्मा, शिरःपुच्छयोर्मध्यकायः ब्रह्म शुद्धमिति श्रुत्यर्थः। द्वितीयं प्रत्याह—तत्र यदिति। यन्मन्त्रे प्रकृतं गुहानिहितत्वेन सर्वान्तरं ब्रह्म, तदिह पुच्छवाक्ये ब्रह्मशब्दात्प्रत्यभिज्ञायते। तस्यैव विज्ञापनेच्छया पञ्चकोशरूपा गुहा प्रपञ्चिता। तत्र तात्पर्यं नास्तीति वक्तुं कल्प्यन्त इत्युक्तम्। एवं पुच्छवाक्ये प्रकृत-[१]स्वप्रधानब्रह्मपरे सति न प्रकृतहान्यादिदोष इत्यर्थः। ब्रह्मणः प्रधानत्वं पुच्छश्रुतिविरुद्धमिति शङ्कते—नन्विति। अत्र ब्रह्मशब्दात्प्रकृतस्वप्रधानब्रह्मप्रत्यभिज्ञाने सति पुच्छशब्दविरोधप्राप्तौ, एकस्मिन्वाक्ये प्रथमचरमश्रुतशब्दयोराद्यस्यानुपसंजातविरोधिनो बलीयस्त्वात्, पुच्छशब्देन प्राप्तगुणत्वस्य बाध इति मत्वाह—प्रकृतत्वादिति। प्रकरणस्यान्यथासिद्धिमाह—नन्विति। एकस्यैव गुणत्वं प्रधानत्वं च विरुद्धमित्याह—अत्रोच्यत इति। तत्र विरोधनिरासायान्यतरस्मिन्वाक्ये ब्रह्मस्वीकारे पुच्छवाक्ये

इस पर हम सिद्धान्ती का कहना है कि यद्यपि अन्नमयादि की भाँति आनन्दमय के भीतर उससे भिन्न आत्मा नहीं सुना जाता है फिर भी आनन्दमय में ब्रह्मत्व सिद्ध नहीं हो सकता क्योंकि आनन्दमय के प्रसंग में सुना जाता है कि 'प्रिय ही उसका शिर है, मोद दक्षिणपक्ष है, प्रमोद उत्तरपक्ष है और शुद्धब्रह्म पुच्छ है।' इस स्थिति में जो 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस वाक्य द्वारा मन्त्रवर्ण में प्रकृत था वही मान्त्रवर्णिक ब्रह्म यहाँ पर 'पुच्छं प्रतिष्ठा' पद से कहा गया है। उसी का विशेषरूप से बोध कराने के लिए अन्नमय से लेकर आनन्दमयपर्यन्त पञ्चकोशों की कल्पना की गयी है। ऐसी अवस्था में प्रकृतहान और अप्रकृतप्रक्रिया की प्रसक्ति का प्रसंग ही कहा आता है।

यह कहो कि आनन्दमय के अवयवरूप से 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' कहा गया है, जैसे अन्नमयादि कोशों में पुच्छ और प्रतिष्ठा की चर्चा है, वैसे ही आनन्दमय में भी है; ऐसी स्थिति में ब्रह्म का उपदेश स्वप्रधानत्वरूप से कैसे समझा जाय? 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इत्यादि प्रसंग ब्रह्म का है, इसलिए हम ब्रह्म का उपदेश स्वप्रधानत्वरूप से कहते हैं। यदि कहो कि आनन्दमय के अवयवरूप में भी ब्रह्म को विज्ञात मानें तो भी प्रकृत की हानि तो होती नहीं क्योंकि आनन्दमय ही तो ब्रह्म है? इस पर हम सिद्धान्ती का कहना है कि ऐसा मानने पर वही ब्रह्म आनन्दमय आत्मा अवयवी

---

१. आनन्दमयनिष्ठावयवितानिरूपितावयवताश्रयत्वेन ब्रह्मण इत्यर्थः। २. दर्शनेन। ३. स्व च तत्प्रधानं च स्वप्रधानं तच्च तद्ब्रह्मेति विग्रहः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तदेव च ब्रह्मपुच्छं प्रतिष्ठावयव इत्यसामञ्जस्यं स्यात् । अन्यतरपरिग्रहे तु युक्तं 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यत्रैव ब्रह्मनिर्देश आश्रयितुं, ब्रह्मशब्दसंयोगात् । नानन्दमयवाक्ये ब्रह्मशब्दसंयोगाभावादिति । अपिच 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्युक्त्वेदमुच्यते—'तदप्येष श्लोको भवति । असन्नेव स भवति । असद्ब्रह्मेति वेद चेत् । अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुः' (तै० २-६) इति । अस्मिंश्च श्लोकेऽननुकृष्यानन्दमयं, ब्रह्मण एव भावाभाववेदनयोर्गुणदोषाभिधानाद्गम्यते—'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यत्र ब्रह्मण एव स्वप्रधानत्वमिति । न चानन्दमयस्यात्मनो भावाभावशङ्का युक्ता, प्रियमोदादिविशेषस्यानन्दमयस्य सर्वलोकप्रसिद्धत्वात् । कथं पुनः स्वप्रधानं सद्ब्रह्म, आनन्दमयस्य पुच्छत्वेन निर्दिश्यते—'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इति । नैष दोषः । पुच्छवत्पुच्छं, प्रतिष्ठा परायणमेकनीडं लौकिकस्यानन्दजातस्य ब्रह्मानन्द इत्येतदनेन विवक्ष्यते, नावयवत्वं, 'एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति' (बृ० ४-३-३२) इति श्रुत्यन्तरात् । अपिच आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वे प्रियाद्यवयवत्वेन सविशेषं ब्रह्माभ्युपगन्तव्यम् । निर्विशेषं

ब्रह्म स्वीकार्यमित्याह—अन्यतरेति । **वाक्यशेषाच्चैवमित्याह**—अपिचेति । **तत्तत्र ब्रह्मणि श्लोकोऽपीत्यर्थः । पुच्छशब्दस्य गतिं पृच्छति**—कथं पुनरिति । **त्वयापि पुच्छशब्दस्य मुख्यार्थो वक्तुमशक्यः, ब्रह्मण आनन्दमयलाङ्गूलत्वाभावात् । पुच्छदृष्टिलक्षणायां चाधारलक्षणा युक्ता, प्रतिष्ठापदयोगात्, ब्रह्मशब्दस्य मुख्यार्थलाभाच्च । त्वत्पक्षे ब्रह्मपदस्याप्यवयवलक्षकत्वादित्याह**—नैष दोष इति । **पुच्छमित्याधारत्वमात्रमुक्तम् । प्रतिष्ठेत्येकनीडत्वम् । एकं मुख्यं नीडमधिष्ठानं सोपादानस्य जगत इत्यर्थः । ननु वृत्तिकारैरपि तैत्तिरीयवाक्यं ब्रह्मणि समन्वितमिष्टं, तत्र किमुदाहरणभेदेनेत्याशङ्क्याह**—अपिचेति । **यत्र सविशेषत्वं तत्र वाङ्मनसगोचरत्वमिति व्याप्तेरत्र व्यापकाभावोक्त्या निर्विशेषमुच्यत इत्याह**—निर्विशेषमिति । **निवर्तन्ते अशक्ता इत्यर्थः । सविशेषस्य मृषात्वादभयं चायुक्तम् ।**

है और वही ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा रूप में अवयव भी है, यह सामञ्जस्य नहीं होगा । इन दोनों में से एक पक्ष स्वीकार करने पर तो **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य में ही ब्रह्मनिर्देश मानना उचित होगा क्योंकि आनन्दमय वाक्य में ब्रह्म शब्द का संयोग नहीं है और पुच्छ वाक्य में ब्रह्म शब्द का सम्बन्ध है । एक और भी बात है कि **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** कहने के बाद यह भी कहा है कि 'इस अर्थ में ही यह मन्त्र है जो ब्रह्म को असत् जानता है वह असत् ही हो जाता है और जो ब्रह्म को सत् जानता है उसे सन्त समझना चाहिए ।' इस श्लोक में आनन्दमय का अनुकर्षण न कर ब्रह्म की सत्ता मानने पर गुण और सत्ता न मानने पर दोष का जो कथन है इससे यही जान पड़ता है कि **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य में ब्रह्म का ही स्वप्रधानत्व है और आनन्दमय आत्मा के भावाभाव की शङ्का भी नहीं होती है क्योंकि प्रियमोदादि विशेषयुक्त **'आनन्दमयः'** लोकप्रसिद्ध है, उसे तो सभी जानते और सभी मानते हैं ।

स्वप्रधान होता हुआ ब्रह्म आनन्दमय के पुच्छ रूप में **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य द्वारा क्यों बतलाया गया ? यह कोई दोष नहीं है क्योंकि पुच्छ की भाँति आनन्दमय की पुच्छ प्रतिष्ठा अर्थात् परायण, एकमात्र लौकिक आनन्दसमुदाय का अधिष्ठान ब्रह्मानन्द ही तो है इस वाक्य के द्वारा ऐसा कहना अभीष्ट है न को अवयवरूप में बतलाना अभीष्ट है । 'इसी आनन्द की मात्रा को लेकर अन्य सभी भूत जीवित रहते हैं' इस बृहदारण्यक श्रुति में भी ऐसा ही कहा है । इसके अतिरिक्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तु ब्रह्म वाक्यशेषे श्रूयते, वाङ्मनसयोरगोचरत्वाभिधानात्—'यतो वाचो निवर्तन्ते । अप्राप्य मनसा सह । आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् । न बिभेति कुतश्चनेति' (तै० २-६) । अपिच आनन्दप्रचुर इत्युक्ते दुःखास्तित्वमपि गम्यते प्राचुर्यस्य लोके प्रतियोग्यल्पत्वापेक्षत्वात् । तथाच सति, 'यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा' (छा० ७-२४-१) इति भूम्नि ब्रह्मणि तद्व्यतिरिक्ताभावश्रुतिरुपरुध्येत । प्रतिशरीरं च प्रियादिभेदादानन्दमयस्यापि भिन्नत्वम् । ब्रह्म तु न प्रतिशरीरं भिद्यते, 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तै० २-१) इत्यानन्त्यश्रुतेः, 'एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा' (श्वे० ६-११) इति च श्रुत्यन्तरात् । न चानन्दमयस्याभ्यासः श्रूयते । प्रातिपदिकार्थमात्रमेव हि सर्वत्राभ्यस्यते—'रसो वै सः, रसꣳ ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति, को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात्, यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' 'सैषानन्दस्य मीमाꣳसा भवति' । 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति' (तै० २-७, ८, ६) 'आनन्दो

अतो निर्विशेषज्ञानार्थं पुच्छवाक्यमेवोदाहरणमिति भावः । प्राचुर्यार्थकमयटा सविशेषोक्तौ निर्विशेषश्रुतिबाध उक्तः । दोषान्तरमाह—अपिचेति । प्रत्ययार्थत्वेन प्रधानस्य प्राचुर्यस्य प्रकृत्यर्थो विशेषणं, विशेषणस्य यः प्रतियोगी विरोधीति तस्याल्पत्वमपेक्षते, यथा विप्रमयो ग्राम इति शूद्राल्पत्वम् । अस्तु को दोषः, तत्राह—तथाचेति । प्रकृत्यर्थप्राधान्ये त्वयं दोषो नास्ति, प्रचुरप्रकाशः सवितेत्यत्र तमसोऽल्पस्याप्यभानात् । परंत्वानन्दमयपदस्य प्रचुरानन्दलक्षणाद्दोषः स्यादिति मन्तव्यम् । किञ्च भिन्नत्वाद्घटवन्न ब्रह्मतेत्याह—प्रतिशरीरमिति । नन्वभ्यस्यमानानन्दपदं लक्षणयानन्दमयपरमित्य-

---

आनन्दमय को ब्रह्म मानने पर प्रियादि वृत्ति को अवयवरूप से कहे जाने के कारण उस ब्रह्म को सविशेष मानना होगा । किन्तु वाक्यशेष में निर्विशेष ब्रह्म सुना जाता है जिसे **'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह'** इस वाक्य द्वारा मन और वाणी का अविषय कहा है और 'ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला ज्ञानी किसी से भयभीत नहीं होता' इस वाक्य द्वारा ज्ञानी को भय से जो मुक्ति कही गयी है उससे भी निर्विशेष ब्रह्म ही इस प्रसंग का प्रतिपाद्य अर्थ सिद्ध होता है । और आनन्दमय पद का अर्थ आनन्दप्रचुर माना जाय, तो इससे दुःखाल्पत्व भी जाना जाता है क्योंकि लोक में जहाँ प्राचुर्य कहा जाता है वहाँ उसके विरोधीवस्तु के अल्पत्व की भी अपेक्षा बनी रहती है, तथा दुःखाल्पत्व मानने पर 'जहाँ दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं और न दूसरे को जानता है वह भूमा है' इस श्रुति के द्वारा भूमा ब्रह्म में उससे भिन्न वस्तु का अभाव जो सुना गया है उस अभाव की बोधक श्रुति भी उपरुद्ध होने लग जायेगी । प्रियादि भेद से आनन्दमय का प्रतिशरीर में भेद भी है, किन्तु ब्रह्म प्रतिशरीर भिन्न नहीं है क्योंकि 'वह सत्य, ज्ञान और (देशकालवस्तु परिच्छेद से शून्य) अनन्त है' ऐसी आनन्त्यश्रुति भी है और 'सम्पूर्ण भूतों में छिपा हुआ, सर्वव्यापक, सर्वभूतान्तरात्मा देव एक ही है' इस अन्य श्रुति में भी कहा है । आनन्दमय शब्द की पुनरावृत्ति भी नहीं देखी जाती, क्योंकि सर्वत्र आनन्दमय के प्रातिपदिक जो आनन्द है, केवल उसी का अभ्यास सुना जाता है । 'निःसन्देह वह परमात्मा रसस्वरूप है और उसी रस को प्राप्तकर जीव आनन्दित होता है, भला कौन स्वाँस-निःस्वाँस भी ले सकता था, यदि यह अपरिछिन्न आनन्द नहीं होता, यह परमात्मा ही सबको आनन्द देता है' 'उस आनन्द की मीमांसा होती है' 'ब्रह्म के आनन्द को जानने वाला विद्वान्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मेति व्यजानात्' (तै० ३-६) इति च । यदि चानन्दमयशब्दस्य ब्रह्मविषयत्वं निश्चितं भवेत्, तत उत्तरेष्वानन्दमात्रप्रयोगेष्वप्यानन्दमयाभ्यासः कल्प्येत । न त्वानन्दमयस्य ब्रह्मत्वमस्ति, प्रियशिरस्त्वादिभिर्हेतुभिरित्यवोचाम । तस्माच्छ्रुत्यन्तरे 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (बृ० ३-९-२८) इत्यानन्दप्रातिपदिकस्य ब्रह्मणि प्रयोगदर्शनात्, 'यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्' इत्यादिर्ब्रह्मविषयः प्रयोगो न त्वानन्दमयाभ्यास इत्यवगन्तव्यम् । यस्त्वयं मयडन्तस्यैवानन्दशब्दस्याभ्यासः—'एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति' (तै० २-८) इति न तस्य ब्रह्मविषयत्वमस्ति, विकारात्मनामेवान्नमयादीनामनात्मनामुपसंक्रमितव्यानां प्रवाहे पठितत्वात् । नन्वानन्दमयस्योपसंक्रमितव्यस्यान्नमयादिवदब्रह्मत्वे सति नैव[1] विदुषो ब्रह्मप्राप्तिफलं निर्दिष्टं भवेत् । नैष दोषः । आनन्दमयोपसंक्रमणनिर्देशेनैव पुच्छप्रतिष्ठा-भूतब्रह्मप्राप्तेः फलस्य निर्दिष्टत्वात् । 'तदप्येष श्लोको भवति । यतो वाचो निवर्तन्ते' इत्यादिना च प्रपञ्च्यमानत्वात् । या त्वानन्दमयसन्निधाने 'सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय' इति इयं श्रुतिरुदाहृता सा 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यनेन सन्निहिततरेण ब्रह्मणा सम्बध्यमाना नानन्दमयस्य ब्रह्मतां प्रतिबोधयति । तदपेक्षत्वाच्चोत्तरस्य ग्रन्थस्य 'रसो

भ्याससिद्धिरित्यत आह—यदिचेति । आनन्दमयस्य ब्रह्मत्वे निर्णीते सत्यानन्दपदस्य तत्परत्वज्ञानाद-भ्याससिद्धिः, तत्सिद्धौ तन्निर्णय इति परस्पराश्रय इति भावः । अयमभ्यासः पुच्छब्रह्मण इत्याह—तस्मादिति । 'उपसंक्रमणं बाधः । ननु 'स य एवंवित्' इति ब्रह्मविदं प्रक्रम्योपसंक्रमणवाक्येन फलं निर्दिश्यते तत्तस्याब्रह्मत्वे न सिध्यतीति शङ्कते—नन्विति । उपसंक्रमणं प्राप्तिरित्यङ्गीकृत्य 'विशिष्ट-प्राप्त्युक्त्या 'विशेषणप्राप्तिः फलमुक्तमित्याह—नैष इति । ज्ञानेन कोशानां 'बाधस्तदिति सिद्धान्ते बाधावधिप्रत्यगानन्दलाभोऽर्थादुक्त उत्तरश्लोकेन स्फुटीकृत इत्याह—तदपीति । तदपेक्षत्वादिति ।

किसी से डरता नहीं' 'आनन्द ही ब्रह्म है ऐसा भृगु ने जाना' इत्यादि । यदि यहाँ पर आनन्दमय शब्द का अर्थ ब्रह्म निश्चित हो जाता, तो आगे भी जहाँ जहाँ आनन्द शब्द आया है उस अभ्यास में आनन्दमय की कल्पना कर सकते थे किन्तु आनन्दमय में ब्रह्मत्व का निश्चय होता ही नहीं क्योंकि उसके शिर और पंख आदि में प्रियत्वादि की कल्पना की गयी है, ऐसा हम पहले भी कह आये हैं। अतः श्रुत्यन्तर में 'ब्रह्म विज्ञान और आनन्दरूप है' इस वाक्य द्वारा ब्रह्म में आनन्द प्रातिपदिकमात्र का प्रयोग देखा जाता है । 'यदि यह निरवच्छिन्न आकाशसदृश आनन्द न होता' इत्यादि ब्रह्मविषयक प्रयोग है, न कि आनन्दमय का अभ्यास है, ऐसा समझना चाहिए । यदि कहो कि **'एतमानन्दमय-मात्मानमुपसंक्रामति'** यह वाक्य मयट् प्रत्ययान्त आनन्द शब्द का अभ्यास करता है ? तो ऐसा कहना भी ठीक नहीं क्योंकि वह ब्रह्म को विषय नहीं करता अपितु आनन्दमयादि अनात्मा जो विकाररूप हैं वे ही उपसंक्रमितव्य हैं और उसी प्रसंग में **'एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति'** यह वाक्य भी पढ़ा गया है । यदि कहो कि अन्नमयादि की भाँति उपसंक्रमितव्य आनन्दमय को ब्रह्म न मानने पर ब्रह्मज्ञानी को ब्रह्मप्राप्तिरूप फल निर्दिष्ट नहीं हो सकेगा ? तो यह कोई दोष नहीं है

---

१. नैवेति—निर्दिष्टं भवेदित्यन्वयः नैवमिति युक्तः पाठः । २. मुख्यसिद्धान्तपक्षे । ३. आनन्दमयः । ४. ब्रह्म-भूतपुच्छम् । ५. प्रत्यङ्मात्रत्वेन कोशानां विलापनं बाधः । ६. तद्-उपसंक्रमणम् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वै सः' इत्यादेर्नानन्दमयविषयता। ननु 'सोऽकामयत' इति ब्रह्मणि पुंलिङ्गनिर्देशो नोपपद्यते। नायं दोषः। 'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः' इत्यत्र पुंलिङ्गेनाप्यात्मशब्देन ब्रह्मणः प्रकृतत्वात्। यत्तु भार्गवी वारुणी विद्या 'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' इति, तस्यां मयडश्रवणात्, प्रियशिरस्त्वाद्यश्रवणाच्च युक्तमानन्दस्य ब्रह्मत्वम्। तस्मादणुमात्रमपि विशेषमनाश्रित्य न स्वत एव प्रियशिरस्त्वादि ब्रह्मण उपपद्यते। न चेह सविशेषं ब्रह्म प्रतिपिपादयिषितं, वाङ्मनसगोचरातिक्रमश्रुतेः। तस्मादन्नमयादिष्विवानन्दमयेऽपि विकारार्थ एव मयट् विज्ञेयो न प्राचुर्यार्थः।

सूत्राणि त्वेवं व्याख्येयानि—'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्यत्र किमानन्दमयस्यावयवत्वेन ब्रह्म

कामयितृपुच्छब्रह्मविषयत्वादित्यर्थः। यदुक्तं पञ्चमस्थानस्थत्वादानन्दमये ब्रह्मवल्ली समाप्ता, भृगुवल्लीवदिति, तत्राह—यत्त्विति। या त्वित्यर्थः। मयट्श्रुत्या सावयवत्वादिलिङ्गेन च स्थानं बाध्यमिति भावः। गोचरातिक्रमो गोचरत्वाभावः।

वेदसूत्रयोर्विरोधे '[1]गुणे त्वन्याय्यकल्पना' इति सूत्राण्यन्यथा नेतव्यानीत्याह—सूत्राणीति। पूर्वमीक्षतेः संशयाभावादिति युक्त्या गौणप्रायपाठो न निश्चायक इत्युक्तम्। तर्ह्यत्र पुच्छपदस्याधारावयव-

क्योंकि आनन्दमय के उपसक्रमण निर्देश से ही विद्वान् में पुच्छप्रतिष्ठारूप ब्रह्मप्राप्ति फल का निर्देश भी तो सुना जाता है। इसी अर्थ में यह मन्त्र भी है कि 'जहाँ से वाणी लौट आती है' इत्यादि वाक्य से उसका विस्तार सुना जाता है। और जो कहा था कि आनन्दमय के सन्निकट में 'उसने कामना की कि मैं बहुतरूप हो जाऊँ और प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ' यह श्रुति जो उद्धृत है वह **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य द्वारा अत्यन्त सन्निहित ब्रह्म के साथ सम्बद्ध हुई आनन्दमय में ब्रह्मता का बोध नहीं कराती और अग्रिम ग्रन्थ को उसको अपेक्षा भी है जिसमें परमात्मा को रसरूप कहा गया है, इसलिए वह आनन्दमय को विषय नहीं करती।

यदि कहो **'सोऽकामयत'** इस वाक्य में ब्रह्म के लिए पुंलिङ्ग का निर्देश जो किया गया है वह आप के पक्ष में युक्तियुक्त नहीं होता क्योंकि ब्रह्म शब्द नपुंसकलिङ्ग है, उसे **'सोऽकामयत'** इस वाक्य में पुंलिङ्ग से कैसे निर्देश कर सकेंगे? तो ऐसा कहना कोई दोष नहीं है क्योंकि **'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः'** इस वाक्य में भी पुंलिङ्ग आत्मशब्द से ब्रह्म का प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ है। और जो आप ने कहा था कि पञ्चम स्थान में स्थित होने से आनन्दमय में भृगुवल्ली की भाँति ब्रह्मवल्ली भी समाप्त हो गयी है। इस विद्या को भार्गवी और वारुणी विद्या भो कहते हैं जिसमें मयट् प्रत्यय का श्रवण नहीं होता और प्रियशिरस्त्वादि का भी श्रवण नहीं होता, अतः **'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्'** इस वाक्य द्वारा आनन्द को ब्रह्म कहना उचित ही है। अतएव अणुमात्र भी विशेष का आश्रय लिए विना ब्रह्म में स्वतः ही प्रियशिरस्त्वादि सिद्ध नहीं होता? सविशेष ब्रह्म यहाँ पर बतलाना अभीष्ट भी नहीं है क्योंकि इस प्रकरण से प्रतिपाद्य ब्रह्म को मन और वाणी का अविषय श्रुति ने कहा है। तात्पर्य यह है कि अन्नमयादि पद में जिस प्रकार विकारार्थक मयट् प्रत्यय है वैसे ही आनन्दमय में भो विकारार्थक ही मयट् प्रत्यय समझना चाहिए, प्राचुर्यार्थक नहीं।

सूत्रों की व्याख्या इस प्रकार करनी चाहिए—**'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** इस वाक्य में ब्रह्म को

१. गुण इत्यादि—अमुख्ये स्मृतिवाक्ये लक्षणाकल्पनेत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विवक्ष्यत उत स्वप्रधानत्वेनेति । पुच्छशब्दादवयवत्वेनेति प्राप्त उच्यते—'आनन्दमयोऽभ्यासात्' । आनन्दमय आत्मेत्यत्र, 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इति स्वप्रधानमेव ब्रह्मोपदिश्यते, अभ्यासात् । 'असन्नेव स भवति' इत्यस्मिन्निगमनश्लोके ब्रह्मण एव केवलस्याभ्यस्यमानत्वात् । 'विकारशब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात्' । विकारशब्देनावयवशब्दोऽभिप्रेतः । पुच्छमित्यवयवशब्दान्न स्वप्रधानत्वं ब्रह्मण इति यदुक्तं, तस्य परिहारो वक्तव्यः । अत्रोच्यते—नायं दोषः, प्राचुर्यादप्यवयवशब्दोपपत्तेः । प्राचुर्यं प्रायापत्तिः, अवयवप्राये वचनमित्यर्थः । अन्नमयादीनां हि शिरआदिषु पुच्छान्तेष्ववयवेषूक्तेष्वानन्दमयस्यापि शिरआदीन्यवयवान्तराण्युक्त्वावयवप्रायापत्त्या 'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा' इत्याह, नावयवविवक्षया । यत्कारणमभ्यासादिति स्वप्रधानत्वं ब्रह्मणः समर्थितम् । 'तद्धेतुव्यपदेशाच्च' । सर्वस्य विकारजातस्य सानन्दमयस्य कारणत्वेन ब्रह्म व्यपदिश्यते—'इदꣳ सर्वमसृजत ।

योलक्षणसाम्यात्संशयोऽस्तीत्यवयवप्रायपाठो निश्चायक इति पूर्वाधिकरणसिद्धान्तयुक्त्यभावेन पूर्वपक्षयति—पुच्छशब्दादिति । तथा च प्रत्युदाहरणसङ्गतिः । पूर्वपक्षे सगुणोपास्तिः, सिद्धान्ते निर्गुणप्रमितिः फलम् । वेदान्तवाक्यसमन्वयोक्तेः श्रुत्यादिसङ्गतयः स्फुटा एव । सूत्रस्थानन्दमयपदेन तद्वाक्यस्थं ब्रह्मपदं लक्ष्यते । विक्रियतेऽनेनेति विकारोऽवयवः । प्रायापत्तिरिति । अवयवक्रमस्य बुद्धौ प्राप्तिरित्यर्थः । अत्र हि प्रकृतस्य ब्रह्मणो ज्ञानार्थं कोशाः पक्षित्वेन कल्प्यन्ते, नात्र तात्पर्यमस्ति । तत्रानन्दमयस्यापि अवयवान्तरोक्त्यनन्तरं कस्मिंश्चित्पुच्छे वक्तव्ये प्रकृतं ब्रह्म पुच्छपदेनोक्तम् । तस्यानन्दमयाधारत्वेनावश्यं वक्तव्यत्वादित्यर्थः । 'तद्धेतुव्यपदेशाच्च' (सू० १४) । तस्य ब्रह्मणः सर्वकार्यहेतुत्वव्यपदेशात्, प्रियादिविशिष्टत्वाकारेणानन्दमयस्य जीवस्य कार्यत्वात्तं प्रति शेषत्वं ब्रह्मणो न युक्तमित्यर्थः । 'मान्त्रवर्णिकमेव च गीयते' (सू० १५) । 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इति यस्य

आनन्दमय के अवयवरूप से बतलाना अभीष्ट है अथवा स्वप्रधानरूप में, ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष कहता कि पुच्छ शब्द से आनन्दमय के अवयवरूप में ब्रह्म को बतलाना अभीष्ट है ? इस पर सिद्धान्ती कहता है कि **'आनन्दमय आत्मा'** इस वाक्य में जो **'ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा'** यह श्रुति है वह स्वप्रधान ही ब्रह्म को बतलाती है क्योंकि बार-बार उसका अभ्यास सुनाई पड़ता है । 'जो उसे असत् जानता है वह स्वयं ही असत् हो जाता है' इस निगमनश्लोक में केवल ब्रह्म का अभ्यास दीखता है (सूत्र १२) । **'विकारशब्दान्नेति चेन्न, प्राचुर्यात्'** इस सूत्र में विकार शब्द से अवयव अर्थ अभिप्रेत है । अतः पुच्छ पद अवयव अर्थ का वाचक होने के कारण ब्रह्म का उपदेश स्वप्रधानत्वरूप में नहीं है ? तो आप के इस प्रश्न का उत्तर देना आवश्यक है अतः हम कहते हैं कि यह कोई दोष नहीं है । प्राचुर्य से भी अवयव शब्द की उपपत्ति हो जाती है क्योंकि प्रायापत्ति को प्राचुर्य कहते हैं जो अवयवप्राय का वाचक है । अन्नमयादि कोशों को शिर से लेकर पुच्छपर्यन्त अवयव बतला देने के बाद आनन्दमय में भी शिर आदि अवयवान्तर कहे गये हैं फिर तो अवयवप्राय में आने के कारण ब्रह्म को भी आनन्दमय की पुच्छ और प्रतिष्ठा कह दिया गया है, वह अवयव की विवक्षा से नहीं है (सू० १३) । **'आनन्दमयोऽभ्यासात्'** इस सूत्र से ब्रह्म में स्वप्रधानत्व का समर्थन अभ्यासात् पद के आधार पर किया गया है, वैसे ही **'तद्धेतुव्यपदेशाच्च'** इस सूत्र के द्वारा यह भी कहा गया है कि आनन्दमय के सहित सम्पूर्ण कार्यजगत् के कारणरूप से ब्रह्म का उपदेश है 'यह जो कुछ भी स्थावर-जङ्गम जगत् दीखता है,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

७. अन्तरधिकरणम् (सू० २०-२१)

(२०) अन्तस्तद्धर्मोपदेशात् ॥२०॥

हिरण्मयो देवतात्मा किं वासी परमेश्वरः। मर्यादाधाररूपोक्तेर्देवतात्मैव नेश्वरः।
सार्वात्म्यात्सर्वदुरितराहित्याच्चेश्वरो मतः। मर्यादाद्या उपास्त्यर्थमीशेऽपि स्युरुपाधिगाः॥

यदिदं किञ्च' (तै० २-६) इति। नच कारणं सत् ब्रह्म स्वविकारस्यानन्दमयस्य मुख्यया वृत्त्याऽवयव उपपद्यते। अपराण्यपि सूत्राणि यथासम्भवं पुच्छवाक्यनिर्दिष्टस्यैव ब्रह्मण उपपादकानि द्रष्टव्यानि ॥१६॥

इदमाम्नायते—'अथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुर्हिरण्य-

---

ज्ञानान्मुक्तिरुक्ता, यत् 'सत्यं ज्ञानम्' इति मन्त्रोक्तं ब्रह्म, तदत्रैव पुच्छवाक्ये गीयते, ब्रह्मपदसंयोगात्। नानन्दमयवाक्य इत्यर्थः। 'नेतरोऽनुपपत्तेः' (सू० १६)। इतर आनन्दमयो जीवोऽत्र न प्रतिपाद्यः। सर्वस्रष्टृत्वाद्यनुपपत्तेरित्यर्थः। 'भेदव्यपदेशाच्च' (सू० १७)। अयमानन्दमयो ब्रह्मरसं लब्ध्वानन्दी भवतीति भेदोक्तेश्च तस्याप्रतिपाद्यतेत्यर्थः। आनन्दमयो ब्रह्म, तैत्तिरीयकपञ्चमस्थानस्थत्वात्, भृगुवल्लीस्थानन्दवदित्याशङ्क्याह—'कामाच्च नानुमानापेक्षा' (सू० १८)। काम्यत इति काम आनन्दः तस्य भृगुवल्ल्यां पञ्चमस्य ब्रह्मत्वदृष्टेरानन्दमयस्यापि ब्रह्मत्वानुमानापेक्षा न कार्या, विकारार्थक-मयड्विरोधादित्यर्थः। भेदव्यपदेशश्चेत्सगुणं ब्रह्मात्र वेद्यं स्यादित्याशङ्क्याह—'अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति' (सू० १६)। गुहानिहितत्वेन प्रतीचि "स एकः' इत्युपसंहृते पुच्छवाक्योक्ते ब्रह्मण्यहमेव परं ब्रह्मेति प्रबोधवत आनन्दमयस्य "यदा ह्' इति शास्त्रं ब्रह्मभावं शास्ति, अतो निर्गुणब्रह्मैक्य-ज्ञानार्थं जीवभेदानुवाद इत्यभिप्रेत्याह—अपराण्यपीति ॥१६॥

अन्तस्तद्धर्मोपदेशात्। छान्दोग्यवाक्यमुदाहरति—अथ य इति। अथेत्युपास्तिप्रारम्भार्थः।

उसे ब्रह्म ने बनाया' इस श्रुति में जिस ब्रह्म को जगत्कारण कहा है वह अपने विकार आनन्दमय का अवयव मुख्यवृत्ति से नहीं हो सकता (सू० १४)। इस अधिकरण के शेष सूत्रों को भी यथासम्भव पुच्छवाक्यनिर्दिष्ट ब्रह्म का ही उपपादक समझना चाहिए, यथा 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' इस वाक्य में जिस ब्रह्म के ज्ञान से मोक्ष कहा है और जिसका स्वरूप 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इस मन्त्र से बतलाया गया है, उसी ब्रह्म का गान पुच्छवाक्य में किया गया है क्योंकि ब्रह्मपद का सम्बन्ध वहाँ दीखता है (सू० १५)। आनन्दमय जीव यहाँ पर प्रतिपाद्य नहीं है क्योंकि सर्वस्रष्टृत्व उसमें युक्तियुक्त सिद्ध नहीं हो सकता (सू० १६)। यह आनन्दमय ब्रह्मरस को प्राप्तकर आनन्दित हो जाता है ऐसे लब्धा-लब्धव्य भेद का कथन होने से भी आनन्दमय इस ग्रन्थ का प्रतिपाद्य नहीं है (सू० १७)। जिसकी कामना की जाय उस आनन्द (सुख) को काम कहते हैं, वही ब्रह्म हो सकता है। आनन्दमय में ब्रह्मत्व का अनुमान नहीं करना चाहिए क्योंकि उसमें मयट् प्रत्यय विकारार्थक है (सू० १८)। भेद व्यपदेश होने के कारण सगुण ब्रह्म यहाँ पर वेद्य है, ऐसी शङ्का होने पर अग्रिम सूत्र है कि गुहा में निहित होने से प्रत्यगात्मा और आदित्यमण्डलस्थपुरुष एक माना गया है। पुच्छ वाक्य में कहे गये ब्रह्म को 'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसे ज्ञानवाले को ब्रह्म क प्राप्ति शास्त्र बतलाता है। अतः निर्गुण ब्रह्म के साथ अभेद ज्ञान कराने के लिए जीव और ब्रह्म का अनुवादमात्र है, वह प्रतिपाद्य नहीं है।

---

१. 'स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः' इति वाक्ये। २. यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दतेऽथ सोऽभयं गतो भवतीति शास्त्रम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

केश आप्रणखात्सर्व एव सुवर्णः' 'तस्य यथा कप्यासं पुण्डरीकमेवमक्षिणी तस्योदिति नाम स एष सर्वेभ्यः पाप्मभ्य उदित उदेति ह वै सर्वेभ्यः पाप्मभ्यो य एवं वेद' 'इत्यधिदैवतम्' (छा० १-६-६,७,८) 'अथाध्यात्मम्' 'अथ य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते' (छा० १-७-१, ५) इत्यादि। तत्र संशयः—किं 'विद्याकर्मातिशयवशात्प्राप्तोत्कर्षः

हिरण्मयो ज्योतिर्विकारः, पुरुषः पूर्णोऽपि मूर्तिमानुपासकैर्दृश्यते। मूर्तिमाह—हिरण्येति। प्रणखो नखाग्रं तेन सहेत्यभिविधावाङ्। नेत्रयोर्विशेषमाह—तस्येति। कपेर्मर्कटस्य आसः पुच्छभागोऽत्यन्ततेजस्वी तत्तुल्यं पुण्डरीकं यथा दीप्तिमदेवं तस्य पुरुषस्याक्षिणी, सद्योविकसितरक्ताम्भोजनयन इत्यर्थः। उपासनार्थमादित्यमण्डलं स्थानं, रूपं चोक्त्वा नाम करोति—तस्योदिति। उन्नाम निर्वक्ति—स इति। उदित उद्गतः। सर्वपाप्मास्पृष्ट इत्यर्थः। उपासनार्थं नामज्ञानफलमाह—उदेति हेति। देवतास्थानमादित्यमधिकृत्योपास्त्युक्त्यनन्तरमात्मानं देहमधिकृत्यापि तदुक्तिरित्याह—अथेति। पूर्वत्र ब्रह्मपदमानन्दमयपदमानन्दपदाभ्यासश्चेति मुख्यत्रितयादिबहुप्रमाणवशान्निर्गुणनिर्णयवत्, रूपवत्त्वादिबहुप्रमाणवशाज्जीवो हिरण्मय इति पूर्वसिद्धान्तदृष्टान्तसङ्गत्या पूर्वमुत्सर्गतः सिद्धनिर्गुण-

७. अन्तरधिकरण

१. सङ्गति—पूर्व अधिकरण में ब्रह्मपद, आनन्दमय पद एवं आनन्दाभ्यास पद को देखकर अनेक प्रमाण होने के कारण जैसे निर्विशेष ब्रह्म का निर्णय किया गया था ऐसे ही पूर्वोक्त युक्ति से रूपवत्वादि अनेकों प्रमाणों को देखते हुए हिरण्मय पुरुष कोई संसारी है, ऐसा पूर्वपक्ष का उत्थान होता है; अतः पूर्वाधिकरण के साथ इस अधिकरण की दृष्टान्त सङ्गति है।

२ विषय—'अथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते' (छा० १-६-६) यह छान्दोग्य श्रुतिवाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. संशय—कर्म और उपासना के अनुष्ठान से उत्कर्ष को प्राप्त सूर्यमण्डल और नेत्र में उपास्य कोई देवता है अथवा परमेश्वर है?

४. पूर्वपक्ष—मर्यादा, आधार एवं रूप का वर्णन होने से इन दोनों स्थानों में देवता ही उपास्य कहा गया है, ईश्वर नहीं।

५. सिद्धान्त—सर्वात्मा तथा सम्पूर्ण पापों से रहित पुरुष का वर्णन उक्त दोनों स्थानों में किया गया है जो ईश्वर में ही सम्भव है। मायामहिमा से लोकानुग्रहार्थ उसमें रूपवत्ता उपासना के लिए सम्भव है। मर्यादा एवं आधार परमेश्वर में औपाधिक है। अतः आदित्यमण्डल एवं नेत्र में उपास्य हिरण्मय पुरुष परमात्मा ही है।

अन्तस्तद्धर्मोपदेशात् (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में पाठ आता है कि 'जो यह आदित्यमण्डल के भीतर हिरण्यमय पुरुष दीखता है, जिसकी दाढ़ी मूँछ भी सोने जैसी है, केश भी सुवर्णमय है नखाग्र से शिखपर्यन्त सभी अवयव सुन्दर हैं' 'उसकी आँखें कप्यास (बन्दर के पुच्छ भाग) जैसी रक्तवर्ण है उसका नाम उत् है क्योंकि वह सम्पूर्ण पापों से ऊपर उठा हुआ है, जो भी कोई इस रूप में उसकी उपासना करता है वह सम्पूर्ण पापों से मुक्त हो जाता है' 'इस प्रकार फल के सहित अधिदैवत उपासना बतलायी' 'अब अध्यात्म उपासना कहते हैं' 'जो यह नेत्र के भीतर पुरुष दिखायी पड़ता है' इत्यादि। यहाँ संशय

१. उपासना। २. पूर्वम्—समन्वयसूत्रे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शरीरं परिगृह्योत्थापयति।' शरीर धारण करना मुख्यप्राण का धर्म है क्योंकि प्राणसंवाद में वागादि इन्द्रियों के प्रकरण से प्रसङ्ग प्रारम्भकर कहा है 'उन इन्द्रियों से वरिष्ठ प्राण ने कहा—तुम लोग मूर्खता मत करो, मैं ही अपने को पाँच भागों में विभक्तकर इस नश्वर-शरीर को पकड़कर धारण कर रहा हूँ' इत्यादि। जो लोग **'इमं शरीरं परिगृह्य'** ऐसा पाठ मानते हैं उनके मतानुसार इस जीव अथवा इन्द्रियसमुदाय को लेकर जो इस शरीर को उठाता है, वह प्राण है, ऐसी व्याख्या कर लेनी चाहिए। प्रज्ञात्मत्व भी, चेतन होने के कारण, जीव में घटता ही है। मुख्यप्राण में भी ज्ञान के साधन इन्द्रियों का आश्रय होने से प्रज्ञात्मत्व युक्तियुक्त ही है। जीव और मुख्यप्राण अर्थ लेने पर प्राण तथा प्रज्ञात्मा में सहवृत्तित्व होने से अभेद रूप में निर्देश किया गया है और स्वरूपतः उनके भेद का निर्देश भी है। **'यो वै प्राणः सा प्रज्ञा या वै प्रज्ञा स प्राणः सह ह्येतावस्मिन् शरीरे वसतः सहोत्क्रामतः'** ऐसा उभयथा निर्देश युक्तियुक्त है। प्राण शब्द का अर्थ ब्रह्म मानोगे तो किससे किसका भेद कहा जायेगा? अतः इस प्रसङ्ग में जीव और मुख्यप्राण में से किसी एक का अथवा दोनों का प्राण शब्द से ग्रहण करना चाहिए, ब्रह्म का नहीं?

ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि ऐसा मानने पर तीन प्रकार की उपासनाओं का प्रसङ्ग आ जायेगा—जीवोपासना, मुख्यप्राणोपासना और ब्रह्मोपासना। पर एक वाक्य में त्रिधा उपासना मानना उचित नहीं है, क्योंकि उपक्रम-उपसंहार से एकवाक्यत्व प्रतीत होता है। यथा—**'मामेव**

---

१. इन्द्रियान्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

'मामेव विजानीहि' इत्युपक्रम्य 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व' इत्युक्त्वान्ते 'स एष प्राण एव प्रज्ञात्माऽऽनन्दोऽजरोऽमृतः' इत्येकरूपावुपक्रमोपसंहारौ दृश्येते। तत्रार्थैकत्वं युक्तमाश्रयितुम्। नच ब्रह्मलिङ्गमन्यपरत्वेन परिणेतुं शक्यम्। दशानां भूतमात्राणां प्रज्ञामात्राणां च ब्रह्मणोऽन्यत्रार्पणानुपपत्तेः। आश्रितत्वाच्चान्यत्रापि ब्रह्मलिङ्गवशात्प्राणशब्दस्य ब्रह्मणि वृत्तेः।[1]इहापि च हिततमोपन्यासादिब्रह्मलिङ्गयोगाद्ब्रह्मोपदेश एवायमिति गम्यते। यत्तु मुख्यप्राणलिङ्गं दर्शितम्—'इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' इति। तदसत्। प्राणव्यापारस्यापि परमात्मायत्तत्वात्परमात्मन्युपचरितुं शक्यत्वात्। 'न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति कश्चन। इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ' (का० २-२-५) इति श्रुतेः। यदपि 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इत्यादि

स्वातन्त्र्यासिद्धेः, अफलपदार्थस्य फलवद्वाक्यार्थशेषत्वेन प्रधानवाक्यार्थानुसारेण तल्लिङ्गनयनस्योचितत्वाच्च। नहि प्रधानवाक्यार्थब्रह्मलिङ्गमन्यथा नेतुं शक्यं, न वा तदुचितमित्याह—नच ब्रह्मलिङ्गमिति। सूत्रशेषं व्याचष्टे—आश्रितत्वाच्चेति। अन्यत्र 'अत एव प्राणः' (ब्र० सू० १-१-१३) इत्यादौ [2]वृत्तेराश्रितत्वादि[3]हापि तस्य ब्रह्मलिङ्गस्य योगाद्ब्रह्मपर एव प्राणशब्द इत्यर्थः। प्राणादिलिङ्गानि सर्वात्मके ब्रह्मण्यनायासेन नेतुं शक्यानीत्याह—यत्त्वित्यादिना। यस्मिन्नेतौ प्रेर्यत्वेन

विजानीहि' यहाँ से प्रारम्भ करके 'प्राणोऽस्मि प्रज्ञात्मा तं मामायुरमृतमित्युपास्स्व' ऐसा कहकर अन्त में 'स एष प्राण एव प्रज्ञात्माऽऽनन्दोऽजरोऽमृतः' ऐसा कहा है, अतः उपक्रम-उपसंहार एक जैसे दीखते हैं। ऐसी स्थिति में अर्थ एकत्व मानना ही युक्तिसंगत है। यदि कहो कि ब्रह्मलिङ्ग अन्य अर्थपरक मान लिया जाय? तो ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि दश भूतमात्र एवं प्रज्ञामात्रा (पाँच विषय और उनके ज्ञान) ये ब्रह्म को छोड़कर अन्यत्र सिद्ध नहीं हो सकते।

सूत्र के शेष भाग की व्याख्या करते हैं कि ब्रह्मलिङ्ग के कारण 'अत एव प्राणः' इस सूत्र में प्राणशब्द की प्रवृत्ति लक्षणावृत्ति से ब्रह्म में मानी गयी है। यहाँ भी हिततम उपन्यास आदि ब्रह्मलिङ्ग का सम्बन्ध होने से यह भी ब्रह्म-उपदेश ही है ऐसा समझा जाता है। प्राणादि लिङ्गों को सर्वात्मक ब्रह्म में अनायास ही लगा सकते हैं जिसे भाष्यकार अग्रिमवाक्य से दिखलाते हैं कि जो आपने 'इदं शरीरं परिगृह्युत्थापयति' इस वाक्य से मुख्यप्राणलिङ्ग दिखलाया था, जिसके आधार पर प्राणशब्द का वायुविकार अर्थ मान रहे थे, वह सर्वथा असत् है क्योंकि प्राणव्यापार भी सर्वथा परमात्मा के अधीन है, इसलिए परमात्मा में प्राणव्यापार का औपचारिक प्रयोग होता है। अन्य श्रुति ने कहा है कि 'कोई भी प्राण और अपान से जीवित नहीं रहता, किन्तु जिसके आश्रित ये दोनों हैं, उससे जीवित रहता है।' अतः प्राण का व्यापार परमेश्वराधीन होने के कारण वस्तुतः परमेश्वर के ही हैं। और जो आप ने 'वाणी को जानने की इच्छा न करो, वक्ता को जानो' इत्यादि वाक्य से

---

१. इह तद्योगादिति व्याख्याति—इहापीत्यादिना। २. लक्षणावृत्तेः। ३. अव्यक्तं भाष्योक्तं व्यनक्ति—इहापीत्यादिना।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जीवलिङ्गं दर्शितं, तदपि न ब्रह्मपक्षं निवारयति। नहि जीवो नामात्यन्तभिन्नो ब्रह्मणः, 'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि' इत्यादिश्रुतिभ्यः। बुद्ध्याद्युपाधिकृतं तु विशेषमाश्रित्य ब्रह्मैव सञ्जीवः कर्ता भोक्ता चेत्युच्यते। तस्योपाधिकृतविशेषपरित्यागेन स्वरूपं ब्रह्म दर्शयितुं 'न वाचं विजिज्ञासीत वक्तारं विद्यात्' इत्यादिना प्रत्यगात्माभिमुखीकरणार्थ-मुपदेशो न विरुध्यते। 'यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते। तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते' (के० १-४) इत्यादि च श्रुत्यन्तरं वचनादिक्रियाव्यापृतस्यैवात्मनो ब्रह्मत्वं दर्शयति। यत्पुनरेतदुक्तम्—'सह ह्येतावस्मिञ्शरीरे वसतः सहोत्क्रामतः' इति प्राणप्रज्ञात्मनोर्भेददर्शनं ब्रह्मवादे नोपपद्यत इति। नैष दोषः। ज्ञानक्रियाशक्तिद्वयाश्रय-योर्बुद्धिप्राणयोः प्रत्यगात्मोपाधिभूतयोर्भेदनिर्देशोपपत्तेः। उपाधिद्वयोपहितस्य तु प्रत्य-गात्मनः स्वरूपेणाभेद इत्यतः प्राण एव प्रज्ञात्मेत्येकीकरणमविरुद्धम्।

अथवा 'नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात्' इत्यस्यायमन्योऽर्थः। न ब्रह्म-

---

स्थितौ तेनेतरेण ब्रह्मणा सर्वे प्राणादिव्यापारं कुर्वन्तीत्यर्थः। विशेषं परिच्छेदाभिमानमित्यर्थः। 'वक्तारं विद्यात्' इति न वक्तुर्ज्ञेयत्वमुच्यते, तस्य लोकसिद्धत्वात्, किन्तु तस्य ब्रह्मत्वं बोध्यते। तद्बोधाभिमुख्याय लिङ्गादय इत्यत्र श्रुत्यन्तरमाह—यद्वाचेति। येन चैतन्येन वागभ्युद्यते स्वकार्याभि-मुख्येन प्रेर्यते तदेव वागादेरगम्यं ब्रह्मेत्यर्थः। तत्त्वम्पदवाच्ययोः स्वरूपतो भेदस्ताभ्यामुपलक्ष्यात्म-स्वरूपाभेदादेकत्वं निर्दिश्यत इत्याह—नैष दोष इति।

स्वमतेन सूत्रं व्याख्याय वृत्तिकृन्मतेन व्याचष्टे—अथवेति। उपासनात्रित्वप्रसङ्गादिति पूर्व-

---

जीवलिङ्ग दिखलाया था वह भी ब्रह्म पक्ष का व्यावर्तक नहीं है, क्योंकि **'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि'** इन श्रुतियों को देखते हुए जीव ब्रह्म से अत्यन्त भिन्न नहीं माना जा सकता। बुद्धि आदि उपाधि के कारण परिच्छेदविशेष का आश्रय करने पर ब्रह्म ही जीव कहलाता है और वही कर्ता-भोक्ता भी कहा जाता है। जब उसके उपाधिकृत विशेष का परित्याग कर देते हैं, तब वह ब्रह्मस्वरूप ही रह जाता है। इसी बात को बतलाने के लिए **'न वाचं विजिज्ञासीत, वक्तारं विद्यात्'** इत्यादि वाक्य द्वारा आत्माभिमुख करने के लिए उपदेश किया जाना विरुद्ध नहीं है। 'जो वाणी से प्रकाशित नहीं होता किन्तु जिससे वाणी प्रकाशित होती है, उसी को तू ब्रह्म जान, जिस परिच्छिन्न वस्तु की लोग उपासना करते हैं वह ब्रह्म नहीं है' इत्यादि श्रुत्यन्तर भी वचनादि क्रियाव्यापार न करने वाले आत्मा में ब्रह्मत्व का उपदेश करती है। और जो आप ने कहा था कि 'प्राण और प्रज्ञा इस शरीर में एक साथ रहते हैं और एक साथ उत्क्रमण करते हैं' इस वाक्य में प्राण और प्रज्ञात्मा में जो भेद कहा गया है वह ब्रह्मवादियों के यहाँ युक्तियुक्त सिद्ध नहीं होता? यह कोई दोष नहीं है। ज्ञानशक्ति का आश्रय बुद्धि है और क्रियाशक्ति का आश्रय प्राण है, ये दोनों ही प्रत्यगात्मा की उपाधि हैं। इन उपाधियों में व्यावहारिक दृष्टि से भेद कहना उचित ही है पर दोनों उपाधियों से उपहित आत्मा के स्वरूप में भेद नहीं है। अतः प्राण ही प्रज्ञात्मा है, ऐसा एकीकरण भी अविरुद्ध है।

स्वमतानुसार सूत्र की व्याख्याकर वृत्तिकार मतानुसार **'अथवा'** इत्यादि ग्रन्थ से व्याख्या

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वाक्येऽपि जीवमुख्यप्राणलिङ्गं विरुध्यते। कथम्? उपासात्रैविध्यात्। त्रिविधमिह ब्रह्मोपासनं विवक्षितं, प्राणधर्मेण प्रज्ञाधर्मेण स्वधर्मेण च। तत्र 'आयुरमृतमुपास्स्वायुः प्राणः' इति, 'इदं शरीरं परिगृह्योत्थापयति' इति, 'तस्मादेतदेवोक्थमुपासीत' इति च प्राणधर्मः। 'अथ यथास्यै प्रज्ञायै सर्वाणि भूतान्ये'कीभवन्ति तद्व्याख्यास्यामः'इत्युपक्रम्य 'वागेवास्या एकमङ्गमदूदुहत्तस्य नाम परस्तात्प्रतिविहिता भूतमात्रा प्रज्ञया वाचं

मुक्तम्। ²अत्र त्रिप्रकारकस्यैकब्रह्मविशेष्यकस्यैकस्योपासनस्य विवक्षितत्वादित्यर्थः। अतो न वाक्यभेद इति भावः। देहचेष्टात्मकजीवनहेतुत्वं प्राणस्यायुष्ट्वं देहापेक्षया तस्य आमुक्तेरवस्थानादमृतत्वं, उत्थापयतीत्युक्थत्वमिति प्राणधर्मः। जीवधर्मानाह—अथेति। बुद्धिप्राणयोः सहस्थित्युत्क्रान्त्युक्त्यनन्तरमित्यर्थः। अत्र प्रज्ञापदेन साभासा जीवाख्या बुद्धिरुच्यते। तस्याः सम्बन्धीनि दृश्यानि सर्वाणि भूतानि यथैकं भवन्त्यधिष्ठानचिदात्मना, तथा व्याख्यास्याम इत्युपक्रम्योक्तम्—वागेवेत्यादि। चक्षुरेवास्या एकमङ्गमदूदुहदित्यादिपर्यायाणां संक्षिप्तार्थं उच्यते। उत्पन्नाया असत्कल्पायाः साभासबुद्धेर्नामप्रपञ्चविषयित्वमर्धं शरीरम्, अर्थात्मकरूपप्रपञ्चविषयित्वमर्धं शरीरमिति मिलित्वा विषयित्वाख्यं पूर्णं शरीरमिन्द्रियसाध्यम्। तत्र कर्मेन्द्रियेषु वागेवास्याः प्रज्ञाया एकमङ्गं देहार्धमदूदुहत् पूरयामास। वागिन्द्रियद्वारा नामप्रपञ्चविषयित्वं बुद्धिर्लभत इत्यर्थः। चतुर्थी षष्ठ्यर्था। तस्याः पुनर्नाम किल चक्षुरादिना प्रतिविहिता ज्ञापिता भूतमात्रा रूपाद्यर्थरूपा परस्तादपरार्धे कारणं भवति। ³ज्ञानकरणद्वाराऽर्थप्रपञ्चविषयित्वं बुद्धिः प्राप्नोतीत्यर्थः। एवं बुद्धेः सर्वार्थद्रष्टृत्वमुपपाद्य तन्निष्ठचित्प्रतिबिम्बद्वारा साक्षिणि द्रष्टृत्वाध्यासमाह—प्रज्ञयेति। बुद्धिद्वारा चिदात्मा वाचमिन्द्रियं समारुह्य तस्याः प्रेरको भूत्वा वाचा करणेन सर्वाणि नामानि वक्तव्यत्वेनाप्नोति, चक्षुषा सर्वाणि रूपाणि पश्यतीत्येवं द्रष्टा भवतीत्यर्थः। तथाच सर्वद्रष्टृत्वं चिदात्मनि द्रष्टृत्वाध्यासनिमित्तत्वं च बुद्धेर्धर्म इत्युक्तं भवति। सर्वाधारत्वानन्दत्वादिर्ब्रह्मधर्म इत्याह—

करते हैं। पहले उपासनात्रित्व प्रसंग आ जाने के कारण पूर्वपक्ष को असंगत कहा था। अब तीन प्रकार से एक ब्रह्मविशेष्यक एक उपासना बतलाना अभीष्ट है, इसलिए वाक्यभेद नहीं है। यहाँ पर ऐसी ही उपासना का आश्रय लिया गया है, ऐसा वृत्तिकार का कथन है। अतः ब्रह्मवाक्य में जीवलिङ्ग और मुख्यप्राणलिङ्ग विरुद्ध नहीं पड़ता। कैसे? क्योंकि यहाँ पर प्राणधर्म, प्रज्ञाधर्म और स्वधर्म से विशिष्ट ब्रह्म उपासना बतलाना अभीष्ट है। उनमें 'आयुरमृतमिति उपास्स्व' इस श्रुति से आयु प्राणधर्म सिद्ध होता है, 'इस शरीर को ग्रहणकर उठाता है, इसलिए उक्थरूप से इसकी उपासना करे' यह भी प्राणधर्म है। 'अथ' इत्यादि ग्रन्थ से जीवधर्म बतलाते हैं। 'बुद्धि और प्राण शरीर में एक साथ रहते हैं, एक साथ उत्क्रमण करते है, यह पहले बतलाया जा चुका है। 'यहाँ पर प्रज्ञा पद से साभासबुद्धिरूप जीव को कहा जाता है, उस प्रज्ञा से सम्बद्ध सभी दृश्य अपने अधिष्ठान चिदात्मा में एक हो जाते हैं जिसकी व्याख्या हम करेंगे' यहाँ से प्रसंग प्रारम्भकर 'इस प्रज्ञा के एक अङ्ग वाणी का ही दोहन किया, उसका पुनः नाम भूतमात्रा कहा। प्रज्ञा द्वारा यह जीव वाणी में

---

१. एकम्भवतीति पाठान्तरम्। २. अस्मिन्व्याख्याने। ३. ज्ञानेन्द्रियद्वारा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समारुह्य वाचा सर्वाणि नामान्याप्नोति' इत्यादिः प्रज्ञाधर्मः। 'ता वा एता दशैव भूतमात्रा अधिप्रज्ञं दश प्रज्ञामात्रा अधिभूतम्। यद्धि भूतमात्रा न स्युर्न प्रज्ञामात्राः स्युः। यद्धि प्रज्ञामात्रा न स्युर्न भूतमात्राः स्युः। न ह्यन्यतरतो रूपं किञ्चन सिद्ध्येत्। नो एतन्नाना। तद्यथा रथस्यारेषु नेमिरर्पिता नाभावरा अर्पिता एवमेवैता भूतमात्राः प्रज्ञामात्रास्वर्पिताः प्रज्ञामात्राः प्राणेऽर्पिताः। स एष प्राण एव प्रज्ञात्मा' (कौ० ३-८, ९) इत्यादिर्ब्रह्मधर्मः। तस्माद्ब्रह्मण एवैतदुपाधिद्वयधर्मेण स्वधर्मेण चैकमुपासनं त्रिविधं विवक्षितम्। अन्यत्रापि 'मनोमयः प्राणशरीरः' (छा० ३-१४-२) इत्यादावुपाधिधर्मेण

ता वा इति। दशत्वं व्याख्यातम्। प्रज्ञा 'इन्द्रियजाः,'ता अधिकृत्य ग्राह्यभूतमात्रा वर्तन्ते, प्रज्ञामात्रा इन्द्रियाणि ग्राह्यं भूतजातमधिकृत्य वर्तन्त इति ग्राह्यग्राहकयोर्मिथः सापेक्षत्वमुक्तं साधयति—यदिति। तदेव स्फुटयति—न हीति। ग्राह्येण ग्राह्यस्वरूपं न सिध्यति किन्तु ग्राहकेण। एवं ग्राहकमपि ग्राह्यमनपेक्ष्य न सिध्यति। तस्मात्सापेक्षत्वादेतद्ग्राह्यग्राहकद्वयं वस्तुतो न भिन्नं किन्तु चिदात्मन्यारोपितमित्याह—नो इति। तद्यथेत्यादि कृतव्याख्यानम्। सूत्रार्थमुपसंहरति—तस्मादिति। अन्यधर्मेणान्यस्योपासनं कथमित्याशङ्क्याश्रितत्वादित्याह—अन्यत्रापीति। उपाधिर्जीवः। तत् अन्यधर्मेणोपासनम्। इयमसङ्गता व्याख्या। तथाहि—न तावदारुण्याद्यनेकगुणविशिष्टाप्राप्तक्रयणवदुपासात्रयविशिष्टस्य ब्रह्मणो विधिः सम्भवति, सिद्धस्य विध्यनर्हत्वात्। नापि ब्रह्मानुवादेनोपासात्रयविधिः, 'वाक्यभेदात्। नच नानाधर्मविशिष्टमेकमुपासनं विधीयत इति वाच्यं, तादृशविधिवाक्यस्यात्राश्रवणात्। नच 'तं मामायुरमृतमित्युपास्व' (कौ० ३-२) इत्यत्र मामिति जीवेन, आयुरिति प्राणेन, अमृतमिति ब्रह्मणा स्वस्वधर्मवता विशिष्टोपासनाविधिरिति वाच्यं, सर्वेषां धर्माणामश्रवणात्, ब्रह्माश्रुतेश्च। 'प्राणो वा अमृतम्' इति प्राणस्यैवामृतत्वश्रुतेः। अत उपासनाविधिलुब्धेन 'वक्तारं विद्यात्' (कौ० ३-८) 'एतदेवोक्थमुपासीत' (कौ० ३ ३) 'स म आत्मेति विद्यात्' (कौ० ३-९) इति

आरूढ़ हो वाणी से सभी नाम को व्याप्त कर लेता है, अर्थात् सभी इन्द्रियों के व्यापार का प्रेरक जीव है' इत्यादि प्रज्ञाधर्म कहे गये हैं। 'ये सभी भूतमात्रा दश हैं जो इन्द्रियों के ग्राह्यरूप हैं और इन्द्रियाँ इनकी ग्राहक हैं। इस प्रकार अधिप्रज्ञ भी दश हैं और अधिभूत भी दश हैं। विषय को भूतमात्रा कहते हैं और इन्द्रियों को प्रज्ञामात्रा कहते हैं। विषयों के बिना इन्द्रियाँ निरर्थक हैं और इन्द्रियों से ही विषयों का अस्तित्व एवं विशेषज्ञान होता है, इसलिए एक दूसरे पर आधारित हैं, स्वतन्त्ररूप से इनकी सिद्धि नहीं होती। ये सभी आत्मा में आरोपित हैं, अतः नानात्व की शङ्का न करें। इसी को दृष्टान्त द्वारा समझाते हैं कि 'जैसे रथ के अरों में नेमि जुड़ी रहती है और रथ की नाभि में अरे जुड़े होते हैं, ऐसे ही ये भूतमात्रा विषय इन्द्रियजन्य ज्ञानरूप प्रज्ञामात्रा में अर्पित हैं और प्रज्ञामात्रा प्राण में अर्पित है। इसलिए यह प्राण ही प्रज्ञा है' ये सब ब्रह्मधर्म हैं। अतः पूर्वोक्त उपाधिद्वय के धर्म से विशिष्ट और स्वधर्म से विशिष्टब्रह्म की एक ही उपासना त्रिविधरूप में बतलाना अभीष्ट है। ऐसे ही अन्यत्र भी **'मनोमयः प्राण-शरीरः'** इत्यादि श्रुतिवाक्यों में

---

१. पञ्चशब्दादिविषयज्ञानानि। २. ग्राहिकाः। ३. वाक्यभेदादिति—प्राप्ते कर्मणि नानेको विधातुं शक्यते गुण इत्याद्यन्यत्रोक्तेः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मण उपासनामाश्रितम्। इहापि तद्युज्यते वाक्यस्योपक्रमोपसंहाराभ्यामेकार्थत्वावगमात्प्राणप्रज्ञाब्रह्मलिङ्गावगमाच्च । तस्माद्ब्रह्मवाक्यमेतदिति सिद्धम् ।।३१।।

इति श्रीमच्छारीरकमीमांसासूत्रभाष्ये श्रीशङ्करभगवत्पादकृतौ
प्रथमाध्यायस्य प्रथमः पादः ।।१।।

जीवप्राणब्रह्मोपासनविधयः, अन्ये गुणविधय इति स्वीकृत्यैकवाक्यत्वं त्याज्यं, तच्चायुक्तमुपक्रमादिनैकवाक्यतानिर्णयात् । तस्माज्ज्ञेयप्रत्यग्ब्रह्मपरमिदं वाक्यमित्युपसंहरति—तस्मादिति ।।३१।।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
प्रथमाध्यायस्य प्रथमः पादः ।।१।।

उपाधिधर्म से ब्रह्म की उपासना कही गयी है। तदनुसार यहाँ भी तीन प्रकार से एक ही ब्रह्म की उपासना बतलाना अभीष्ट है, क्योंकि उपक्रम-उपसंहार द्वारा वाक्य में एकार्थत्व जाना जाता है। साथ ही प्राण, प्रज्ञा और ब्रह्म के लिङ्ग का बोध भी होता है। अतः यह ब्रह्मवाक्य ही है, अन्यार्थबोधक नहीं है, यह सिद्ध हुआ ।।३१।।

इस प्रकार ब्रह्मसूत्र शाङ्करभाष्य प्रथमाध्याय प्रथम पाद की
श्रीकैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
श्री स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज
द्वारा रचित ललिता व्याख्या सम्पूर्ण हुई।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रथमाध्याये द्वितीयः पादः

१. सर्वत्र प्रसिद्ध्यधिकरणम् (सू० १-८)

मनोमयोऽयं शारीर ईशो वा प्राणमानसे। हृदयस्थित्यणीयस्त्वे जीवे स्युस्तेन जीव[1]गाः।
शमवाक्यगतं ब्रह्म [2]तद्धितादिरपेक्षते। प्राणादियोगाश्चिन्तार्थश्चिन्त्य ब्रह्म प्रसिद्धितः॥

प्रथमे पादे 'जन्माद्यस्य यतः' इत्याकाशादेः समस्तस्य जगतो जन्मादिकारणं ब्रह्मेत्युक्तम्। तस्य समस्तजगत्कारणस्य ब्रह्मणो व्यापित्वं, नित्यत्वं, सर्वज्ञत्वं, सर्वशक्तित्वं, सर्वात्मकत्वमित्येवंजातीयका धर्मा उक्ता एव भवन्ति। अर्थान्तरप्रसिद्धानां च

श्रीरामं सिद्धमत्तारं गुहाशायिनमन्तरम्।
अन्तर्यामिणमज्ञेयं वैश्वानरमहं भजे॥

पूर्वपादेनोत्तरपादयोः सङ्गतिं वक्तुं वृत्तमनुवदति—प्रथम इति। जगत्कारणत्वोक्त्या व्यापित्वादिकमर्थात्सिद्धम्। [3]तदुपजीव्योत्तरं पादद्वयं प्रवर्तत इति हेतुहेतुमद्भावः सङ्गतिः। कथं [4]पादभेद इत्याशङ्क्य पादानां प्रमेयभेदमाह—अर्थान्तरेति। आकाशादिशब्दानां स्पष्टब्रह्मलिङ्गैर्ब्रह्मणि

प्रथम अध्याय द्वितीय पाद

१. सर्वत्र प्रसिद्ध्यधिकरण

१. इस पाद में उपास्य ब्रह्मविषयक अस्पष्ट ब्रह्मलिङ्गयुक्त श्रुतिवाक्यों का विचार किया गया है। पिछले अधिकरण में जीवादि लिङ्गों का बाध हो जाने के कारण जिस प्रकार ब्रह्मपरत्व कहा गया था, वैसा यहाँ पर मनोमयादि वाक्य में अव्यभिचरित ब्रह्मलिङ्ग नहीं है, इसलिए पूर्व अधिकरण के साथ इस अधिकरण की प्रत्युदाहरण संगति है।

२. **'मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः'** यह श्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. मनोमय जीवात्मा है, अथवा परमात्मा है, ऐसा संशय होता है।

४. प्राण एवं मन जीव के होते हैं, हृदय में स्थिति और अणीयस्त्व भी जीव के धर्म हैं। अतः मनोमयत्वादि धर्म विशिष्ट जीव ही यहाँ पर उपास्यरूप से कहा गया है।

५. **"सर्वं खल्विदं ब्रह्म इति शान्त उपासीत"** इस शमवाक्यगत ब्रह्म की उपासना से जीव का हित होता है। अतः उसी को उपासना का विधान शाण्डिल्य विद्या में किया गया है। सर्वत्र वेदान्त में जो जगत् कारण ब्रह्म प्रसिद्ध है उसी को वाक्यारम्भ में **"सर्वं खल्विदं ब्रह्म"** इस वाक्य से कहा गया है, और वही तत्त्व मनोमयत्वादि धर्म विशिष्ट रूप से उपासना के लिए उपदिष्ट है। प्राण आदि का सम्बन्ध उपासना के लिए उसमें बताया गया है, ऐसा मानने पर प्रसंग का त्याग नहीं होता और न अप्रासङ्गिक बात का ग्रहण ही होता है। अतः शाण्डिल्य विद्या में मनोमयत्वादि धर्म विशिष्ट ही उपास्य है यह निश्चित हुआ।

प्रथम पाद में **"जन्माद्यस्य यतः"** इस सूत्र द्वारा आकाशादि समस्त जगत् का जन्म स्थिति एवं लय का कारण ब्रह्म को कहा गया। उक्त समस्त जगत्कारण ब्रह्म के व्यापकत्व, नित्यत्व,

---

१. गीरिति युक्तम्। २. तद्धितो मयट्, आदिना समासग्रहः। ३. तदुपजीव्येति—उपपाद्यत्वेन तदाश्रित्येति यावत्। प्रथमपादोक्तं व्यापित्वादिकं तच्छब्दार्थः। ४. त्रयाणां पादानां भेदः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३२) सर्वत्र प्रसिद्धोपदेशात् ॥१॥

केषाञ्चिच्छब्दानां ब्रह्मविषयत्वहेतुप्रतिपादनेन कानिचिद्वाक्यानि स्पष्टब्रह्मलिङ्गानि सन्दिह्यमानानि ब्रह्मपरतया निर्णीतानि। पुनरप्यन्यानि वाक्यान्यस्पष्टब्रह्मलिङ्गानि सन्दिह्यन्ते—किं परं ब्रह्म प्रतिपादयन्त्याहोस्विदर्थान्तरं किञ्चिदिति। तन्निर्णयाय द्वितीय-तृतीयौ पादावारभ्येते।

इदमाम्नायते—'सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत। अथ खलु क्रतुमयः पुरुषो यथाक्रतुरस्मिँल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवति स क्रतुं कुर्वीत' 'मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः' (छा० ३-१४-१,२) इत्यादि। तत्र संशयः—किमिह मनोमयत्वा-

---

समन्वयो दर्शितः। अस्पष्टब्रह्मलिङ्गवाक्यसमन्वयः पादद्वये वक्ष्यते। प्रायेणोपास्यज्ञेयब्रह्मभेदात्पाद-योरवान्तरभेद इति भावः।

छान्दोग्यवाक्यमुदाहरति—इदमिति। तस्माज्जायत इति तज्जं, तस्मिँल्लीयत इति तल्लं, तस्मिन्ननिति चेष्टत इति तदनं, तज्जं च तल्लं च तदनं चेति तज्जलान्। कर्मधारयेऽस्मिन् शाकपार्थिवन्यायेन मध्यमपदस्य तच्छब्दस्य लोपः। तज्जलानमिति वाच्ये छान्दसोऽवयवलोपः। इतिशब्दो हेतौ। सर्वमिदं जगद्ब्रह्मैव, तद्विवर्तत्वादित्यर्थः। ब्रह्मणि मित्रामित्रभेदा-भावाच्छान्तो रागादिरहितो भवेदिति गुणविधिः। 'स क्रतुमुपासनं कुर्वीतेति विहितोपासनस्य 'उपासीत' इत्यनुवादात् फलमाह—अथेति। क्रतुमयः सङ्कल्पविकार इत्यर्थः। पुरुषस्य ध्यान-विकारत्वं स्फुटयति—यथेति। इह यद्ध्यायति, मृत्वा ध्यानमहिम्ना तद्ध्येयरूपेण जायत इत्यर्थः।

सर्वज्ञत्व, सर्वशक्तित्व एवं सर्वात्मकत्व ऐसे धर्म भी कह दिये गये हैं। किसी दूसरे अर्थ में प्रसिद्ध प्राण, आकाश, ज्योति आदि शब्द ब्रह्मविषयक हैं इसके लिए कुछ हेतु बतलाते हुए कुछ वाक्य जिनमें ब्रह्मलिङ्ग स्पष्ट थे, पर उनमें सन्देह भी होता था, ऐसे वाक्यों को ब्रह्मपरक निश्चित किया गया। अब जिन वाक्यों में ब्रह्मलिङ्ग स्पष्ट नहीं है और उनमें सन्देह होता है कि क्या ये वाक्य ब्रह्म को बतलाते हैं अथवा किसी दूसरे अर्थ को। बस इसी अर्थ के निर्णय के लिए प्रथमाध्याय के दूसरे एवं तीसरे पाद प्रारम्भ किये जा रहे हैं। इस प्रकार पूर्वपाद के साथ आगे के दो पादों की संगति भाष्यकार ने कही है। वह है हेतुहेतुमद्भावरूप।

सर्वत्र प्रसिद्धोपदेशात् (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् में ऐसा पाठ आता है कि "यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्मरूप है" क्योंकि उसी से यह उत्पन्न होता है, उसी में लीन होता है और उसी में चेष्टा करता है अर्थात् यह जगत् ब्रह्म का विवर्त है। ब्रह्म का कोई शत्रु, मित्र नहीं है वैसे ही उपासक को भी रागादि रहित हो शान्त भाव से उपासना करनी चाहिए। 'पर उपासना किसकी करनी चाहिए' यह स्पष्ट नहीं हैं। 'पुरुष संकल्पमय होता है वह इस लोक में जैसा संकल्प करता है, मरने के बाद वह वैसा ही हो जाता है।

---

१. प्राणाकाशज्योतिरादीनाम्। २. ध्येयम्। ३. अवयवलोप इति—तदलोपश्चेत्यपि वक्तव्यम्। अकारलोप इत्यर्थः। ४. अधिकृतः पुरुषः। ५. फलमिति— गुणविधेः शेषिणं विशिष्टविधिमिति यावत्। अथवोपास्तेरेव फलम्। विधित्सितोपासनायाः फलमित्यर्थः। ६. ध्यानसामर्थ्येन।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिभिर्धर्मैः [1]शारीर आत्मोपास्यत्वेनोपदिश्यत आहोस्वित्[2]परं ब्रह्मेति । किं तावत्प्राप्तम् ? शारीर इति । कुतः ? तस्य हि कार्यकरणाधिपतेः प्रसिद्धो मनआदिभिः सम्बन्धो न परस्य ब्रह्मणः, 'अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः' (मु० २-१-२) इत्यादिश्रुतिभ्यः । ननु 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इति स्वशब्देनैव ब्रह्मोपात्तं, कथमिह शारीर आत्मोपास्य इत्याशङ्क्यते ? नैष दोषः । नेदं वाक्यं ब्रह्मोपासनाविधिपरं किं तर्हि ? शमविधिपरम् । यत्कारणं 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत' इत्याह । एतदुक्तं भवति—यस्मात्सर्वमिदं विकारजातं ब्रह्मैव, तज्जत्वात्तल्लत्वात्तदनत्वाच्च । नच सर्वस्यैकात्मत्वे रागादयः सम्भवन्ति, [3]तस्माच्छान्त उपासीतेति । नच शमविधिपरत्वे सत्यनेन वाक्येन ब्रह्मोपासनं

क्रतुमयः सङ्कल्पप्रधान इति वाऽर्थः । क्रतोर्विषयमाह—मन इति । ब्रह्मेत्युपक्रमान्मनोमयं प्राणशरीरं भारूपं सत्यसङ्कल्पमन्तर्हृदये ध्येयमित्यर्थः । पूर्वत्र ब्रह्मलिङ्गैरब्रह्मलिङ्गबाध उक्तः, न तथेहोपक्रमे ब्रह्मणो लिङ्गमस्ति, किन्तु [4]प्रकरणम् । तच्च शान्तिगुणविधानार्थम[5]न्यथासिद्धम् । अतो [1]जीवलिङ्गं बलीय इति [7]प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षयति—शारीर इत्यादिना । श्रुतिमाशङ्क्यान्यथासिद्धया परिहरति —नैष दोष इति । शमविधिपरत्वे हेतुमाह—यत्कारणमिति । यत एवमाह, तस्माच्छमविधिपर- मित्यन्वयः । [अत्रेदंशब्दः प्रकृतब्रह्मपरामर्शार्थो नतु जगत्परामर्शार्थः, जगद्विशेषणे प्रयोजनाभावात् । अत्र प्रयोजनाभावेऽपि यत्र प्रयोजनं तत्र भवत्येव जगद्विशेषणं, यथा 'आत्मैवेदं सर्वम्' । अत्र बाधायां समानाधिकरणदार्ढ्यार्थं विशेषणमावश्यकं, तद्वाक्यस्य ज्ञेयब्रह्मविषयत्वात् । अत्र तूपासनायां बाधानावश्यकत्वाद्विषयाभेदेन ब्रह्मण उपास्यत्वात् ।] नच शमेति । शमध्यानयोर्विधौ वाक्यभेदा-

---

पुरुष मनोमय-प्राण शरीर और प्रकाशस्वरूप है, इस वाक्य से केवल फल कहा गया है । अतः यहाँ पर संशय होता है कि मनोमयत्वादि धर्म से युक्त जीवात्मा उपास्यरूप से कहा गया है अथवा ब्रह्म उपास्यरूप से बतलाया गया है ? मध्यस्थ पूर्वपक्षी से पूछता है कि आप क्या मानते हैं ? पूर्वपक्षी कहता है कि हमारे मतानुसार जीव ही उपास्य इस श्रुति में अभीष्ट है । क्योंकि स्थूल-सूक्ष्म शरीर का अधिपति होने से उस जीव का सम्बन्ध मन आदि के साथ प्रसिद्ध हो है । ब्रह्म का सम्बन्ध मन आदि के साथ हो ही नहीं सकता, क्योंकि 'प्राणरहित और मनरहित शुद्ध रूप वह परमात्मा है' इत्यादि श्रुतियों से ब्रह्म में मन आदि उपकरणों का अभाव बतलाया गया है । सिद्धान्ती कहता है कि **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** इस वाक्य में ब्रह्म शब्द से ही ब्रह्म का ग्रहण जब स्पष्ट रूप में किया गया है तो भला जीवात्मा के उपास्य होने की शङ्का यहाँ पर कैसे करते हो । पूर्वपक्षी इस दोष का परिहार करता है कि यह कोई दोष नहीं है । आप ने अभी-अभी जिस वाक्य को उद्धृत किया है वह ब्रह्म उपासना विधायक नहीं है ? फिर क्या है ? वह तो शम विधि बतलाने वाला है कि जब सब कुछ ब्रह्म ही है तो उपासक रागद्वेष से रहित हो उपासना करे । तात्पर्य यह है कि जब सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म ही है क्योंकि यह जगत् ब्रह्म से उत्पन्न हुआ, ब्रह्म में लीन होता है और ब्रह्म में ही चेष्टा करता है इस प्रकार सब में एकात्मत्व सिद्ध हो जाने पर जब रागादि सम्भव नहीं है तो

---

१. जीवः । २. परं ब्रह्मेति—जीवव्यावृत्तेश्वर इत्यर्थः । ३. रागादिविषयाभावात् । ४. प्रकरणमिति—तज्जलानित्युक्तचोत्पत्त्यादिधर्माणामस्ति धर्म्याकांक्षा, धर्मिणो ब्रह्मणश्चास्ति तद्धर्माकांक्षेति प्रकरणं निष्पन्नमिति तदाशयः । वस्तुतः एकार्थबोधकमहावाक्याख्यं लौकिकं प्रकरणमत्र ग्राह्यम् । उभयाकांक्षाऽभावेन पारिभाषिकस्यासम्भवात् । ५. अन्यथासिद्धमिति—शान्तिगुणविधानेन चरितार्थमित्यर्थः । ६. हृदयायतनत्वमणीयस्त्वं च वक्ष्यमाणम् । ७. वैपरीत्येन ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नियन्तुं शक्यते। उपासनं तु 'स क्रतुं कुर्वीत' इत्यनेन विधीयते। क्रतुः सङ्कल्पो ध्यानमित्यर्थः। [1]तस्य च विषयत्वेन श्रूयते—'मनोमयः प्राणशरीरः' इति जीवलिङ्गम्। अतो ब्रूमो जीवविषयमेतदुपासनमिति। 'सर्वकर्मा सर्वकामः' इत्याद्यपि श्रूयमाणं पर्यायेण जीवविषयमुपपद्यते। 'एष म आत्माऽन्तर्हृदयेऽणीयान्व्रीहेर्वा यवाद्वा' इति च हृदयायतनत्वमणीयस्त्वं चाराग्रमात्रस्य जीवस्यावकल्पते नापरिच्छिन्नस्य ब्रह्मणः। ननु 'ज्यायान्पृथिव्याः' इत्याद्यपि न परिच्छिन्नेऽवकल्पत इति। अत्र ब्रूमः—न तावदणीयस्त्वं ज्यायस्त्वं चोभयमेकस्मिन्समाश्रयितुं शक्यं, विरोधात्। अन्यतराश्रयणे च प्रथमश्रुतत्वादणीयस्त्वं युक्तमाश्रयितुं, ज्यायस्त्वं तु ब्रह्मभावापेक्षया भविष्यतीति। निश्चिते च जीवविषयत्वे यदन्ते ब्रह्मसङ्कीर्तनम्—'एतद्ब्रह्म' (छा० ३-१४-४) इति, तदपि प्रकृतपरामर्शार्थत्वाज्जीवविषयमेव। तस्मान्मनोमयत्वादिभिर्धर्मैर्जीव उपास्य इत्येवं प्राप्ते ब्रूमः—[2]परमेव ब्रह्म

पत्तेरित्यर्थः। जन्मपरम्परया जीवस्यापि सर्वकर्मत्वादिसम्भवमाह—सर्वकर्मेति। सर्वाणि कर्माणि यस्य। सर्वे कामा भोग्या यस्य। सर्वगन्धः सर्वरस इत्यादिरादिशब्दार्थः। आराग्रमात्रस्येति। [3]तोत्रप्रोतायः शलाकाग्रपरिमाणस्येत्यर्थः। सर्वत्र प्रसिद्धब्रह्मण एवात्रोपास्यत्वोपदेशान्न जीव उपास्यः

उपासक शान्त होकर उपासना करे। जब इस वाक्य को शमविधिपरक मान लिया तो फिर इस वाक्य से ब्रह्मोपासना का नियमन नहीं किया जा सकता। किन्तु 'स क्रतुं कुर्वीत' इस वाक्य से ही उपासना का विधान है। क्रतु शब्द का अर्थ संकल्प अर्थात् ध्यान होता है। उस ध्यान के विषयरूप में "मनोमयः प्राणशरीरः" इत्यादि वाक्य द्वारा जिसे कहा गया है वह तो जीव ही हो सकता है क्योंकि मन और प्राण जीव का लिङ्ग है। इसीलिए हम पूर्वपक्षी यह मानते हैं कि यह उपासना जीव विषयक है। यद्यपि सर्वकर्मा, सवकामः जीवात्मा एक शरीर से नहीं हो सकता पर अनादि संसार में जीव के अगणित शरीर हो चुके हैं। उन शरीरों से जीवात्मा भी सर्वकर्मा, सर्वकामः इत्यादि हो ही सकता है। इसके अतिरिक्त 'यह हृदय में रहने वाली मेरी आत्मा धान्य तथा जौ से भी छोटा है' इस वाक्य द्वारा जो हृदयायतनत्व और अणीयस्त्व कहा गया है वह चाबुक की नोंक पर लगे हुए आरो के अग्रभाग से छोटे यह विशेषण जीवात्मा में ही घटता है, व्यापक ब्रह्म में नहीं घटता। इस पर सिद्धान्ती की ओर से कहा जाता है फिर भला, 'पृथ्वी से भी बड़ा है' इत्यादि वाक्य द्वारा जो "ज्यायस्त्वम्" कहा गया है वह परिच्छिन्न जीव में कैसे घटेगा। इसका समाधान हम पूर्वपक्षी इस प्रकार करते हैं कि एक ही में अणीस्त्व और ज्यायस्त्व ये परस्पर विरोधी दो धर्म नहीं रह सकते। इन दोनों में से किसी एक का आश्रय मुख्यरूप से मानना पड़ेगा। ऐसा मानने पर अणीयस्त्व शब्द प्रथम सुना गया है, वह परिच्छिन्न जीवात्मा में निर्विरोध है, फिर पश्चात् भावी ज्यायस्त्व जीवात्मा में तब हो जायेगा जब जीव ब्रह्मभाव को प्राप्त करेगा। जब यह अर्थ निश्चित हो गया कि यह उपासना जीवविषयक है तो जो अन्त में "एतद्ब्रह्म" इस वाक्य द्वारा जो ब्रह्म संकीर्तन है वह भी प्रकृत का परामार्शक होने के कारण जीव को ही बतलाना है। अतः मनोमयत्वादि धर्मों से

---

१. ध्यानस्य । २. जीवव्यावृत्त ईश्वर एव। ३. प्राजनं तोदनं तोत्रमित्यमरः। त्रीणि वृषादेस्ताडनोपयोगिनस्तोत्रस्य चाबुक इति ख्यातस्य, तोत्रवेत्रैकपाणय इति गीता, तुद्यतेऽनेनेति विग्रहे दाम्नीत्यादिसूत्रेण ष्ट्रन्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मनोमयत्वादिभिर्धर्मैरुपास्यम् । कुतः? सर्वत्र प्रसिद्धोपदेशात् । यत्सर्वेषु वेदान्तेषु प्रसिद्धं ब्रह्मशब्दस्या'लम्बनं जगत्कारणं, इह च 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इति वाक्योपक्रमे श्रुतं, तदेव मनोमयत्वादिधर्मैर्विशिष्टमुपदिश्यत इति युक्तम् । एवं च प्रकृतहानाप्रकृतप्रक्रिये न भविष्यतः । ननु वाक्योपक्रमे शमविधिविवक्षया ब्रह्म निर्दिष्टं, न स्वविवक्षयेत्युक्तम् । अत्रोच्यते—यद्यपि शमविधिविवक्षया ब्रह्म निर्दिष्टं, तथापि मनोमयत्वादिषूपदिश्यमानेषु तदेव ब्रह्म सन्निहितं भवति, जीवस्तु न सन्निहितो नच स्वशब्देनोपात्त इति वैषम्यम् ॥१॥

इति सूत्रार्थमाह—सर्वत्रेति । यत्र फलं नोच्यते तत्र पूर्वोत्तरपक्षसिद्धिः फलमिति मन्तव्यम् । [2]यद्यपि [3]निराकाङ्क्षं ब्रह्म तथापि [4]मनःप्रचुरमुपाधिरस्य, प्राणः शरीरमस्येति समासान्तर्गतसर्वनाम्नः सन्निहितविशेष्याकाङ्क्षत्वाद्ब्रह्म सम्बध्यते । 'स्योनं ते सदनं कृणोमि' इति [5]संस्कारार्थसदनस्य निराकाङ्क्षस्यापि 'तस्मिन्सीद' इति साकाङ्क्षतच्छब्देन परामर्शदर्शनादित्याह—अत्रोच्यत इति । स्योनं पात्रं, ते पुरोडाशस्येति श्रुत्यर्थः । जीवोऽपि लिङ्गात्सन्निहित इत्यत आह—जीवस्त्विति । इदं हि लिङ्गद्वयं लोकसिद्धं जीवं न सन्निधापयति, दुःखिन उपास्त्वयोग्यत्वात्फलाभावाच्च । अतो विश्वजिन्न्यायेन सर्वाभिलषितमानन्दरूपं ब्रह्मैवोपासनाक्रियानुबन्धीति भावः । किञ्च ब्रह्मपदश्रुत्या लिङ्गबाध इत्याह—नचेति । अन्यतराकाङ्क्षानुगृहीतं[6] फलवत्प्रकरणं विफललिङ्गाद्बलीय इति समुदायार्थः ॥१॥

युक्त जीव ही यहाँ पर उपास्य है, ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं—**"सर्वत्र प्रसिद्धोपदेशात्"** इति ।

सभी श्रुतियों में जिस जगत्कारण को ब्रह्म शब्द का वाच्य बतलाया गया है उसी को **"सर्वं खल्विदं ब्रह्म"** इस वाक्य आरम्भ में हम सुनते हैं। वही ब्रह्म मनोमयत्वादि धर्म से विशिष्ट यहाँ पर उपासना के लिए उपदिष्ट है, ऐसा मानना युक्तिसंगत है क्योंकि ऐसा मानने पर प्रकृत का हानि और अप्रकृत की प्रक्रिया नहीं होगी, अन्यथा प्रकृत ब्रह्म छूट जाएगा और अप्रकृत जीव का ग्रहण होने लग जायेगा। इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि वाक्यारम्भ में ब्रह्म का निर्देश स्वविवक्षा से नहीं किया गया है, वह तो शमविधि बतलाने की इच्छा से किया गया है। सिद्धान्ती का कहना है कि यद्यपि शमविधि बतलाने की इच्छा से वाक्यारम्भ में ब्रह्म का निर्देश है फिर भी उपदिश्यमान मनोमयत्वादि में सन्निहित होने के कारण वही ब्रह्म ध्यान का विषय माना जायेगा। जीवात्मा न तो सन्निहित है और न जीव शब्द से उसका उपादान ही है। इस प्रकार वैषम्य होने के कारण ब्रह्म की उपासना मानना ही युक्तिसङ्गत है ॥१॥

---

१. वाच्यम् । २. यद्यपीति—अनेनान्यतराकाङ्क्षारूपमेवेह प्रकरणं नतूभयाकाङ्क्षारूपमिति सूचयति । ३. निराकांक्षमिति —तथा चोपासनाया उपास्याकांक्षायां सत्यपि उभयाकांक्षाया अभावात्प्रकरणमसम्भवीति भावः । ४. मनोमयं मनःप्रचुरमित्यर्थमभिप्रेत्य मनःप्रचुरपदे समास दर्शयति—मनः प्रचुरमस्येति । प्रचुरशब्दार्थमाह—उपाधिरिति । ५. संस्कारशेषस्येत्यर्थः । निराकांक्षतासम्पादकमेतद्विशेषणम् । ६. अनुग्रहीतं सम्पादितमिति यावत् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३३) विवक्षितगुणोपपत्तेश्च ॥२॥

वक्तुमिष्टा विवक्षिताः। यद्यप्यपौरुषेये वेदे वक्तुरभावान्नेच्छार्थः सम्भवति, तथाप्युपादानेन फलेनोपचर्यते। लोके हि यच्छब्दाभिहितमुपादेयं भवति तद्विवक्षितमित्युच्यते, यदनुपादेयं तदविवक्षितमिति। तद्वद्वेदेऽप्युपादेयत्वेनाभिहितं विवक्षितं भवति, इतरदविवक्षितम्। उपादानानुपादाने तु वेदवाक्यतात्पर्यातात्पर्याभ्यामवगम्येते। तदिह ये विवक्षिता गुणा उपासनायामुपादेयत्वेनोपदिष्टाः सत्यसङ्कल्पप्रभृतयस्ते परस्मिन्ब्रह्मण्युपपद्यन्ते। सत्यसङ्कल्पत्वं हि सृष्टिस्थितिसंहारेष्वप्रतिबद्धशक्तित्वात्परमात्मन एवावकल्पते। परमात्मगुणत्वेन च 'य आत्मापहतपाप्मा' (छा० ८-७-१) इत्यत्र 'सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः' इति श्रुतम्। आकाशात्मेत्यादिनाकाशवदात्माऽस्येत्यर्थः। सर्वगतत्वादिभिर्धर्मैः सम्भवत्याकाशेन साम्यं ब्रह्मणः। 'ज्यायान्पृथिव्याः' इत्यादिना चैतदेव दर्शयति। यदाप्याकाश

वस्तुनो विवक्षायाः फलमुपादानं स्वीकारः, स च प्रकृतेषु गुणेष्वस्तीति विवक्षोपचार इत्याह—तथाप्युपादानेनेति। नन्विदं ग्राह्यमिदं त्याज्यमिति धीर्विवक्षाधीना वेदे [1]कुतः स्यादित्यत आह—उपादानानुपादाने त्विति। तात्पर्यं नाम [2]फलवदर्थप्रतीत्यनुकूलत्वं शब्दधर्मः। उपक्रमादिना [3]तस्य ज्ञानात्[4]योरवगम इत्यर्थः। तदिहेति। तत् तस्मात् [5]तात्पर्यवत्त्वादित्यर्थः। सर्वात्मत्वे प्रमाण-

---

विवक्षितगुणोपपत्तेश्च (ललिता)

जो बतलाना अभीष्ट होता है उसे विवक्षित कहते हैं। विवक्षा से वस्तु का उपादान होता है, वह प्रकृत गुणों में है, इसीलिए अपौरुषेय वेद में औपचारिक दृष्टि से विवक्षा कहा है अन्यथा अपौरुषेय वेद में जब वक्ता ही नहीं तो फिर भला इच्छा अर्थ कैसे हो सकता है। लोक में जो शब्द से बतलाया गया उपादेय पदार्थ होता है उसे विवक्षित कहते हैं और जो शब्द से उपादेय नहीं बतलाया गया हो ऐसे अनुपादेय पदार्थ को अविवक्षित कहते हैं। वैसे ही वेद में भी उपादेयत्वेन कहा गया है विवक्षित और इससे विपरीत पदार्थ को अविवक्षित मानना चाहिए। उपादान और अनुपादान का बोध वेद के तात्पर्य और अतात्पर्य से होता है। अर्थात् जिसमें वेद का तात्पर्य होता है उसका उपादान किया जाता है और जिसमें वेद का तात्पर्य नहीं होता उसका उपादान नहीं किया जाता। यहाँ छान्दोग्य श्रुति में उपासना के लिए विवक्षित गुण को उपादेयरूप से बतलाया गया है, वे हैं सत्यसंकल्पादि। ये सभी गुण परब्रह्म में ही घटते हैं क्योंकि सृष्टि, स्थिति एवं संहार जैसे दुष्कर कार्य में ब्रह्म की शक्ति का प्रतिघात नहीं होता, इसीलिए ब्रह्म को सत्यसंकल्प कहा जाता है। परमात्मा के गुणरूप में **"य आत्मा अपहतपाप्मा"** इस श्रुति में **"सत्यकामः सत्यसंकल्पः"** ऐसा सुना गया है। **"आकाशात्मा"** इस वाक्य के द्वारा आकाश के सदृश व्यापक परमात्मा को कहा गया है क्योंकि सर्वव्यापकत्वादि धर्मों के कारण ब्रह्म आकाश के समान है। इसी बात को 'वह परमेश्वर पृथ्वी से बड़ा है' इत्यादि वाक्य द्वारा भी बतलाते हैं। कुछ लोग 'आकाश है आत्मा

---

१. वक्तुरभावादिति शेषः। २. उपासनारूपो यः फलवदर्थस्तस्यैवंविधगुणविशिष्टस्य ब्रह्मण उपासनाकार्येत्याकारिका प्रतीतिस्तदनुकूलत्व तज्जनकत्वमुपासनावाक्येऽस्तीति लक्षणसमन्वयः। ३. तस्य तात्पर्यस्य। ४. तयोरुपादानानुपादानयोः। ५. तात्पर्यवत्त्वादिति—विवक्षितत्वे विषयतया हेतुः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३४) अनुपपत्तेस्तु न शारीरः ॥३॥

आत्मा यस्येति व्याख्यायते, तदापि सम्भवति सर्वजगत्कारणस्य सर्वात्मनो ब्रह्मण आकाशात्मत्वम्। अत एव 'सर्वकर्मा' इत्यादि। एवमिहोपास्यतया विवक्षिता गुणा ब्रह्मण्युपपद्यन्ते। यत्तूक्तं 'मनोमयः प्राणशरीरः' इति जीवलिङ्गं न तद्ब्रह्मण्युपपद्यत इति, तदपि ब्रह्मण्युपपद्यत इति ब्रूमः। सर्वात्मत्वाद्धि ब्रह्मणो जीवसम्बन्धीनि 'मनोमयत्वादीनि ब्रह्मसम्बन्धीनि भवन्ति। तथाच ब्रह्मविषये श्रुतिस्मृती भवतः—'त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उत वा कुमारी। त्वं जीर्णो दण्डेन वञ्चसि त्वं जातो भवसि विश्वतोमुखः' (श्वे० ४-३) इति। 'सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्। सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति'(गी० १३-१३) इति च। 'अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः' इति श्रुतिः शुद्धब्रह्मविषया। इयं तु 'मनोमयः प्राणशरीरः' इति सगुणब्रह्मविषयेति विशेषः। अतो विवक्षितगुणोपपत्तेः परमेव ब्रह्मेहोपास्यत्वेनोपदिष्टमिति गम्यते ॥२॥

पूर्वेण सूत्रेण ब्रह्मणि विवक्षितानां गुणानामुपपत्तिरुक्ता। अनेन तु शारीरे तेषाम-

---

माह—तथाचेति। जीर्णः स्थविरो यो दण्डेन वञ्चति गच्छति सोऽपि त्वमेव। यो जातो बालः स त्वमेव। सर्वतः सर्वासु दिक्षु श्रुतयः श्रोत्राण्यस्येति सर्वतः श्रुतिमत्। सर्वजन्तूनां प्रसिद्धाः पाण्यादयस्तस्येति सर्वात्मत्वोक्तिः ॥२॥

ननु जीवधर्माश्चेद्ब्रह्मणि योज्यन्ते तर्हि ब्रह्मधर्मा एव जीवे किमिति न योज्यन्ते, तत्राह—अनुपपत्तेरिति। सूत्रं व्याचष्टे—पूर्वेणेति। सर्वात्मत्वादिरुक्तन्यायः, कल्पितस्य धर्मा अधिष्ठाने

जिसका' ऐसी व्याख्या करते हैं। ऐसा अर्थ करने पर भी जगत् कारण सर्वात्मा ब्रह्म में आकाशस्वरूप भी संभव हो जाता है। इसीलिए "सर्वकर्मा" इत्यादि गुण भी उसमें घटते हैं। ऐसे ही इस छान्दोग्य श्रुति में उपास्यरूप से बतलाये गये गुण ब्रह्म में घटते हैं। अतः वहाँ पर ब्रह्म ही उपास्य है। और जो आपने कहा था कि "मनोमयः प्राणशरीरः" ये जीवलिङ्ग हैं जो ब्रह्म में घटते नहीं हैं? ऐसा कहना ठीक नहीं है। हम मनोमयत्वादि गुणों को ब्रह्म में घटाते हैं। ब्रह्म सर्वात्मा है इसलिए जीव सम्बन्धी गुण भी ब्रह्म से सम्बन्धित माने जायेंगे। ऐसा ही ब्रह्म के विषय में श्रुति और स्मृति भी है 'तू स्त्री है, तू पुरुष है, तू कुमार है और तू ह कुमारी है, तू बूढ़ा हो जाने पर दण्डे के सहारे चलते हो, तू उत्पन्न हुए हो और तुम्हारे मुख सभी ओर है' ऐसी श्रुति है। 'सभी ओर हाथ और पैर हैं, सभी ओर उसके आँख, सिर और मुख हैं, सभी ओर उसका श्रोत्र है और लोक में सबको आवृत कर वह स्थित है' ऐसी स्मृति है। "अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः" यह श्रुति तो शुद्ध ब्रह्म को बतलाती है किन्तु "मनोमयः प्राणशरीरः" यह श्रुति सगुण ब्रह्म को विषय करती है। अतः विवक्षित गुणों को युक्तियुक्तता को देखते हुए परब्रह्म ही यहाँ पर उपास्यरूप से उपदिष्ट जाना जाता है ॥२॥

अनुपपत्तेस्तु न शारीरः (ललिता)

जीवधर्म यदि ब्रह्म में घटाते हैं तो ब्रह्मधर्म ही जीव में क्यों नहीं घटाते? इसका समाधान

---

१. मनोमयत्वादीनि लिङ्गानीति शेषः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३५) कर्मकर्तृव्यपदेशाच्च ।।४।।

नुपपत्तिरुच्यते । तुशब्दोऽवधारणार्थः । ब्रह्मैवोक्तेन न्यायेन मनोमयत्वादिगुणं, नतु शारीरो जीवो मनोमयत्वादिगुणः । यत्कारणं 'सत्यसङ्कल्पः, आकाशात्मा, अवाकी अनादरः, ज्यायान्पृथिव्या' इति चैवंजातीयका गुणा न शारीर आञ्जस्येनोपपद्यन्ते । शारीर इति शरीरे भव इत्यर्थः । नन्वीश्वरोऽपि शरीरे भवति । सत्यम् । शरीरे भवति नतु शरीर एव भवति । 'ज्यायान्पृथिव्या ज्यायानन्तरिक्षात्' (छा० ३-१४-३) 'आकाशवत्सर्वगतश्च नित्यः' इति च व्यापित्वश्रवणात् । जीवस्तु शरीर एव भवति, तस्य भोगाधिष्ठानाच्छरीरादन्यत्र वृत्त्यभावात् ।।३।।

इतश्च न शारीरो मनोमयत्वादिगुणः, यस्मात्कर्मकर्तृव्यपदेशो भवति 'एतमितः प्रेत्याभिसम्भवितास्मि' (छा० ३-१४-४) इति । एतमिति प्रकृतं मनोमयत्वादिगुणमुपास्यमात्मानं कर्मत्वेन प्राप्यत्वेन व्यपदिशति । अभिसम्भवितास्मीति, शारीरमुपासकं कर्तृत्वेन प्रापकत्वेन । अभिसम्भवितास्मीति, प्राप्तास्मीत्यर्थः । न च सत्यां गतावेकस्य कर्मकर्तृव्य-

---

सम्बध्यन्ते, नाधिष्ठानधर्माः कल्पित इति भावः । [अधिष्ठानज्ञानकाले कल्पितधर्माभावात्] वागेव वाकः सोऽस्यास्तीति वाकी, न वाकी अवाकी, अनिन्द्रिय इत्यर्थः । कुत्राप्यादरः कामोऽस्य नास्तीत्यनादरः नित्यतृप्त इत्यर्थः । ज्यायस्त्वाद्यनुपपत्तौ शारीर इति परिच्छेदो हेतुः सूत्रोक्तः । स तु जीवस्यैव नेश्वरस्येत्याह—सत्यमित्यादिना ।।३।।

अग्रिम सूत्र से देते हैं कि पूर्व सूत्र से ब्रह्म में विवक्षित गुणों की संगति कही थी । अब इस सूत्र से जीव में उन गुणों की असंगति कहते हैं । सूत्र में आया हुआ "तु" शब्द अवधारणार्थक है अर्थात् उक्तन्याय से ब्रह्म ही मनोमयत्वादि गुण वाला है, जीवात्मा मनोमयत्वादि गुणविशिष्ट नहीं है क्योंकि उसमें सत्यसंकल्प, आकाशात्मा, अवाकी, अनादरः, **"ज्यायान्पृथिव्याः"** इत्यादि गुण जीवात्मा में सरलता से घटते नहीं हैं । शरीर में जो रहता हो उसे शारीर कहते हैं । पूर्वपक्ष—ईश्वर भी तो शरीर में रहता है, ऐसी स्थिति में उसे भी शारीर कहना चाहिए ? आपका कहना ठीक है क्योंकि ईश्वर शरीर में रहता है किन्तु शरीर में ही नहीं रहता । उसे तो **"ज्यायान्पृथिव्याः ज्यायानन्तरिक्षात्, आकाशवत् सर्वगतश्च नित्यः"** इन श्रुतियों से व्यापक कहा गया है । पर जीव तो शरीर में ही रहता है क्योंकि शरीर जीवात्मा का भोगायतन है । अतः शरीर से बाहर जीव का व्यापार नहीं होता, वाणी को ही वाकः कहते हैं वह जिसमें नहीं हो उसे अवाकी अर्थात् अतीन्द्रिय कहा जाता है । जिसका कहीं भी आग्रह न हो उसे अनादर कहते हैं अर्थात् जो नित्यतृप्त हो ।।।।३।।

कर्मकर्तृव्यपदेशाच्च (ललिता)

इसलिए भी मनोमयत्वादि गुणविशिष्ट जीवात्मा नहीं माना जा सकता क्योंकि 'यहाँ से जाकर उस परमेश्वर को प्राप्त कर लूँगा' इस श्रुति के द्वारा **"एतम्"** पद प्रकृत मनोमयत्वादि गुणवाले उपास्य आत्मा को प्राप्यत्वेन कहता है और शारीर उपासक को प्रापकत्वेन कहता है । **अभिसम्भवितास्मि** का अर्थ है **प्राप्तास्मि,** जो भेद मानने पर ही सुसंगत हो सकेगा । यह कर्मकर्तृ-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३६) शब्दविशेषात् ॥५॥

(३७) स्मृतेश्च ॥६॥

पदेशो युक्तः। तथोपास्योपासकभावोऽपि भेदाधिष्ठान एव। तस्मादपि न शारीरो मनोमयत्वादिविशिष्टः ॥४॥

इतश्च शारीरादन्यो मनोमयत्वादिगुणः, यस्माच्छब्दविशेषो भवति समानप्रकरणे श्रुत्यन्तरे—'यथा व्रीहिर्वा यवो वा श्यामाको वा श्यामाकतण्डुलो वैवमयमन्तरात्मन्पुरुषो हिरण्मयः' (शत० ब्रा० १०-६-३-२) इति। शारीरस्यात्मनो यः शब्दोऽभिधायकः सप्तम्यन्तोऽन्तरात्मन्निति। तस्माद्वि[1]शिष्टोऽन्यः प्रथमान्तः पुरुषशब्दो मनोमयत्वादिविशिष्टस्यात्मनोऽभिधायकः। तस्मात्तयोर्भेदोऽधिगम्यते ॥५॥

स्मृतिश्च शारीरपरमात्मनोर्भेदं दर्शयति—'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति। भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया।' (गी० १८-६१) इत्याद्या। अत्राह—कः पुनरयं शारीरो नाम परमात्मनोऽन्यः, यः प्रतिषिध्यते 'अनुपपत्तेस्तु न शारीरः' इत्यादिना।

प्रापकत्वेन व्यपदिशतीति सम्बन्धः। कर्मकर्तृव्यपदेशपदस्यार्थान्तरमाह—तथोपास्येति ॥४॥

एकार्थत्वं प्रकरणस्य समानत्वम्। अन्तरात्मन्निति विभक्तिलोपश्छान्दसः। शब्दयोर्विशेषो विभक्तिभेदः। तस्मात्तदर्थयोर्भेद इति सूत्रार्थः ॥५॥

स्मृतौ हृदिस्थस्य जीवाद्भेदोक्तेरत्रापि हृदिस्थो मनोमय ईश्वर इत्याह—स्मृतेश्चेति। भूतानि जीवान्। यन्त्रं शरीरम्। अत्र सूत्रकृता सत्यभेद उक्त इति भ्रान्तिनिरासायेक्षत्यधिकरणे निरस्तमपि चोद्यमुद्भाव्य निरस्यति—अत्राहेत्यादिना। त्वदुक्तरीत्या वस्तुत एकत्वमेव, भेदस्तु कल्पितः

व्यपदेश भेदाधिष्ठान में होता है एक में नहीं होता। यदि गति सम्भव हो तो एक में कर्मकर्तृव्यपदेश घटाने का व्यर्थ प्रयास नहीं करना चाहिए। वैसे ही उपास्य-उपासक भाव भी भेदाश्रित हो रहता है। इसलिए भी जीवात्मा मनोमयत्वादि गुणविशिष्ट उपास्य यहाँ नहीं माना जा सकता ॥४॥

शब्दविशेषात् (ललिता)

जीवात्मा से भिन्न मनोमयत्वादि विशिष्ट तत्त्व परमात्मा ही यहाँ पर लिया जायेगा क्योंकि समान प्रकरणस्थ अन्य श्रुतियों में शब्द विशेष यथा 'व्रीहि, यव, श्यामाक और उसके चावल के समान अति सूक्ष्म हिरण्यमय पुरुष अन्तरात्मा में रहता है' इस वाक्य में जीवात्मा का वाचक सप्तम्यन्त "अन्तरात्मन्" शब्द है और उससे विलक्षण प्रथमान्तपद मनोमयत्वादि विशिष्ट आतमा का वाचक पुरुष शब्द है। अतः जीव और परमेश्वर में भेद अवगत हो रहा है। जब शब्द में भेद है तो अर्थ में भी भेद होना ही चाहिए। अन्तरात्मन् पद में सप्तमी विभक्ति का छान्दस लोप हो गया है ॥५॥

स्मृतेश्च (ललिता)

'हे अर्जुन! सम्पूर्ण भूतों के हृदय में स्थित ईश्वर है जो शरीररूप यन्त्रारूढ सभी प्राणियों को अपनी माया से नचाता रहता है' यह स्मृति भी जीवात्मा-परमात्मा में भेद बतलाती है। इस पर पूर्वपक्षी ने कहा कि परमात्मा से भिन्न जीवात्मा क्या वस्तु है जिसका निषेध "अनुपपत्तेस्तु न

---

१. विलक्षणः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३८) अर्भकौकस्त्वात्तद्व्यपदेशाच्च नेति चेन्न निचाय्यत्वादेवं व्योमवच्च ।।७।।

श्रुतिस्तु—'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा नान्योऽतोऽस्ति श्रोता' (बृ० ३-७-२३) इत्येवंजातीयका परमात्मनोऽन्यमात्मानं वारयति । तथा स्मृतिरपि—'क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत' (गी० १३-२) इत्येवंजातीयकेति । अत्रोच्यते—सत्यमेवैतत् । पर एवात्मा देहेन्द्रियमनोबुद्ध्युपाधिभिः परिच्छिद्यमानो बालैः शारीर इत्युपचर्यते । यथा घटकरकाद्युपाधिवशादपरिच्छिन्नमपि नभः परिच्छिन्नवदवभासते, तद्वत् । 'तदपेक्षया च कर्मकर्तृत्वादिभेदव्यवहारो न विरुध्यते, प्राक् 'तत्त्वमसि' इत्यात्मैकत्वोपदेशग्रहणात् । गृहीते त्वात्मैकत्वे बन्धमोक्षादिसर्वव्यवहारपरिसमाप्तिरेव स्यात् ।।६।।

अर्भकमल्पमोको नीडं, 'एष म आत्मान्तर्हृदये' इति परिच्छिन्नायतनत्वात्, स्वशब्देन च 'अणीयान्व्रीहेर्वा यवाद्वा' इत्यणीयस्त्वव्यपदेशात्, शारीर एवाराग्रमात्रो जीव इहोपदिश्यते,न सर्वगतः परमात्मेति यदुक्तं तत्परिहर्तव्यम् । अत्रोच्यते—नायं दोषः । न तावत्प-

---

सूत्रेष्वनूद्यत इत्याह—सत्यमिति ।।६।।

अर्भकमोको यस्य सोऽर्भकौकाः तस्य भावस्तत्त्वं तस्मादार्थिकमल्पत्वम् । अणीयानित्यल्पत्ववाचकशब्देनापि श्रुतमित्याह—स्वशब्देनेति । नायं दोष इत्युक्तं विवृणोति—न तावदिति । कथ-

---

शारीरः" इस सूत्र से लिया गया है । श्रुति ने तो "नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा" "नान्योऽतोऽस्ति श्रोता" इत्यादि वाक्य द्वारा परमात्मा से भिन्न जीवात्मा का निषेध करती है । वैसी ही 'हे अर्जुन ! सभी शरीरों में क्षेत्रज्ञ भी मुझे ही जान' यह स्मृति भी बतलाती है । इस पर सिद्धान्ती का कहना है कि आपकी शङ्का बहुत ठीक है । परमात्मा ही देह, इन्द्रियाँ, मन और बुद्धिरूप उपाधि से परिच्छिन्न जब हो जाता है तब अज्ञानी जीव उसे शारीर कहते हैं । यह उपचार मात्र है वास्तविक नहीं है । जैसे घट कमण्डलु आदि उपाधि के कारण अपरिच्छिन्न आकाश भी परिच्छिन्न की भाँति भासता है । वैसे ही परिच्छिन्न ब्रह्म भी उपाधि के कारण परिच्छिन्न जैसा प्रतीत होता है । उपाधि की अपेक्षा से कर्मत्व-कर्तृत्व भेद व्यवहार भी "तत्त्वमसि" इस वाक्य द्वारा आत्मैकत्व साक्षात्कार से पूर्व विरुद्ध नहीं है जब ब्रह्मात्मैक्यबोध हो जाता है तब बन्ध मोक्षादि सब व्यवहार समाप्त हो ही जाते हैं । तात्पर्य यह कि जीव एवं ब्रह्म में कल्पित औपाधिक भेद है और परमार्थतः अभेद है ।।६।।

अर्भकौकस्त्वात्तद्व्यपदेशाच्च नेति चेन्न निचाय्यत्वादेवं व्योमवच्च (ललिता)

पूर्वपक्ष इस प्रसंग में उपास्य तत्त्व के लिए 'यह मेरी आत्मा हृदय के भीतर है' इस वाक्य द्वारा छोटा सा नोड कहकर परिच्छिन्न आयतन का प्रयोग किया गया है । साथ ही 'व्रीहि से छोटा, जौ से भी छोटा' इन वाक्यों द्वारा अपने ही शब्दों में श्रुति ने "अणीयस्त्व" का व्यपदेश किया है । अतः आराग्र मात्र जीव ही यहाँ पर शारीर पद से बतलाया गया है, सर्वव्यापक परमात्मा नहीं ।

---

१. उपाधिरपेक्षया ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रिच्छिन्नदेशस्य सर्वगतत्वव्यपदेशः कथमप्युपपद्यते। सर्वगतस्य तु सर्वदेशेषु विद्यमानत्वात्परिच्छिन्नदेशव्यपदेशोऽपि कयाचिदपेक्षया सम्भवति। यथा समस्तवसुधाधिपतिरपि हि सन्नयोध्याधिपतिरिति व्यपदिश्यते। कया पुनरपेक्षया सर्वगतः सन्नीश्वरोऽर्भकौका अणीयांश्च व्यपदिश्यत इति। निचाय्यत्वादेवमिति ब्रूमः। एवमणीयस्त्वादिगुणगणोपेत ईश्वरस्तत्र हृदयपुण्डरीके निचाय्यो द्रष्टव्य उपदिश्यते। तथा शालग्रामे हरिः। तत्रास्य बुद्धिविज्ञानं ग्राहकम्। सर्वगतोऽपीश्वरस्तत्रोपास्यमानः प्रसीदति। व्योमवच्चैतद्द्रष्टव्यम्। यथा सर्वगतमपि सद्व्योम सूचीपाशाद्यपेक्षयाऽर्भकौकोऽणीयश्च व्यपदिश्यते, एवं ब्रह्मापि। तदेवं निचाय्यत्वापेक्षं ब्रह्मणोऽर्भकौकस्त्वमणीयस्त्वं च न पारमार्थिकम्। तत्र यदाशङ्क्यते—हृदयायतनत्वाद्ब्रह्मणो हृदयायतनानां च प्रतिशरीरं भिन्नत्वाद्भिन्नायतनानां च शुकादीनामनेकत्वसावयवत्वानित्यत्वादिदोषदर्शनाद्ब्रह्मणोऽपि तत्प्रसङ्ग इति, तदपि परिहृतं भवति ॥७॥

मपि ब्रह्मभावापेक्षयाऽपीत्यर्थः। परिच्छेदत्यागं विना ब्रह्मत्वासम्भवात् तत्त्यागे च ब्रह्मण एवोपास्यत्वमायातीति भावः। विभोः परिच्छेदोक्तौ दृष्टान्तमाह—यथा समस्तेति। सर्वेश्वरस्यायोध्यायां स्थित्यपेक्षया परिच्छेदोक्तिवदल्पहृदि ध्येयत्वेन तथोक्तिरित्यर्थः। ननु किमिति हृदयमेव प्रायेणोच्यते, तत्राह—तत्रेति। हृदये परमात्मनो बुद्धिवृत्तिर्ग्राहिका भवति। अत ईश्वराभिव्यक्तिस्थानत्वात्तदुक्तिरित्यर्थः। व्योमदृष्टान्तासिना शङ्कालताऽपि काचिच्छिन्नेत्याह—तत्र यदाशङ्क्यत इत्यादिना। भिन्नायतनत्वेऽपि व्योम्नः सत्यभेदाद्यभावादिति भावः ॥७॥

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर उसका परिहार सिद्धान्ती की ओर से किया गया है। सिद्धान्ती—यह कोई दोष नहीं है। परिच्छिन्न देश वाले को सर्वव्यापक कहना किसी भी प्रकार से युक्तिसंगत नहीं है किन्तु सर्वव्यापक जो सभी देश में विद्यमान है उसे किसी उपाधि आदि अपेक्षा करके परिच्छिन्न कहना भी सम्भव हो जाता है। जिस प्रकार समस्त वसुधाधिपति होते हुए भी अयोध्याधिपति शब्द से कहे जाते हैं क्योंकि अयोध्या उनकी राजधानी है। किसकी अपेक्षा कर व्यापक ईश्वर अर्भकौक एवं अणीय कहा जाता है ? इस प्रश्न का उत्तर 'निचाय्यत्वादेवम्' इस वाक्य से सूत्रकार ने दिया है ऐसा हम मानते हैं। वही अणीयस्त्वादि गुणों से युक्त ईश्वर हृदय कमल में देखा जाता है। जिस प्रकार शालग्राम में विष्णु की उपासना करने पर वह व्यापक विष्णु उस उपासक के बुद्धि विज्ञान से जाना जाता है वैसा ही सर्वव्यापक ईश्वर भी हृदय देश में उपासना किये जाने पर प्रसन्न होता है। जिस प्रकार व्यापक होता हुआ भी आकाश शूचीपाशादि उपाधि की अपेक्षा अर्भकौक एवं अणीय कहा जाता है। ऐसा ही ब्रह्म भी द्रष्टव्यस्थान हृदय के अल्पत्व की अपेक्षा कर अर्भकौक एवं अणीय कहा गया है। वह पारमार्थिक नहीं है और जो आपने शङ्का की थी कि हृदय आयतनत्व के कारण प्रतिहृदय में ब्रह्म का भेद मानने पर प्रतिशरीर ब्रह्म भिन्न होने लग जायेगा। ऐसी स्थिति में जैसे भिन्न आयतन वाले शुकादि में अनेकत्व सावयवत्व और अणीयत्वादि देखे गये हैं वैसे ही ब्रह्म में भी अनेकत्वादि का प्रसङ्ग आ जायेगा। उसका भी परिहार समझ लेना चाहिए कि यह सब औपाधिक है, पारमार्थिक नहीं। व्यापक आकाश में उपाधि के कारण भेद व्यवहार होता हुआ भी वह पारमार्थिक नहीं हो जाता। ऐसे ही अद्वय ब्रह्म में पारमार्थिक भेद नहीं माना जा सकता ॥७॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(३९) सम्भोगप्राप्तिरिति चेन्न वैशेष्यात् ॥८॥

व्योमवत्सर्वगतस्य ब्रह्मणः सर्वप्राणिहृदयसम्बन्धात्, चिद्रूपतया च [1]शारीराद[2]विशिष्टत्वात्, सुखदुःखादिसम्भोगोऽप्य[3]विशिष्टः प्रसज्येत । [4]एकत्वाच्च । नहि परस्मादात्मनोऽन्यः कश्चिदात्मा संसारी विद्यते, 'नान्योऽतोऽस्ति विज्ञाता' (बृ० ३-७-२३) इत्यादिश्रुतिभ्यः । तस्मात्परस्यैव संसारसम्भोगप्राप्तिरिति चेत् । न, वैशेष्यात् । न तावत्सर्वप्राणिहृदयसम्बन्धाच्छारीरवद् ब्रह्मणः सम्भोगप्रसङ्गः, वैशेष्यात् । विशेषो हि भवति शारीरपरमेश्वरयोः । एकः कर्ता भोक्ता धर्माधर्मसाधनः सुखदुःखादिमांश्च । एकस्तद्विपरीतोऽपहतपाप्मत्वादिगुणः । एतस्मादनयोर्विशेषादेकस्य भोगो नेतरस्य । यदि च [5]सन्निधानमात्रेण वस्तुशक्तिमनाश्रित्य कार्यसम्बन्धोऽभ्युपगम्येत, आकाशादीनामपि दाहादिप्रसङ्गः ।

ब्रह्मणो हार्दत्वेऽनिष्टसम्भोगापत्तेर्जीव एव हार्द उपास्य इति शङ्कां व्याचष्टे—व्योमवदिति । ब्रह्म भोक्तृ स्यात् [6]हार्दत्वे सति चेतनत्वात्, [7]जीवाभिन्नत्वाच्च जीववदित्युक्तं निरस्यति—न, वैशेष्यादिति । धर्माधर्मवत्त्वमुपाधिरित्यर्थः । [8]अयमेव [9]विशेषो वैशेष्यम्, स्वार्थे ष्यञ्प्रत्ययः । [10]विशेषस्यातिशयार्थो वा । धर्मादिः स्वाश्रये फलहेतुत्वमतिशयः, तस्मादिति सूत्रार्थः । किञ्च विभवो बहव

सम्भोगप्राप्तिरिति चेन्न वैशेष्यात् (ललिता)

आकाश की भाँति ब्रह्म को सर्वव्यापक मानने पर सभी प्राणियों के हृदय के साथ ब्रह्म का सम्बन्ध हो जायेगा और चिद्रूप होने से वह जीव से विलक्षण न होने पर सुख-दुःखादि का सम्भोग (अनुभव) जीवात्मा की भाँति परमात्मा में भी समान रूप से प्रसज्य हो जायेगा क्योंकि परमात्मा से भिन्न कोई संसारी जीव नहीं है ऐसा **'नान्योऽतोऽस्ति विज्ञाता'** इत्यादि श्रुति से जाना जाता है। ऐसा पूर्वपक्ष करना ठीक नहीं है सभी प्राणियों के हृदय से सम्बन्ध हो जाने पर जीवात्मा की भाँति परमात्मा में सुखदुःखादि का संभोग नहीं आ सकता क्योंकि जीव एवं परमेश्वर में भेद है। एक कर्ता-भोक्ता पुण्य-पाप साधनवाला सुखदुःखादि संभोग करने वाला, अन्य (दूसरा) इससे विपरीत अपहतपाप्मत्वादि गुणों से युक्त है। इन दोनों के इस भेद के कारण एक को भोग होगा, दूसरे को नहीं। यदि कहो कि सुखदुःख भोग का कर्ता जीवात्मा के निकट परमात्मा भी है इसलिए उसमें भी सुखादि का भोग मानना चाहिए। आपकी यह मान्यता वस्तुस्वभाव को न मानकर सन्निधान मात्र से कार्य का सम्बन्ध स्वीकार करना होगा। तब तो आकाशादि में भी दाहकत्व का

---

१. जीवात् । २. अविलक्षणत्वात् । ३. समानः । ४. जीवब्रह्मणोः । ५. यदि च वस्तुनः काष्ठादेः शक्तिन्दाहादिप्रयोजकस्वभावमनाश्रित्यास्वीकृत्य संनिधिमात्रेणाग्निदेशस्थत्वमात्रेण दाहादिकार्यसम्बन्धोऽभ्युपगम्येत, तदा काष्ठादिवदाकाशादेरपि दाहादि प्रसङ्गः काष्ठाकाशयोरुभयोरग्निसम्बन्धाविशेषादित्यर्थः । ६. घटाद्यवच्छिन्ने चिति व्यभिचारवारणाय हार्दत्वं तच्च तदवच्छिन्नत्वं तस्य गगने सत्त्वाद्धेतौ चेतनत्वमुपात्तम् । पाषाणाद्यवच्छिन्नचैतन्ये व्यभिचारवारणार्थं हार्दत्वे सतीति विशेषणम् । ७. अदृष्टवत्त्वस्योपाधित्वमाशङ्क्यानुमानान्तरमाह—जीवेति । ८. भाष्योक्त एव । ९. वैलक्षण्यम् । १०. विशेषस्य धर्मादेः निष्ठत्वं षष्ठयर्थस्तथा चविशेषनिष्ठातिशयरूपोऽर्थो यस्य ष्यञ्प्रत्ययस्य स तथा । विशेषस्य भावोऽतिशयो वैशेष्यमिति वार्थं इत्याह —विशेषस्येति ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वगतानेकात्मवादिनामपि समावेतौ चोद्यपरिहारौ। यदप्येकत्वाद्ब्रह्मण आत्मान्तराभावाच्छारीरस्य भोगेन ब्रह्मणो भोगप्रसङ्ग इति। अत्र वदामः—इदं तावद्देवानांप्रियः प्रष्टव्यः। कथमयं त्वयात्मान्तराभावोऽध्यवसित इति। 'तत्त्वमसि' 'अहं ब्रह्मास्मि' 'नान्योऽतोऽस्ति विज्ञाता' इत्यादिशास्त्रेभ्य इति चेत्। यथाशास्त्रं तर्हि शास्त्रीयोऽर्थः प्रतिपत्तव्यो न 'तत्रार्धजरतीयं 'लभ्यम्। शास्त्रं च 'तत्त्वमसि' इत्यपहतपाप्मत्वादिविशेषणं ब्रह्म शारीरस्यात्मत्वेनोपदिशच्छारीरस्यैव तावदुपभोक्तृत्वं वारयति। कुतस्तदुपभोगेन ब्रह्मण उपभोगप्रसङ्गः। अथागृहीतं शारीरस्य ब्रह्मणैकत्वं, तदा

आत्मान इति वादिनामेकस्मिन्देहे सर्वात्मनां भोक्तृत्वप्रसङ्गः, स्वकर्मार्जित एव देहे भोग इति परिहारश्च तुल्य इति न वयं पर्यनुयोज्या इत्याह—सर्वगतेति। वस्तुतस्तेषामेव भोगसांकर्यमित्यग्रे[1] वक्ष्यते। ब्रह्मणो जीवाभिन्नत्वं श्रुत्या निश्चित्य [4]तेन भोक्तृत्वानुमाने [5]उपजीव्यश्रुतिबाधमाह—यथाशास्त्रमिति। अर्धं मुखमात्रं जरत्या वृद्धायाः कामयते नाङ्गानीति सोऽयमर्धजरतीयन्यायः, स चात्र[6] न युक्तः। न ह्यभेदमङ्गीकृत्याभोक्तृत्वं त्यक्तुं युक्तं, श्रुत्यैवाभेदसिद्ध्यर्थं भोक्तृत्ववारणादित्याह—शास्त्रं चेति। नन्वेकत्वं मया श्रुत्या न गृहीतं, येनोपजीव्यबाधः स्यात्। किन्तु त्वदुक्त्या गृहीतमित्याशङ्क्य बिम्बप्रतिबिम्बयोः कल्पितभेदेन भोक्तृत्वाभोक्तृत्वव्यवस्थोपपत्तेरप्रयोजको[7] हेतुरित्याह—अथागृहीतमित्यादिना। [8]कल्पितासङ्गित्वमधिष्ठानस्य वैशेष्यमित्यस्मिन्नर्थेऽपि सूत्रं पातयति—

प्रसंग आ जायेगा। जहाँ आग जल रही है वहाँ इंधन भी है और आकाश भी है। काष्ठादि इंधन जल जाते हैं और आकाश जलता नहीं क्योंकि वह अदाह्य है। यदि वस्तु स्वभाव की ओर ध्यान न देकर सन्निधि मात्र से कार्य सम्बन्ध मानोगे तो काष्ठादि की भाँति आकाश भी जलने लग जायेगा। पर ऐसा होता नहीं है क्योंकि काष्ठादि इंधन से आकाश का स्वभाव विलक्षण है। ऐसे ही हृदय देश में जीव और ईश्वर दोनों ही रहते हैं, वहाँ पर जीव का सुखदुःख के साथ सम्बन्ध होता है, ईश्वर का नहीं, क्योंकि ईश्वर का स्वरूप असंग है। वस्तुतः यह दोष और उसका समाधान सर्वव्यापक, अनेकात्मवाद मानने वाले द्वैतियों के पक्ष में ही आते हैं, अद्वैतवादियों के यहाँ नहीं।

और जो आपने कहा था कि जीव-ब्रह्म का अभेद होने से ब्रह्म से भिन्न जव जीव है ही नहीं तो ऐसी स्थिति में जीवात्मा के भोग से ब्रह्म को भी सुखदुःख का भोग होने लग जायेगा। इस पर हम सिद्धान्ती का कहना है कि आप देवताओं के प्रिय मूर्ख ही हैं। हम आपसे यह पूछते हैं कि आपने ब्रह्म से भिन्न जीव के अभाव का निश्चय कैसे किया? कहोगे कि **"तत्त्वमसि" "अहं ब्रह्मास्मि" "नान्योऽऽतोऽस्ति विज्ञाता"** इत्यादि शास्त्र से उक्त निश्चय किया है। तब तो शास्त्रानुसार अन्य शास्त्रीय अर्थ को भी समझना चाहिए। वहाँ पर अर्धजरतीय मानना ठीक नहीं। कोई वृद्धा स्त्री के मुखमात्र को पसन्द करता था उसके अन्य अङ्गों को नहीं, वैसे ही शास्त्र की आधी वात मानें और आधी वात नहीं तो अर्धजरतीय होने लग जायेगा। शास्त्र में **"तत्त्वमसि" "अपहतपाप्मत्वादि"** विशेषण से युक्त ब्रह्म को वतलाया और उसे जीव का आत्मरूप भी कहा

---

१. शास्त्रे। २. न्याय्यम्। ३. तृतीये। ४. तेनेति—निश्चितजीवाभिन्नत्वेन हेतुना। ५. जीवाभिन्नत्वज्ञानायापेक्षितायाः श्रुतेर्वा। ६. शास्त्रे। ७. अप्रयोजक इति—कल्पितभेदेन भोक्तृत्वाभावेऽपि ब्रह्मणो वास्तवाभिन्नत्वसम्भवादिति भावः। अनुकूलतर्कशून्य इत्यर्थः। पक्षे साध्याभावे बाधकाभावकालीन इति यावत्। ८. कल्पितेनोपभोगेनासंस्पर्शत्वमित्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२. अत्त्रधिकरणम् (सू० ९-१०)

(४०) 'अत्ता चराचरग्रहणात् ॥९॥

जीवोऽग्निरीशो वाऽत्ता स्यादोदने जीव इष्यताम्। स्वाद्वत्तीति श्रुतेर्वह्निर्वाग्निरन्नाद इत्यतः।
ब्रह्मक्षत्रादिजगतो भोज्यत्वात् स्यादिहेश्वरः। ईशप्रश्नोत्तरत्वाच्च संहारस्तस्य चात्तृता ॥

मिथ्याज्ञाननिमित्तः शारीरस्योपभोगः, न तेन परमार्थरूपस्य ब्रह्मणः संस्पर्शः। नहि बालैः[2] तलमलिनतादिभिर्व्योम्नि विकल्प्यमाने तलमलिनतादिविशिष्टमेव परमार्थतो व्योम भवति। तदाह—न, वैशेष्यादिति। नैकत्वेऽपि शारीरस्योपभोगेन ब्रह्मण उपभोगप्रसङ्गः, वैशेष्यात्। विशेषो हि भवति मिथ्याज्ञानसम्यग्ज्ञानयोः। मिथ्याज्ञानकल्पित उपभोगः, सम्यग्ज्ञानदृष्टमेकत्वम्। नच मिथ्याज्ञानकल्पितेनोपभोगेन सम्यग्ज्ञानदृष्टं वस्तु [3]संस्पृश्यते। [4]तस्मान्नोपभोगगन्धोऽपि शक्य ईश्वरस्य कल्पयितुम् ॥८॥

कठवल्लीषु पठ्यते—'यस्य ब्रह्म च क्षत्रं चोभे भवत ओदनः। मृत्युर्यस्योपसेचनं

तदाहेति। **ब्रह्मणो हार्दत्वे बाधकाभावाच्छाण्डिल्यविद्यावाक्यं ब्रह्मण्युपास्ये समन्वितमिति सिद्धम् ॥८॥**

अत्ता चराचरग्रहणात्। **यस्य ब्रह्मक्षत्रादिजगदोदनः, मृत्युः सर्वप्राणिमारकोऽपि यस्योपसेचन-**

है। साथ ही जब जीव में भी वस्तुतः भोक्तृत्व नहीं है तो भला जीवात्मा के उपभोग से ब्रह्म में उपभोग का प्रसङ्ग कैसे आ जायेगा। यदि कहो कि जीव का ब्रह्म के साथ एकत्व गृहीत नहीं हुआ है इसलिए जीवात्मा में सुखदुःखादि का भोग भासता है तो जीवात्मा में मिथ्याज्ञान के कारण से उपभोग हो रहा है तब तो उस उपभोग के साथ परमार्थ रूप ब्रह्म का संस्पर्श ही नहीं होता। क्या अज्ञानी जीव द्वारा आकाश में तलमलिनतादि विकल्प किये जाने पर आकाश वस्तुतः तलमलिनतादि विशिष्ट हो जाता है, अर्थात् नहीं होता क्योंकि आकाश परमार्थतः विभु, असङ्ग और स्वच्छ है। इसी बात को सूत्रकार ने "न, वैशेष्यात्" इस वाक्य से कहा है, अर्थात् जीवात्मा और परमात्मा के एक होने पर भी जीवात्मा के सुखदुःखादि भोग से ब्रह्म में सुखदुःखादि भोग का प्रसङ्ग नहीं आ सकेगा क्योंकि मिथ्याज्ञान और सम्यक्ज्ञान में भेद है। भोग मिथ्याज्ञान से कल्पित है और एकत्व सम्यक्ज्ञान का विषय है। अतः मिथ्याज्ञान कल्पित उपभोग के साथ सम्यक्ज्ञान से देखी गई वस्तु का संस्पर्श नहीं होता। इसलिए ईश्वर में सुखदुःखादि उपभोग की गन्ध की कल्पना भी नहीं कर सकते ॥८॥

२. अत्त्रधिकरण

१. पिछले अधिकरण में परब्रह्म में भोक्तृत्व का अभाव बतलाया था वैसे ही यहाँ पर उसमें कर्तृत्व का अभाव कहा जा रहा है। अतः पूर्व के साथ इस अधिकरण की दृष्टान्त सङ्गति है।

२. **"यस्य ब्रह्म च क्षत्रं चोभे भवत ओदनः"** इस कठ श्रुति में कोई अत्ता सुना जाता है, वही यहाँ पर विचारणीय विषय है।

---

१. ईश्वरस्याभोक्तृत्वे नात्तृत्वमपीत्याशङ्क्याहात्तेति। २. तलमिन्द्रनीलकटाहकल्पं मलिनतां धूम्रतामादिना पीतादिकं गृह्यते। ३. तथा चानुमाने बाध इति भावः। ४. तस्मादिति—मनोमयत्वादिविशिष्टस्येश्वरस्य ध्यानार्थे हार्दत्वेऽपि निर्दोषत्वादित्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क इत्था वेद यत्र सः' (का० १-२-२४) इति। अत्र कश्चिदोदनोपसेचनसूचितोऽत्ता प्रतीयते। तत्र किमग्निरत्ता स्यात्, उत जीवः, अथवा परमात्मेति संशयः। विशेषानवधारणात्। त्रयाणां चाग्निजीवपरमात्मनामस्मिन्ग्रन्थे प्रश्नोपन्यासोपलब्धेः। किं तावत्प्राप्तम्? अग्निरत्तेति। कुतः? 'अग्निरन्नादः' (बृ० १-४-६) इति श्रुतिप्रसिद्धिभ्याम्। जीवो वाऽत्ता स्यात्, 'तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति' इति दर्शनात्। न परमात्मा, 'अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति' (मु० ३-१-१) इति दर्शनादित्येवं प्राप्ते ब्रूमः——अत्तात्र परमात्मा भवितुमर्हति। कुतः ? चराचरग्रहणात्। चराचरं हि स्थावरजङ्गमं मृत्यूपसेचनमिहाद्यत्वेन प्रतीयते।

मोदनसंस्कारकघृतप्रायः, सोऽत्ता, यत्र शुद्धे चिन्मात्रेऽभेदकल्पनया वर्तते तच्छुद्धं ब्रह्म इत्था इत्थं ईश्वरस्याप्यधिष्ठानभूतं को वेद। चित्तशुद्ध्याद्युपायं विना कोऽपि न जानातीत्यर्थः। संशयबीजमाह —विशेषेति। 'स त्वमग्निं प्रब्रूहि' (का० १-१-१३) इत्यग्नेः, 'येयं प्रेते विचिकित्सा' (का० १-१-२०) इति जीवस्य, 'अन्यत्र धर्मात्' (का० १-२-१४) इति ब्रह्मणः प्रश्नः। 'लोकादिमग्निं तमुवाच' (का० १-१-१५) इत्यग्नेः, 'हन्त त इदं प्रवक्ष्यामि' (का० २-२-६) इतीतरयोः प्रतिवचनमुपलभ्यत इत्यर्थः। पूर्वत्र ब्रह्मणो भोक्तृत्वं नास्तीत्युक्तं, 'तदुपजीव्य पूर्वपक्षयति—किं तावदिति। अग्निप्रकरणमतीतमित्यरुचेराह—जीवो वेति। पूर्वपक्षे जीवोपास्तिः, सिद्धान्ते निर्विशेषब्रह्मज्ञानमिति फलभेदः। ओदनशब्दो भोग्यवाचीति पूर्वपक्षः। सिद्धान्तस्तु ब्रह्मक्षत्र'शब्दैरुपस्थापितकार्यमात्रे गौण ओदन-

३. इस श्रुति में जीव, अग्नि या ईश्वर अत्ता कहा गया है, ऐसा संशय होता है।

४. जीव को ओदन खाना इष्ट है और "**स्वादत्ति**" ऐसी श्रुति भी वहाँ है। अतः जीवात्मा को अत्ता मानना चाहिए ? अथवा 'वह्निरन्नादः' इस श्रुति के आधार पर अग्नि को अत्ता मानना चाहिये?

५. ब्राह्मण, क्षत्रिय इत्यादि सम्पूर्ण जगत् जिसका भोज्य हो ऐसा भोक्ता ईश्वर ही हो सकता है। ईश्वर के विषय में प्रश्न का उत्तर यहाँ पर दिया जा रहा है एवं अत्तृता का संहार अर्थ यहाँ पर लेना उचित होगा, अतः परमात्मा ही इस श्रुति में भोक्ता रूप से कहा गया है।

अत्ता चराचरग्रहणात् (ललिता)

कठोपनिषद् में कहा है कि 'ब्राह्मण एवं क्षत्रीय ये दोनों जिसके ओदन(भात) है, मृत्यु जिसके व्यन्जन हैं उसे भला कौन जान सकता है।" यहाँ पर ओदन एवं उपसेचन से सूचित कोई अत्ता प्रतीत होता है वह क्या अग्नि है, जीव है अथवा परमात्मा है? ऐसा संशय किसी विशेष पक्ष का निश्चय न होने के कारण होता है क्योंकि इस ग्रन्थ में अग्नि, जीव एवं परमात्मा तीनों के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर उपलब्ध होते हैं। मध्यस्थ पूछता है फिर आप क्या मानते हैं। इस पर पूर्वपक्षी ने कहा अग्नि ही भोक्ता है यह हमारा मत है क्योंकि "अग्नि अन्नाद है" ऐसी श्रुति एवं प्रसिद्ध भी है अथवा जीव भोक्ता है क्योंकि "उन दोनों में एक स्वादिष्ट फल का उपभोग करता है" इस श्रुति वाक्य में देखा गया है। परमात्मा भोक्ता नहीं माना जा सकता क्योंकि उसके लिए "उन दोनों में एक फल का भोग न करता हुआ केवल जानता रहता है" ऐसी श्रुति है। इस प्रकार पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि इस कठश्रुति में परमात्मा ही भोक्ता हो सकता है, क्योंकि स्थावर, जङ्गम

१. भोक्तृत्वाभावमाश्रित्य। २. शब्दोपस्थापितेति युक्तम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४१) प्रकरणाच्च ॥१०॥

तादृशस्य चाद्यस्य न परमात्मनोऽन्यः कात्स्न्र्येनात्ता सम्भवति । परमात्मा तु विकारजातं संहरन्सर्वमत्तीत्युपपद्यते । नन्विह चराचरग्रहणं नोपलभ्यते, कथं सिद्धवच्चराचरग्रहणं हेतुत्वेनोपादीयते ? नैष दोषः । मृत्यूपसेचनत्वेन सर्वस्य प्राणिनिकायस्य प्रतीयमानत्वात्, ब्रह्मक्षत्रयोश्च प्राधान्यात्प्रदर्शनार्थत्वोपपत्तेः । यत्तु परमात्मनोऽपि नात्तृत्वं सम्भवति, 'अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति' इति [1]दर्शनादिति, अत्रोच्यते--कर्मफलभोगस्य प्रतिषेधकमेतद्दर्शनं, तस्य सन्निहितत्वात् । न विकारसंहारस्य प्रतिषेधकं, सर्ववेदान्तेषु सृष्टिस्थितिसंहारकारणत्वेन ब्रह्मणः प्रसिद्धत्वात् । तस्मात्परमात्मैवेहात्ता भवितुमर्हति ॥६॥

इतश्च परमात्मैवेहात्ता भवितुमर्हति, यत्कारणं प्रकरणमिदं परमात्मनः 'न जायते म्रियते वा [2]विपश्चित्' (का० १-२-१८) इत्यादि, प्रकृतग्रहणं च न्याय्यम् । 'क इत्था वेद यत्र सः' इति च दुर्विज्ञानत्वं परमात्मलिङ्गम् ॥१०॥

शब्दः । गुणश्चात्र मृत्यूपसेचनपदेन [4]'सन्निधापितं प्रसिद्धौदनगतं विनाश्यत्वं गृह्यते, गौणशब्दस्य [5]सन्निहितगुणग्राहित्वात् । तथाच सर्वस्य विनाश्यत्वेन भानाल्लिङ्गादीश्वरोऽत्तेत्याह—नैष दोष इति । तस्य सन्निहितत्वादिति । 'पिप्पलं स्वाद्वत्ति' इति भोगस्य पूर्वोक्तत्वादित्यर्थः ॥६॥ ॥१०॥

भोग्य हैं और मृत्यु उपसेचन कहा गया है। ऐसे भोग्य पदार्थ का भोक्ता परमात्मा से भिन्न नहीं हो सकता। परमात्मा सम्पूर्ण कार्य का उपसंहार करते हुए सबका भक्षण करता है, यह युक्तिसङ्गत है। पूर्वपक्ष—इस श्रुति में चराचर ग्रहण उपलब्ध नहीं होता है फिर भला आपने चराचर ग्रहण को निर्विवाद हेतु के रूप में कैसे मान लिया? सिद्धान्ती—यह कहना दोष नहीं है। 'मृत्यु जिसका व्यञ्जन हो' इससे वहाँ पर प्राणी समुदाय को ही भोग्य मानना उचित होगा। ब्राह्मण और क्षत्रिय तो प्रधान होने के कारण वहाँ पर दिखाये गये हैं। और जो आपने कहा कि **"अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति"** इस श्रुति से परमात्मा में भोक्तृत्व का होना सम्भव नहीं है, तो इसका उत्तर यह है कि उस श्रुति वाक्य में कर्मफल भोग का निषेध किया गया है क्योंकि वही निकटवर्ती है। कार्य समुदाय के संहार का निषेध उस श्रुति वाक्य से नहीं किया गया है। सभी श्रुतियों में सृष्टि, स्थिति एवं संहार के कारण रूप से ब्रह्म ही प्रसिद्ध है। अतः इस कठ श्रुति में भी परमात्मा ही भोक्ता कहा गया है ॥६॥

प्रकरणाच्च (ललिता)

इसलिए (भी) परमात्मा को ही यहाँ पर भोक्ता मानना उचित है क्योंकि **"न जायते म्रियते वा विपश्चित्"** इत्यादि यह प्रकरण परमात्मा का है। प्रकरणागत तत्त्व को ग्रहण करना उचित है, साथ ही **"क इत्था वेद यत्र सः"** यह परमात्मा का ज्ञापक दुर्विज्ञानत्वलिङ्ग भी है। अर्थात् इस वाक्य से परमात्मा को दुर्विज्ञेय कहा गया है ॥१०॥

१. दृश्यतेऽनेनेति दर्शनं शास्त्र तस्मादित्यर्थः। २. शास्त्रम्। ३. नित्यविज्ञानस्वरूपः। ४. उपस्थापितम्। ५. उपस्थित।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

३. गुहाप्रविष्टाधिकरणम् (सू० ११-१२)

(४२) गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि तद्दर्शनात् ।।११।।

गुहां प्रविष्टौ धीजीवौ जीवेशौ वा हृदि स्थितौ । छायातपाख्यदृष्टान्ताद्धीजीवौ स्तो विलक्षणौ ।
पिबन्ताविति चैतन्यद्वयं जीवेश्वरौ ततः । हृत्स्थानमुपलब्ध्यै स्याद्वैलक्षण्यमुपाधितः ।।

कठवल्लीष्वेव पठ्यते—'ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे । छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः' (का० १-३-१) इति । तत्र संशयः—किमिह बुद्धिजीवौ निर्दिष्टावुत जीवपरमात्मानाविति । यदि बुद्धिजीवौ,

---

अतृवाक्यानन्तरवाक्यस्यापि ज्ञेयात्मनि समन्वयमाह—गुहामिति । ऋतमवश्यंभावि कर्मफलं पिबन्तौ भुञ्जानौ, सुकृतस्य कर्मणो लोके कार्ये देहे परस्य ब्रह्मणोऽर्धं स्थानमर्हतीति परार्धं हृदयं परमं श्रेष्ठं तस्मिन्या गुहा नभोरूपा बुद्धिरूपा वा तां प्रविश्य स्थितौ छायातपवत् मिथो विरुद्धौ तौ च ब्रह्मविदः कर्मिणश्च वदन्ति । त्रिर्नाचिकेतोऽग्निश्चितो यैस्ते त्रिणाचिकेताः तेऽपि वदन्तीत्यर्थः । नाचिकेतवाक्यानामध्ययनं, तदर्थज्ञानं, तदनुष्ठानं चेति त्रित्वं बोध्यम् । बुद्ध्यवच्छिन्नजीवस्य परमात्मनश्च प्रकृतत्वात्संशयमाह—तत्रेति । पूर्वोत्तरपक्षयोः फलं स्वयमेवाह—यदीत्यादिना । तदपि

---

३. गुहाधिकरण

१. जिस प्रकार पूर्वाधिकरण में ब्रह्म एवं क्षत्र पद को मृत्यु पद की सन्निधि में होने के कारण अनित्यवस्तुपरक कहा था, वैसे ही "पिबत्" शब्द के सन्निहित "गुहाप्रवेशादि" शब्द होने के कारण यहाँ पर भी बुद्धि और जीवपरक मानना चाहिए, ऐसी दृष्टान्त संगति के कारण इस अधिकरण का प्रारम्भ हुआ है ।

२. "ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे" (क० १।३।१) यह कठश्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

३. क्या यहाँ पर गुहा में प्रविष्ट बुद्धि और जीव कहे गये हैं अथवा जीवात्मा और परमात्मा कहे गये हैं ?

४. छाया और धूप के समान परस्पर विलक्षण जड़ बुद्धि और चेतन जीवात्मा ही गुहा में प्रविष्ट कहे गये हैं ।

५. जीव और परमात्मा यहाँ पर गुहाप्रविष्ट पदार्थ मानना चाहिए क्योंकि "पिबन्तौ" ऐसा द्विवचन का प्रयोग होने से यदि एक जीव चैतन्य है तो दूसरा चैतन्य ईश्वर मानना उचित होगा। हृदय में उसकी उपलब्धि होती है। इसीलिए उसे हृदयस्थ कहा गया है। उपाधि के कारण जीव-ईश्वर में परस्पर वैलक्षण्य बताना भी सम्भव हो जाता है। अतः चेतन जीवात्मा एवं परमात्मा ही गुहाप्रविष्ट पदार्थ यहाँ मानना चाहिए ।

गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि तद्दर्शनात् (ललिता)

कठोपनिषद् में ही "ऋतं पिबन्तौ" यह पाठ मिलता है। इस शरीर में रहने वाले अपने कर्म के अवश्यम्भावी फल भोगने वाले दो हैं, जो परब्रह्म के निवास स्थान हृदयरूप गुफा में प्रवेश कर स्थित है, वे दोनों छाया और आतप के समान विरुद्ध स्वभाव वाले हैं, ऐसा ब्रह्मज्ञानी और कर्मी दोनों ही कहते हैं। नात्रिकेत वाक्य का अध्ययन तदर्थ ज्ञान और उसके अनुष्ठान करने वाले को त्रिणाचिकेत कहते हैं, यहाँ पर संशय होता है कि क्या इस श्रुति में बुद्धि और जीव निर्दिष्ट है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ततो बुद्धिप्रधानात्कार्यकरणसंघाताद्विलक्षणो जीवः प्रतिपादितो भवति। तदपीह प्रतिपादयितव्यं, 'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके। एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणामेष वरस्तृतीयः' (का० १-१-२०) इति पृष्टत्वात्। अथ जीवपरमात्मानौ, ततो जीवाद्विलक्षणः परमात्मा प्रतिपादितो भवति। तदपीह प्रतिपादयितव्यं, 'अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात्। अन्यत्र भूताच्च भव्याच्च यत्तत्पश्यसि तद्वद' (का० १-२-१४) इति पृष्टत्वात्। अत्राहाक्षेप्ता—उभावप्येतौ पक्षौ न सम्भवतः। कस्मात्? ऋतपानं कर्मफलोपभोगः, 'सुकृतस्य लोके' इति लिङ्गात्। तच्च चेतनस्य क्षेत्रज्ञस्य सम्भवति, नाचेतनाया बुद्धेः। 'पिबन्तौ' इति च द्विवचनेन द्वयोः पानं दर्शयति श्रुतिः। अतो बुद्धिक्षेत्रज्ञपक्षस्तावन्न सम्भवति। अत एव क्षेत्रज्ञपरमात्मपक्षोऽपि न सम्भवति, चेतनेऽपि परमात्मनि ऋतपानासम्भवात्। 'अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति' इति मन्त्रवर्णादिति। अत्रोच्यते—नैष दोषः। छत्रिणो गच्छन्तीत्येकेनापि

जीवस्य बुद्धिवैलक्षण्यमपीत्यर्थः। मनुष्ये प्रेते मृते सति येयं विचिकित्सा संशयः परलोके भोक्ताऽस्तीत्येके, नास्तीत्यन्ये। अतस्त्वयोपदिष्टोऽहमेतदात्मतत्त्वं जानीयामित्यर्थः। तदपि परमात्मस्वरूपमपीत्यर्थः। उभयोर्भोक्तृत्वायोगेन संशयमाक्षिपति—अत्राहेति। छत्रिपदेन गन्तार इव पिबत्पदेनाजहल्लक्षणया प्रविष्टावुच्येते इत्याह—अत्रोच्यत इति। पानकर्तृवाचि[1]पदेन पानानुकूलौ वा

अथवा जीवात्मा और परमात्मा निर्दिष्ट हैं। दोनों ही पक्ष में समर्थक वाक्य देखे जाते हैं। यदि बुद्धि और जीव अर्थ माना जाय तो कार्यकारण संघात में बुद्धि की प्रधानता है और उससे विलक्षण जीव का प्रतिपादन इस प्रसङ्ग में सिद्ध होगा, जिसका प्रतिपादन करना यहाँ पर अभीष्ट भी है क्योंकि "जो यह मनुष्य के मरने पर संदेह होता है" कुछ लोग कहते हैं कि जीव का अस्तित्व रहता है और कुछ लोग जीव का अस्तित्व उस दशा में नहीं मानते। आपसे उपदेश प्राप्त कर मैं इस रहस्य को जान सकूँ? आपके दिए हुए वरदानों में से यही हमारा तीसरा वरदान है, ऐसा नचिकेता ने पूछा था जिसका उत्तर उक्त वाक्य से दिया गया है। और यदि जीवात्मा, परमात्मा बुद्धिरूप गुफा में प्रविष्ट माना जाय तो जीवात्मा से विलक्षण परमात्मा प्रतिपादित होगा। उसका भी इस प्रसङ्ग में प्रतिपादन करना इष्ट ही है क्योंकि "जो धर्म एवं उसके कार्य से भिन्न है, अधर्म और उसके कार्य से भिन्न है, कार्य, कारण, भूत, भविष्यत् तथा वर्तमान से भी भिन्न है, उसे आप जानते हों तो हमें बतलायें" इस वाक्य से परमात्मा के सम्बन्ध में नचिकेता ने पूछा है। उसे भी पूर्वोक्त श्रुति से बतलाना अभीष्ट ही है।

इस पर आक्षेपकर्ता कहता है कि उक्त दोनों ही पक्ष सम्भव नहीं हैं क्योंकि कर्मफलोपभोग **"सुकृतस्य लोके"** इस लिङ्ग से जान पड़ता है। कर्मफल भोग चेतन जीव में तो सम्भव है किन्तु अचेतन बुद्धि में सम्भव नहीं है। श्रुति तो **"पिबन्तौ"** इस द्विवचन द्वारा दोनों में कर्मफल भोग बतलाती है। अतः बुद्धि और जीवपक्ष सम्भव नहीं है। इसी दोष के कारण क्षेत्रज्ञ और परमात्मा पक्ष भी सम्भव नहीं है। परमात्मा चेतन है फिर भी **"अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति"** इस मन्त्रवर्ण से चेतन परमात्मा में भी कर्मफल भोग असम्भव ही कहा गया है। इस आक्षेप का उत्तर दिया

---

१. शतृप्रत्ययेनेत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

छत्रिणा बहूनां छत्रित्वोपचारदर्शनात् । एवमेकेनापि पिबता द्वौ पिबन्तावुच्येते । यद्वा जीवस्तावत्पिबति, ईश्वरस्तु पाययति । पाययन्नपि पिबतीत्युच्यते । पाचयितर्यपि पक्तृत्वप्रसिद्धिदर्शनात् । बुद्धिक्षेत्रज्ञपरिग्रहोऽपि सम्भवति, करणे 'कर्तृत्वोपचारात् । एधांसि पचन्तीति प्रयोगदर्शनात् । न चाध्यात्माधिकारेऽन्यौ कौचिद्द्वावृतं पिबन्तौ सम्भवतः । तस्माद्बुद्धिजीवौ स्यातां, जीवपरमात्मानौ वेति संशयः । किं तावत्प्राप्तं ? बुद्धिक्षेत्रज्ञाविति । कुतः ? 'गुहां प्रविष्टौ' इति विशेषणात् । यदि शरीरं गुहा, यदि वा हृदयं, उभयथापि बुद्धिक्षेत्रज्ञौ गुहां प्रविष्टावुपपद्येते । नच सति सम्भवे सर्वगतस्य ब्रह्मणो विशिष्टदेशत्वं युक्तं कल्पयितुम् । 'सुकृतस्य लोके' इति च कर्मगोचरानतिक्रमं दर्शयति ।

लक्ष्यावित्याह—यद्वेति । 'नियतपूर्वभाविकृतिमत्त्वरूपमनुकूलत्वं कर्तृकारयित्रोः साधारणम् । यः कारयति स करोत्येवेति न्यायादिति भावः । अत्र 'प्रकृतिर्मुख्यार्था शतृप्रत्यये लक्षणा । 'मिश्रास्तु 'कृतिः प्रत्ययार्थो मुख्यः । प्रकृत्या त्वजहल्लक्षणया पायनं लक्ष्यमित्याहुः । पूर्वपक्षे 'पिबन्तौ' इति कर्तृवाचिशतृप्रत्ययेन बुद्धिजीवसाधारणं कारकत्वं लक्ष्यमित्याह—बुद्धीति । एधांसि काष्ठानि, पचन्तीत्याख्यातेन कारकत्वं 'लक्ष्यं, प्रकृतिस्तु मुख्यैवेति भावः । मुख्यपातारौ प्रसिद्धपक्षिणौ ग्राह्यावित्यत आह—न चेति । ब्रह्मक्षत्रपदस्य सन्निहितमृत्युपदादनित्यवस्तुपरत्ववदिहापि पिबत्पदस्य सन्निहितगुहापदाद्बुद्धिजीवपरतेति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—किं तावदिति । गोचरं फलम् । एकस्मिन्

जाता है कि आपका दिया हुआ दोष ठीक नहीं । जैसे मार्ग में चलने वाले अनेकों व्यक्ति में से एक के पास छत्रि हो तो **"छत्रिणो गच्छन्ति"** इस प्रयोग में एक छातेवाले से ही अनेकों में छत्रित्व का औपचारिक प्रयोग देखा जाता है, ऐसे ही एक कर्मफल भोक्ता के कारण **"द्वौ पिबन्तौ"** कह दिए गये हैं अथवा इस प्रकार (यों) समझें कि जीव कर्मफल भोक्ता है और ईश्वर उसे भुगवाता है। कर्मफल भुगवाने वाले को भी भोक्ता कह दिया जाता है क्योंकि पाक कराने वाले में भी पाचक शब्द की प्रसिद्धि देखी जाती है। अतः बुद्धि और क्षेत्रज्ञ परिग्रह भी सम्भव हो जाता है। करण कारक में भी कर्तृत्व का औपचारिक प्रयोग देखा गया है, यथा **"एधांसि पचन्ति"** इस वाक्य में पाक क्रिया के लिए काष्ठ करण है फिर भी उसे कर्ता मानकर ऐसा प्रयोग होता है। किसी भी प्रकार से अध्यात्म-अधिकार में लोकप्रसिद्ध दो पक्षी कर्मफल भोक्ता हो नहीं सकते। अतः बुद्धि और जीव अथवा जीवात्मा और परमात्मा यहाँ पर माने जा सकते हैं, इसीलिए संशय होता है फिर आप मानते क्या हैं ? ऐसा मध्यस्थ ने कहा, इस पर पूर्वपक्षी बुद्धि और जीव को गुहाप्रविष्ट मानता है क्योंकि **"गुहां प्रविष्टौ"** ऐसा विशेषण है। यदि शरीर अथवा हृदय, गुहा शब्द का अर्थ माना जाय तो दोनों ही प्रकार से बुद्धि और जीव को गुहा में प्रविष्ट मानना युक्ति संगत ही है। जब ऐसा सम्भव हो जाता है तो व्यापक ब्रह्म को विशिष्ट देश में होने की कल्पना युक्तिसंगत नहीं है। ऐसा

---

१. कर्तृत्वप्रकारकबोधजनकशतृप्रत्ययेन लक्षणया करणे कारकत्वप्रकारकबोधजननादित्यर्थः । पानानुकूलकृतिमन्ताविति प्राथमिको बोधः पानानुकूलकारकत्ववन्तात्रिति द्वितीयः । २. नियतेति—पानापेक्षया नियताऽवश्यंपूर्वभाविनो या कृतिस्तादृशकृतिमत्त्वरूपमित्यर्थः । ३. पाधातुः । ४. वाचस्पतिः । ५. कृतिरूपः प्रत्ययार्थः । ६. पाकनिरूपितकारकत्ववन्तिकाष्ठनीति वाक्यार्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परमात्मा तु न सुकृतस्य वा दुष्कृतस्य वा गोचरे वर्तते, 'न कर्मणा वर्धते नो कनीयान्' (कौ० ३-८) इति श्रुतेः। 'छायातपौ' इति च चेतनाचेतनयोर्निर्देश उपपद्यते, छायातपवत्परस्पर-विलक्षणत्वात्। तस्माद्बुद्धिक्षेत्रज्ञाविहोच्येयातामित्येवं प्राप्ते ब्रूमः—विज्ञानात्मपरमात्मा-नाविहोच्येयाताम्। कस्मात्? आत्मानौ हि तावुभावपि चेतनौ समानस्वभावौ। [१]संख्या-श्रवणे च समानस्वभावेष्वेव लोके प्रतीतिर्दृश्यते। 'अस्य [२]गोर्द्वितीयोऽन्वेष्टव्यः' इत्युक्ते गौरेव द्वितीयोऽन्विष्यते, नाश्वः पुरुषो वा। [३]तदिह ऋतपानेन लिङ्गेन निश्चिते विज्ञाना-त्मनि द्वितीयान्वेषणायां समानस्वभावश्चेतनः परमात्मैव प्रतीयते। ननूक्तम्—गुहाहितत्व-[४]दर्शनान्न परमात्मा प्रत्येतव्य इति। गुहाहितत्वदर्शनादेव परमात्मा प्रत्येतव्य इति वदामः। गुहाहितत्वं तु श्रुतिस्मृतिष्वसकृत्परमात्मन एव [५]दृश्यते—'गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्' (का० १-२-१२) 'यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्' (तै० २-१) 'आत्मा-नमन्विच्छ गुहां प्रविष्टम्' इत्याद्यासु। सर्वगतस्यापि ब्रह्मण उपलब्ध्यर्थो देशविशेषोप-

---

[६]जातिमति क्लृप्ते [७]सजातीयमेव द्वितीयं ग्राह्यं, व्यक्तिमात्रग्रहे लाघवात्। न विजातीयं, जाति-व्यक्त्युभयकल्पनागौरवात्। न चास्तु [८]कारकत्वेन सजातीया बुद्धिरेव जीवस्य द्वितीयेति वाच्यं, चेतनत्वस्य जीवस्वभावस्य कारकत्वादन्तरङ्गत्वात्। तथाच लोके द्वितीयस्यान्तरङ्गजातिमत्त्व-दर्शनाज्जीवस्य द्वितीयश्चेतन एवेति सूत्रार्थमाह—संख्याश्रवणे चेति। गुहायां बुद्धौ स्थितं, गह्वरे-ऽनेकानर्थसङ्कुले देहे स्थितं, पुराणमनादिपुरुषं विदित्वा हर्षशोकौ जहाति। परमे श्रेष्ठे, व्योमन्

मानने से कर्म विषय का अतिक्रमण नहीं होता है। परमात्मा सुकर्म अथवा दुष्कर्म का विषय होता ही नहीं क्योंकि 'वह परमात्मा कर्म से न बढ़ता है और न घटता ही है' ऐसा श्रुति कहती है। श्रुति ने छाया और आतप शब्द का प्रयोग चेतन एवं अचेतन के लिए किया है, अर्थात् जो धूप और छाया के समान परस्पर विलक्षण है। अतः बुद्धि और जीव इस स्थल पर गुहा में प्रविष्ट कहे गये हैं। ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि जीव और परमात्मा इस श्रुति में बतलाये गये हैं क्योंकि चेतन आत्मा समान स्वभाव वाले की ही प्रतीति लोक में देखी जाती है। किसी ने कहा कि इस गौ के दूसरे को ढूँढ़ना चाहिए ऐसा कहने पर दूसरी गौ ही ढूँढ़ी जाती है, अश्व या पुरुष नहीं ढूँढ़े जाते हैं। ठीक ऐसे ही कर्मफल भोग लिङ्ग से एक सिद्धि हो जाने पर दूसरा अन्वेषणीय समान स्वभाव वाला चेतन परमात्मा ही निश्चित होगा। इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि गुहाहितत्व श्रुति के कारण परमात्मा अर्थ प्रतीत नहीं होता। इस पर हम सिद्धान्ती गुहाहितत्व श्रुति के आधार पर ही परमात्मा अर्थ मानते हैं। परमात्मा श्रुति और स्मृति में अनन्त बार गुहानिहित प्रतीत होता है। यथा—**'गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्' 'यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्' 'आत्मानमन्विच्छ गुहां प्रविष्टम्'** इत्यादि श्रुतियों में परमात्मा को गुहा स्थित माना गया है। सर्वव्यापक ब्रह्म का

---

१. तद्दर्शनादिति सूत्रभागं व्याचष्टे—संख्येति। संख्याबोधकपदश्रवणे च सजातीयविषयकैव संख्याबोधक-पदजन्या लोके प्रतीतिर्भवतीत्यर्थः। २. एतद्गोसम्बन्धिद्वित्वाश्रयः। ३. तत्तत्रेत्थं लौकिकदर्शने सतीति यावत्, इहेति वाक्योक्तिः। ४. श्रुत्या गुहाहितत्वावगमात्। ५. प्रतीयते। ६. व्यक्तौ। ७. तज्जातीयमेव ८. बुद्धेः करणकारकत्वम्, जीवस्य च कर्तृकारकत्वम्। ९. इतरानपेक्षत्वं चात्रान्तरङ्गत्वं बोध्यम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४३) विशेषणाच्च ॥१२॥

देशो न विरुध्यत इत्येतदप्युक्तमेव[1]। सुकृतलोकर्वातित्वं[2] तु छत्रित्ववदेकस्मिन्नपि वर्तमानमुभयोरविरुद्धम्। छायातपावित्यप्यविरुद्धम्, छायातपवत्परस्परविलक्षणत्वात्संसारित्वासंसारित्वयोः। अविद्याकृतत्वात्संसारित्वस्य, पारमार्थिकत्वाच्चासंसारित्वस्य। तस्माद्विज्ञानात्मपरमात्मानौ गुहां प्रविष्टौ गृह्येते ॥११॥

कुतश्च विज्ञानात्मपरमात्मानौ गृह्येते ?—

विशेषणं च विज्ञानात्मपरमात्मनोरेव सम्भवति। 'आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु' (का० १-३-३) इत्यादिना परेण ग्रन्थेन रथिरथादिरूपककल्पनया विज्ञानात्मानं रथिनं संसारमोक्षयोर्गन्तारं कल्पयति। 'सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम्' (का० १-३-९) इति च परमात्मानं गन्तव्यं कल्पयति। तथा 'तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्। अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति'

हार्दाकाशे या गुहा बुद्धिः तस्यां निहितं ब्रह्म यो वेद सोऽश्नुते सर्वान्कामानित्यन्वयः। अन्विच्छ विचारयेत्यर्थः ॥११॥

विशेषणं गन्तृगन्तव्यत्वादिकं लिङ्गमाह—विशेषणाच्चेति। स जीवोऽध्वनः संसारमार्गस्य परमं पारम्। किं तत् ? विष्णोर्व्यापनशीलस्य परमात्मनः पदं स्वरूपमाप्नोतीत्यर्थः। दुर्दर्शं दुर्ज्ञानं, तत्र हेतुर्गूढं मायावृतं मायानुप्रविष्टं पश्चाद्गुहाहितं गुहाद्वारा गह्वरेष्ठं, एवं 'बहिरागतमात्मानं[3],

---

साक्षात्कार हृदयाकाश रूप देश विशेष में होता है इसीलिए उसका देश विशेष स्थान बतलाना भी कोई विरुद्ध नहीं है, यह हम पहले इस (ब्र० सू० १-२-७) में कह चुके हैं। देह में रहकर कर्मफल भोक्तृत्व कहना भी छत्रिन्याय से युक्त ही है। एक के पास छत्रि रहने पर भी **'छत्रिणो यान्ति'** जैसा व्यवहार होता है, वैसा ही व्यवहार जीव के शरीर में रहकर कर्मफल भोक्ता होने पर भी दोनों में सुकृतलोकवर्तित्व मानना विरुद्ध नहीं है। छाया और धूप के समान परस्पर विलक्षण होने के कारण **छायातपौ** यह विशेषण भी विरुद्ध नहीं है। एक में संसारित्व है दूसरे में संसारित्व नहीं है। जीव में अविद्याकृत संसारित्व है, परमार्थवस्तु, उसमें असंसारित्व ही है। अतः जीव और परमात्मा दोनों ही इस श्रुति में बुद्धि रूप गुफा में प्रविष्ट माने जायेंगे ॥११॥

विशेषणाच्च (ललिता)

जीव और परमात्मा गुहा प्रविष्ट तत्त्व क्यों माने जायें ? इसके उत्तर अग्रिम सूत्र में दिया गया है। जीव और परमात्मा के ही विशेषण उस प्रसङ्ग में मिलते हैं। वहाँ पर कहा है 'आत्मा को रथी जानो शरीर को रथ मानो' इत्यादि अग्रिम ग्रन्थ से रथी-रथादि रूप कल्पना द्वारा रथी जीव को संसार एवं मोक्ष का गन्ता माना है और परमात्मा को 'इस मार्ग के अन्तिम छोर पर जो विष्णु का परमपद है उसे जीव प्राप्त करता है' इस वाक्य द्वारा गन्तव्य कहा गया है। वैसे ही 'कठिनाई से जानने योग्य, माया द्वारा आवृत, माया में अनुप्रविष्ट, बुद्धिरूप गुफा में निहित, गहन स्थान में

---

१. १-२-७ सू. व्याख्यावसरे। २. सुकृतलोके देहे स्वामित्वेनावस्थितत्वं तत्रैव वर्तमानत्वमिति यावत्।
३. प्रत्यक्स्वरूपाद्बहिः पराक्तु मायादिष्वागतमवस्थितं दर्शनीयतामापन्नमिति यावत्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(का० १-२-१२) इति पूर्वस्मिन्नपि ग्रन्थे मन्तृमन्तव्यत्वेनैतावेव विशेषितौ। प्रकरणं चेदं परमात्मनः। 'ब्रह्मविदो वदन्ति' इति च वक्तृविशेषोपादानं परमात्मपरिग्रहे घटते। तस्मादिह जीवपरमात्मानावुच्येयाताम्। एष एव न्यायः 'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया' (मु० ३-१-१) इत्येवमादिष्वपि। तत्रापि ह्यध्यात्माधिकारान्न प्राकृतौ सुपर्णावुच्येते। 'तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति' इत्यदनलिङ्गाद्विज्ञानात्मा भवति। 'अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति' इत्यनशनचेतनत्वाभ्यां परमात्मा। अनन्तरे च मन्त्रे तावेव द्रष्टृद्रष्टव्यभावेन विशिनष्टि—'समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः। जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानमिति वीतशोकः' (मु० ३-१-२) इति।

अध्यात्मयोगः स्थूलसूक्ष्मकारणदेहलयक्रमेण प्रत्यगात्मनि चित्तसमाधानं तेनाधिगमो महावाक्यजा वृत्तिस्तया विदित्वेत्यर्थः। ऋतपानमन्त्रे जीवानुवादेन वाक्यार्थज्ञानाय तत्पदार्थो ब्रह्म प्रतिपाद्यत इत्युपसंहरति—तस्मादिहेति। उक्तन्यायमतिदिशति—एष इति। द्वा द्वौ छान्दसो द्विवचनस्याकारः। सुपर्णाविव सहैव युज्येते नियम्यनियामकभावेनेति सयुजौ। सखायौ चेतनत्वेन तुल्यस्वभावौ। समानमेकं वृक्षं छेदनयोग्यं शरीरमाश्रित्य स्थितावित्यर्थः। गुहां प्रविष्टाविति यावत्। एतावात्मानौ, 'तल्लिङ्गदर्शनादित्याह[1]—तयोरन्य इति। विशेषणाच्चेत्याह–अनन्तरे चेति। अनीशया स्वस्येश्वरत्वाप्रतीत्या देहे निमग्नः पुरुषो जीवः शोचति। निमग्नपदार्थमाह—मुह्यमान इति। नरोऽहमिति भ्रान्त इत्यर्थः। जुष्टं ध्यानादिना सेवितं यदा ध्यानपरिपाकदशायामीशमन्यं विशिष्टरूपाद्भिन्नं शोधितचिन्मात्रं प्रत्यक्त्वेन पश्यति तदाऽस्य महिमानं स्वरूपमेति[2] प्राप्नोतीव। ततो वीतशोको भवतीत्यर्थः।

स्थित अनादि, अनन्त परमात्मदेव को अध्यात्मयोग के अधिगम से जानकर मुमुक्षु धीरपुरुष हर्ष और शोक दोनों को छोड़ बैठते हैं, इस पूर्व ग्रन्थ में भी मन्ता और मन्तव्यरूप में इन्हीं जीव और परमेश्वर को बतलाया है। वह प्रकरण भी परमात्मा का ही है क्योंकि 'ब्रह्मवित् पुरुष कहते हैं' इस वाक्य में वक्ता विशेष का उपादान परमात्मा अर्थ मानने पर ही घट सकता है। इसलिए इस कठ श्रुति में जीव और परमात्मा ही कहे गये हैं। यही युक्ति "द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया" इन वाक्यों में भी लगाना चाहिए। वहाँ भी अध्यात्म का अधिकार होने से प्राकृत पक्षी नहीं कहे जा सकते। 'उनमें से एक स्वादिष्ट फल का भोक्ता है' इस अदनलिङ्ग द्वारा विज्ञानात्मा सिद्ध होता है एवं 'न खाता हुआ केवल प्रकाशता रहता है' इन अनशन और चेतनत्व लिङ्गों द्वारा परमात्मा अर्थ सिद्ध होता है। 'एक ही शरीर वृक्ष के ऊपर रहने वाले दो में से एक मोहाग्रस्त पुरुष असमर्थ होने के कारण भोगासक्त हो चिन्ता करता रहता है और जब ध्यानादि साधनों से सेवित ध्यान-परिपाक दशा में विशिष्ट चैतन्य से भिन्न शुद्ध चैतन्य को अन्तरात्मा रूप से देखता है तब उसके स्वरूप को प्राप्त कर जाता है फिर तो संसार शोक से वह मुक्त हो जाता है' इस अग्रिम मन्त्र में जीव और परमात्मा को ही द्रष्टा तथा द्रष्टव्य रूप से बतलाया गया है।

---

१. तयोरुभयोर्लिङ्गदर्शनात्। २. छान्दसं गुणाभावं मत्वाऽऽह—एतीति। पाठं वा तादृशम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपर आह—'द्वा सुपर्णा' इति नेयमृगस्याधिकरणस्य सिद्धान्तं भजते, पैङ्गिरहस्यब्राह्मणेनान्यथा व्याख्यातत्वात् । 'तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्तीति सत्त्वमनश्नन्नन्योऽभिचाकशीतीत्यनश्नन्नन्योऽभिपश्यति ज्ञस्तावेतौ सत्त्वक्षेत्रज्ञौ' इति । सत्त्वशब्दो जीवः क्षेत्रज्ञशब्दः परमात्मेति यदुच्यते । तन्न, सत्त्वक्षेत्रज्ञशब्दयोरन्तःकरणशारीरपरतया प्रसिद्धत्वात् । 'तत्रैव च व्याख्यातत्वात्—''तदेतत्सत्त्वं येन स्वप्नं पश्यति, अथ योऽयं शारीर उपद्रष्टा स क्षेत्रज्ञस्तावेतौ सत्त्वक्षेत्रज्ञौ' इति । नाप्यस्याधिकरणस्य पूर्वपक्षं भजते । नह्यत्र शारीरः क्षेत्रज्ञः कर्तृत्वभोक्तृत्वादिना संसारधर्मेणोपेतो विवक्ष्यते । कथं तर्हि ? सर्वसंसारधर्मातीतो ब्रह्मस्वभावश्चैतन्यमात्रस्वरूपः 'अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीतीत्यनश्नन्नन्योऽभिपश्यति ज्ञः' इति वचनात् । 'तत्त्वमसि' 'क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि' (गी० १३-२) इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यश्च । तावता च विद्योपसंहारदर्शनमेवमेवावकल्पते, 'तावेतौ सत्त्व-

---

'द्वा सुपर्णा' इति वाक्यं जीवेश्वरपरमि'ति कृत्वा चिन्तितम् । अधुना कृत्वा चिन्तामुद्घाटयति—अपर इति । अन्यथा बुद्धिविलक्षणत्वंपदलक्ष्यपरत्वेनेत्यर्थः । सत्त्वं बुद्धिरिति शङ्कते—सत्त्वशब्द इति । बुद्धिजीवौ चेत्पूर्वपक्षार्थः स्यादित्यत आह—नापीति । पूर्वपक्षार्थस्तदा स्यात्, यद्यत्र बुद्धिभिन्नः संसारी प्रतिपाद्येत । नह्यत्र संसारी विवक्ष्यते, किन्तु शोधितस्त्वमर्थो ब्रह्मेत्यर्थः । श्रुतिस्मृतिभ्यश्चायमर्थो युक्त इति शेषः । तावता मन्त्रव्याख्या'मात्रेण । एवमेव जीवस्य ब्रह्मत्वोक्तावेव । नहि जीवो बुद्धिभिन्न इति विवेकमात्रेणोपसंहारो युक्तः । भेदज्ञानस्य भ्रान्तित्वाद्वैफल्याच्चेति भावः । अविद्या विदुषि किमपि स्वकार्यं नाऽऽध्वंसते न सम्पादयति, ज्ञानाग्निना स्वस्या एव दग्धत्वादित्यर्थः । अविद्या नागच्छतीति वार्थः । जीवस्य ब्रह्मत्वपरमिदं वाक्यमिति पक्षे

इस पर अन्य किसी ने कहा कि "द्वा सुपर्णा" यह ऋक् इस अधिकरण के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करती है क्योंकि पैङ्गिरहस्य ब्राह्मण में इसका व्याख्या अन्य प्रकार से किया है। उन्होंने कहा है कि उन दोनों में से एक स्वादिष्ट फ़ल का भोक्ता है वह है सत्त्व और दूसरा न खाता हुआ केवल देखता है वह है चेतन आत्मा। इस प्रकार बुद्धि और क्षेत्रज्ञ इस शरीर रूप समान वृक्ष के ऊपर बैठे हैं। ऐसी स्थिति में सत्त्व शब्द का अर्थ जीव और क्षेत्रज्ञ शब्द का अर्थ परमात्मा यदि करोगे तो वह ठीक नहीं होगा क्योंकि सत्त्व शब्द अन्तःकरण अर्थ में और क्षेत्रज्ञ शब्द शरीर अर्थ में प्रसिद्ध है। उस पैङ्गिरहस्य ब्राह्मण में यह भी कहा है कि 'सत्त्व तो वह है जिससे पुरुष स्वप्न को देखता है और जो शारीर आत्मा उपद्रष्टा है वह क्षेत्रज्ञ है' ऐसा क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ का अर्थ किया है। इसके अतिरिक्त यह ऋक् इस अधिकरण के पूर्वपक्ष को स्वीकार नहीं करती क्योंकि यहाँ पर शारीर क्षेत्रज्ञ कर्तृत्व-भोक्तृत्वादि संसार धर्म से युक्त को बतलाना अभिष्ट नहीं है, प्रत्युत सर्व संसार धर्म से अतीत ब्रह्मस्वभाव चैतन्य मात्र स्वरूप को "अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति" इति "अनश्नन्नन्यो अभिज्ञः' इस वचन से बतलाना अभीष्ट है। इत्यादि स्मृति द्वारा बतलाया गया है। इसी अर्थ में इस विद्योपदेश का उपसंहार भी देखा जाता है। "तावेतौ सत्त्वक्षेत्रज्ञौ" "न ह वा

---

१. पैङ्गिरहस्यब्राह्मण एव । २. तदेवाह—तदेतदिति । ३. इति यच्चिन्तितं तत्कृत्वा चिन्तितं पराभ्युपगतमङ्गीकृत्य विचारितमित्यर्थः । ४. मात्रपदेन जीवे ब्रह्माभेदप्रतिपादकवाक्यान्तरं व्यवच्छिनत्ति ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्षेत्रज्ञौ न ह वा एवंविदि किञ्चन रज आध्वंसते' इत्यादि। कथं पुनरस्मिन्पक्षे 'तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्तीति सत्त्वम्' इत्यचेतने सत्त्वे भोक्तृत्ववचनमिति। उच्यते—नेयं श्रुतिरचेतनस्य सत्त्वस्य भोक्तृत्वं वक्ष्यामीति प्रवृत्ता। किं तर्हि? चेतनस्य क्षेत्रज्ञस्याभोक्तृत्वं ब्रह्मस्वभावतां च वक्ष्यामीति। तदर्थं सुखादिविक्रियावति सत्त्वे भोक्तृत्वमध्यारोपयति। इदं हि कर्तृत्वं भोक्तृत्वं च सत्त्वक्षेत्रज्ञयोरितरेतरस्वभावाविवेककृतं कल्प्यते। परमार्थतस्तु नान्यतरस्यापि सम्भवति, अचेतनत्वात्सत्त्वस्य, अविक्रियत्वाच्च क्षेत्रज्ञस्य। [1]अविद्याप्रत्युपस्थापितस्वभावत्वाच्च सत्त्वस्य सुतरां न सम्भवति। तथाच श्रुतिः—'यत्र वा अन्यदिव स्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येत्' (बृ० ४-३-३१) इत्यादिना स्वप्नदृष्टहस्त्यादिव्यवहारवदविद्याविषय एव कर्तृत्वादिव्यवहारं दर्शयति। 'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' (बृ० ४-५-१५) इत्यादिना च विवेकिनः कर्तृत्वादिव्यवहाराभावं दर्शयति ॥१२॥

शङ्कते—कथमिति। बुद्धेर्भोक्तृत्वोक्तावतात्पर्यान्नात्र युक्तिचिन्तया मनः खेदनीयमित्याह—उच्यत इति। तदर्थं ब्रह्मत्वबोधनार्थं भोक्तृत्वमुपाधिमस्तके निक्षिपतीत्यर्थः। वस्तुतो जीवस्याभोक्तृत्वे भोक्तृत्वधीः कथमित्यत आह—इदं हीति। चित्तादात्म्येन कल्पिता बुद्धिः सुखादिरूपेण परिणमते। बुद्ध्यविवेकाच्चिदात्मनः सुखादिरूपवृत्तिव्यक्तचैतन्यवत्त्वं भोक्तृत्वं भातीत्यर्थः। भोक्तृत्वमाविद्यकं, न वस्तुत इत्यत्र मानमाह—तथा चेति। यत्राविद्याकाले [2]'चैतन्यं भिन्नमिव भवति तदा द्रष्टृत्वादिकं, न वस्तुनि ज्ञात इत्यर्थः। तस्मात् 'ऋतं पिबन्तौ' (का० १-३-१) इति वाक्यमेव गुहाधिकरणविषय इति स्थितम् ॥१२॥

एवंविदि किञ्चन रज आध्वंसते" इत्याति उपसंहार वाक्य है। पूर्वपक्ष—फिर भला इस पक्ष में "तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति इति सत्त्वम्" इस वाक्य में कहे गये भोक्तृत्ववचन अचेतन सत्त्व में कैसे घटेगा? समाधान—यह श्रुति अचेतन सत्त्व में भोक्तृत्व कहूंगी, इसके लिए प्रवृत्त नहीं हुई है किन्तु चेतन क्षेत्रज्ञ में अभोक्तृत्व एवं ब्रह्मस्वरूपता को कहूँगी इसके लिए प्रवृत्त हुई है। एतदर्थ सुखादि विकारयुक्त बुद्धि में भोक्तृत्व का आरोप करती है और यह कर्तृत्व-भोक्तृत्वादि, बुद्धि एवं क्षेत्रज्ञ आत्मा के परस्पर स्वाभाविक अविवेक के कारण माना गया है, वस्तुतः तो उन दोनों में से एक में भी सम्भव नहीं है क्योंकि बुद्धि अचेतन है और क्षेत्रज्ञ निर्विकार है। इसके अतिरिक्त बुद्धि तो अविद्या प्रत्युपस्थापित स्वभाव होने के कारण उसमें कर्तृत्वादि सर्वथा सम्भव नहीं है। इसीलिए तो 'जहाँ द्वैत सा होता है वहाँ दूसरा दूसरे को देखता है' इत्यादि वाक्य द्वारा स्वप्न में देखे गये हस्त्यादि व्यवहार की भाँति अविद्यादि विषय में ही कर्तृत्वादि व्यवहार श्रुति दिखलाती है। 'जहाँ इस तत्त्वज्ञानी का सब कुछ आत्मा ही हो गया उस विद्या दशा में कौन किससे किसको देखेगा' इस वाक्य द्वारा विवेकियों के लिए कर्तृत्वादि व्यवहार का निषेध करती है। अतः कर्तृत्वभोक्तृत्व आविद्यक है वास्तविक नहीं है, इसीलिए गुहाधिकरण का विषय 'ऋतं पिबन्तौ' यह वाक्य ही है ॥१२॥

१. अविद्यया प्रत्युपस्थापितः प्रयोजितः स्वभावो जडत्वात्मको यस्य तत्त्वादित्यर्थः। अविद्याप्रयुक्तजडत्वादिति यावत्। जडत्वं चात्रानानन्दत्वरूपमतो नाचेतनत्वहेतुना पौनरुक्त्यमिति ध्येयम्। २. चैतन्यं भिन्नमिति—चैतन्यभिन्नमिति वा पाठः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

४. अन्तराधिकरणम् (सू० १३-१७)

(४४) अन्तर उपपत्तेः ॥१३॥

छायाजीवौ देवतेशौ वाऽसौ योऽक्षिणि दृश्यते। आधारदृश्यतोक्त्येशादन्येषु त्रिषु कश्चन।
कं खं ब्रह्म यदुक्तं प्राक् तदेवा'क्षिण्युपास्यते। वामनीत्वादिनान्येषु नामृतत्वादिसम्भवः॥

'य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति तद्यद्यप्यस्मिन्सर्पिर्वोदकं वा सिञ्चति वर्त्मनी एव गच्छति' (छा० ४-१५-१) इत्यादि श्रूयते। तत्र संशयः—किमयं प्रतिबिम्बात्माक्ष्यधिकरणो निर्दिश्यतेऽथवा विज्ञानात्मा उत देवतात्मेन्द्रियस्याधिष्ठाताऽथवेश्वर इति। किं तावत्प्राप्तम्? छायात्मा पुरुषप्रतिरूप इति।

अन्तर उपपत्तेः। उपकोसलविद्यावाक्यमुदाहरति—य इति। तदक्षिस्थानमसङ्गत्वेन ब्रह्मणोऽनुरूपं, यतोऽस्मिन्क्षिप्तं वर्त्मनी पक्ष्मणी एव गच्छतीत्यर्थः। दर्शनस्य लौकिकत्वशास्त्रीयत्वाभ्यां संशयमाह—तत्रेति। पूर्वं 'पिबन्तौ' इति प्रथमश्रुतचेतनत्वानुसारेण चरमश्रुता गुहाप्रवेशादयो नीताः, तद्वदिहापि दृश्यत इति चाक्षुषत्वानुसारेणामृतत्वादयो ध्यानार्थं कल्पितत्वेन नेया इति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—छायात्मेति। पूर्वपक्षे प्रतिबिम्बोपास्तिः, सिद्धान्ते ब्रह्मोपास्तिरिति फलम्—

---

४. अन्तराधिकरण

१. पूर्वाधिकरण में जिस प्रकार 'ऋतं पिबन्तौ' यह पदगत द्वित्व होने से जीव और परमेश्वर में चेतनत्वेन सादृश्य मानकर 'गुहाप्रवेशादि' चरमश्रुति को जीवपरमेश्वरपरक माना था वैसे ही यहाँ पर 'दृश्यते' इस प्रथमप्रत्यक्षत्व कथन से नेत्र में प्रतिबिम्बबोध अनुरोध से 'अमृतत्वादि' चरमश्रुति को स्तावक मानना चाहिए। इस प्रकार दृष्टान्त सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया गया है।

२. छान्दोग्य की उपकोशल विद्या में 'य एषोऽक्षिणी पुरुषो दृश्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद् ब्रह्मेति' ऐसी श्रुति है, वही यहाँ पर विचारणीय है।

३. क्या नेत्राधिकरणक निर्दिष्टतत्त्व प्रतिबिम्बादि है अथवा परमात्मा है? ऐसा संशय होता है।

४. आधार एवं दृश्यता का कथन होने से ईश्वर को छोड़कर अन्य छाया, जीवात्मा अथवा देवता इन तीनों में से कोई एक अक्षिस्थ पुरुष हो सकता है।

५. 'कं ब्रह्म खं ब्रह्म' ऐसा जिसे पहले कहा जा चुका है वही यहाँ पर नेत्र में वामनत्वादि धर्म से उपास्य कहा गया है। परमेश्वर को छोड़कर छायादि तीनों ही पदार्थों में अमृतत्वादि का होना सम्भव नहीं।

अन्तर उपपत्तेः (ललिता)

छान्दोग्य उपनिषद् को उपकोशल विद्या में कहा है 'जो यह नेत्र में पुरुष दीखता है, यह आत्मा है ऐसा आचार्य सत्यकाम ने उपदेश किया उसके बाद यह भी कहा कि यह अमृत है, अभय है और ब्रह्म है। यद्यपि चक्षु में घी अथवा जल डालते हैं तो वह दोनों ओत्पलकों से निकल जाता है, भीतर नहीं जाता" इत्यादि। वहाँ पर संशय होता है कि अक्ष्यधिकरण पदार्थ प्रतिबिम्ब

---

१. अक्षिणीति—च्छान्दसः पाठः, लोके त्वक्षणीति पाठ्यम्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुतः? तस्य दृश्यमानत्वप्रसिद्धेः। 'य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते' इति च प्रसिद्धवदुपदेशात्। विज्ञानात्मनो वाऽयं निर्देश इति युक्तम्। स हि चक्षुषा रूपं पश्यंश्चक्षुषि सन्निहितो भवति। आत्मशब्दश्चास्मिन्पक्षेऽनुकूलो भवति। आदित्यपुरुषो वा चक्षुषोऽनुग्राहकः प्रतीयते 'रश्मिभिरेषोऽस्मिन्प्रतिष्ठितः' (बृ० ५-५-२) इति श्रुतेः। अमृतत्वादीनां च देवतात्मन्यपि कथञ्चित्सम्भवात्। नेश्वरः, स्थानविशेषनिर्देशादित्येवं प्राप्ते ब्रूमः—परमेश्वर एवाक्षिण्यभ्यन्तरः पुरुष इहोपदिष्ट इति। कस्मात्? उपपत्तेः। उपपद्यते हि परमेश्वरे गुणजातमिहोपदिश्यमानम्। आत्मत्व तावन्मुख्यया वृत्त्या परमेश्वर उपपद्यते। 'स आत्मा तत्त्वमसि' इति श्रुतेः। अमृतत्वाभयत्वे च तस्मिन्नसकृच्छ्रुतौ श्रूयेते। तथा परमेश्वरानुरूपमेतदक्षिस्थानम्। यथाहि परमेश्वरः सर्वदोषैरलिप्तः, अपहतपाप्मत्वादिश्रवणात्। तथाक्षिस्थानं सर्वलेपरहितमुपदिष्टम्, 'तद्यद्यप्यस्मिन्सर्पिर्वोदकं वा सिञ्चति वर्त्मनी एव गच्छति' इति श्रुतेः। संयद्वामत्वादिगुणोपदेशश्च तस्मिन्नवकल्पते। 'एतं संयद्वाम

प्रसिद्धवदिति। चाक्षुषत्वेनेत्यर्थः। सम्भावनामात्रेण पक्षान्तरमाह—विज्ञानात्मन इत्यादिना। 'मनो ब्रह्म' इतिवत्, 'एतद्ब्रह्मेति' (छा० ३-१४-४) इति वाक्यस्येतिपदशिरस्कत्वान्न स्वार्थपरत्वमिति पूर्वपक्षः। 'मनो ब्रह्मेत्युपासीत' (छा० ३-१८-१) इत्यत्र इतिपदस्य प्रत्ययपरत्वात्, इह च ब्रह्मेत्युवाचेत्यन्वयेन इतिपदस्योक्तिसम्बन्धिनोऽर्थपरत्वाद्वैषम्यमिति सिद्धान्तयति—परमेश्वर एवेति। बहुप्रमाणसंवादस्तात्पर्यानुग्राहक इति न्यायानुगृहीताभ्यामात्मब्रह्मश्रुतिभ्यां दृश्यत्वलिङ्गं बाध्यमित्याह—संयद्वामेति। वामानि कर्मफलान्येतमक्षिपुरुषमभिलक्ष्य संयन्ति उत्पद्यन्ते, सर्वफलोदयहेतु-

---

बतलाया गया है? जीव, इन्द्रियों का अधिष्ठाता देवता अथवा ईश्वर बतलाया गया है? इस पर पूर्वपक्ष ने कहा कि पुरुष का प्रतिबिम्ब रूप छाया आत्मा ही नेत्र में उपदिष्ट है क्योंकि उसी में दृश्यमानता की प्रसिद्धि है। श्रुति ने **'य एषोऽक्षिणी पुरुषो दृश्यते'** इस वाक्य द्वारा प्रसिद्धि की भाँति उपदेश किया है जो प्रतिबिम्बात्मा में ही घटता है। अथवा जीवात्मा निर्देश यहाँ मानना उचित होगा क्योंकि नेत्र द्वारा रूप को देखने वाला जीव नेत्र में सन्निहित हो जाता है। साथ ही, इस पक्ष में आत्मा शब्द का प्रयोग भी अनुकूल पड़ता है। अथवा नेत्र का अनुग्राहक आदित्य पुरुष इस श्रुति में प्रतीत होता है 'क्योंकि यह भी चक्षु में रश्मियों द्वारा प्रतिष्ठित रहता है', ऐसी श्रुति ही अमृतत्वादि देवतात्मा में भी औपचारिक दृष्टि से सम्भव ही है किन्तु स्थान विशेष का निर्देश होने के कारण नेत्रस्थ पुरुष ईश्वर नहीं हो सकता ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि नेत्र के भीतर उपदिष्ट पुरुष यहाँ पर परमेश्वर ही है क्योंकि परमेश्वर में घटने वाले गुण समुदाय का ही उपदेश यहाँ भी किया गया है। उनमें आत्मत्व तो मुख्यवृत्ति से परमेश्वर में घटता ही है क्योंकि **'स आत्मा तत्त्वमसि'** ऐसी श्रुति है। अमृतत्व और अभयत्व गुणों का श्रवण श्रुति में परमेश्वर के लिए अनेक बार होता है। वैसे ही नेत्र स्थान का उपदेश परमेश्वरानुरूप ही है जैसे परमेश्वर **'अपहतपाप्मा'** होने के कारण सम्पूर्ण दोषों से अलिप्त है, वैसे ही नेत्र स्थान भी सर्वलेप, सर्वदोष से अलिप्त कहा गया है। **'तद्यद्यप्यस्मिन् वर्त्मनी एव गच्छति'** ऐसी श्रुति है। संयद्

---

१. उपचारात्। २. ब्रह्मपरत्वम्। ३. ध्यानपरत्वात्। ४. निमित्तीकृत्य।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४५) स्थानादिव्यपदेशाच्च ॥१४॥

इत्याचक्षत एतं हि सर्वाणि वामान्यभिसंयन्ति'। 'एष उ एव वामनीरेष हि सर्वाणि वामानि नयति'। 'एष उ एव भामनीरेष हि सर्वेषु लोकेषु भाति' (छा० ४-१५-२,३,४) इति च। अत उपपत्तेरन्तरः परमेश्वरः ॥१३॥

कथं पुनराकाशवत्सर्वगतस्य ब्रह्मणोऽक्ष्यल्पस्थानमुपपद्यत इति। अत्रोच्यते—भवेदेषाऽनवक्लृप्तिः, यद्येतदेवैकं स्थानमस्य निर्दिष्टं भवेत्। सन्ति ह्यन्यान्यपि पृथिव्यादीनि स्थानान्यस्य निर्दिष्टानि—'यः पृथिव्यां तिष्ठन्' (बृ० ३-७-३) इत्यादिना। तेषु हि चक्षुरपि निर्दिष्टम्—'यश्चक्षुषि तिष्ठन्' इति। 'स्थानादिव्यपदेशात्' इत्यादिग्रहणेनैतद्दर्शयति—न केवलं स्थानमेवैकमनुचितं ब्रह्मणो निर्दिश्यमानं दृश्यते। किं तर्हि? नामरूपमित्येवंजातीयकमप्यनामरूपस्य ब्रह्मणोऽनुचितं निर्दिश्यमानं दृश्यते—'तस्योदिति नाम' 'हिरण्यश्मश्रुः' (छा० १-६-७,६) इत्यादि। निर्गुणमपि सद्ब्रह्म 'नामरूपगतैर्गुणैः

रित्यर्थः। लोकानां फलदाताप्ययमेवेत्याह—वामनीरिति। नयति फलानि लोकान्प्रापयतीत्यर्थः। भामानी भानानि नयत्ययमित्याह—भामनीरिति। सर्वार्थप्रकाशक इत्यर्थः ॥१३॥

स्थाननामरूपाणां ध्यानार्थं श्रुत्यन्तरेऽप्युपदेशादक्षिस्थानत्वोक्तिर'त्र न दोष इति सूत्रयोजना। अनवक्लृप्तिः अक्लृप्तकल्पना तदा भवेत्, यद्यत्रैव निर्दिष्टं भवेदित्यन्वयः। नन्वनुचितबाहुल्योक्तिर'समाधानमित्याशङ्क्य युक्तिमाह—निर्गुणमपीति ॥१४॥

वामत्वादि गुणों का उपदेश भी परमेश्वर में घटता है। है 'इस नेत्रस्थ पुरुष को 'संयद्वाम' इस शब्द से कहते हैं क्योंकि इसको सभी अच्छे गुण प्राप्त करते हैं' यही पुरुष वामनी है क्योंकि सभी जीवों को अच्छे-अच्छे फल की प्राप्ति यही कराता है और यही सभी लोकों में प्रकाशक होने से भामनी भी कहा जाता है। इन सभी उपपत्तियों को देखते हुए नेत्र के भीतर उपदिश्यमान-पुरुष परमात्मा ही है ॥१३॥

स्थानादिव्यपदेशाच्च (ललिता)

अन्य श्रुति में भी स्थान, नाम और रूप का उपदेश ध्यान के लिए किया गया है। तदनुसार यहाँ पर भी ध्यानार्थ नेत्र स्थान कहना कोई दोष नहीं है। शङ्का—आकाश के समान व्यापक ब्रह्म को नेत्र जैसे अल्पस्थान में बतलाना किस प्रकार युक्ति सङ्गत हो सकता है? समाधान—यह शङ्का हो सकती थी यदि केवल नेत्र ही इसका स्थान बतलाया गया होता तो। पृथिव्यादि अनेक स्थान 'यः पृथिव्यां तिष्ठन्' इत्यादि वाक्य द्वारा जब कहे जा चुके हैं तो उनमें से 'यश्चक्षुषि तिष्ठन्' नेत्र भी स्थान बतलाया गया। केवल नेत्र ही स्थान नहीं कहा है। यही बात 'स्थानादि' सूत्र में आये हुए आदि पद से ग्रहण करना चाहिए। आपके कथनानुसार ब्रह्म के लिए केवल एक नेत्र स्थान का उपदेश अनुचित जान पड़ता है। इतना ही नहीं प्रत्युप, निरूप और निराकार ब्रह्म के

---

१. उदित्यादिनामगतगुणाः पाप्मासंस्पर्शित्वाद्यो हिरण्यश्मश्रुत्वेत्यादिविशिष्टस्य रूपस्य गुणा हिरण्यश्मश्रुत्वादयः प्रयुक्तत्वं तृतीयार्थस्तथा च नामादिगतगुणप्रयुक्तं ब्रह्मणः सगुणत्वम्। २. अत्र प्रकृतश्रुतौ न दोष ईश्वरग्रहप्रतिबन्धिका न भवतीत्यर्थः। ३. असमाधानमिति—सर्वस्यापि पक्षसमत्वादिति भावः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४६) सुखविशिष्टाभिधानादेव च ॥१५॥

सगुणमुपासनार्थं तत्र तत्रोपदिश्यत इत्येतदप्युक्तमेव । 'सर्वगतस्यापि ब्रह्मण उपलब्ध्यर्थं स्थानविशेषो न विरुध्यते, शालग्राम इव विष्णोरित्येतदप्युक्तमेव ॥१४॥

अपि च नैवात्र विवदितव्यम्—किं ब्रह्मास्मिन्वाक्येऽभिधीयते न वेति । सुखविशिष्टाभिधानादेव ब्रह्मत्वं सिद्धम् । सुखविशिष्टं हि ब्रह्म यद्वाक्योपक्रमे प्रक्रान्तं 'प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म' इति, तदेवेहाभिहितं, प्रकृतपरिग्रहस्य न्याय्यत्वात् । 'आचार्यस्तु ते गतिं वक्ता' (छा० ४-१४-१) इति च गतिमात्राभिधानप्रतिज्ञानात् । कथं पुनर्वाक्योपक्रमे सुखविशिष्टं ब्रह्म विज्ञायत इति । उच्यते—'प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म' इत्येतदग्नीनां

प्रकरणादपि ब्रह्म ग्राह्यमित्याह—सुखविशिष्टेति । ध्यानार्थं भेदकल्पनया सुखगुणविशिष्टस्य ब्रह्मणः प्रकृतस्य य एष इति सर्वनाम्नाभिधानादन्तरः परमात्मा स्यादिति सूत्रार्थः । ननु प्रकरणात्प्रबलेन दृश्यत्वलिङ्गेनोपस्थापितश्छायात्मा सर्वनामार्थ इत्यत आह—आचार्यस्त्विति । उपकोसलो नाम कश्चिद्ब्रह्मचारी जाबालस्याचार्यस्याग्नीन्द्वादशवत्सरान्परिचचार । तमनुपदिश्य देशान्तरगते जाबाले गार्हपत्याद्यग्निभिर्दयया 'प्राणो ब्रह्म' इत्यात्मविद्यामुपदिश्योक्तम्—आचार्यस्त्विति । तवात्मविद्याफलावाप्तये मार्गमर्चिरादिकं वदिष्यतीत्यर्थः । पश्चादाचार्येणागत्य 'य एषोऽक्षिणि' इत्युक्तार्चिरादिका गतिरुक्ता । तथा चाग्निभिरुक्तात्मविद्यावाक्यस्य गतिवाक्येनैकवाक्यता वाच्या, सा च सर्वनाम्ना प्रकृतात्मग्रहे निर्वहतीत्येकवाक्यतानिर्वाहकं प्रकरणं वाक्यभेदकालिलिङ्गाद्बलवदिति भावः । श्रुतिं व्याचष्टे—उच्यत इति । प्राणश्च सूत्रात्मा बृहत्त्वाद् ब्रह्मेति[1]

लिए नाम तथा रूप का निर्देश भी अनुचित ही जान पड़ता है, किन्तु **'तस्य उदिति नाम हिरण्यश्मश्रुः'** इत्यादि वाक्य से निर्गुण ब्रह्म भी नामरूपगत गुणों के द्वारा सगुण उपासना के लिए स्थल-स्थल पर कहा गया है। यदि ये नामरूप उपासना के लिए कहे गये हैं, इसीलिए विरुद्ध नहीं है तो सर्वव्यापक ब्रह्म की उपलब्धि के लिए स्थान विशेष का निर्देश भी विरुद्ध नहीं है। जैसे शालग्राम में उपासना के लिए व्यापक विष्णु का उपदेश किया गया है क्योंकि ऐसी उपासना से विष्णु प्रसन्न हो कर भक्त को दर्शन भी देते हैं। ठीक वैसे व्यापक ब्रह्म को उपलब्धि उपासना द्वारा हृदय देश में होती है, अतः उसे नेत्र स्थान बतलाना कोई विरुद्ध नहीं है ॥१४॥

सुखविशिष्टाभिधानादेव च (ललिता)

प्रकृत वाक्य में ब्रह्म का उपदेश है, इस सम्बन्ध में यहाँ पर विवाद करना ही नहीं चाहिए क्योंकि वाक्यारम्भ में **'प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति'** इस वाक्य के द्वारा जिसका वर्णन किया गया था उसी सुरतकथन वर्णन विशिष्ट तत्त्व का अभिधान इस वाक्य में भी किया गया है। प्रसङ्गानुसार अर्थग्रहण करना युक्ति सङ्गत है। अग्नियों ने **'प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति'** इस प्रकार उपदेश करने के बाद यह भी कहा था कि इस उपासना के फल प्राप्ति के मार्ग का उपदेश तो तुम्हारे आचार्य सत्यकाम ही करेंगे। 'अर्थात् गतिमात्र वर्णन की प्रतिज्ञा की गयी है जो शेष रह गया था, जिस उत्तरायण मार्ग का उपदेश आचार्य सत्यकाम ने किया। प्रश्न—वाक्यारम्भ में

---

१. चकारार्थं दर्शयति—सर्वेति । २. इति यदिति—इति यथा स्यात्तथा जानामि येन प्रकारेण प्राणशब्दार्थः सूत्रात्मा ब्रह्म भवति, तेन प्रकारेण तद्ब्रह्म जानामीति यावत् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वचनं श्रुत्वोपकोसल उवाच—'विजानाम्यहं यत्प्राणो ब्रह्म कं च तु खं च न विजानामि' इति। तत्रेदं प्रतिवचनम्—'यद्वाव कं तदेव खं यदेव खं तदेव कम्' (छा० ४-१०-५) इति। तत्र खंशब्दो भूताकाशे निरूढो लोके। यदि तस्य विशेषणत्वेन कंशब्दः सुखवाची नोपादीयेत, तथा सति केवले भूताकाशे ब्रह्मशब्दो [1]नामादिष्विव प्रतीकाभिप्रायेण प्रयुक्त इति प्रतीतिः स्यात्। तथा कंशब्दस्य विषयेन्द्रियसम्पर्कजनिते सामये सुखे प्रसिद्धत्वात्, यदि तस्य खंशब्दो विशेषणत्वेन नोपादीयेत, लौकिकं सुखं ब्रह्मेति प्रतीतिः स्यात्। इतरेतरविशेषितौ तु कंखंशब्दौ सुखात्मकं ब्रह्म गमयतः। तत्र द्वितीये ब्रह्मशब्देऽनुपादीयमाने क खं ब्रह्मेत्येवोच्यमाने कंशब्दस्य विशेषणत्वेनैवोपयुक्तत्वात्सुखस्य गुणस्याध्येयत्वं स्यात्, तन्मा भूदित्युभयोः कंखंशब्दयोर्ब्रह्मशब्दशिरस्त्वं 'कं ब्रह्म खं ब्रह्म' इति। इष्टं हि

यत्तज्जानामि। कं विषयसुखं, खं च भूताकाशं ब्रह्मत्वेन ज्ञातुं न शक्नोमीत्यर्थः। खं कथम्भूतं, यत्कं तदेव खमिति सुखेन विशेषितस्य खस्य भूतत्वनिरासः। तथा कं कथम्भूतं, यत्खं तदेव कमिति विभुत्वेन विशेषितस्य कस्य जन्यत्वनिरास इति व्यतिरेकमुखेनाह—तत्र खमित्यादिना। 'आत्मविद्या' (छा० ४-१४-१) इति श्रुतिविरोधात्प्रतीकध्यानमत्रानिष्टमिति भावः। सामय इति। आमयो दोषः साधनपारतन्त्र्यानित्यत्वादिः, तत्सहित इत्यर्थः। प्रत्येकग्रहणे दोषमुक्त्वा द्वयोर्ग्रहणे फलितमाह—इतरेतरेति। विशेषितार्थकावित्यर्थः। नन्वेकं ब्रह्मैवात्र ध्येयं चेद्ब्रह्मपदान्तरं किमर्थमित्यत आह—तत्रेति। विशेषणत्वेन खस्य भूतत्वव्यावर्तकत्वेनेत्यर्थः। ब्रह्मशब्दः शिरो ययोस्तत्त्वमिति विग्रहः। अध्येयत्वे को दोषः, तत्राह—इष्टं हीति। मार्गोक्त्या सगुणविद्यात्वावगमादिति भावः। आत्म-

---

सुख विशिष्ट ब्रह्म का उपदेश किया गया है यह कैसे जाना जाय? उत्तर—'**प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति**' अग्नियों का यह वचन सुनकर विद्यार्थी उपकोशल ने कहा कि मैं '**प्राणो ब्रह्म**' इसे तो समझता हूँ किन्तु कं और खं को मैं ब्रह्म नहीं समझ पाता हूँ। समष्टि प्राण हिरण्यगर्भ व्यापक होने से ब्रह्म हो सकता है किन्तु वैशयिक सुख और जड़ आकाश ब्रह्म कैसे हो सकता है? उपकोशल के इस प्रश्न का उत्तर आचार्य सत्यकाम ने 'जो कं है वही खं है और जो खं है वही कं है' ऐसा कहा। यहाँ पर लोक में खं शब्द भूताकाश अर्थ में रूढ़ है। यदि सुखवाचक कं शब्द विशेषण रूप में खं के लिए न कहा जाय (ग्रहण किया जाय) तो उस स्थिति में केवल जड़ भूताकाश में ब्रह्म शब्द का प्रयोग प्रतीकाभिप्राय से माना जायेगा। जैसे नाम आदि प्रतीकों में ब्रह्मदृष्टि के लिए उपदेश किया गया है ऐसे ही अचेतन भूताकाश में मात्र ब्रह्मदर्शन के लिए उपदेश है, तत्त्व उपदेश नहीं है। वैसे ही विषय एवं इन्द्रियों के संयोग से होने वाले साधन परतन्त्र अनित्य वैशयिक सुख में '**खम्**' शब्द न कहा जाय तो लौकिक वैशयिक सुख ब्रह्म है, ऐसा होने लग जायगा जो अनुभव विरुद्ध है। अतः कं, खं शब्द एक दूसरे में विशेषण बन कर सुखात्मक ब्रह्म का बोध कराते हैं। साथ ही, इन दोनों वाक्यों में ब्रह्म शब्द का प्रयोग पृथक्-पृथक् किया गया है। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो सुख रूप गुण उपास्य नहीं बन सकता था। गुणी की भाँति सुखरूप गुण भी उपासना के योग्य है, इसीलिए '**कं ब्रह्म, खं ब्रह्म**' इन दोनों वाक्यों में कं तथा खं शब्द के शिरोभाग में ब्रह्म शब्द भी रखा गया है क्योंकि गुणी की भाँति सुखरूप गुण भी ध्यान के लिए इष्ट ही है गार्हपत्यादि

---

१. नामब्रह्मेत्युपासीदित्यादिष्विवेत्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(४७) श्रुतोपनिषत्कगत्यभिधानाच्च ॥१६॥

सुखस्यापि गुणस्य गुणिवद्धयेयत्वम् । तदेवं वाक्योपक्रमे सुखविशिष्टं ब्रह्मोपदिष्टम् । प्रत्येकं च गार्हपत्यादयोऽग्नयः स्वं स्वं महिमानमुपदिश्य 'एषा सोम्य तेऽस्मद्विद्यात्मविद्या च' (छा० ४-१४-१) इत्युपसंहरन्तः पूर्वत्र ब्रह्म निर्दिष्टमिति ज्ञापयन्ति । 'आचार्यस्तु ते गतिं वक्ता' इति च गतिमात्राभिधानप्रतिज्ञानमर्थान्तरविवक्षां वारयति । 'यथा पुष्करपलाश आपो न श्लिष्यन्त एवमेवंविदि पापं कर्म न श्लिष्यते' (छा० ४-१४-३) इति चाक्षिस्थानं पुरुषं विजानतः पापेना'नुपघातं ब्रुवन्नक्षिस्थानस्य पुरुषस्य ब्रह्मत्वं दर्शयति । तस्मात्प्रकृतस्यैव ब्रह्मणोऽक्षिस्थानतां संयद्वामत्वादिगुणतां चोक्त्वार्चिरादिकां तद्विदो गतिं वक्ष्यामीत्युपक्रमते—'य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यत एष आत्मेति होवाच' (छा० ४-१५-१) इति ॥१५॥

इतश्चाक्षिस्थानः पुरुषः परमेश्वरः, यस्माच्छ्रुतोपनिषत्कस्य श्रुतरहस्यविज्ञानस्य ब्रह्मविदो या गतिर्देवयानाख्या प्रसिद्धा श्रुतौ—'अथोत्तरेण तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया

विद्यापदेनोपसंहारादपि प्रकृतं ब्रह्मेत्याह—प्रत्येकं चेति । पृथिव्यग्निरन्नमादित्य इति मम चतस्रस्तनवो विभूतिरिति गार्हपत्य उपदिदेश । आपो दिशो नक्षत्राणि चन्द्रमा इत्य'न्वाहार्यपचन उवाच । प्राण आकाशो द्यौर्विद्युदिति स्वमहिमानमाहवनीयो जगादेति विभागः । इयमस्माकमग्नीनां विद्या प्रत्येकमुक्ता । आत्मविद्या तु पूर्वमस्माभिर्मिलित्वा 'प्राणो ब्रह्म' इत्युक्तेत्यर्थः । 'उच्यतामग्निभिर्ब्रह्मच्छायात्मा गुरुणोच्यतां वक्तृभेदात्' इति तत्राह—आचार्यस्त्विवति । एकवाक्यतानिश्चयाद्वक्तृभेदेऽपि नार्थभेद इत्यर्थः ॥१५॥

श्रुता अनुष्ठिता उपनिषद् रहस्यं सगुणब्रह्मोपासनं येन तस्य या गतिः श्रुतौ स्मृतौ च प्रसिद्धा तस्या अत्राभिधानाल्लिङ्गादिति सूत्रार्थमाह—इतश्चेति । यस्माद्दृश्यते तत्तस्मादिहेत्यन्वयः । श्रुतिमाह—अथेति । देहपातानन्तरमित्यर्थः । स्वधर्मस्तपः, तपोब्रह्मचर्यश्रद्धाविद्याभिरात्मानं

सम्भवति, स तत्राधिकारीति न्यायस्तुल्य इत्यर्थः। यतः सर्वेषां सर्वत्राधिकारो न सम्भवति ततो न चापोद्येतेत्यन्वयः। तद्ब्रह्म यो यो देवादीनां मध्ये प्रत्यक्त्वेनाबुध्यत स तद्ब्रह्माभवदित्यर्थः। ते ह देवाः ऊचुरन्योन्यं, तत इन्द्रविरोचनौ सुरासुरराजौ प्रजापतिं ब्रह्मविद्यार्थं जग्मतुरिति च लिङ्गमस्तीत्यर्थः। 'किमत्र ब्रह्मामृतमिति गन्धर्वप्रश्ने याज्ञवल्क्य उवाच तमिति मोक्षधर्मेषु श्रुतं देवादीनामधिकारलिङ्गमित्याह—स्मार्तमिति। तथा बालानां गोलकेषु चक्षुरादिपदप्रयोगेऽपि शास्त्रज्ञैर्गोलका-

कारी नहीं भी है फिर भी दर्शादि याग में तो ब्राह्मण का अधिकार है ही, अतः कर्मत्व को हेतु बनाकर राजसूयादि को दृष्टान्त बनाकर यदि कोई दर्शादि में ब्राह्मण का अनधिकार सिद्ध करना चाहे तो वह अनुमान बाधित हो जाता है क्योंकि वह सदनुमान नहीं है अपितु अनुमानाभास है ऐसे ही विद्यात्व हेतु में अनुमानाभासत्व समझना चाहिए। यद्यपि देवतादि से व्यामिश्र मधु आदि विद्या में उनका अधिकार सम्भव नहीं है फिर भी शुद्ध ब्रह्मविद्या में देवादियों का अधिकार है ही क्योंकि ब्रह्मविद्या का फल मोक्ष उन्हें भी अभीष्ट है। शरीरधारी होने के कारण उनमें भी ब्रह्मविद्या का ग्रहणसामर्थ्य है और उनके अधिकार का निषेध भी नहीं किया गया है। इस स्थान पर अधिकार असम्भव है इतने मात्र से जहाँ अधिकार सम्भव है वहाँ भी यदि निषेध किया जायेगा तो मनुष्यों का भी अधिकार सर्वत्र सिद्ध नहीं हो सकेगा जैसे राजसूयादि याग में ब्राह्मणादि का अधिकार नहीं है अतः बृहस्पति सवन में भी उनका अधिकार छिन जायेगा। वहाँ जो अधिकार का प्रयोजकन्याय आप देंगे वही तर्क यहाँ भी लागू हो जायेगा। और ब्रह्मविद्या के प्रसङ्ग में श्रौतदर्शन भी देवादियों के अधिकार का सूचक है—"देवताओं में से जिस-जिस ने ब्रह्म का आत्मरूप से साक्षात्कार किया वह ब्रह्म हो गया, वैसे ही ऋषियों और मनुष्यों में भी जिस किसी ने ब्रह्म का साक्षात्कार आत्मभावेन किया वह ब्रह्म को प्राप्त हो गया।" और "प्रजापति की घोषणा सुनकर देवताओं और असुरों दोनों ने ही कहा कि हम उस आत्मा को जानना चाहते हैं जिसे जान लेने पर जीव सम्पूर्ण लोकों और सम्पूर्ण भोगों को प्राप्त कर लेता है, ऐसा निश्चयकर देवताओं के प्रतिनिधिरूप से इन्द्र और असुरों के प्रतिनिधिरूप से विरोचन ब्रह्मविद्या के आचार्य प्रजापति के पास गये' यह लिङ्ग भी ब्रह्मविद्या में देवताओं के अधिकार का ज्ञापक है। देवताओं में गन्धर्व एक जाति होती, उसका और महर्षि याज्ञवल्क्य का सम्वाद भी सुना जाता है। गन्धर्व ने महर्षि याज्ञवल्क्य से प्रश्न किया कि इस शरीर में नित्यब्रह्म क्या पदार्थ है? गन्धर्व के इस प्रश्न का उत्तर जो मोक्षधर्म में याज्ञवल्क्य ने दिया है यह स्मार्तलिङ्ग भी देवताओं के ब्रह्मविद्या में अधिकार का परिचायक है। जैसे बालक नेत्रगोलक को आँख

१. शरीरे। किमत्र ब्रह्म अमृतं किञ्चिद्वेद्यमनुत्तमम् चिन्तयेत्तत्र वं गत्वा गन्धर्वो माम पृच्छत विश्वावसुस्ततो राजा वेदोत ज्ञान कोविद इति मोक्षधर्मे जनकयाज्ञवल्क्यसंवादादुक्तानुमानासिद्धिरित्यर्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गन्धर्वयाज्ञवल्क्यसंवादादि । यदप्युक्तं ज्योतिषि भावाच्चेति । अत्र ब्रूमः—ज्योतिरादिविषया अपि आदित्यादयो देवतावचनाः शब्दाश्चेतनावन्तमैश्वर्याद्युपेतं तं तं देवतात्मानं समर्पयन्ति, मन्त्रार्थवादादिषु तथा व्यवहारात् । अस्ति ह्यैश्वर्ययोगाद्देवतानां ज्योतिराद्यात्मभिश्चावस्थातुं यथेष्टं च तं तं विग्रहं ग्रहीतुं सामर्थ्यम् । तथा हि श्रूयते 'सुब्रह्मण्यार्थवादे—मेधातिथेर्मेषेति । मेधातिथिं ह काण्वायनमिन्द्रो मेषो भूत्वा जहार' (षड्विंश ० ब्रा० १-१) इति । स्मर्यते च—'आदित्यः पुरुषो भूत्वा कुन्तीमुपजगाम ह' इति । मृदादिष्वपि चेतना अधिष्ठातारोऽभ्युपगम्यन्ते, मृदब्रवीदापोऽब्रुवन्नित्यादिदर्शनात् । ज्योतिरादेस्तु भूतधातोरादित्यादिष्वप्यचेतनत्वमभ्युपगम्यते । चेतनास्त्वधिष्ठातारो देवता-

---

तिरिक्तेन्द्रियाणि स्वीक्रियन्ते, तथा ज्योतिरादौ सूर्यादिशब्दप्रयोगेऽपि विग्रहवद्देवताः स्वीकार्या इत्याह—ज्योतिरादीति । तथा चेतनत्वेन व्यवहारादित्यर्थः । एकस्य जडचेतनोभयरूपत्वं कथं, तत्राह—अस्ति हीति । तथाहि विग्रहवत्तया देवव्यवहारः श्रूयते । सुब्रह्मण्यः उद्गातृगणस्थ ऋत्विक् तत्सम्बन्धी योऽर्थवादः 'इन्द्र, आगच्छ' इत्यादिः । तत्र मेधातिथेर्मेष, इतीन्द्रसम्बोधनं श्रुतम्, तद्व्याचष्टे—मेधेति । मुनिं मेषो भूत्वा जहारेति ज्ञापनार्थं मेष, इतीन्द्रसम्बोधनमित्यर्थः । यदुक्तमादित्यादयो मृदादिवदचेतना एवेति, तन्न, सर्वत्र जडाजडांशद्वयसत्त्वादित्याह—मृदिति । आदित्यादौ को जडभागः कश्चेतनांश इति, तत्राह—ज्योतिरादेस्त्विति । मन्त्रादिकं पदशक्त्या भासमानविग्रहादौ

कहता है फिर भी शास्त्रपण्डित नेत्रगोलक से भिन्न अपञ्चीकृत पञ्चमहाभूत तेज से निर्मित रूपदर्शन के साधन को नेत्र मानते हैं वैसे ही अज्ञानी जीव चाहे सूर्यादि शब्द का प्रयोग सूर्यमण्डलमात्र में करता हो, फिर भी विज्ञपुरुष देवताओं को शरीरधारी स्वीकार करते ही हैं। इसलिए पूर्वपक्षी ने जो कहा था कि **'ज्योतिषि भावाच्च'** इस सूत्र द्वारा तेजोमण्डलविशेष में आदित्य शब्द का प्रयोग देखा जाता है जिससे देवताओं का विद्या में अधिकार सिद्ध नहीं होता है, इस पर हमारा कहना है कि ज्योतिरादि विषयक देवता वाचक आदित्यादि शब्द भी चेतन, ऐश्वर्यादिसम्पन्न देवस्वरूप के बोधक हैं क्योंकि मन्त्र, अर्थवाद आदि में चेतनत्वेन व्यवहार होता है। एक ही को जड़ और चेतन उभयरूप कैसे माना जाय? क्योंकि ऐश्वर्यबल से देवता ज्योतिः आदि रूप में भी स्थित रहते हैं और यथेष्ट विग्रह को धारण करने में भी समर्थ हैं। उद्गातृगण में स्थित एक सुब्रह्मण्यनामक ऋत्विक् था, उससे सम्बन्धित **'इन्द्र आगच्छ'** इत्यादि जो अर्थवाद हैं वही सुब्रह्मण्यार्थवाद है, उसमें 'कण्व के पुत्र मेधातिथि को इन्द्र मेष बनकर चुरा ले गया' इसलिए इन्द्र ने मेष शब्द से उसे सम्बोधित किया था। पुराणों में भी कहा है कि एक बार 'आदित्य पुरुष बनकर कुन्ती के पास गये' इससे आदित्य में चेतनत्व सिद्ध होता है। मृदादि में भी चेतन अधिष्ठाता माने जाते हैं क्योंकि 'मिट्टी ने कहा, जल ने कहा' ऐसा शब्द देखा जाता है। तैजसतत्त्व ज्योतिरादि में आदित्य शब्द का प्रयोग अचेतनत्व का बोधक है फिर भी मन्त्र, अर्थवाद आदि में उसके अधिष्ठाता देवता चेतन ही देखे जाते हैं अर्थात् ज्योतिरादि जड़भाग है और अधिष्ठाता देव चेतन कहा गया है।

---

१. सामविद उद्गातृ प्रस्तोतृ प्रतिहर्तृ सुब्रह्मण्याख्याश्चत्वार ऋत्विजः सन्ति। एवं यजुर्विदोऽध्वर्युं प्रति प्रस्थातृ नेष्टुन्नेतारः ऋग्विदो होतृ मैत्रावरण विच्छा वाक ग्रावस्तुतः। त्रयी विदोब्रह्म ब्राह्मणच्छंसी आग्नीध्र पोतारः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्मनो मन्त्रार्थवादादिषु व्यवहारादित्युक्तम्। यदप्युक्तं मन्त्रार्थवादयोरन्यार्थत्वान्न देवताविग्रहादिप्रकाशनसामर्थ्यमिति। [1]अत्र ब्रूमः—[2]प्रत्ययाप्रत्ययौ हि सद्भावासद्भावयोः कारणं, नान्यार्थत्वमनन्यार्थत्वं वा। तथाह्यन्यार्थमपि प्रस्थितः पथि पतितं तृणपर्णाद्यस्तीत्येवं प्रतिपद्यते। अत्राह—विषम उपन्यासः, तत्र हि तृणपर्णादिविषयं [3]प्रत्यक्षं प्रवृत्तमस्ति येन तदस्तित्वं प्रतिपद्यते। [4]अत्र पुनर्विध्युद्देशैकवाक्यभावेन स्तुत्यर्थेऽर्थवादे न पार्थगर्थ्येन वृत्तान्तविषया प्रवृत्तिः शक्याऽध्यवसातुम्। नहि महावाक्येऽर्थप्रत्यायकेऽवान्तरवाक्यस्य पृथक्प्रत्यायकत्वमस्ति। यथा 'न सुरां पिबेत्' इति नञ्वति वाक्ये पदत्रयसम्बन्धात्सुरापानप्रतिषेध एवैकोऽर्थोऽवगम्यते। न पुनः सुरां पिबेदिति पदद्वयसम्बन्धात्सुरापानविधिरपीति। अत्रोच्यते—विषम उपन्यासः, युक्तं यत्सुरापानप्रतिषेधे पदान्वयस्यैकत्वादवान्तरवाक्यार्थ-

---

स्वार्थे न प्रमाणम्, अन्यपरत्वात्, विषं भुङ्क्ष्वेति वाक्यवदित्याह—यदपीति। अन्यपरादपि वाक्याद्बाधाभावे स्वार्थो ग्राह्य इत्याह—अत्र ब्रूम इति। तात्पर्यशून्येऽप्यर्थे [5]प्रत्ययमात्रेणास्तित्वमुदाहरति—तथा हीति। तृणादौ [6]प्रत्ययोऽस्ति विग्रहादौ स नास्तीति वैषम्यं शङ्कते—अत्राहेति। विध्युद्देशो [7]विधिवाक्यं, तदेकवाक्यतया प्रशस्तो विधिरित्येवार्थवादेषु प्रत्ययः। वृत्तान्तो [8]भूतार्थः विग्रहादिः तद्विषयः प्रत्ययो नास्तीत्यर्थः। नन्ववान्तरवाक्येन विग्रहादिप्रत्ययोऽस्त्वित्यत आह—न हीति। [9]सुरापानप्रत्ययोऽपि स्यादिति भावः। पदैकवाक्यत्ववाक्यैकवाक्यत्ववैषम्यान्मैवमित्याह—अत्रोच्यत इति।

और जो आप ने कहा था कि मन्त्र एवं अथंवाद भी भिन्न अर्थ के प्रतिपादक हैं, देवताविग्रह आदि के वोधक नहीं है, अतः वह अर्थवादरूप है। इस पर हमारा कहना है कि प्रमाण वस्तु के सद्भाव का और प्रमाणाभाव वस्तु के असद्भाव का कारण है, प्रमाण और प्रमाणाभाव अन्यार्थत्व का कारण नहीं है। कोई किसी अन्य प्रयोजन के लिए जा रहा हो फिर भी रास्ते में पड़े हुए तृण-पत्ते आदि के अस्तित्व को भी जानता ही है, ऐसे ही अर्थवादवाक्य प्रशंसार्थक है। इस पर पूर्वपक्षी ने कहा कि यह विषम दृष्टान्त है। दृष्टान्त में तृण-पर्णादि का प्रत्यक्ष होता है, इससे उनकी सत्ता का वोध होता है। किन्तु विधिवाक्य के साथ एकवाक्यता के लिए स्तुति अर्थ में अर्थवाद का तात्पर्य है, वह पृथक् रूप से वृत्तान्तविषयक प्रवृत्ति का निश्चय नहीं करा सकता है। अर्थबोधक महावाक्य में अवान्तर वाक्य को पृथक् अर्थ का वोधक नहीं मानते हैं जैसे 'सुरापान न करे' इस नञ्युक्त-वाक्य में तीनों पदों के सम्बन्ध से सुरापान का प्रतिषेध रूप एक ही अर्थ का वोध होता है न कि 'सुरां पिबेत्' इन दोनों पदों के सम्बन्ध से सुरापान की विधि भी सिद्ध होती है। इस पर सिद्धान्ती कहता है कि पदैकवाक्यत्व और वाक्यैकवाक्यत्व के भेद से वाक्य भिन्न-भिन्न प्रकार का है, इसलिए आप का यह कथन ठीक नहीं है। सुरापान प्रतिषेधक निषेध वाक्य में पदों का सम्बन्ध होने से एकता है, वहाँ

---

१. यस्मान्मानाद्यस्मिन्न वाधिता धीस्तस्मात्तद्भावः सिध्यति यत्र तु यतो मानान्न तथा धीर्न ततस्तत्सिद्धिरित्युत्सर्गस्तथा च मन्त्रादिभ्योऽपि स्वार्थे चेदवाधिता धीस्ततस्तेषां तत्र प्रामाण्यमित्याह—अत्र—ब्रूम इति। न हि विष भक्षणवाक्यमन्यर्थत्वान्न स्वार्थे मानं, किंतु मानांतर्विरोधादितितत्त्वम्। २. मानामानौ। ३. प्रमाणम्। ४. प्रतिसंयोगि वस्तु तात्पर्यनिरपेक्षमेव मानं चक्षु, वाक्यं तु यत्र तात्पर्यं तत्र मानं न प्रत्यर्थमिति वैषम्यमाह अत्रेति। ५. मानमात्रेण। ६. प्रत्यक्षप्रमाणमस्ति। ७. विध्युद्देशो विधिवाक्यमिति विधिरुद्दिश्यतेऽनेनेति व्युत्पत्तेः। ८. सिद्धार्थः। ९. अन्यथेत्यादौ शेषः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्याग्रहणम् । विध्युद्देशार्थवादयोस्त्वर्थवादस्थानि पदानि पृथगन्वयं वृत्तान्तविषयं प्रतिपद्यानन्तरं कैमर्थ्यवशेन कामं विधेः स्तावकत्वं प्रतिपद्यन्ते । यथा हि—'वायव्यं श्वेतमालभेत भूतिकामः' इत्यत्र विध्युद्देशवर्तिनां वायव्यादिपदानां विधिना सम्बन्धः, नैवं 'वायुर्वैक्षेपिष्ठा देवता वायुमेव स्वेन भागधेयेनोपधावति स एवैनं भूतिं गमयति' इत्येषामर्थवादगतानां पदानाम् । नहि भवति वायुर्वा आलभेतेति क्षेपिष्ठा देवता वा आलभेतेत्यादि । वायुस्वभावसङ्कीर्तनेन त्ववान्तरमन्वयं प्रतिपद्यैवं विशिष्टदैवत्यमिदं कर्मेति विधिं स्तुवन्ति । तद्यत्र सोऽवान्तरवाक्यार्थः प्रमाणान्तरगोचरो भवति तत्र तदनुवादेनार्थवादः प्रवर्तते । यत्र [1]प्रमाणान्तरविरुद्धस्तत्र [2]गुणवादेन । यत्र तु [3]तदुभयं

नञ्पदमेकं यदा सुरां पिबेदिति पदाभ्यामन्वेति तदा पदैकवाक्यमेकमेवार्थानुभवं करोति, न तु पदद्वयं पृथक्सुरापानं बोधयति, [4]तस्य विधौ निषेधानुपपत्तेः । वाक्यार्थानुभवं प्रत्यद्वारत्वात् । अर्थवादस्तु [5]भूतार्थसंसर्गं स्तुतिद्वारं बोधयन्विधिना वाक्यैकवाक्यतां भजत इत्यस्ति विग्रहाद्यनुभव इत्यर्थः । नन्वर्थवादस्थपदानामवान्तरसंसर्गबोधकत्वं विना 'साक्षादेव विध्यन्वयोऽस्तु, तत्राह—यथा हीति । साक्षादन्वयायोगं दर्शयति—न हीति । अर्थवादात्सर्वत्र स्वार्थग्रहणमाशङ्क्यार्थवादान्विभजते—तद्यत्रेति । तत्तत्रार्थवादेषु यत्र 'अग्निर्हिमस्य भेषजम्' इत्यादावित्यर्थः । 'आदित्यो यूपः' इत्यभेदो

पर अवान्तर वाक्य के अर्थों का बोध नहीं होता है । किन्तु विधिवाक्य के साथ सम्बन्ध रखने वाले अर्थवादवाक्य का अर्थबोध कुछ भिन्न प्रकार का है, वहाँ अथवादस्थ पद हैं जो पृथक् वृत्तान्त का बोध कराते हैं; उसके बाद जब यह आकांक्षा उत्पन्न होती है कि यह अर्थवादवाक्य किसलिए है तो इसी आकांक्षा के पूरकरूप से विधिवाक्य के साथ सम्बन्ध का बोध कराता है । जैसे कि 'ऐश्वर्य चाहने वाला यजमान वायु देवता से सम्बन्धित श्वेत पशु का आलभन करे' इस वाक्य में विधि उद्देश्यवर्ती वायव्यादि पदों का विधि पद के साथ सम्बन्ध है, उस विधि के साथ 'वायु अतिशीघ्रगामी देवता है इसलिए उस वायु को ही अपना भाग देकर सन्तुष्ट करता है तब वह वायु देवता ही उस यजमान को स्वसम्बन्धी ऐश्वर्य प्राप्त कराता है' इन अर्थवादवाक्यगत पदों का अन्वय कभी नहीं होता । अर्थवाद पदों का विधि पदों के साथ ऐसा अन्वय कभी नहीं होता कि 'वायु आलभन करे' और 'शीघ्रगामी देवता आलभन करे' इत्यादि । किन्तु इसमें तो वायु का स्वभाव बतलाकर अथवादवाक्यगत पद पहले अवान्तर अन्वय का बोध कराता है और ऐसे विशिष्ट देवता वाला यह कर्म है इस प्रकार विधि की स्तुति करते हैं । इनमें से जहाँ पर जो अवान्तर वाक्यार्थ प्रमाणान्तर का विषय होता है वहाँ तो उसका अनुवाद करते हुए अर्थवाद प्रवृत्त होता है और जहाँ प्रमाणान्तर से विरोध आता है वहाँ पर गुण बतलाते हुए अर्थवादवाक्य प्रवृत्त होता है किन्तु जहाँ पर अवान्तर वाक्यार्थ न तो प्रमाणान्तर का विषय है, और न प्रमाणान्तर के विरुद्ध है वहाँ पर जब प्रश्न होता है कि क्या प्रमाणान्तर का अभाव होने के कारण यह गुणवाद है अथवा प्रमाणान्तर से अवरोध होने के कारण

१. तयोर्मध्ये । २. अवांतरवाक्यार्थ इत्यनुकृष्यते । ३. अर्थवादः प्रवर्तते इत्यनुकृष्यते । ४. सत्रादित्वसंवादेत्येतदुभयम् । ५. सुरापानस्य । ६. महावाक्यार्थानुभवं प्रति अवांतरार्थस्य द्वारत्वमिष्टं सुरापानाख्यावांतरार्थस्यनिषेधवाक्यार्थे द्वारत्वाभावात्तन्न स्यादिति । ७. भूतार्थसंसर्गो विग्रहादिस्तस्य विधेययागस्तुतिद्वारत्वं बोधयन्नित्यर्थः । ८. प्रयाजादिवत् । ९. अग्निर्हिमस्येत्यादीनां न स्वार्थे प्रामाण्यमिष्टम् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नास्ति तत्र किं प्रमाणान्तराभावाद्गुणवादः स्यादाहोस्वित्प्रमाणान्तराविरोधाद्विद्यमानार्थवाद इति प्रतीतिशरणैर्विद्यमानार्थवाद आश्रयणीयो न गुणवादः। एतेन मन्त्रो व्याख्यातः। अपि च विधिभिरेवेन्द्रादिदैवत्यानि हवींषि चोदयद्भिरपेक्षितमिन्द्रादीनां स्वरूपम्। नहि स्वरूपरहिता इन्द्रादयश्चेतस्यारोपयितुं शक्यन्ते। न च चेतस्यानारूढायै तस्यै तस्यै देवतायै हविः प्रदातुं शक्यते। श्रावयति च—'यस्यै देवतायै हविर्गृहीतं स्यात्तां मनसा ध्यायेद्वषट्करिष्यन्' (ऐ० ब्रा० ३-८-१) इति। न च शब्द-

---

बाधित इति तेजस्वित्वादिगुणवादः। यत्र 'वज्रहस्तः पुरन्दरः' इत्यादौ मानान्तरसम्वादविसम्वादौ न स्तस्तत्र भूतार्थवाद इत्यर्थः, इति विमृश्येत्यध्याहारः। विग्रहार्थवादः, स्वार्थेऽपि तात्पर्यवान् अन्यपरत्वे सत्यज्ञाताबाधितार्थकशब्दत्वात्, प्रयाजादिवाक्यवदिति न्यायं मन्त्रेष्वतिदिशति—एतेनेति। वेदान्तानुवादगुणवादानां निराशाय हेतौ पदानि। न चोभयपरत्वे वाक्यभेदः, अवान्तरार्थस्य महावाक्यार्थद्वारत्वादिति भावः। विध्यनुपपत्त्यापि स्वर्गवद्देवताविग्रहोऽङ्गीकार्य इत्याह—अपि चेति। ननु क्लेशात्मके कर्मणि विधिः फलं विनाऽनुपपन्न इति भवतु 'यन्न दुःखेन सम्भिन्नम्' इत्यर्थवादसिद्धः स्वर्गो विधिप्रमाणकः। विग्रहं विना विधेः कानुपपत्तिः, तामाह—नहीति। उद्दिश्य त्यागानुपपत्त्या चेतस्यारोहोऽङ्गीकार्य इत्यत्र श्रुतिमप्याह—यस्या इति। अतश्चेतस्यारोहार्थो विग्रह एष्टव्यः। किञ्च कर्मप्रकरणपाठाद्विग्रहप्रमितिरपि प्रयाजवत्कर्माङ्गत्वेनाङ्गीकार्या, तां विना [१]कर्मापूर्वासिद्धेः। किञ्च सुप्रसन्नविग्रहवद्देवतां त्यक्त्वा शब्दमात्रं देवतेति भक्तिरयुक्तेत्याह—न च शब्देति। न चाऽऽकृतिमात्रं शब्दशक्यमस्तु किं विग्रहेणेति वाच्यं, निर्व्यक्त्याकृत्ययोगात्। अतः शब्दस्यार्थाकाङ्क्षायां मन्त्रादि-

---

विद्यमान अर्थ को बतलाता है तो ऐसा विचार कर प्रतीति के आधार पर विद्यमान अर्थ का ही बोधक मानना चाहिए, उसे गुणवाद नहीं मानना चाहिए। अर्थवाद वाक्य के सम्बन्ध में अभी जो तर्क दिया गया-इससे मन्त्र वाक्य का तात्पर्य भी व्याख्यात हो गया कि 'वज्रहस्तः पुरन्दरः' इस वाक्य में जब मानान्तर का सम्वाद और विसम्वाद है नहीं तो उसे भूतार्थवाद ही कहना चाहिए। अतः देवविग्रह बतलाने वाला अर्थवादवाक्य स्वार्थ में भी तात्पर्य रखता है, अन्यपरक मानने पर अज्ञात एवं अबाधित अर्थ का बोधक होने से, प्रयाज आदि वाक्य के समान, स्वार्थ में तात्पर्य रखता है, ऐसा तर्क मन्त्र में भी लगा लेना चाहिए। इसके अतिरिक्त इन्द्रादि देवता सम्बन्धी हवि का विधान करने वाले विधि वाक्यों को इन्द्रादि देवताओं के स्वरूप की अपेक्षा होती है क्योंकि रूपरहित इन्द्रादि किसी के चित में आरूढ़ नहीं हो सकते हैं और जब तक चित्त में उस देवता का स्वरूप न आ जाय तब तक उस देवता के लिए हवि प्रदान नहीं कर सकते हैं। श्रुति ने भी ऐसा ही कहा है—'हविर्धानि (यज्ञपात्रविशेष) में जिस देवता के लिए हवि का ग्रहण किया हो, उस देवता का मन से ध्यान करते हुए हवि छोड़।' इसके अतिरिक्त सुन्दर विग्रह वाले देवताओं को छोड़कर शब्दमात्र को देवता मानना भी सम्भव नहीं है क्योंकि शब्द और अर्थ में भेद देखा गया है। अग्नि शब्द का उच्चारण मुख से करते हैं किन्तु उसका अङ्गारा मुख से बाहर ही होता है, दोनों एक नहीं होते। यदि दोनों को एक मानोगे तो अङ्गार के स्पर्श से जिसप्रकार दाह होता है ऐसे ही अग्नि शब्द के उच्चारण में भी दाह मानना पड़ेगा, जो अनुभवविरुद्ध होने के कारण सर्वथा अमान्य है।

---

१. संवादाभावादित्यर्थः। २. दैवताम्। प्रधानकर्म।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मात्रमर्थस्वरूपं सम्भवति, शब्दार्थयोर्भेदात्, तत्र यादृशं मन्त्रार्थवादयोरिन्द्रादीनां स्वरूपमवगतं न तत्तादृशं शब्दप्रमाणकेन प्रत्याख्यातुं युक्तम्। इतिहासपुराणमपि व्याख्यातेन मार्गेण सम्भवन्मन्त्रार्थवादमूलत्वात्प्रभवति देवताविग्रहादि साधयितुम्। प्रत्यक्षादिमूलमपि सम्भवति। भवति ह्यस्माकमप्रत्यक्षमपि चिरन्तनानां प्रत्यक्षम्। तथा च व्यासादयो देवादिभिः प्रत्यक्षं व्यवहरन्तीति स्मर्यते। यस्तु ब्रूयादिदानीन्तनानामिव पूर्वेषामपि नास्ति देवादिभिर्व्यवहर्तुं सामर्थ्यमिति, स जगद्वैचित्र्यं प्रतिषेधेत्। [1]इदानीमिव च नान्यदापि सार्वभौमः क्षत्रियोऽस्तीति ब्रूयात्। [2]ततश्च राजसूयादिचोदना उपरुन्ध्यात्। [3]इदानीमिव च कालान्तरेऽप्यव्यवस्थितप्रायान्वर्णाश्रमधर्मान्प्रतिजानीत। [4]ततश्च [5]व्यवस्थाविधायि शास्त्रमनर्थकं स्यात्। [6]तस्माद्धर्मोत्कर्षवशाच्चिरन्तना

प्रमितविग्रहोऽङ्गीकार्य इत्याह—तत्रेति। एवं मन्त्रार्थवादमूलकमितिहासादिकमपि विग्रहे मानमित्याह—इतिहासेति। प्रमाणत्वेन सम्भवादित्यर्थः। व्यासादीनां योगिनां देवतादिप्रत्यक्षमपीतिहासादेर्मूलमित्याह—प्रत्यक्षेति। व्यासादयो देवादिप्रत्यक्षशून्याः, प्राणित्वात्, अस्मद्वदित्यनुमानमतिप्रसङ्गेन दूषयति—यस्त्वित्यादिना। सर्वं घटाभिन्नं, वस्तुत्वात्, घटवदिति जगद्वैचित्र्यं नास्तीत्यपि न ब्रूयात्। तथा क्षत्रियाभावं वर्णाश्रमाभावं वर्णाश्रमाद्यव्यवस्थां च ब्रूयात्, निरङ्कुशबुद्धित्वात्।

मन्त्र एवं अर्थवादवाक्य में इन्द्रादि का जैसा स्वरूप जाना गया है उस स्वरूप का निराकरण शब्दप्रमाण माननेवाले कोई भी प्रबुद्ध व्यक्ति नहीं कर सकते। इतिहास पुराण भी उसी मार्ग से मन्त्र एवं अर्थवादमूलक होने कारण देवताविग्रह आदि को सिद्ध करने में समर्थ हैं। देवता के विग्रह आदि मानने में प्रत्यक्षादि प्रमाण भी सम्भव हो सकता है। हम लोगों को ऐसी किसी वस्तु का प्रत्यक्ष नहीं भी हुआ हो फिर भी चिरजीवी पुरुषों को ऐसे तत्त्व का भी प्रत्यक्ष होता है। व्यासादि देवताओं के साथ प्रत्यक्ष व्यवहार करते सुने जाते हैं, इसमें पुराण-इतिहासादि प्रमाण है। और जो कोई ऐसा कहता हो कि जैसे वर्तमान समय में आधुनिक व्यक्तियों में देवादि के साथ व्यक्तिगत व्यवहार करने का सामर्थ्य नहीं है ऐसे ही पूर्वकाल में होनेवाले ऋषियों को भी देवादियों का प्रत्यक्षकरण सामर्थ्य नहीं था? तो ऐसा कहने वाला व्यक्ति जगत् की विचित्रता का निषेध कर डालेगा। फिर तो वह ऐसा भी कह सकता है कि जैसे आजकल कोई सार्वभौम क्षत्रिय नहीं है ऐसे ही अन्य समय में भी कोई सार्वभौम क्षत्रिय नहीं था, ऐसा दुराग्रह करने पर राजसूयादि यज्ञ का विधान ही बाधित हो जायेगा क्योंकि जब आज की भाँति कभी भी किसी भी युग में कोई सार्वभौम क्षत्रिय हुआ ही नहीं, तो फिर वेद में राजसूयादि यज्ञ का विधान व्यर्थ ही हो जायेगा। इस समय वर्णाश्रमधर्म व्यवस्थित नहीं है ऐसे ही कालान्तर में भी वर्णाश्रमधर्म व्यस्थित नहीं था, ऐसा कहने की प्रतिज्ञा भी वह व्यक्ति करने लग जायेगा, वैसी स्थिति में वर्णाश्रमधर्म व्यवस्था का विधान करनेवाला शास्त्र अनर्थक हो जायेगा। इसलिए धर्म की उत्कर्षता के कारण चिरन्तन

१. अतीतऽनागतकालौ सार्वभौमशून्यौ कालत्वाद्वर्तमानकालवदित्यतिप्रसङ्गान्तरमाह—इदानीमिवेति। २. तत्रापि सिद्धसाध्यत्वं प्रत्याह—ततश्चेति। ३ विमतः कालोऽव्यवस्थितप्रायवर्णाश्रमशाली कालत्वात्संमतवदिति प्रसङ्गान्तरमाह-इदानीमिति। ४. तत्रापि सिद्धसाध्यत्वमाशङ्क्याह—ततश्चेति। ५. व्यवस्थाविधायीति तत्तद्युगेषु तत्तद्वर्णाश्रमयोगितया तत्तदसङ्कीर्णधर्मबोधकमित्यर्थः। ६. सामान्यतोदृष्टानुमानस्यातिप्रसक्तिप्रतिहतत्वे फलितमाह—तस्मादिति।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवादिभिः प्रत्यक्षं व्यवजह्रुरिति श्लिष्यते। अपिच स्मरन्ति—'स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः' (यो० सू० २-४४) इत्यादि। योगोऽप्यणिमाद्यैश्वर्यप्राप्तिफलः स्मर्यमाणो न शक्यते साहसमात्रेण प्रत्याख्यातुम्। श्रुतिश्च योगमाहात्म्यं प्रख्यापयति—"पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते। न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्' ॥ (श्वे० २-१२) इति। ऋषीणामपि मन्त्रब्राह्मणदर्शिनां सामर्थ्यं नास्मदीयेन सामर्थ्येनोपमातुं युक्तम्। तस्मात्समूलमितिहासपुराणम्। लोकप्रसिद्धिरपि न सति सम्भवे निरालम्बनाध्यवसातुं युक्ता। तस्मादुपपन्नो मन्त्रादिभ्यो देवादीनां विग्रहवत्त्वाद्यवगमः। ततश्चार्थित्वादिसम्भवादुपपन्नो देवादीनामपि ब्रह्मविद्यायामधिकारः। क्रममुक्तिदर्शनान्यप्येवमेवोपपद्यन्ते ॥३३॥

तथा च राजसूयादिशास्त्रस्य कृतादियुगधर्मव्यवस्थाशास्त्रस्य बाध इत्यर्थः। योगसूत्रार्थादपि देवादिप्रत्यक्षसिद्धिरित्याह—अपि चेति। मन्त्रजपाद्देवतासान्निध्यं तत्सम्भाषणं चेति सूत्रार्थः। योगमाहात्म्यस्य श्रुतिस्मृतिसिद्धत्वाद्योगिनामस्ति देवादिप्रत्यक्षमित्याह—योग इति। पादतलादाजानोर्जानोरानाभेर्नाभेराग्रीवाया ग्रीवायाश्चाऽऽकेशप्ररोहं ततश्चाब्रह्मरन्ध्रं पृथिव्यादिपञ्चके समुत्थिते धारणया जिते योगगुणे चाणिमादिके प्रवृत्ते योगाभिव्यक्तं तेजोमयं शरीरं प्राप्तस्य योगिनो न रोगादिस्पर्श इत्यर्थः। चित्रकारादिप्रसिद्धिरपि विग्रहे मानमित्याह—लोकेति। अधिकरणार्थमुपसंहरति—तस्मादिति। चिन्तायाः फलमाह—क्रमेति। एवमेव देवादीनां ब्रह्मविद्याधिकारे सत्येव देवत्वप्राप्तिद्वारा क्रममुक्तिफलान्युपासनानि युज्यन्ते। देवानामनधिकारे ज्ञानाभावात्क्रममुक्त्यर्थिनामुपासनेषु प्रवृत्तिर्न स्यात्, अतोऽधिकारनिर्णयात्प्रवृत्तिसिद्धिरिति भावः ॥३३॥

पुरुष देवतादि के साथ प्रत्यक्ष व्यवहार करते थे, ऐसा मानना ही उचित होगा।

योगसूत्र से भी देवादियों का प्रत्यक्ष होना सिद्ध होता है। महर्षि पतञ्जलि ने योगसूत्र में कहा कि 'स्वाध्याय (मन्त्रजपादि) से इष्टदेवता का सान्निध्य और सम्भाषण प्राप्त होता है।' अणिमादि ऐश्वर्यप्राप्ति ही जिसका फल है ऐसा फल बतलाने वाले योग का खण्डन बिना समझे नहीं कर सकते, क्योंकि श्रुति ने भी योग का माहात्म्य बतलाया है—'जब किसी योगी के शरीर में पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश के गुण धारणादि द्वारा प्रवृत्त होते हैं, तब योगाभिव्यक्त तेजोमय शरीर उस योगी को प्राप्त हो जाता है, फिर तो उसे रोग, वृद्धावस्था और असमय मृत्यु का स्पर्श भी नहीं होता है।' मन्त्र एवं ब्राह्मण के द्रष्टा ऋषियों का सामर्थ्य भी हम लोगों के सामर्थ्य से तुल्य नहीं माने जा सकते अर्थात् जैसा सामर्थ्य आज हम सब में है वैसे ही सामर्थ्य मन्त्र द्रष्टा ऋषियों में भी था, ऐसा कहना उचित नहीं होगा। इसलिए इतिहास पुराण भी निर्मूल नहीं है, किन्तु उनके मूल में मन्त्र एवं अर्थवादवाक्य विद्यमान है। लोक में चित्रकार देवताओं के चित्र बनाते हैं यह प्रसिद्धि भी, उक्त रीति से देवादियों का विग्रह सिद्ध हो जाने पर, निरालम्ब नहीं मानी जा सकती। अतः मन्त्रादि से देवादि का विग्रहवाला होना सिद्ध हो गया, फिर तो उनमें ब्रह्मविद्या के फल मोक्ष की आकांक्षा भी हो ही सकती है। देवादि के अधिकार का निषेधक कोई वाक्य भी नहीं है, ऐसी स्थिति में देवादियों का भी ब्रह्मविद्या मे अधिकार सिद्ध हो गया। क्रममुक्ति बतलाने वाली उपासनायें भी पूर्वोक्त प्रकार से ही युक्तियुक्त सिद्ध हो पाती हैं अन्यथा क्रममुक्ति चाहने वाले तदुचित उपासना में प्रवृत्त ही नहीं हो सकते हैं और अधिकार का निश्चय हो जाने पर उपासनाओं में प्रवृत्ति सिद्ध हो जाती है। इसलिए देवताओं को शरीरधारी मानना चाहिए ॥३३॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

९. अपशूद्राधिकरणम् (सू० ३४-३८)

(९७) शुगस्य तदनादरश्रवणात्तदाद्रवणात्सूच्यते हि ॥३४॥

शूद्रोऽधिक्रियते वेदविद्यायामथवा न हि। अत्रैवर्णिकदेवाद्या इव शूद्रोऽधिकारवान्।
देवाः स्वयभातवेदाः शूद्रोऽध्ययनवर्जनात्। नाधिकारी श्रुतौ स्मार्ते त्वधिकारो न वार्यते॥

यथा मनुष्याधिकारनियममपोह्य देवादीनामपि विद्यास्वधिकार उक्तस्तथैव द्विजात्यधिकारनियमापवादेन शूद्रस्याप्यधिकारः स्यादित्येतामाशङ्कां निवर्तयितुमिदमधिकरणमारभ्यते। तत्र शूद्रस्याप्यधिकारः स्यादिति तावत्प्राप्तम्। अर्थित्वसामर्थ्ययोःसम्भवात्।

शुगस्य—सूच्यते हि। पूर्वेणास्य दृष्टान्तसङ्गतिमाह—यथेति। पूर्वत्र देवादीनामधिकारसिद्ध्यर्थं मन्त्रादीनां [1]भूतार्थे विग्रहादौ समन्वयोक्त्या वेदान्तानामपि भूतार्थे ब्रह्मणि समन्वयो दृढीकृतः। अत्रापि शूद्रशब्दस्य श्रौतस्य क्षत्रिये समन्वयोक्त्या स दृढीक्रियत इत्यधिकरणद्वयस्य प्रासङ्गिकस्याऽस्मिन्समन्वयाध्यायेऽन्तर्भाव इति मन्तव्यम्। पूर्वपक्षे शूद्रस्याऽपि द्विजवद्वेदान्तश्रवणे प्रवृत्तिः, सिद्धान्ते तदभाव इति फलम्। अत्र वेदान्तविचारो विषयः, स किं शूद्रमधिकरोति न वेति सम्भवासम्भवाभ्यां सन्देहे पूर्वपक्षमाह—तत्र शूद्रस्यापीत्यादिना। तस्मादनग्नित्वादनवक्लृप्तोऽसमर्थः। विद्यार्थिनि शूद्र-

---

९. अपशूद्राधिकरण

१—श्रुति में देवादि सुने जाने से जैसे ब्रह्मविद्या में उनका अधिकार कहा गया वैसे ही श्रुति में शूद्र शब्द का श्रवण होने से शूद्र का भी ब्रह्मविद्या में अधिकार है, ऐसे पूर्व अधिकरण के निर्णीत-विषय को दृष्टान्त बनाकर इस अधिकरण का उत्थापन हुआ है, इसलिए पूर्व के साथ इसकी दृष्टान्त संगति है।

२—"अह हारेत्वा शूद्र तवैव सह गोभिरस्तु" (छा० ४।२।३) यह वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३—वेदविद्या में शूद्र का अधिकार है अथवा नहीं ? ऐसा संशय होता है।

४—त्रैवर्णिक से भिन्न होने पर भी जैसे देवादि ब्रह्मविद्या के अधिकारी हैं वैसे ही शूद्र भी अधिकारी माना जायेगा।

५—देवादियों को वेद का ज्ञान जन्मसिद्ध होता है और विद्या का फल भी उन्हें अभीष्ट है, अतः वे वेदविद्या में अधिकारी माने जाते हैं; किन्तु वेदाध्ययन शूद्रों के लिए निषिद्ध होने के कारण विद्याफलाकांक्षा उनमें रहने पर भी वेदोक्त ज्ञान में उनका अधिकार नहीं, श्रुति एवं स्मृति में उनके वेदाध्ययन का निषेध भी किया गया है।

शुगस्य तदनादरश्रवणात्तदाद्रवणात्सूच्यते हि (ललिता)

पूर्व अधिकरण के साथ इसकी दृष्टान्त संगति है, जिसे भाष्यकार कहते हैं कि जिस प्रकार विद्या में मनुष्याधिकार नियम का अपवादकर देवादियों का भी अधिकार कहा, ऐसे ही वेदविद्या में द्विजातीय अधिकारनियम के अपवादरूप से शूद्र का भी अधिकार मानना चाहिए; इस आशङ्का को दूर करने के लिए यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है। यहाँ पर पूर्वपक्ष ने शूद्र को भी वेदविद्या में अधिकार माना है, क्योंकि उसमें भी विद्या फल मोक्ष की आकांक्षा सम्भव है और

---

१. सिद्धार्थे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

'तस्माच्छूद्रो यज्ञेऽनवक्लृप्तः' (तै० सं० ७-१-१-६) इतिवत् 'शूद्रो विद्यायामनवक्लृप्तः' इति च निषेधाश्रवणात्। यच्च कर्मस्वनधिकारकारणं शूद्रस्यानग्नित्वं, न तद्विद्यास्वधिकारस्यापवादकं लिङ्गम्। न ह्याहवनीयादिरहितेन विद्या वेदितुं न शक्यते। भवति च लिङ्गं शूद्राधिकारस्योपोद्बलकम्, संवर्गविद्यायां हि जानश्रुतिं पौत्रायणं शुश्रूषुं शुद्रशब्देन परामृशति—'अह हारेत्वा शूद्र तवैव सह गोभिरस्तु' (छा० ४-२-३) इति। विदुरप्रभृतयश्च शूद्रयोनिप्रभवा अपि विशिष्टविज्ञानसम्पन्नाः स्मर्यन्ते। तस्मादधिक्रियते शूद्रो विद्यास्विति। एवं प्राप्ते ब्रूमः—न शूद्रस्याधिकारः,

---

शब्दप्रयोगाल्लिङ्गादपि शूद्रस्याधिकार इत्याह—भवति चेति। जानश्रुतिः किल षट् शतानि गवां रथं च रैक्वाय गुरवे निवेद्य मां शिक्षयेत्युवाच, ततो रैक्वो विधुरः कन्यार्थी सन्निदमुवाच—अहेति। निपातः खेदार्थः। हारेण निष्केण युक्त इत्वा गन्ता रथो हारेत्वा स च गोभिस्सह हे शूद्र, तवैवास्तु किमल्पेनानेन मम गार्हस्थ्यानुपयोगिनेति भावः। अर्थित्वादिसम्भवे श्रेयस्साधने प्रवृत्तिरुचिता स्वाभाविकत्वादिति न्यायोपेताल्लिङ्गादित्याह—तस्मादिति। सूत्राद्बहिरेव सिद्धान्तयति—न शुद्रस्याधिकार इत्यादिना। आपाततो विदितो वेदार्थो येन तस्येत्यर्थः। अध्ययनविधिना संस्कृतो वेदस्तदुत्थमापातज्ञानञ्च वेदार्थविचारेषु शास्त्रीयं सामर्थ्यम्, तदभावाच्छूद्रस्यार्थित्वादिसम्भवन्याया-

---

तदर्थानुष्ठान सामर्थ्य भी सम्भव है। 'यज्ञानुष्ठान में शूद्र समर्थ नहीं है' यज्ञानुष्ठान में शूद्र के अधिकार का निषेध करने वाला यह वाक्य जिस प्रकार है वैसा 'शूद्र विद्या ग्रहण करने में समर्थ नहीं है' ऐसा निषेध नहीं सुना जाता और जो कर्मों में शूद्र के अनधिकार का कारण अनग्नित्व कहा गया है अर्थात् शूद्र के लिए अग्नि आधान का विधान नहीं है। 'वसन्ते ब्राह्मणोऽग्नीन् आदधीत ग्रीष्मे राजन्य शरदे वैश्यः' इन वाक्यों के द्वारा ब्राह्मणादि त्रैवर्णिक के लिए अग्नि आधान का विधान एवं काल निश्चित किया गया है वैसा शूद्र के लिए न अग्नि आधान का विधान है, न उसके लिए काल ही निर्धारित है। अतः शूद्र का वैदिक कर्मानुष्ठान में अधिकार नहीं है वैसा विद्याधिकार का निषेध करने वाला कोई लिङ्ग नहीं दीखता है जिससे वेदविद्या में शूद्र का अनधिकार माना जाय। आहवनीय अग्नि के न रहने पर विद्या को प्राप्त ही नहीं कर सकता ऐसी बात नहीं है। इसके विपरीत वेदविद्या में शूद्र के अधिकार का समर्थक लिङ्ग देखा जाता है क्योंकि संवर्ग विद्या में श्रवण की इच्छा से आये हुए पौत्रायण जानश्रुति को रैक्व ने पहले शूद्र शब्द से सम्बोधित किया है। जब जानश्रुति ने छः सौ गायें, निष्क (हार) और रथ आचार्य रैक्व को निवेदितकर शिक्षा के लिए प्रार्थना की, तो विधुर रैक्व जो कन्यार्थी था, उसने कहा—दुःख है, अरे शूद्र! गायों के सहित यह हार और खच्चरियों से युक्त रथ तू वापस ले जा, यह भेंट तुझे ही मुबारक हो क्योंकि गार्हस्थ्यानुपयोगी इस अल्प साधन से मेरा काम नहीं चलेगा। विदुर आदि शूद्र योनि में जन्म लेकर विशिष्ट वैदिक विज्ञान से सम्पन्न देखे जाते हैं। अतः शूद्र भी विद्या में अधिकारी माना जाना जायेगा? ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि वेदार्थ अनुष्ठान में वेदाध्ययन का अभाव होने

---

१ कर्मानधिकारे तेनैव न्यायेन विद्यायामपि नाधिकारस्तत्राह—यच्चेति। २. किमाहवनीयाद्यभावादनधिकारः शूद्रस्य विद्यायामुच्यते किं वाऽधिकारे मानाभावात्तत्राद्यं दूषयति—न हीति। ३. विद्याया दृष्टसाधनत्वादाहवनीयादेरत्र किञ्चित्करत्वात्तद्रहितस्यापि तद्धेतुमतस्तत्प्राप्तिरिति भावः। द्वितीयं निराह—भवतीति।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वेदाध्ययनाभावात् । अधीतवेदो हि विदितवेदार्थो वेदार्थेष्वधिक्रियते । न च शूद्रस्य वेदाध्ययनमस्ति, उपनयनपूर्वकत्वाद्वेदाध्ययनस्य उपनयनस्य च वर्णत्रयविषयत्वात् यत्त्वर्थित्वं न तदसति सामर्थ्येऽधिकारकारणं भवति । सामर्थ्यमपि न लौकिकं केवलमधिकारकारणं भवति । शास्त्रीयेऽर्थे शास्त्रीयस्यसामर्थ्यस्यापेक्षितत्वात् । शास्त्रीयस्य च सामर्थ्यस्याध्ययननिराकरणेन निराकृतत्वात् । यच्चेदं–'शूद्रो यज्ञेऽनवक्लृप्तः'–इति तन्न्यायपूर्वकत्वाद्विद्यायामप्यनवक्लृप्तत्वं द्योतयति, न्यायस्य साधारणत्वात् । यत्पुनः संवर्गविद्यायां शूद्रशब्दश्रवणं लिङ्गं मन्यसे, न तल्लिङ्गं, न्यायाभावात् । न्यायोक्ते हि लिङ्गदर्शनं द्योतकं भवति, न चात्र न्यायोऽस्ति । कामं चायं शूद्रशब्दः संवर्गविद्यायामेवैकस्यां शूद्रमधिकुर्यात्, तद्विषयत्वात्, न सर्वासु विद्यासु । अर्थवादस्थत्वात्तु न

सिद्धेर्नास्ति वेदान्तविचाराधिकार इत्यर्थः । यद्वाऽध्ययनसंस्कृतेन वेदेन विदितो निश्चितो वेदार्थो येन, तस्य वेदार्थेषु[1] विधिष्वधिकारो नान्यस्य, अनधीतवेदस्यापि वेदार्थानुष्ठानाधिकारेऽध्ययनविधिवैयर्थ्यापातात् । अतः फलपर्यन्तब्रह्मविद्यासाधनेषु श्रवणादिविधिषु शूद्रस्यानधिकार इत्यर्थः । अधीतवेदार्थज्ञानवत्त्वरूपस्याध्ययनविधिलभ्यस्य सामर्थ्यस्याभावादिति न्यायस्य तुल्यत्वात् यज्ञपदं वेदार्थोपलक्षणार्थमित्याह—न्यायस्य साधारणत्वादिति । तस्माच्छूद्र इति तच्छब्दपरामृष्टन्यायस्य यज्ञब्रह्मविद्ययोस्तुल्यत्वादित्यर्थः । पूर्वोक्तं लिङ्गं दूषयति—यदिति । असामर्थ्यन्यायेनार्थित्वादिसम्भवन्यायस्य निरस्तत्वादित्यर्थः । ननु 'निषादस्थपतिं याजयेत्' इत्यत्राध्ययनाभावेऽपि निषादशब्दान्निषादस्येष्टाविव शूद्रशब्दाच्छूद्रस्य विद्यायामधिकारोऽस्त्वित्याशङ्क्य संवर्गविद्यायामधिकारमङ्गीकरोति—काममिति । तद्विषयत्वात्तत्र श्रुतत्वादित्यर्थः । वस्तुतस्तु विधिवाक्यस्थत्वान्निषादशब्दो-

---

के कारण शूद्र का अधिकार नहीं है क्योंकि जिसने वेद का अध्ययन किया है और जिसे वेद का अर्थ आपाततः अवगत भी है ऐसा व्यक्ति ही वेदार्थानुष्ठान में अधिकारी माना जाता है । शूद्र वेदाध्ययन नहीं करता है क्योंकि अध्ययन से पूर्व उपनयन का होना आवश्यक है और उपनयन का विधान त्रैवर्णिक के लिए ही किया गया है, शूद्र के लिए नहीं । और आपने जो शूद्र में अर्थित्व कहा है वह अर्थित्व शास्त्रीय सामर्थ्य के बिना अधिकार का कारण नहीं बनता है । केवल लौकिक सामर्थ्य अधिकार का प्रयोजक नहीं होता है, शास्त्रीय अर्थ में शास्त्रीय सामर्थ्य की अपेक्षा होती है । शास्त्रीय सामर्थ्य के अभाव में जब अध्ययन का निराकरण किया तो उसमें शास्त्रीय सामर्थ्य का भी निराकरण हो गया । और जो आपने कहा था कि 'यज्ञानुष्ठान में शूद्र समर्थ नहीं है' इस वाक्य की भाँति विद्या में अधिकार का निषेधक कोई वाक्य नहीं है, यह न्यायपूर्वकत्व हेतु से विद्या में भी असामर्थ्य को बतलाता है क्योंकि न्याय सभी के लिए साधारण होता है । और जो आपने संवर्ग विद्या में शूद्र शब्द का श्रवण वेदविद्या में शूद्राधिकार का परिचायक लिङ्ग माना है वह न्याय के अभाव में वस्तुतः लिङ्ग नहीं है, न्याय के रहने पर ही लिङ्ग दर्शन अर्थ का प्रकाशक होता है किन्तु यहाँ पर न्याय है ही नहीं । भले ही सम्वर्गविद्या में सुना गया शूद्र शब्द सम्वर्गविद्या में ही शूद्र के अधिकार का प्रतिपादन करे क्योंकि वहीं उसका विषय है, सभी विद्याओं में यह शूद्र शब्द अधिकार का सूचक नहीं हो सकता; साथ ही, अर्थवाद वाक्य में

---

१. ज्योतिष्टोमादिषु ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्वचिदप्ययं शूद्रमधिकर्तुमुत्सहते । शक्यते चायं शूद्रशब्दोऽधिकृत[1]विषये योजयितुम् । कथमित्युच्यते—'कम्वर एनमेतत्सन्तं सयुग्वानमिव रैक्वमात्थ' (छा० ४-१-३) इत्यस्माद्धंसवाक्यादात्मनोऽनादरं श्रुतवतोजानुश्रुतेः पौत्रायणस्य शुगुत्पेदे, तामृषी रैक्वः शूद्रशब्देनानेन सूचयांबभूवात्मनः परोक्षज्ञानताख्यापनायेति गम्यते, जातिशूद्रस्यानधिकारात् ।

ऽप्यधिकारिसमपंकः, शूद्रशब्दस्तु [2]विद्याविधिपरार्थवादस्थो नाधिकारिणं बोधयति, असामर्थ्यन्यायविरोधेनान्यपरशब्दस्य स्वार्थबोधित्वासम्भवादिति मत्वाङ्गीकारं त्यजति—अर्थवादेति । तर्हि शूद्रशब्दस्यात्र श्रुतस्य कोऽर्थ इत्याशङ्क्य सूत्रेणार्थमाह—शक्यते चेत्यादिना । जानश्रुतिर्नाम राजा निदाघसमये रात्रौ प्रासादतले सुष्वाप, तदा तदीयान्नदानादिगुणगणतोषिता ऋषयोऽस्य हितार्थं हंसा भूत्वा मालारूपेण तस्योपर्याजग्मुः, तेषु पाश्चात्यो हंसोऽग्रेसरं हंसमुवाच, भो भो भद्राक्ष, किं न पश्यसि जानश्रुतेरस्य तेजः स्वर्गं व्याप्य स्थितं, तत्त्वां धक्ष्यति, न गच्छेति । तमग्रेसर उवाच, कमपि एनं वराकं विद्याहीनं सन्तम्, अरे, सयुग्वानं–युग्वा गन्त्री शकटी तया सह स्थितं रैक्वमिव एतद्वचनमात्थ । रैक्वस्य हि ब्रह्मिष्ठस्य तेजो दुरतिक्रमं नास्यानात्मज्ञस्येत्यर्थः । अस्मद्वचनात् खिन्नो राजा

स्थित होने के कारण यह शूद्र शब्द कहीं भी वेदविद्या में शूद्र के अधिकार का प्रयोजक नहीं बन सकता । इसके विपरीत सम्वर्गविद्या में आया हुआ शूद्र शब्द द्विजाति के लिए ही प्रयुक्त किया गया है जो वेदविद्या में अधिकृत हैं । कैसे अधिकृत हैं ? इसे कहते हैं—जब जानश्रुति राजा गर्मी से सन्तप्त रात्रि के समय अपने महल की छत पर सुखपूर्वक सो रहा था, तब उसके अन्नदानादि गुणों से सन्तुष्ट ऋषि लोग उसके हित के लिए हंसरूप धारणकर पंक्तिबद्ध आकाशमण्डल में उड़ते हुए आये । इनमें से पीछे वाले हंस ने आगे जाने वाले हंस से कहा—भो भो भल्लाक्ष ! जानश्रुति का तेज जो स्वर्ग तक पहुँच गया है उसे नहीं देखते हो, वह तुझे जला डालेगा, अतः उसके पास न जाओ । इसी बात को सुनकर आगे उड़ने वाले हंस ने कहा—अरे, इस बेचारे विद्याहीन राजा की सयुग्वा रैक्व की भाँति प्रशंसा करते हो । रैक्व ब्रह्मनिष्ठ थे, उनका तेज दूरतिक्रम था; वह तेज कभी अनात्मज्ञ में नहीं आ सकता । हंस की इसी बात से राजा जानश्रुति ने अपना तिरस्कार माना, इसी से उसे शोक उत्पन्न हुआ । उसी शोक को संवर्गविद्या के आचार्य रैक्व ऋषि ने इस 'शूद्र' शब्द से सूचित किया, परोक्षवस्तु का भी ज्ञान हमें होता है इसके ख्यापन के लिए ऐसा कहा । इससे जन्मना शूद्र जाति के व्यक्ति का वेदान्त श्रवण में अधिकार सिद्ध नहीं होता है । शूद्र शब्द से जानश्रुति को शोक उत्पन्न हुआ यह कैसे सूचित हो रहा है ? इस पर सिद्धान्ती कहते हैं कि उस समय शोक से व्याप्त हो वह रैक्व के पास गया । वह जानश्रुति शोकग्रस्त हुआ और शोकग्रस्त होकर ही रैक्व के पास विद्या सीखने के लिए गया, इसलिए उसे शूद्र कहा है । यहाँ पर 'शूद्र' शब्द यौगिक अर्थवाला है, रूढ़ नहीं है । जब शूद्र शब्द का अवयवार्थ सम्भव हो तो रूढ़ार्थ मानना उचित नहीं होता, यही तात्पर्य इस आख्यायिका में दिखाई पड़ता है । अतः इस आख्यायिका के आधार पर वेदाध्ययन आदि में शूद्र का अधिकार सिद्ध नहीं होता । छान्दोग्य श्रुति में हंसों का संवाद इसीलिए कहा गया है कि हंस समझते हैं कि हमारे वचन से दुखी हो राजा शकटलिङ्ग से रैक्व को जानकर एवं उसके पास उपदेश ग्रहण करके विद्यायुक्त हो जायेगा ।

१. द्विजातिविषये । २. विद्याविधिपरार्थवादस्थेति विद्याया रैक्वोपदिष्टसंवर्गविद्याया विधिस्तत्परो योऽर्थवाद अह हारेत्वा शूद्र तवैव सहगोभिरस्त्विति तस्थोऽर्थवादस्थ इत्यर्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(९८) क्षत्रियत्वगतेश्चोत्तरत्र चैत्ररथेन लिङ्गात् ॥३५॥

कथं पुनः शूद्रशब्देन शुगुत्पन्ना सूच्यते इति? उच्यते— तदाद्रवणात्। शुचमभिदुद्राव, शुचा वाभिदुद्रुवे शुचा वा रैक्वमभिदुद्रावेति शूद्रः। अवयवार्थसम्भवाद्रूढचर्थस्य चासम्भवात्। दृश्यते चायमर्थोऽस्यामाख्यायिकायाम् ॥३४॥

इतश्च न जातिशूद्रो जानश्रुतिः, यत्कारणं प्रकरणनिरूपणेन क्षत्रियत्वमस्योत्तरत्र चैत्ररथेनाभिप्रतारिणा क्षत्रियेण समभिव्याहारालिङ्गाद्गम्यते। उत्तरत्र हि संवर्गविद्यावाक्यशेषे चैत्ररथिरभिप्रतारी क्षत्रियः सङ्कीर्त्यते—'अथ ह शौनकं च कापेयमभिप्रतारिणं च काक्षसेनिं 'सुदेन परिविष्यमाणौ ब्रह्मचारी बिभिक्षे' (छा० ४-३-५) इति। चैत्ररथित्वं चाभि-

---

शकटलिङ्गेन रैक्वं ज्ञात्वा विद्यावान्भविष्यतीति हंसानामभिप्रायः। कम् उ अरे इति पदच्छेदः। उशब्दोऽप्यर्थः। तेषां हंसानामनादरवाक्यश्रवणादस्य राज्ञः शुगुत्पन्ना, सा शूद्रशब्देन रैक्वेण सूच्यते हीति सूत्रान्वयः। श्रुतयौगिकार्थलाभे सति अनन्वितरूढचर्थस्त्याज्य इति न्यायद्योतनार्थो हिशब्दः। तदाद्रवणात् तया शुचा ¹आद्रवणात्। शूद्रः शोकं प्राप्तवान्। शुचा वा कर्त्र्या राजाऽभिदुद्रुवे प्राप्तः। शुचा वा करणेन रैक्वं गतवानि³त्यर्थः ॥३४॥

शूद्रशब्दस्य यौगिकत्वे लिङ्गमाह—क्षत्रियत्वेति। संवर्गविद्याविध्यनन्तरमर्थवाद आरभ्यते। शुनकस्यापत्यं कपिगोत्रं पुरोहितमभिप्रतारिनामकं राजानं च कक्षसेनस्यापत्यं ⁴सूदेन परिविष्यमाणौ तौ भोक्तुमुपविष्टौ बटुर्भिक्षितवानित्यर्थः। नन्वस्य चैत्ररथित्वं न श्रुतमित्यत आह—चैत्ररथित्वं चेति।

हंस के वचन में जो पद हैं उनका पदच्छेद इस प्रकार करना चाहिए 'कम् उ अरे' इति, इसमें उ शब्द अपि के अर्थ में है। उन हंसों के अनादरसूचक वाक्य को सुनकर इस राजा को शोक उत्पन्न हुआ, उसी शोक को रैक्व ने 'शूद्र' शब्द से सूचित किया। जब यौगिक अर्थ प्राप्त हो गया तो अनन्वितरूढ़ अर्थ का त्याग कर देना चाहिए, इस न्याय के द्योतन के लिए सूत्र में "हि" शब्द आया है। "तदाद्रवणात्" शब्द का अर्थ है कि जानश्रुति उस शोक से व्याप्त हो गया, अतः शूद्र शब्द का अर्थ है शोक को प्राप्त होना। शोक करता है जो शोक राजा को रैक्व के पास जाने के लिए प्रेरित करता है यह भी उस वाक्य का अर्थ है। अथवा शोक के कारण रैक्व के पास जानश्रुति गया। इस प्रकार सूत्र में आया हुआ 'शूद्र' शब्द की व्युत्पत्ति तीन प्रकार से की गयी ॥३४॥

क्षत्रियत्वगतेश्चोत्तरत्र चैत्ररथेन लिङ्गात् (ललिता)

शूद्र शब्द को यौगिक मानने में यह भी एक लिङ्ग है जिसे अग्रिम सूत्र से कहते हैं कि राजा जानश्रुति इसलिए भी जाति से शूद्र नहीं था, क्योंकि जब हम इस प्रकरण का निरूपण करते हैं, तो उसमें क्षत्रियत्व का बोध होता है। इस आख्यायिका के अग्रिम प्रसंग में प्रसिद्ध चैत्ररथ अभिप्रतारि के साथ जानश्रुति का समभिव्याहार देखा जाता है जो उसके क्षत्रिय होने में लिङ्गप्रमाण है। आगे संवर्गविद्या के वाक्यशेष में चैत्ररथ अभिप्रतारी को क्षत्रिय कहा गया है—'सुनक का पुत्र कपि गोत्र में उत्पन्न पुरोहित और अभिप्रतारीनामक राजा जो कक्षसेन का पुत्र था, उन दोनों को जब सूद (भोजन पाचक) भोजन परोस रहा था और वे दोनों भोजन के लिये बैठे थे, उस

---

१. सूपकारेण। २. व्याप्तत्वात् इत्यर्थः। ३. एवं तावत्तदा द्रवणादिति यच्छब्देन शुग्जानश्रुती रैक्वो वा गृह्यते इति भावः। ४. सूपकारेण।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(९९) संस्कारपरामर्शात्तदभावाभिलापाच्च ।।३६।।

प्रतारिणः कापेययोगादवगन्तव्यम्, कापेययोगो हि चित्ररथस्यावगतः 'एतेन वै चित्ररथं कापेया अयाजयन्' (ताण्डय ब्रा० २०-१२-५)इति। समानान्वयानां च प्रायेण समानान्वया याजका भवन्ति । 'तस्माच्चैत्ररथिर्नामैकः क्षत्रपतिरजायत' इति च क्षत्रपतित्वावगमात्क्षत्रियत्वमस्यावगन्तव्यम् । तेन क्षत्रियेणाभिप्रतारिणा सह समानायां विद्यायां सङ्कीर्तनं जानश्रुतेरपि क्षत्रियत्वं सूचयति। समानानामेव हि प्रायेण समभिव्याहारा भवन्ति। क्षत्तृप्रेषणाद्यैश्वर्ययोगाच्च जानश्रुतेः,क्षत्रियत्वावगतिः। अतो न जातिशूद्रस्याधिकारः ।।३५।।

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः, यद्विद्याप्रदेशेऽूपनयनादयः संस्काराः परामृश्यन्ते—

एतेन द्विरात्रेणेति छान्दोग्यश्रुत्यैव पूर्वं चित्ररथस्य कापेययोग उक्तः। अभिप्रतारिणोऽपि तद्योगाच्चित्ररथवंश्यत्वं निश्चीयते। राजवंश्यानां हि प्रायेण पुरोहितवंश्या याजका भवन्तीत्यर्थः। नन्वस्त्वभिप्रतारिणश्चैत्ररथित्वं, तावता कथं क्षत्रियत्वं, तत्राह—तस्मादिति। चित्ररथादित्यर्थः। क्षत्ता सूतस्तस्य रैक्वान्वेषणाय प्रेषणम्, अन्नगोदानादिकं च जानश्रुतेः क्षत्रियत्वे लिङ्गम् ।।३५।।

अत्र शूद्रशब्दो यौगिक एवेति न शूद्रस्याधिकार इति स्थितम्। तत्र लिङ्गान्तरमाह—संस्कारेति। उपनयनं वेदग्रहणाङ्गं शूद्रस्य नास्तीति पूर्वमुक्तम्। इह विद्याग्रहणाङ्गस्योपनयनसंस्कारस्य सर्वत्र परामर्शाच्छूद्रस्य तदभावान्न विद्याधिकारः इत्युच्यते। भाष्ये आदिपदेनाध्ययन-

---

समय एक ब्रह्मचारी ने भिक्षा माँगी।' इस आख्यान से कापेय के साथ सम्बन्ध होने के कारण अभिप्रतारी में चैत्ररथित्व जानना चाहिए क्योंकि चित्ररथ का कापेय के साथ सम्बन्ध अवगत होता है। राजवंशियों के पुरोहित प्रायशः समान गोत्र वाले हुआ करते थे। छान्दोग्य श्रुति के द्वारा यह कहा गया है 'द्विरात्र याग से कापेयों ने चैत्ररथ को यजन करवाया।' समान वंशवालों में ही प्रायशः समान गोत्र वाले याजक हुआ करते हैं। 'अतः चैत्ररथनामक एक क्षत्रपति राजा था जिससे एक क्षत्रपति राजा उत्पन्न हुआ था' इससे उसमें क्षत्रपतित्व भी जाना जाता है। अतः जानश्रुति में क्षत्रियत्व समझना चाहिए। उस क्षत्रिय अभिप्रतारी के साथ समान विद्या में जो जानश्रुति का संकीर्तन है वह भी जानश्रुति के क्षत्रियत्व को सूचित करता है क्योंकि समान जाति, कुलादि में प्रायशः समभिव्याहार होते हैं। जानश्रुति ने क्षत्ता-सूत को रैक्व के अन्वेषण के लिए भेजा तथा जो अन्न-गोदान आदि दिया, ये सब के सब उसके क्षत्रिय होने में परिचायक हैं। अतः जन्म से शूद्र का अधिकार इस प्रसंग द्वारा सिद्ध नहीं होता ।।३५।।

संस्कारपरामर्शात्तदभावाभिलापाच्च (ललिता)

यहाँ पर शूद्र शब्द यौगिक ही है, अतः शूद्र जाति का वेदविद्या में अधिकार नहीं है। इसी बात को बतलाने के लिए एक अन्य लिङ्ग भी देते हैं। विद्याप्रदेश में उपनयनादि संस्कार का परामर्श होता है, वह भी शूद्र के वेदाध्ययन में अनधिकार का परिचायक है। उपनयन वेदाध्ययन का अंग है, वह शूद्र में देखा नहीं जाता। 'समीप में आया हुआ उस शिष्य का उपनयन आचार्य ने किया'

---

१. छांदोग्यांतर्गतताण्डि ब्रा०।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१००) तदभावनिर्धारणे च प्रवृत्तेः ॥३७॥

'तं होपनिन्ये' (श० ब्रा० ११-५-३-१३) । 'अधीहि भगव इति होपससाद' (छा० ७-१-१) 'ब्रह्मपरा ब्रह्मनिष्ठाः परं ब्रह्मान्वेषमाणा एष ह वै तत्सर्वं वक्ष्यतीति' 'ते ह समित्पाणयो भगवन्तं पिप्पलादमुपसन्नाः' (प्र० १-१) इति च, 'तान्हानुपनीयैव' (छा० ५-११-७) इत्यपि प्रदर्शितैवोपनयनप्राप्तिर्भवति । शूद्रस्य च संस्काराभावोऽभिलप्यते, 'शूद्रश्चतुर्थो वर्ण एकजातिः' (मनु० १०-४) इत्येकजातित्वस्मरणात् । 'न शूद्रे पातकं किंचिन्न च संस्कारमर्हति' (मनु० १०-१२-६) इत्यादिभिश्च ॥ ३६॥

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः । यत्सत्यवचनेन शूद्रत्वाभावे निर्धारिते जाबालं गौतम

गुरुशुश्रूषादयो गृह्यन्ते । तं शिष्यमाचार्य उपनीतवानित्यर्थः । नारदोऽपि विद्यार्थी मन्त्रमुच्चारयन्सनत्कुमारमुपगत इत्याह—अधीति । उपदिशेति यावत् । ब्रह्मपरा वेदपारगाः, सगुणब्रह्मनिष्ठाः, परं निर्गुणं ब्रह्मान्वेषमाणाः, एषः पिप्पलादः तज्जिज्ञासितं सर्वं वक्ष्यतीति निश्चित्य ते भरद्वाजादयः षड् ऋषयस्तमुपगता इत्यर्थः । ननु वैश्वानरविद्यायामृषीन्राजाऽनुपनीयैव विद्यामुवाचेति श्रुतेरनुपनीतस्याप्यस्ति विद्याधिकार इत्यत आह—तान्हेति । 'ते ह समित्पाणयः पूर्वाह्णे प्रतिचक्रमिरे' (छा० ५-११-७) इति पूर्ववाक्ये ब्राह्मणा उपनयनार्थमागता इति उपनयनप्राप्तिं दर्शयित्वा निषिध्यते । हीनवर्णेनोत्तमवर्णाऽनुपनीयैवोपदेष्टव्या इत्याचारज्ञापनार्थमित्यर्थः । एकजातिरनुपनीतः । पातकमभक्ष्यभक्षणकृतम् ॥३६॥

सत्यकामः किल मृतपितृको जबालां मातरमपृच्छत्, किङ्गोत्रोऽहमिति । तं मातोवाच भर्तृसेवाव्यग्रतयाहमपि तव पितुर्गोत्रं न जानामि, जबाला तु नामाहमस्मि सत्यकामो नाम त्वमसीति

'नारद भी विद्यार्थी थे, वेदमन्त्र का उच्चारण करते हुए सनत्कुमार के पास गये और उनसे कहा कि भगवन् ! मुझे उपदेश कीजिए' सगुणब्रह्म में निष्ठा रखने वाले वेदपारंगत ऋषिगण निर्गुण परब्रह्म के अन्वेषण में समित्पाणि होकर महर्षि पिप्पलाद के पास गये कि ये पिप्पलाद हमें परब्रह्म का उपदेश करेंगे ऐसा निश्चयकर वे भारद्वाजादि छः ऋषि जब पिप्पलाद के पास गये तब उन छः ऋषियों का महर्षि पिप्पलाद ने उपनयन किया । इससे भी विद्याग्रहण के लिए उपनयन को अनिवार्य अङ्ग बतलाते हैं। वैश्वानर विद्या का उपदेश आगत ऋषियों को राजा ने उनका उपनयन संस्कार किये बिना ही कर दिया इससे उनमें उपनयन की प्राप्ति तो सिद्ध ही हो जाती है किन्तु क्षत्रिय होने के कारण ब्राह्मणों के उपनयन करने का अधिकार क्षत्रियों को नहीं है । शूद्र के लिए संस्कार का अभाव सुना जाता है । शूद्र एक चतुर्थ वर्ग है उसका एक ही जन्म होता है अर्थात् उसका वैदिक संस्कार नहीं होता इससे उसमें एकजातित्व सिद्ध हुआ । 'शूद्र को अभक्ष्य भक्षणादि के कारण कोई पातक नहीं लगता और उसका कोई संस्कार नहीं होता' इससे भी शूद्र का वेदविद्या में अधिकाराभाव सिद्ध होता है ॥३६॥

तदभावनिर्धारणे च प्रवृत्तेः (ललिता)

इसलिए भी शूद्र का वेदविद्या में अधिकार नहीं है, क्योंकि जब सत्यकाम के सत्यभाषण से उसमें अशूद्रत्व का निश्चय हो गया, तब उस जबालापुत्र सत्यकाम जाबाल का हारिद्रुमत गौतम उपनयन करने एवं वेद का उपदेश करने के लिए प्रवृत्त हुए । 'ब्राह्मण से भिन्न ऐसा स्पष्टवादी दूसरा नहीं हो सकता । इसलिए गौतम ने सत्यकाम से कहा, हे सोम्य ! समिधा लाओ, मैं तुम्हारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१०१) श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधात्स्मृतेश्च ॥३८॥

उपनेतुमनुशासितुं च प्रववृते । 'नैतदब्राह्मणो विवक्तुमर्हति समिधं सोम्याहरोप त्वा नेष्ये न सत्यादगाः' (छा० ४-४-५) इति श्रुतिलिङ्गात् ॥३७॥

इतश्च न शूद्रस्याधिकारः । यदस्य स्मृतेः श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधो भवति वेदश्रवणप्रतिषेधो वेदाध्ययनप्रतिषेधस्तदर्थज्ञानानुष्ठानयोश्च प्रतिषेधः शूद्रस्य स्मर्यते । श्रवणप्रतिषेधस्तावत् 'अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रप्रतिपूरणम्' इति । 'पद्यु ह वा एतच्छ्मशानं यच्छूद्रस्तस्माच्छूद्रसमीपे नाध्येतव्यम्' इति च । अत एवाध्ययनप्रतिषेधः । यस्य हि समीपेऽपि नाध्येतव्यं भवति स कथमश्रुतमधीयीत । भवति च वेदोच्चारणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीरभेद इति । अतएव चार्थादर्थज्ञानानुष्ठानयोः प्रतिषेधो भवति 'न शूद्राय मतिं दद्यात्' इति, द्विजातीनामध्ययनमिज्या दानम्' इति च । येषां पुनः पूर्वकृतसंस्कारवशाद्विदुरधर्मव्याध-

---

एतावज्जानामीति । ततः स जाबालो गौतममागत्य तेन किङ्गोत्रोऽसीति पृष्ट उवाच, नाहं गोत्रं वेद्मि न माता वेत्ति परन्तु मे मात्रा कथितं, उपनयनार्थमाचार्यं गत्वा सत्यकामो जाबालोऽस्मीति ब्रूहीति । अनेन सत्यवचनेन तस्य शूद्रत्वाभावो निर्धारितः । अब्राह्मण एतत्सत्यं विविच्य वक्तुं नार्हतीति निर्धार्य, हे सोम्य, सत्यात्त्वं नागाः सत्यं न त्यक्तवानसि, अतस्त्वामुपनेष्ये, तदर्थं समिधमाहरेति गौतमस्य प्रवृत्तेश्च लिङ्गान्न शूद्रस्याधिकार इत्याह—तदभावेति ॥३७॥

स्मृत्या श्रवणादिनिषेधाच्च नाधिकार इत्याह—श्रवणेति । अस्य शूद्रस्य द्विजैः पठ्यमानं वेदं प्रमादाच्छृण्वतः सीसलाक्षाभ्यां तप्ताभ्यां श्रोत्रद्वयपूरणं प्रायश्चित्तं कार्यमित्यर्थः । पद्यु पादयुक्तम्, सञ्चरिष्णुरूपमिति यावत् । भवति च । स्मृतिरिति शेषः । मतिर्वेदार्थज्ञानम् दानं नित्यं निषिध्यते शूद्रस्य । नैमित्तिकं तु दानमस्त्येव । यदुक्तं विदुरादीनां ज्ञानित्वं दृष्टमिति, तत्राह—येषामिति ।

उपनयन करूँगा क्योंकि तुमने सत्य का त्याग नहीं किया' श्रुतिलिङ्ग से भी शूद्र का वेदाध्ययन में अधिकाराभाव निश्चत होता है ॥३७॥

श्रवणाध्ययनार्थप्रतिषेधात्स्मृतेश्च (ललिता)

स्मृति ने शूद्र के लिए वेदश्रवण एवं अध्ययन का निषेध किया है, अतः शूद्र का वैदिकविद्या में अधिकार नहीं है । वेदश्रवण का निषेध, वेदाध्ययन का निषेध, वेदार्थ ज्ञान का और उसके अनुष्ठान का निषेध स्मृति में शूद्र के लिए किया गया है। श्रवण का निषेध करते हुए कहा है कि 'यदि शूद्र वेद सुन लेता हो तो उसके श्रोत्र को तप्त सीसे और लाक्ष से भर देना ही प्रायश्चित्त है।' शूद्र के समीप वेदाध्ययन नहीं करना चाहिए क्योंकि शूद्र चलता-फिरता श्मशान है। इसलिए भी शूद्र के अध्ययन को प्रतिषिद्ध किया गया है क्योंकि जिसके समीप में भी अध्ययन नहीं करना चाहिए वह भला सुने हुए वेद का अध्ययन कैसे करेगा। वेदमन्त्र का उच्चारण करने पर जीभ को काट लेनी चाहिए एवं वेदार्थ धारण करने पर शरीर का भेदन कर देना चाहिए इसलिए वेदार्थ ज्ञान और उसके अनुष्ठान का प्रतिषेध सुतरां सिद्ध हो जाता है। 'शूद्र को वैदिक ज्ञान न देवें' और 'त्रैवर्णिक संस्कारसम्पन्न द्विजाति को ही अध्ययन, यज्ञ एवं दान करना चाहिए।' किन्तु जिन विदुर, धर्म, व्याध इत्यादि को पूर्व अभ्यासजनित संस्कार के कारण वेदविज्ञान उत्पन्न हो गया हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

१०. कम्पनाधिकरणम् (सू० ३९)

(१०२) कम्पनात् ।।३९।।

जगत्कम्पनकृत्प्राणोऽशनिर्वायुरुतेश्वरः । अशनिर्भयहेतुत्वाद्वायुर्वा देहचालनात् ।
वेदनादमृतत्वोक्तेरीशोऽन्तर्यामिरूपतः । भयहेतुश्चालन तु सर्वशक्तियुतत्वतः ।।

प्रभृतीनां ज्ञानोत्पत्तिस्तेषां न शक्यते फलप्राप्तिः प्रतिषेद्धुं, ज्ञानस्यै'कान्तिकफलत्वात् । श्रावयेच्चतुरो वर्णान्' इति चेतिहासपुराणाधिगमे चातुर्वर्ण्यस्याधिकारस्मरणात् । वेदपूर्वकस्तु नास्त्यधिकारः शूद्राणामिति स्थितम् ।।३८।।

अवसितः प्रासङ्गिकोऽधिकारविचारः । प्रकृतामेवेदानीं वाक्यार्थविचारणां प्रवर्त-

---

सिद्धानां सिद्धेर्दुरपह्नवत्वेऽपि साधकैः शूद्रैः कथं ज्ञानं लब्धव्यमित्यत आह—श्रावयेदिति ।।३८।।

कम्पनात् । अस्यापि प्रासङ्गिकत्वमाशङ्क्याह—अवसित इति । समाप्त इत्यर्थः । काठकं

उसके फलप्राप्ति का निषेध उनके लिए नहीं किया जा सकता क्योंकि ज्ञान का फल अवश्यम्भावी है। हाँ, पुराण-इतिहास के श्रवण में चारों वर्णों का अधिकार है क्योंकि महाभारत में कहा है कि 'चारों वर्णों को इतिहास-पुराण सुनावें।' केवल वेदाध्ययनपूर्वक शूद्रों का वैदिक ज्ञान में अधिकार नहीं है, यह सिद्ध हुआ ।।३८।।

१०. कम्पनाधिकरण

१—प्रमिताधिकरण में जैसे ब्रह्मज्ञान के लिए जीव का अनुवाद कहा गया है वैसा यहाँ पर "यदिदं किञ्च जगत्सर्वम्" इस कठ श्रुतिवाक्य में प्राणानुवाद मानना युक्तिसंगत नहीं क्योंकि वह कल्पित है इसीलिए उसका स्वरूपतः ब्रह्म के साथ अभेद नहीं हो सकता ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है।

२—"यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्" (क० २।६।२) यह श्रुतिवाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३—जगत् को कँपाने वाला क्या प्राणपदवाच्य वायु है, विद्युत है अथवा ईश्वर है? ऐसा संशय होता है।

४—भय का कारण होने से विद्युत अथवा देहका चालक होने से वायु प्राणपदवाच्य माना जा सकता है।

५—जिसके ज्ञान से अमरत्व की प्राप्ति कही जाती है, अन्तर्यामीरूप से सबका नियामक होने के कारण भय का हेतु है और सर्वशक्ति से युक्त होने के कारण सबका प्रेरक है; ऐसा ईश्वर ही प्राण शब्द का सुनिश्चित अर्थ है, विद्युत या वायुविकार नहीं।

कम्पनात् (ललिता)

प्रासङ्गिक अधिकार का विचार पूर्ण हुआ। अब हम प्रकृत वाक्यार्थ विचारों को ही आगे

---

१. अव्यभिचारि।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यिष्यामः। 'यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्। महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति' (का० २-६-२) इति। एतद्वाक्यं 'एजृ कम्पने' इति धात्वर्थानुगमाल्लक्षितम्। अस्मिन्वाक्ये सर्वमिदं जगत्प्राणाश्रयं स्पन्दते, महच्च किञ्चिद्भयकारणं वज्रशब्दितमुद्यतं, तद्विज्ञानाच्चामृतत्वप्राप्तिरिति श्रूयते। तत्र कोऽसौ प्राणः, किञ्च तद्भयानकं वज्रमित्यप्रतिपत्तेर्विचारे क्रियमाणे प्राप्तं तावत्प्रसिद्धेः पञ्चवृत्तिर्वायुः प्राण इति। प्रसिद्धेरेव चाशनिर्वज्रं स्यात्। वायोश्चेदं माहात्म्यं सङ्कीर्त्यते। कथम्? सर्वमिदं जगत्पञ्चवृत्तौ वायौ प्राणशब्दिते प्रतिष्ठायैजति। वायुनिमित्तमेव च महद्भयानकं वज्रमुद्यम्यते। वायौ हि पर्जन्यभावेन विवर्तमाने विद्युत्स्तनयित्नुवृष्ट्यशनयो विवर्तन्त इत्या-

---

पठति—यदिदमिति। सर्वं जगत्प्राणान्निस्सृतं उत्पन्नं प्राणे चिदात्मनि प्रेरके सति एजति चेष्टते, तच्च प्राणाख्यं कारणं महद्ब्रह्म बिभेत्यस्मादिति भयम्। तस्मिन् भयहेतुत्वे दृष्टान्तमाह— वज्रमिति। यथोद्यतं वज्रं भयं तथेत्यर्थः। य एतत्प्राणाख्यं ब्रह्म निर्विशेषं विदुस्ते मुक्ता भवन्तीत्याह—य इति। नन्वस्मिन्सूत्रे कथमिदं वाक्यमुदाहृतमित्यत आह—एतदिति। एजत्यर्थस्य कम्पनस्य सूत्रितत्वादेजतिपदयुक्तं वाक्यमुदाहृतमित्यर्थः। प्रासङ्गिकाधिकारचिन्तयास्य सङ्गतिर्नापेक्षितेति 'शब्दादेव प्रमितः' (ब्र० सू० १-३-२४) इत्यनेनोच्यते। तत्राङ्गुष्ठवाक्ये जीवानुवादो ब्रह्मैक्यज्ञानार्थं इत्युक्तं, न तथेह प्राणानुवाद ऐक्यज्ञानार्थः सम्भवति, प्राणस्य स्वरूपेण कल्पितस्यैक्यायोगात्। अतः प्राणोपास्तिपरं वाक्यमिति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षयति—प्रसिद्धेः पञ्चवृत्तिरिति। ननु 'अत एव प्राणः' (ब्र० सू० १-१-२३) इत्यादौ ब्रह्मणि लिङ्गात्प्राणश्रुतिर्नीता, अत्रापि सर्वचेष्टाभयहेतुत्वं ब्रह्मलिङ्गमस्तीति नास्ति पूर्वपक्षावसरो गतार्थत्वादिति, अत आह—वायोश्चेति। प्रतिष्ठाय स्थितिं लब्ध्वा प्राणे वायौ निमित्ते जगच्चलतीति प्रसिद्धम्। अतः स्पष्टं ब्रह्मलिङ्गं नास्तीति भावः। वज्रलिङ्गाच्च

यत्पुनः कारणविषयं विगानं दर्शितम्—'असद्वा इदमग्र आसीत्' इत्यादि तत्परिहर्तव्यम् । अत्रोच्यते—

'असद्वा इदमग्र आसीत्' (तै० २-७) इति नात्रासन्निरात्मकं कारणत्वेन श्राव्यते । यतः 'असन्नेव स भवति । असद्ब्रह्मेति वेद चेत् । अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद । सन्तमेनं ततो विदुः' इत्यसद्वादापवादेनास्तित्वलक्षणं ब्रह्मान्नमयादिकोशपरम्परया प्रत्यगात्मानं

तात्पर्याभावाद्विरोधो न दोष इत्यत्र वृद्धसम्मतिमाह—तथाचेति । अन्यथान्यथेति वीप्सा द्रष्टव्या । अवताराय ब्रह्मधीजन्मने । अतस्तदन्यथात्वेऽपि ब्रह्मणि न भेदः । ज्ञेये न विगानमित्यर्थः । ब्रह्मज्ञानस्य सृष्टिशेषित्वमुक्तम्, तन्निर्वाहाय तस्य फलमाह—ब्रह्मेति । मृत्युमत्येतीत्यन्वयः ॥१४॥

एवं सृष्टिद्वारकं 'विरोधमुत्सूत्रं समाधाय कारणस्य सदसत्त्वादिना साक्षाच्छ्रुतिविरोधनिरासार्थं सूत्रमादत्ते—यत्पुनरिति । यतोऽस्तित्वलक्षणं ब्रह्म निर्धार्य तस्मिन्नेव श्लोकमुदाहरति, अतोऽत्र श्लोके निरात्मकमसन्न श्राव्यत इति योजना । तत् तत्र सदात्मनि श्लोको मन्त्रो भवति । सदात्मसमाकर्षा-

---

भी अभिप्राय है । ऐसा ही सम्प्रदायवित् पुरुष कहते भी हैं—'मृत्तिका, लौहपिण्ड, विस्फुलिङ्गादि दृष्टान्तों से जो सृष्टि भिन्न-भिन्न प्रकार से बतलायी गयी है वह तो केवल अद्वैत बोध कराने के लिए है, इसमें भेद की सम्भावना नहीं है ।' सृष्ट्यादि प्रपञ्च के ज्ञान से कोई फल नहीं सुना जाता है किन्तु ब्रह्मबोध से सम्बन्धित फल सुना जाता है—'ब्रह्मज्ञानी सर्वश्रेष्ठतत्त्व को प्राप्त कर लेता है'. 'आत्मज्ञानी शोक को पार कर जाता है 'उस परमात्मा को ही जानकर मृत्यु से छूटता है' इन वाक्यों द्वारा फल का बोध प्रत्यक्ष है । अतएव 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य द्वारा असंसारी आत्मा का ज्ञान हो जाने पर उसमे संसारीरूपत्त्व नहीं रह जाता, वह तो व्यावृत हो जाता है ॥१४॥

समाकर्षात् (ललिता)

'सृष्टि से पहले यह सम्पूर्ण जगत् असत् ही था' इस श्रुतिवाक्य के द्वारा कारण के सम्बन्ध में जो विरोध दिखलाया गया था उसका परिहार भी करना चाहिए, एतदर्थ अग्रिम सूत्र है । **'असद्वा इदमग्रासीत्'** इस वाक्य में निरात्मक असत्पदवाच्य को जगत् का कारण नहीं कहा गया है क्योंकि 'जो ब्रह्म को असत् समझता है वह स्वयं ही असत् हो जाता है और जो ब्रह्म को अस्तिरूप में जानता है उसे वेदवेत्ता ब्राह्मणों ने सत् कहा है' इस वाक्य द्वारा असद्वाद की निन्दाकर सद्रूप ब्रह्म को बतलाया है । पुनः अन्नमयादि कोश की परम्परा से प्रत्यगात्मा का निश्चय कराकर

---

१. सूत्राद्बहिरेव ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निर्धार्य 'सोऽकामयत' इति तमेव प्रकृतं समाकृष्य सप्रपञ्चां सृष्टिं तस्माच्छ्रावयित्वा 'तत्सत्यमित्याचक्षते' इति चोपसंहृत्य 'तदप्येष श्लोको भवति' इति तस्मिन्नेव प्रकृतेऽर्थे श्लोकमिममुदाहरति—'असद्वा इदमग्र आसीत्' इति। यदि त्वसन्निरात्मकमस्मिञ्छ्लोकेऽभिप्रेयेत ततोऽन्यसमाकर्षणेऽन्यस्योदाहरणादसम्बद्धं वाक्यमापद्येत। तस्मान्नामरूपव्याकृतवस्तुविषयः प्रायेण सच्छब्दः प्रसिद्ध इति तद्व्याकरणाभावापेक्षया प्रागुत्पत्तेः सदेव ब्रह्मासदिवासीदित्युपचर्यते। एषैव 'असदेवेदमग्र आसीत्' (छा० ३-१९-१) इत्यत्रापि योजना। 'तत्सदासीत्' इति समाकर्षणात्। अत्यन्ताभावाभ्युपगमे हि तत्सदासीदिति किं समाकृष्येत। 'तद्धैक आहुरसदेवेदमग्र आसीत्' (छा० ६-२-१) इत्यत्रापि न श्रुत्यन्तराभिप्रायेणायमेकीयमतोपन्यासः, क्रियायामिव वस्तुनि विकल्पस्यासम्भवात्। तस्माच्छ्रुति-

---

दतीन्द्रियार्थकासत्पदेन ब्रह्म लक्ष्यत इत्याह—तस्मादिति। नच प्रधानमेव लक्ष्यतामिति वाच्यम्। चेतनार्थकब्रह्मादिशब्दानामनेकेषां लक्षणायां गौरवादिति भावः। तैत्तिरीयकश्रुतौ सूत्रं योजयित्वा छान्दोग्यादौ योजयति—एषैवेति। सदेकार्थकतत्पदेन पूर्वोक्तासतः समाकर्षान्न शून्यत्वमित्यर्थः। नन्वसत्पदलक्षणा न युक्ता, श्रुतिभिरेव स्वमतभेदेनोदितानुदितहोमवद्विकल्पस्य दर्शितत्वादित्यत आह—तद्धैक इति। एके शाखिन इत्यर्थो न भवति, किन्तु अनादिसंसारचक्रस्था वेदबाह्या इत्यर्थः। शून्यनिरासेन श्रुतिभिः सद्वादस्यैवेष्टत्वात्तासां विरोधस्फूर्तिनिरासाय लक्षणा युक्तेति भावः। यदुक्तं

'उसने कामना की' इस वाक्य द्वारा उस प्रकृत ब्रह्म का ही समाकर्षणकर उसी से सप्रपञ्च सृष्टि बतलाकर अन्त में 'उसे ज्ञानीलोग सत्य कहते हैं' इस वाक्य से उपसंहार किया गया है। पुनः तदप्येष श्लोको भवति' इस वाक्य द्वारा उस प्रकृत जगत्कारण ब्रह्म के विषय में इस श्लोक का उदाहरण देकर 'सृष्टि से पूर्व यह जगत् असत् ही था' ऐसा कहा गया है। यदि इस श्लोक में असत्पदवाच्य निरात्मक को बतलाना अभीष्ट कहें, तो अन्य समाकर्षण में अन्य का उदाहरण देना असम्बद्ध प्रलाप होने लग जायेगा। अतः नाम-रूपव्याकृत वस्तुविषय को प्रायशः बतलाने के लिए सत् शब्द का प्रयोग होता है और उस व्याकरणाभाव की अपेक्षाकर उत्पत्ति से पूर्व सद्रूप होता हुआ भी ब्रह्म असत् जैसा था, ऐसा औपचारिक दृष्टि से कहा जाता है। सद् अर्थ-वाला तत् पद से पूर्वोक्त असत् का समाकर्षण होने के कारण असत् पद का अर्थ शून्य नहीं कर सकते। यदि असत् का अर्थ अत्यन्ताभाव मानोगे तो फिर 'वह सत् था' इस वाक्य द्वारा समाकर्षण कैसे हो सकता था। ऐसा ही 'कुछ वेदवाह्य लोगों ने उसके विषय में कहा है कि सृष्टि से पूर्व यह जगत् असत् ही था' यहाँ इस श्रुति में भी कहा है। 'एके' पद का शाखिनः अर्थ न करें किन्तु अनादि संसार-चक्र में घूमने वाले वेदबाह्य अर्थ करें। शून्य को खण्डनकर श्रुति ने सत् को बतलाना ही अभीष्ट समझा, उन श्रुतियों में विरोध-परिहार के लिए आवश्यकतानुसार लक्षणा भी उचित ही होगी। दूसरी श्रुति के अभिप्राय को ध्यान में रखकर 'एके' का अर्थ एकदेशी नहीं करना चाहिए किन्तु अनादि संसार में भटकने वाले वेदवाह्य अर्थ करना ही ठीक है, क्योंकि क्रिया में जिस प्रकार विकल्प होता है उस प्रकार वस्तु में विकल्प

---

१. स्फुरणं स्फूर्तिः प्रतीतिरिति यावत्।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिगृहीतसत्पक्षदार्ढ्यायैवायं मन्दमतिपरिकल्पितस्यासत्पक्षस्योपन्यस्य निरास इति द्रष्टव्यम् ।

'तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्' (बृ० १-४-७) इत्यत्रापि न निरध्यक्षस्य जगतो व्याकरणं कथ्यते, 'स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः' इत्यध्यक्षस्य व्याकृतकार्यानुप्रवेशित्वेन समाकर्षात् । निरध्यक्षे व्याकरणाभ्युपगमे ह्यनन्तरेण प्रकृतावलम्बिना स इत्यनेन सर्वनाम्ना कः कार्यानुप्रवेशित्वेन समाकृष्येत । चेतनस्य चायमात्मनः शरीरेऽनुप्रवेशः श्रूयते । अनुप्रविष्टस्य चेतनत्वश्रवणात् 'पश्यंश्चक्षुः शृण्वन् श्रोत्रं मन्वानो मनः' इति । अपिच यादृशमिदमद्यत्वे नामरूपाभ्यां व्याक्रियमाणं जगत्साध्यक्षं व्याक्रियत एवमादिसर्गेऽपीति गम्यते । दृष्टविपरीतकल्पनानुपपत्तेः । श्रुत्यन्तरमपि 'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा० ६-३-२) इति साध्यक्षामेव जगतो व्याक्रियां दर्शयति । व्याक्रियत इत्यपि कर्मकर्तरि लकारः सत्येव परमेश्वरे व्याकर्तरि सौकर्यमपेक्ष्य द्रष्टव्यः । यथा

क्वचिदकर्तृका सृष्टिः कथितेति ।

तत्रेत्याह—तद्धेदमिति । अध्यक्षः कर्ता । ननु कर्त्रभाव एव परामृश्यत इत्यत आह—चेतनस्य चायमिति । चक्षुर्द्रष्टा, श्रोत्रं श्रोता, मनो मन्तेत्युच्यत इत्यर्थः । आद्यकार्यं सकर्तृकं, कार्यत्वात्, घटवदित्याह—अपिचेति । अद्यत्वे इदानीम् । ननु कर्मकारकादन्यस्य कर्तुः सत्त्वे कर्मण एव कर्तृवाचिलकारो विरुद्ध इत्यत आह—व्याक्रियत इति । अनायासेन सिद्धिमपेक्ष्य कर्मणः कर्तृत्वमुपचर्यत इत्यर्थः । व्याक्रियते जगत्स्वयमेव निष्पन्नमिति व्याख्याय केनचिद्व्याकृत-

---

का होना सम्भव नहीं । अतः श्रुति में आये हुए 'सत्' पक्ष की दृढ़ता के लिए मन्दबुद्धि के द्वारा परिकल्पित असत् पक्ष का उपन्यासकर उसका खण्डन ही यहाँ पर अभीष्ट है, इस बात को ध्यान में रखना चाहिए ।

'उस समय यह जगत् अव्याकृत था' इस वाक्य से यहाँ पर भी अध्यक्ष के बिना जगत् के नाम-रूप का व्याकरण नहीं कहा गया है । 'वह जगत्कर्ता परमात्मा सृष्टि करने के बाद उसमें नख से शिख तक प्रविष्ट हो गया' इस वाक्य के द्वारा व्याकृत कार्य में प्रवेश करने वाले अध्यक्ष का ही समाकर्षण देखा जाता है । यदि नाम-रूप का व्याकरण जगत्कर्ता के बिना ही मानोगे तो आगे प्रकृत का आलम्बन करने वाला 'स' इससर्वनाम के द्वारा किस कार्यानुप्रवेशी का समाकर्षण होगा । श्रुति में चेतन आत्मा का ही अनुप्रवेश सुना जाता है । द्रष्टा देखने के लिए चक्षु का, सुनने के लिए श्रोत्र का और मनन करने के लिए मन का आश्रयण करता है' इस वाक्य द्वारा अनुप्रविष्ट पदार्थ में चेतनत्व सुना जाता है । इसके अतिरिक्त, यह जगत् नाम-रूप द्वारा जैसा आज व्याकृत होता दीखता है जिसमें अध्यक्ष भी भासता है, वैसा ही आदि-सर्ग में भी समझना चाहिए, अनुभव के विरुद्ध कल्पना ठीक नहीं है । इसी प्रकार 'मैं इस जीवरूप से पिण्ड-ब्रह्माण्ड में अनुप्रवेश कर नाम-रूप को बनाऊँ' इस वाक्य द्वारा भी अध्यक्ष के सहित ही जगत् की व्याकृति देखी जाती है । **'व्याक्रियते'** इस पद में कर्मकर्ता में लकार हुआ है जो परमेश्वररूप कर्ता के रहने पर ही कर्म के सौकर्य की अपेक्षाकर कर्मकर्तरि लकार का प्रयोग हुआ है । जिस प्रकार **'लूयते केदारः स्वयमेव'** यह प्रयोग खेत काटने वाले के रहने पर ही कर्मसौकर्य की अपेक्षाकर किया जाता है वैसे ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

५. बालाक्यधिकरणम् (सू० १६-१८)

(१२२) जगद्वाचित्वात् ॥१६॥

पुरुषाणां तु कः कर्ता प्राणजीवपरात्मसु । कर्मेति चलने प्राणो जीवोऽपूर्वे विवक्षिते ।
जगद्वाची कर्मशब्दः पुंमात्रविनिवृत्तये । तत्कर्ता परमात्मैव न मृषावादिता ततः ॥

लूयते केदारः स्वयमेवेति सत्येव पूर्वके लवितरि । यद्वा कर्मण्येवैष लकारोऽर्थाक्षिप्तं कर्तारमपेक्ष्य द्रष्टव्यः । यथा गम्यते ग्राम इति ॥१५॥

कौषीतकिब्राह्मणे बालाक्यजातशत्रुसंवादे श्रूयते—'यो वै बालाक एतेषां पुरुषाणां कर्ता यस्य वै तत्कर्म स वै वेदितव्यः' (कौ० ४-१८) इति । तत्र किं जीवो वेदितव्यत्वेनो-

---

मिति व्याचष्टे—यद्वेति । **अतः श्रुतीनामविरोधात्कारणद्वारा समन्वय इति सिद्धम् ॥१५॥**

जगद्वाचित्वात् । **विषयमाह**—कौषीतकीति । **बलाकाया अपत्यं बालाकिर्ब्राह्मणस्तं प्रति राजोवाच**—यो वा इति । **न केवलमादित्यादीनां कर्ता किन्तु सर्वस्य जगत इत्याह**—यस्येति । **एतज्जगद्यस्य कर्म, क्रियते इति व्युत्पत्त्या कार्यमित्यर्थः । कर्मेतिशब्दस्य योगरूढिभ्यां संशय-**

'व्याक्रियते' में कर्म कर्तरि लकार को भी समझना चाहिए। अथवा कर्म में ही लकार हुआ है जो अर्थतः आक्षिप्त अन्य कर्ता की अपेक्षाकर किया हुआ समझना चहिए। जिस प्रकार **'गम्यते ग्रामः'** प्रयोग होता है वैसे ही कर्मकारक अर्थ में ही यह लकार हुआ है जो अर्थाक्षिप्त अन्य कर्ता की अपेक्षाकर किया गया समझना चाहिए ॥१५॥

५. बालाक्यधिकरण

१. **संगति**—समानवाक्यस्थ होने के कारण असत् शब्द भी सद्ब्रह्म का प्रतिपादक पिछले अधिकरण में कहा, किन्तु कौषीतकिब्राह्मण में **'ब्रह्म ते ब्रवाणि'** ऐसा बालाकिवाक्यस्थ ब्रह्म शब्द होने से प्राणादि शब्द का ब्रह्म अर्थ नहीं कर सकते; ऐसी प्रत्युदाहरण संगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ कर रहे हैं।

२. **विषय**—**'यो वै बालाक एतेषां पुरुषाणां कर्ता यस्य वैतत्कर्म स वै वेदितव्यः'** (कौ० ब्रा० ४-१८) इत्यादि वाक्य इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—पुरुषों का कर्ता वेदितव्य पदार्थ प्राण है, जीव है अथवा ब्रह्म है? ऐसा संशय होता है।

४. **पूर्वपक्ष**—**'यस्य वैतत्कर्म'** इस श्रुति में चलनात्मक कर्म प्राण के आश्रित होने से मुख्यप्राण ही अर्थ लेना चाहिए। अथवा कर्म का अर्थ अपूर्व मान लेने पर जीव भी वेदितव्य पुरुष का कर्ता माना जा सकता है।

५. **सिद्धान्त**—कर्म शब्द जगद्वाचक है, पुरुषमात्र अर्थ का वाचक नहीं है। अतः उसका कर्ता वेदितव्य पदार्थ परमात्मा ही सुनिश्चित अर्थ है; ऐसा मानने पर श्रुति में मृषावादिता दोष भी नहीं आता।

जगद्वाचित्वात् (ललिता)

'हे बालाकि! निःसन्देह इन आदित्यादि पुरुषों का जो कर्ता है और जिसका सम्पूर्ण जगत् कर्म है वही जानने योग्य है' इस कौषीतकि ब्राह्मण में बालाकि और अजातशत्रु का संवाद सुना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पदिश्यत उत मुख्यः प्राण उत परमात्मेति विशयः। किं तावत्प्राप्तम् ? प्राण इति। कुतः? 'यस्य वैतत्कर्म' इति श्रवणात्। परिस्पन्दलक्षणस्य च कर्मणः प्राणाश्रयत्वात्। वाक्यशेषे च 'अथास्मिन्प्राण एवैकधा भवति' इति प्राणशब्ददर्शनात्। प्राणशब्दस्य च मुख्ये प्राणे प्रसिद्धत्वात्। ये चैते पुरस्ताद्बालाकिना 'आदित्ये पुरुषश्चन्द्रमसि पुरुषः इत्येवमादयः पुरुषा निर्दिष्टास्तेषामपि भवति प्राणः कर्ता प्राणावस्थाविशेषत्वादादित्यादिदेवतात्मनाम्। 'कतम एको देव इति प्राण इति स ब्रह्म त्यदित्याचक्षते' (बृ. ३-९-९) इति श्रुत्यन्तरप्रसिद्धेः।

जीवो वाऽयमिह वेदितव्यतयोपदिश्यते। तस्यापि धर्माधर्मलक्षणं कर्म शक्यते श्रावयितुम् 'यस्य वैतत्कर्म' इति। सोऽपि भोक्तृत्वाद्भोगोपकरणभूतानामेतेषां पुरुषाणां कर्तोपपद्यते। वाक्यशेषे च जीवलिङ्गमवगम्यते। यत्कारणं वेदितव्यतयोपन्यस्तस्य

माह—तत्रेति। पूर्वत्रैकवाक्यस्थसदादिशब्दबलादसच्छब्दो 'नीतः। इह तु वाक्यभेदात् 'ब्रह्म ते ब्रवाणि' इति बालाकिवाक्यस्थब्रह्मशब्देन प्राणादिशब्दो ब्रह्मपरत्वेन नेतुमशक्य इति प्रत्युदाहरणेन पूर्वपक्षमाह—किं तावदिति। पूर्वपक्षे वाक्यस्य प्राणाद्युपास्तिपरत्वाद्ब्रह्मणि समन्वयासिद्धिः, सिद्धान्ते ज्ञेये समन्वयसिद्धिरिति फलम्। अथ सुषुप्तौ। द्रष्टेति शेषः। श्रुतं पुरुषकर्तृत्वं प्राणस्य कथमित्यत आह—ये चैत इति। सूत्रात्मकप्राणस्य विकाराः सूर्यादय इत्यत्र मानमाह—कतम इति। यस्य [2]महिमानः सर्वे देवा इति पूर्ववाक्ये दर्शितं। अतः सर्वदेवात्मकत्वात् स प्राणो ब्रह्म। त्यत् परोक्षम्। शास्त्रैकवेद्यत्वादित्यर्थः।

पूर्वपक्षान्तरमाह—जीवो वेति। यत्कारणं यस्माज्जीवं बोधयति तस्मादस्ति सुप्तोत्थापनं जीवलिङ्गमिति योजना। 'तौ ह पुरुषं सुप्तमाजग्मतुः' (बृ० २-१-१५)। तं राजा हे बृहत्पाण्डरवासः सोमराजन्नि (बृ० २-१-१५) त्यामन्त्र्य सम्बोध्य सम्बोधनानभिज्ञत्वात् प्राणादेरनात्मत्वमुक्त्वा

जाता है वहाँ पर यह संशय होता है कि जीव वेदितव्यत्वेन उपदिष्ट है या मुख्य प्राण, अथवा परमात्मा। ऐसा संशय होने पर पूर्वपक्ष में कहा गया है कि मुख्य प्राण ही यहाँ पर उपदिष्ट है क्योंकि 'निःसन्देह जिसका यह सम्पूर्ण जगत् कर्म है' इस श्रुति में परिस्पन्दरूप कर्म प्राणाश्रित ही होता है। वाक्यशेष में भी कहा है कि 'सुषुप्तावस्था में यह सम्पूर्ण जगत् प्राण में ही एकीभाव को प्राप्त कर जाता है' इस श्रुति में 'प्राण' शब्द देखा जाता है और प्राण शब्द की प्रसिद्धि मुख्य प्राण अर्थ में ही है। और जो बालाकि द्वारा इससे पूर्व आदित्य में, चन्द्रमा में एवं अन्य स्थलों में भी पुरुष निर्दिष्ट हैं उनका भी कर्ता प्राण ही है क्योंकि आदित्यादि देवताओं की प्राणावस्थाविशेष देखी गयी है। जब पूछा कि एक देव कौन है ? तब उत्तर दिया कि वह प्राण ही है। वह प्राण ब्रह्मस्वरूप ही है ऐसा ब्राह्मण कहते हैं। ऐसा श्रुत्यन्तर से भी सिद्ध होता है।

अथवा इस मन्त्र में वेदितव्यत्वेन उपदिष्ट जीव ही है, उस जीव में भी धर्माधर्मरूप कर्म 'यस्य वैतत् कर्म' इस वाक्य द्वारा सुना जाता है। वह जीव भी भोक्ता होने के कारण भोग के उपकरणरूप इन आदित्यादि देवताओं का कर्ता सिद्ध होता है। वाक्यशेष में जीवलिङ्ग जान पड़ता

---

१. ब्रह्मणीति इति शेषः। २. विभूतयः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुरुषाणां कर्तुर्वेदनायोपेतं बालाकिं प्रति बुबोधयिषुरजातशत्रुः सुप्तं पुरुषमामन्त्र्यामन्त्रणशब्दाश्रवणात्प्राणादीनामभोक्तृत्वं प्रतिबोध्य यष्टिघातोत्थापनात्प्राणादिव्यतिरिक्तं जीवं भोक्तारं प्रतिबोधयति । तथा परस्तादपि जीवलिङ्गमवगम्यते—'तद्यथा श्रेष्ठी स्वैर्भुङ्क्ते यथा वा स्वाः श्रेष्ठिनं भुञ्जन्त्येवमेवैष प्रज्ञात्मैतैरात्मभिर्भुङ्क्ते एवमेवैत आत्मान एतमात्मानं भुञ्जन्ति' (कौ० ब्रा० ४-२०) इति प्राणभृत्त्वाच्च जीवस्योपपन्नं प्राणशब्दत्वम् । तस्माज्जीवमुख्यप्राणयोरन्यतर इह ग्रहणीयो न परमेश्वरः, तल्लिङ्गानवगमादिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—परमेश्वर एवायमेतेषां पुरुषाणां कर्ता स्यात् । कस्मात् ? उपक्रमसामर्थ्यात् । इह हि बालाकिरजातशत्रुणा सह 'ब्रह्म ते ब्रवाणि' इति संवदितुमुपचक्रमे । स च कतिचिदादित्याद्यधिकरणान्पुरुषानमुख्यब्रह्मदृष्टिभाज उक्त्वा तूष्णीं बभूव । तमजातशत्रुः 'मृषा वै खलु मा संवदिष्ठा ब्रह्म ते ब्रवाणि' इत्यमुख्यब्रह्मवादि-

---

यष्ट्याघातेनोत्थाप्य जीवं बोधितवानित्यर्थः । श्रेष्ठी प्रधानः स्वैः भृत्यैर्ज्ञातिभिरुपहृतं भुंक्ते स्वाः ज्ञातयश्च तमुपजीवन्ति, एवं जीवोऽपि आदित्यादिभिः प्रकाशादिना भोगोपकरणैः भुंक्ते ते च हविर्ग्रहणादिना जीवमुपजीवन्तीत्युक्तं भोक्तृत्वं जीवलिङ्गम् । ननु 'प्राण एवैकधा भवति' इति श्रुतः प्राणशब्दो जीवे कथमित्यत आह—प्राणभृत्त्वाच्चेति ।

सूत्राद्बहिरेव सिद्धान्तयति—एवमिति । स च बालाकिर्ब्रह्मत्वभ्रान्त्या व्यष्टिलिङ्गरूपान्पुरुषानुक्त्वा राज्ञा निरस्तस्तूष्णीं स्थितः । त्वदुक्तं ब्रह्म मृषेत्युक्त्वा राज्ञोच्यमानं ब्रह्मैवेति वक्तव्यमन्यथा

है क्योंकि वेदितव्यत्वेन उपदिष्ट आदित्यादि के कर्ता को जानने की इच्छावाले बालाकि को बोध कराने की इच्छा से अजात शत्रु सुप्तपुरुष के पास ले जाता है और वहाँ पर सुप्तपुरुष को जगाने के लिए जिस शब्द का प्रयोग किया गया उससे यह जान पड़ता है कि प्राणादि अचेतन में भोक्तृत्व नहीं है, तत्पश्चात् दण्डप्रहार द्वारा उसे जगाया । इस घटना से प्राणादि व्यतिरिक्त जीव भोक्ता को जगाना सिद्ध होता है । इससे आगे भी जीवलिङ्ग जान पड़ता है 'जिस प्रकार प्रधान अपने भृत्यों और परिवारों से उपहृत वस्तु का भोग करता है वैसे ही उसके परिजन उसके आश्रित जीते हैं, ठीक इसी प्रकार यह चेतन आत्मा इन आत्मीय शरीरादि के द्वारा उपहृतवस्तु का भोग करता है और ये सब इस आत्मा का भोग करते हैं ।' प्राणधारी होने के कारण जीव के लिए प्राण शब्द का प्रयोग करना उचित ही है । अतः जीव और मुख्यप्राण में से किसी एक को कौषीतकि-मन्त्र में ग्रहण करना उचित है, परमेश्वर को नहीं, क्योंकि परमेश्वर का कोई लिङ्ग यहाँ नहीं जान पड़ता ।

इस प्रकार पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं, कि परमेश्वर ही इन आदित्यादि देवताओं का कर्ता माना जायेगा, क्योंकि प्रारम्भ में उसी का प्रसङ्ग आता है । यहाँ पर अजातशत्रु के साथ सम्वाद करते हुए बालाकि ने कहा कि 'मैं तुझे ब्रह्म का उपदेश करूँ' उस बालाकि ने कुछ आदित्यादि अधिकरणों में गौण ब्रह्मदृष्टिविषयक पुरुषों को कहने के बाद जब चुप्पी साध ली, तब उससे अजातशत्रु ने कहा कि 'तूने व्यर्थ ही मुझसे कहा था कि मैं तुझे ब्रह्म का उपदेश करूँ' इस वाक्य द्वारा अमुख्यब्रह्मवादीरूप से उनका निराकरण करके उनसे भिन्न उनके कर्ता पुरुष को वेदितव्यरूप से

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तयापोद्य तत्कर्तारमन्यं वेदितव्यतयोप[1]चिक्षेप । यदि सोऽप्यमुख्यब्रह्मदृष्टिभाक् स्यादुपक्रमो बाध्येत । तस्मात्परमेश्वर एवायं भवितुमर्हति । कर्तृत्वं चैतेषां पुरुषाणां न परमेश्वरादन्यस्य स्वातन्त्र्येणावकल्पते । 'यस्य वैतत्कर्म' इत्यपि नायं परिस्पन्दलक्षणस्य धर्माधर्मलक्षणस्य वा कर्मणो निर्देशः । तयोरन्यतरस्याप्यप्रकृतत्वात्, असंशब्दितत्वाच्च । नापि पुरुषाणामयं निर्देशः । एतेषां पुरुषाणां कर्तेत्येव तेषां निर्दिष्टत्वात्, लिङ्गवचनविगानाच्च । नापि पुरुषविषयस्य [2]करोत्यर्थस्य क्रियाफलस्य वायं निर्देशः, कर्तृशब्देनैव तयोरुपात्तत्वात् । पारिशेष्यात्प्रत्यक्षसन्निहितं जगत्सर्वनाम्नैतच्छब्देन निर्दिश्यते । क्रियत इति च तदेव जगत्कर्म ।

ननु जगदप्यप्रकृतमसंशब्दितं च? सत्यमेतत् । तथाप्यसति विशेषोपादाने साधारणे-

---

राज्ञोऽपि मृषावादित्वप्रसङ्गादित्याह—यदि सोऽपीति । वेदितव्योऽपीत्यर्थः । मुख्यं पुरुषकर्तृत्वं ब्रह्मण एव लिङ्गं, प्राणजीवयोस्तन्नियम्यत्वेनास्वातन्त्र्यादित्याह—कर्तृत्वं चेति । यदुक्तं चलनादृष्टयोर्वाचकः कर्मशब्दः प्राणजीवयोरुपस्थापक इति, तन्नेत्याह—यस्येति । अनेकार्थकाच्छब्दादन्यतरार्थस्य प्रकरणादुपपदाद्वा ग्रहणं न्याय्यम् । अत्र प्रकरणोपपदयोरसत्त्वात्कस्य ग्रहणमिति संशये पुरुषकर्तृपदसान्निध्यात् क्रियत इति योगाज्जगद्ग्रहणमित्यर्थः । एतत्कर्मेतिप्रकृतपरामर्शात्पुरुषाः पूर्वोक्ताः कर्मशब्देन निर्दिश्यन्तामित्यत आह–नापीति। पौनरुक्त्यापातात्पुरुषाणां नपुंसकैकवचनेन परामर्शायोगाच्चेत्यर्थः । ननु पुरुषोत्पादकस्य कर्तुर्व्यापारः करोत्यर्थ उत्पादनं तस्य फलं पुरुषजन्म तदन्यतरवाची कर्मशब्दोऽस्त्वित्यत आह—नापीति । कर्तृशब्देनेति । क्रियाफलाभ्यां विना कर्तृत्वायोगात्कर्तृशब्देनैव तयोर्ग्रहणमित्यर्थः ।

जगतोऽपि प्रकरणोपपदे न स्त इत्युक्तमङ्गीकरोति—सत्यमिति । प्रकरणादिकं हि सर्वनाम्नः सङ्कोचकं, तस्मिन्नसति सामान्येन बुद्धिस्थं सर्वमेव गृह्यते । अत्र च सङ्कोचकासत्त्वात्सर्वार्थकेन सर्वनाम्ना बुद्धिस्थस्य कार्यमात्रस्य कर्मशब्दो वाचक इत्याह—तथापीति । किञ्च जगदेक-

---

स्थापित किया । यदि वह भी अमुख्यब्रह्म को ही कहेगा तो उस दशा में उपक्रम बाधित हो जायेगा । अतः परमेश्वर ही आदित्यादि पुरुषों का कर्ता सिद्ध होता है, परमेश्वर को छोड़कर अन्य कोई स्वतन्त्रकर्ता आदित्यादि पुरुषों का नहीं हो सकता । 'यस्य वैतत् कर्म' इस वाक्य द्वारा भी परिस्पन्दरूप अथवा धर्माधर्मरूप कर्म का निर्देश नहीं है क्योंकि उन दोनों में से किसी एक का प्रसङ्ग ही नहीं है और न उसका वाचक कोई शब्द ही सुनाई पड़ता है । आदित्यादि पुरुषों का यह निर्देश नहीं है किन्तु इन पुरुषों के कर्ता का वेदितव्यरूप से निर्देश किया गया है । ब्रह्म से भिन्न अर्थ स्वीकार करने पर लिङ्गवचन का विरोध भी आ जायेगा । पुरुषविषयक करोति अर्थ का अथवा क्रियाफल का निर्देश भी यहाँ पर नहीं है किन्तु कर्तृ शब्द द्वारा क्रिया एवं उसके फल का ग्रहण देखा जाता है । परिशेषतः प्रत्यक्ष प्रमाण के विषय जगत् को एतद् सर्वनाम से बतलाया गया है, जो किया जाता है वही जगद्रूप कर्म है ।

जगत् का भी प्रसङ्ग नहीं है और न उसका वाचक कोई शब्द ही वहाँ दीखता है? यह आपका कहना ठीक है, फिर भी किसी विशेष का उपादान न होने पर साधारण सन्निहित अर्थ से सन्निहित वस्तु

---

१. स्थापयामास । २. उत्पत्त्यनुकूलव्यापारस्य ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१२३) जीवमुख्यप्राणलिङ्गान्नेति चेत्तद्व्याख्यातम् ॥१७॥

नार्थेन सन्निधानेन सन्निहितवस्तुमात्रस्यायं निर्देश इति गम्यते न विशिष्टस्य कस्यचित् । विशेषसन्निधानाभावात् । पूर्वत्र च जगदेकदेशभूतानां पुरुषाणां विशेषोपादानादविशेषितं जगदेवेहोपादीयत इति गम्यते । एतदुक्तं भवति—य एतेषां पुरुषाणां जगदेकदेशभूतानां कर्ता, किमनेन विशेषेण, यस्य कृत्स्नमेव जगदविशेषितं कर्मेति । [१]वाशब्द एकदेशावच्छिन्न-कर्तृत्वव्यावृत्त्यर्थः । ये बालाकिना ब्रह्मत्वाभिमताः पुरुषाः कीर्तितास्तेषामब्रह्मत्वख्या-पनाय विशेषोपादानम् । एवं ब्राह्मणपरिव्राजकन्यायेन सामान्यविशेषाभ्यां जगतः कर्ता वेदितव्यतयोपदिश्यते । परमेश्वरश्च सर्वजगतः कर्ता सर्ववेदान्तेष्ववधारितः ॥१६॥

अथ यदुक्तं वाक्यशेषगताज्जीवलिङ्गान्मुख्यप्राणलिङ्गाच्च तयोरेवान्यतरस्येह ग्रहणं न्याय्यं न परमेश्वरस्येति । तत्परिहर्तव्यम् । यदत्रोच्यते—[२]परिहृतं चैतत् 'नोपासात्रै-

---

देशोक्त्या जगत्प्रकृतमित्याह—पूर्वत्रेति । जगद्ग्रहे पुरुषाणामपि ग्रहात्पृथगुक्तिर्व्यर्थेत्यत आह—एतदुक्तमिति । स वेदितव्य इति सम्बन्धः । पुरुषमात्रनिरूपितं कर्तृत्वमिति भ्रान्तिनिरासार्थो वाशब्दः । ब्राह्मणा भोजयितव्याः परिव्राजकाश्चेत्यत्र यथा ब्राह्मणशब्दः परिव्राजकान्यविषयः तथात्र कर्मशब्दः पुरुषान्यजगद्वाचीत्याह—एवमिति । अस्तु जगत्कर्ता वेदितव्यः, परमेश्वरस्य किमायात-मित्यत आह—परमेश्वरश्चेति ॥१६॥

सिद्धान्तमुक्त्वा पूर्वपक्षबीजमनूद्य दूषयति—जीवमुख्यप्राणलिङ्गादिति । उक्तमेव स्मारयति—

मात्र का हो यह निर्देश है ऐसा जान पड़ता है, न कि किसी विशिष्ट वस्तु का, क्योंकि वहाँ पर किसी विशेष का सन्निधान ही नहीं है। पहले तो जगत् के एकदेशभूत पुरुषों का विशेष उपादान होने से जगत् इस मन्त्र में सामान्यरूप से कहा गया था ऐसा जान पड़ता है । अभिप्राय यह है कि जगत् के एकदेशभूत इन आदित्यादि पुरुषों का जो कर्ता है फिर इस विशेषण के द्वारा जिसका सम्पूर्ण जगत् ही कर्म है क्यों बतलाया जाता है। 'वा' शब्द एकदेशावच्छिन्न कर्ता की व्यावृत्ति के लिए है अर्थात् बालाकि को ब्रह्म शब्द से जो पुरुष अभिप्रेत थे उन सब में अब्रह्मत्व बतलाने के लिए विशेष ग्रहण किया गया है । इस प्रकार ब्राह्मणपरिव्राजकन्याय से सामान्य एवं विशेष द्वारा जगत् का कर्ता वेदितव्यत्वेन उपदिष्ट है और सभी उपनिषदों में सम्पूर्ण जगत् का कर्ता परमेश्वर ही निश्चित हुआ है, उसी का निर्देश इस कौषीतकि श्रुति में भी किया गया है । यहाँ ब्राह्मण परिव्राजकन्याय से यह बतलाना अभीष्ट है कि 'ब्राह्मण को भोजन कराओ और परिव्राजक को' इस वाक्य में जिस प्रकार ब्राह्मण शब्द परिव्राजक से भिन्न अर्थ का ग्राहक है वैसे ही **'यस्य वैतत् कर्म'** इस वाक्य में कर्म शब्द पुरुष भिन्न जगत् का वाचक है। जगत्कर्ता परमेश्वर वेदितव्य है, उसी का निर्धारण सभी उपनिषदों में किया गया है ॥१६॥

जीवमुख्यप्राणलिङ्गान्नेति चेत्तद्व्याख्यातम् (ललिता)

सिद्धान्त कहने के बाद पूर्वपक्षबीज का अनुवादकर अग्रिम श्लोक से उसका खण्डन करते हैं कि आप ने वाक्यशेषगत जीवलिङ्ग और मुख्यप्राणलिङ्ग के आधार पर इन दोनों में से किसी एक

---

१. एवार्थे वा शब्द इति भावः । २. प्रथमपाद (१-१-३१) शेष इति शेषः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात्' (ब्र० सू० १-१-३१) इत्यत्र। त्रिविधं ह्यत्रोपासनमेवं सति प्रसज्येत, जीवोपासनं मुख्यप्राणोपासनं ब्रह्मोपासनं चेति। न चैतन्न्याय्यम्। उपक्रमोपसंहाराभ्यां हि ब्रह्मविषयत्वमस्य वाक्यस्यावगम्यते। तत्रोपक्रमस्य तावद्ब्रह्मविषयत्वं [1]दर्शितम्। उपसंहारस्यापि निरतिशयफलश्रवणाद्ब्रह्मविषयत्वं दृश्यते—'सर्वान्पाप्मनोऽपहत्य सर्वेषां च भूतानां श्रैष्ठ्यं स्वाराज्यमाधिपत्यं पर्येति य एवं वेद' इति।

नन्वेवं सति प्रतर्दनवाक्यनिर्णयेनैवेदमपि वाक्यं निर्णीयेत? न निर्णीयते। 'यस्य वैतत्कर्म' इत्यस्य ब्रह्मविषयत्वेन तत्रानिर्धारितत्वात्। तस्मादत्र जीवमुख्यप्राणशङ्का पुनरुत्पद्यमाना निवर्त्यते। प्राणशब्दोऽपि ब्रह्मविषयो दृष्टः 'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः' (छा० ६-८-२) इत्यत्र। जीवलिङ्गमप्युपक्रमोपसंहारयोर्ब्रह्मविषयत्वादभेदाभिप्रायेण योजयितव्यम् ॥१७॥

त्रिविधमिति। श्रैष्ठ्यं गुणाधिक्यम्, आधिपत्यं नियन्तृत्वम्। स्वाराज्यमनियम्यत्वमिति भेदः।

'सम्भवत्येकवाक्यत्वे वाक्यभेदो हि नेष्यते' इत्युक्तं चेत् पुनरुक्तिः स्यादिति शङ्कते—नन्वेवमिति। कर्मपदस्य रूढ्या पूर्वपक्षप्राप्तौ तन्निरासार्थमस्यारम्भो युक्त इत्याह—नेत्यादिना। प्राणशब्दजीवलिङ्गयोर्गतिमाह—प्राणशब्दोऽपीति। मनो जीवः ॥१७॥

का ग्रहण करना इस प्रसङ्ग में उचित कहा था, परमेश्वर का ग्रहण करना उचित नहीं; इस आक्षेप का परिहार करना चाहिए। जीवलिङ्ग और मुख्यप्राणलिङ्ग को देखते हुए यदि तीनों की उपासना का आग्रह करोगे तो इसका परिहार पहले प्रथमाध्याय प्रथम पाद इकतीसवें सूत्र में किया जा चुका है। आप के कथनानुसार त्रिविध उपासना का प्रसङ्ग आ जायेगा—जीव उपासना, मुख्यप्राण उपासना और ब्रह्म उपासना, किन्तु ऐसा मानना उचित नहीं है। उपक्रम-उपसंहार के आधार पर यह वाक्य ब्रह्मविषयक जाना जाता है उनमें से **'ब्रह्म ते ब्रवाणि'** इस वाक्य द्वारा उपक्रम में ब्रह्मविषयत्व दिखलाया जा चुका है, उपसंहार में भी निरतिशय फल का श्रवण होने से ब्रह्मविषयत्व ही समझा जाता है 'वह सम्पूर्ण पापों को नष्ट कर सभी भूतों में गुणाधिक्यरूप श्रेष्ठत्व नियन्त्रित्वरूप आधिपत्य और अनियम्यत्वरूप स्वाराज्य को प्राप्त कर लेता है, जो इस प्रकार उस ब्रह्म को जानता है।'

पुनरुक्ति की आशङ्का करते हैं कि इस प्रकार प्रतर्दनवाक्य के निर्णय से ही इस अजातशत्रु के वाक्य का भी निर्णय मान लेना चाहिए? ऐसा कहना ठीक नहीं क्योंकि 'जिसका यह सम्पूर्ण जगत् कर्म है' इस वाक्य को ब्रह्मविषयकरूप में प्रतर्दनाधिकरण में निर्धारित नहीं किया गया है। अतः यहाँ पर जीव-मुख्यप्राण शङ्का पुनः उत्पन्न होती है जिसका निराकरण इस सूत्र से किया गया है और जो **'प्राणबन्धनं हि सोम्य मनः'** इस वाक्य में ब्रह्मविषयक प्राण शब्द देखा गया है वह जीवलिङ्ग भी ब्रह्म के साथ अभेदाभिप्राय से मान लेना चाहिए क्योंकि उपक्रम-उपसंहार द्वारा जब कौषीतकि वाक्य ब्रह्मविषयक निश्चित हो चुका है। अतः मनः पदवाच्य जीव ब्रह्म के साथ अभिन्न हो जाता है इस अभिप्राय से ब्रह्म अर्थ में प्राण शब्द का प्रयोग किया गया है ॥१७॥

---

१. ब्रह्म ते ब्रवाणीत्यादिना।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१२४) अन्यार्थं तु जैमिनिः प्रश्नव्याख्यानाभ्यामपि चैवमेके ॥१८॥

अपिच नैवात्र विवदितव्यं जीवप्रधानं वेदं वाक्यं स्याद्ब्रह्मप्रधानं वेति । यतोऽन्यार्थं जीवपरामर्शं ब्रह्मप्रतिपत्त्यर्थमस्मिन्वाक्ये जैमिनिराचार्यो मन्यते । कस्मात् ? प्रश्नव्याख्यानाभ्याम् । प्रश्नस्तावत्सुप्तपुरुषप्रतिबोधनेन प्राणादिव्यतिरिक्ते जीवे प्रतिबोधिते पुनर्जीवव्यतिरिक्तविषयो दृश्यते—'क्वैष एतद्बालाके पुरुषोऽशयिष्ट क्व वा एतदभूत्कुत एतदागात्' ? (कौ० ब्रा० ४-१९) इति । प्रतिवचनमपि 'यदा सुप्तः स्वप्नं न कञ्चन पश्यत्यथास्मिन्प्राण एवैकधा भवति' इत्यादि 'एतस्मादात्मनः प्राणा यथायतनं विप्रतिष्ठन्ते प्राणेभ्यो देवा देवेभ्यो लोकाः' (कौ० ब्रा० ४-२०) इति च । सुषुप्तिकाले च परेण ब्रह्मणा जीव एकतां गच्छति । परस्माच्च ब्रह्मणः प्राणादिकं जगज्जायत इति वेदान्तमर्यादा । तस्माद्यत्रास्य जीवस्य निःसम्बोधतास्वच्छतारूपः स्वाप उपाधिजनितविशेषविज्ञानरहितं स्वरूपं, यतस्तद्भ्रंशरूपमागमनं, सोऽत्र परमात्मा वेदितव्यतया

जीवलिङ्गेन ब्रह्मैव लक्ष्यत इत्युक्तम् । इदानीं तल्लिङ्गेन जीवोक्तिद्वारा ब्रह्म ग्राह्यमित्याह—अन्यार्थमिति । जीवपरामर्शस्य जीवाधिकरणब्रह्मज्ञानार्थत्वे प्रश्नमाह—क्वैष इति । हे बालाके ! एतच्छयनं विशेषज्ञानाभावरूपं यथा स्यात्तथैष पुरुषः क्वाशयिष्ट ? कस्मिन्नधिकरणे शयनं कृतवानित्यर्थः । एकीभावाश्रयज्ञानार्थं पृच्छति—क्व वेति । एतद्भवनमेकीभावरूपं यथा स्यात्तथा एषः पुरुषः क्वाभूत्सुप्तः । केनैक्यं प्राप्नोतीति यावत् । उत्थानापादानं पृच्छति—कुत इति । एतदागमनमक्यभ्रंशरूपं यथा स्यात्तथा पुरुषः कुत आगत इत्यर्थः । प्रश्नमुक्त्वा व्याख्यानमाह—प्रतिवचनमिति । शयनभवनयोराधार उत्थानापादानं च प्राणशब्दितं ब्रह्मैवेत्यर्थः । उत्तरे प्राणोक्तेः प्रश्नोऽपि प्राणविषय 'इत्यत आह—सुषुप्तिकाले चेति । जगद्धेतुत्वजीवैक्याभ्यां प्राणोऽत्र ब्रह्मेत्यर्थः । जीवोक्तेरन्यार्थत्वमुपसंहरति–तस्मादिति । निःसम्बोधता विशेषधीशून्यता । स्वच्छता विक्षेपमलशून्यता । भेदभ्रान्तिशून्यता स्वरूपैक्यमाह–उपाधीति । प्रश्नव्याख्यानयोर्ब्रह्मविषयत्वे शाखान्तरसंवादमाह—

अन्यार्थं तु जैमिनिः प्रश्नव्याख्यानाभ्यामपि चैवमेके (ललिता)

इस वाक्य में जीव का प्रसङ्ग ब्रह्मवोध के लिए आया हुआ है ऐसा जैमिनि आचार्य मानते हैं, अतः यह कौषीतकि वाक्य जीवप्रधान है अथवा ब्रह्मप्रधान है, इस प्रकार विवाद में नहीं पड़ना चाहिए । प्रश्न एवं प्रतिवचन से भी ऐसा ही सिद्ध होता है । सुषुप्त पुरुष को जगाने के माध्यम से प्राणादि से भिन्न जीव अर्थ का बोध होता है, वह जीव ब्रह्म से भिन्न है अथवा अभिन्न है, इस बात को बतलाने के लिए यहाँ प्रसङ्ग के प्रारम्भ में 'हे बालाकि ! यह पुरुष कहाँ सो रहा था, कहाँ पर यह था और पुनः कहाँ से यह जाग्रत में आया है ?' ऐसा प्रश्न देखा जाता है और 'जिस समय सोया हुआ जीव किसी स्वप्न को नहीं देखता है, उस समय प्राण के साथ अभिन्न हो जाता है', 'इस आत्मा से ही सभी प्राण यथास्थान विशेषरूप से प्रतिष्ठित होते हैं ।' इन प्रतिवचन वाक्यों के द्वारा सुषुप्तिकाल में जीव परब्रह्म के साथ एकता को प्राप्त कर लेता है और उसी परब्रह्म से प्राणादि जगत् उत्पन्न होता है ऐसी वेदान्त की मर्यादा कही है । इसलिए जहाँ पर इस जीव की विशेषबुद्धिशून्यतारूप निःसम्बोधता, विशेषमलशून्यतारूप स्वच्छता और भेदभ्रान्तिशून्यतारूप स्वाप होता है उससे भ्रंशरूप आगमन पुनः

---

१. इत्यांशवयाहेत्यर्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

६. वाक्यान्वयाधिकरणम् । (सू० १६-२२)

आत्मा द्रष्टव्य इत्युक्तः संसारी वा परेश्वरः । संसारी पतिजायादिभोगप्रीत्यास्य सूचनात् ।
अमृतत्वमुपक्रम्य तदन्तेऽप्युपसंहृतम् । संसारीणमनूद्यातः परेशत्वं विधीयते ॥

श्रावित इति गम्यते । अपि चैवमेके शाखिनो वाजसनेयिनोऽस्मिन्नेव बालाकयजातशत्रु-संवादे स्पष्टं विज्ञानमयशब्देन जीवमाम्नाय तद्व्यतिरिक्तं परमात्मानमामनन्ति—'य एष विज्ञानमयः पुरुषः क्वैष तदाभूत्कुत एतदागात्' (बृ० २-१-१६) इति प्रश्ने । प्रतिवचनेऽपि 'य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्शेते' इति । आकाशशब्दश्च परमात्मनि प्रयुक्तः 'दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशः' (छा० ८-१-१) इत्यत्र । 'सर्व एत आत्मनो व्युच्चरन्ति' इति चोपाधिमतामात्मनामन्यतो व्युच्चरणमामनन्तः परमात्मानमेव कारणत्वेनामनन्तीति गम्यते । प्राणनिराकरणस्यापि सुषुप्तपुरुषोत्थापनेन प्राणादिव्यतिरिक्तोपदेशो-ऽभ्युच्चयः ॥१८॥

अपि चैवमेके शाखिन इति । ननु तत्राकाशः सुषुप्तिस्थानमुक्तम्, न ब्रह्मेत्यत आह—आकाशेति । उपाधि-द्वारा प्रमात्रात्मजन्महेतुत्वाच्चाकाशो ब्रह्मेत्याह—सर्व इति । एवं जीवनिरासार्थकत्वेन सूत्रं व्याख्याय प्राणनिरासपरत्वेनापि व्याचष्टे—प्राणेति । अस्मिन्वाक्ये प्राणोपदेशं ब्रह्मज्ञानार्थं मन्यते जैमिनिः, उक्तप्रश्नव्याख्यानाभ्यां वाक्यस्य ब्रह्मपरत्वावगमात् । अपि चैके शाखिन एवमेव प्राणातिरिक्तं जीवात्मानमामनन्तः प्राणस्य वाक्यार्थत्वं वारयन्तीति सूत्रयोजना । अतिरिक्तजीवोपदेशः प्राणनिरा-करणस्याप्यभ्युच्चयो हेत्वन्तरमिति भाष्यार्थः । तस्मादिदं वाक्यं ब्रह्मणि समन्वितमिति सिद्धम् ॥१८॥

होता है वह परमात्मा ही वेदितव्यत्वेन श्रुति में सुना गया है ऐसा समझा जाता है । ऐसा ही वाज-सनेयिशाखावाले बालाकि और अजातशत्रुसम्वाद में विज्ञानमय शब्द से जीव को बतलाकर उससे भिन्न परमात्मा का वर्णन करते हैं कि 'यह विज्ञानमय पुरुष उस समय कहाँ था और जगत् में कहाँ से आया ? इस प्रश्न के उत्तर में भी ऐसा ही कहा है' कि यह जीव हृदयान्तवर्ती जो आकाश है उसमें सोता है, इस वाक्य में आकाश शब्द परमात्मा के लिए ही प्रयुक्त हुआ है । 'हृदय के भीतर छोटा सा आकाश है' यहाँ पर सभी सोपाधिक आत्मा की उत्पत्ति परमात्मा से ही बतलायी गयी है, इसलिए परमात्मा ही जगत्कारणरूप से सर्वत्र कहा जाता है । सुषुप्त पुरुष के उत्थापन से यही अर्थ सिद्ध होता है, कि जगत्कारण परब्रह्म प्राणादि से व्यतिरिक्त है, प्राणनिराकरण का भी अभ्युच्चय हेत्वन्तर के लिए है । अतः यह कौषीतकि वाक्य भी ब्रह्म में ही समन्वित होता है, तद्भिन्न अर्थ में नहीं, यह निश्चित हुआ ॥१८॥

६. वाक्यान्वयाधिकरण

१. संगति—'**ब्रह्म ते ब्रवाणि**' इस उपक्रमवाक्य के बल से संदिग्ध वाक्य का ब्रह्मपरत्व बतलाया गया था ऐसी स्थिति में '**न वा अरे पत्युः कामाय**' (बृ० ४-५-६) इत्यादि जीवोपक्रम के बल से मैत्रेयीब्राह्मणस्थ वाक्य को जीवपरक मानना चाहिए । ऐसी दृष्टान्तसंगति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. विषय—**आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः**' (बृ० ४-५-६) इत्यादि श्रुति इस अधिकरण का विचारणीय विषय है ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१२४) वाक्यान्वयात् ॥१९॥

बृहदारण्यके मैत्रेयीब्राह्मणेऽधीयते––'न वा अरे पत्युः कामाय' इत्युपक्रम्य 'न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम्' (बृ० ४-५-६) इति । तत्रैतद्विचिकित्स्यते––किं विज्ञानात्मैवायं द्रष्टव्यश्रोतव्यत्वादिरूपेणोपदिश्यत आहोस्वित्परमात्मेति । कुतः पुनरेषा विचिकित्सा ? प्रियसंसूचितेनात्मना भोक्त्रोपक्रमाद्विज्ञानात्मोपदेश इति प्रतिभाति । तथात्मविज्ञानेन सर्वविज्ञानोपदेशात्परमात्मोपदेश इति । किं तावत्प्राप्तम् ? विज्ञानात्मोपदेश इति । कस्मात् ? उपक्रमसामर्थ्यात् । पतिजायापुत्रवित्तादिकं हि भोग्यभूतं सर्वं जगदात्मार्थतया प्रियं भवतीति प्रियसंसूचितं भोक्तारमात्मानमुपक्रम्यानन्तरमिदमात्मनो दर्शनाद्युप-

---

वाक्यान्वयात् । विषयवाक्यमाह—बृहदिति । पत्यादेरात्मशेषत्वेन प्रियत्वादात्मैव सर्वशेषी प्रियतमः, अतोऽन्यत्परित्यज्याऽऽत्मैव द्रष्टव्यः । दर्शनार्थं श्रवणादिकं कार्यमित्यर्थः । प्रियसंसूचितेनेति । पतिजायादिभिः प्रियैर्भोग्यैर्जीवतयानुमितेनेत्यर्थः । यथा 'ब्रह्म ते ब्रवाणि' (बृ० २-१-१) इत्युपक्रमबलाद्वाक्यस्य ब्रह्मपरत्वं, तथात्र जीवोपक्रमादस्य वाक्यस्य जीवपरत्वमिति दृष्टान्तेन पूर्वपक्षयति—किं तावदिति । पूर्वपक्षे वाक्यस्य जीवोपास्तिपरत्वं, सिद्धान्ते ज्ञेये प्रत्यग्ब्रह्मणि समन्वय इति फलम् ।

---

३. **संशय**—इस श्रुति में द्रष्टव्यत्वादि रूप से जीव का उपदेश है अथवा परमात्मा का ? ऐसा संशय होता है ।

४. **पूर्वपक्ष**—पति-जायादि भोग की प्रीति होने से संसारी जीव को ही यहाँ पर द्रष्टव्य मानना उचित होगा ।

५. **'येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्यां यदेव भगवान् वेद तदेव मे ब्रूहि'** (बृ० २-४-३) इस अमृतत्व का उपक्रमकर अन्त में उसी का उपसंहार भी दीखता है अतः संसारीजीव का अनुवादकर परमात्मा अर्थ का प्रतिपादन द्रष्टव्यत्वादिरूप से इस श्रुति में किया गया है ।

वाक्यान्वयात् (ललिता)

बृहदारण्य मैत्रयीब्राह्मण में 'पति के सुख के लिए पति प्यारा नहीं होता किन्तु अपने सुख के लिए होता है' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर 'अरे मैत्रेयि ! सभी के सुख के लिए सभी प्यारे नहीं होते किन्तु अपने सुख के लिए सभी प्यारे होते हैं। इसलिए हे मैत्रेयि ! आत्मा ही दर्शनार्ह है, वही श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन के योग्य है । हे मैत्रेयि ! आत्मा के दर्शन, श्रवण, मनन एवं विज्ञान से यह सब कुछ विदित हो जाता है ।' यहाँ तक जो कहा गया है उस पर यह संशय होता है कि क्या विज्ञानात्मा जीव ही द्रष्टव्य, श्रोतव्यादि रूप से बतलाया गया है अथवा परमात्मा । यह संशय ही क्यों होता है ? प्रियसंसूचित भोक्ता आत्मा से प्रसङ्ग प्रारम्भकर विज्ञानात्मा का उपदेश है ऐसा प्रतिभासित होता है और आत्मविज्ञान से सर्वविज्ञान का उपदेश होने के कारण परमात्मा का उपदेश जान पड़ता है, बस यही संशय का बीज है । ऐसी स्थिति में पूर्वपक्ष कहता है कि यहाँ पर जीवात्मा का ही उपदेश है क्योंकि वाक्यारम्भसामर्थ्य से पति, पत्नी, पुत्र और वित्तादि भोग्यरूप सम्पूर्ण जगत् आत्मा के लिए प्रिय होता है । इस प्रियसंसूचित भोक्ता आत्मा का प्रसङ्ग प्रारम्भकर तत्पश्चात्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिश्यमानं कस्यान्यस्यात्मनः स्यात् । मध्येऽपि 'इदं महद्भूतमनन्तमपारं विज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्य संज्ञास्ति' इति प्रकृतस्यैव महतो भूतस्य द्रष्टव्यस्य भूतेभ्यः समुत्थानं विज्ञानात्मभावेन ब्रुवन्विज्ञानात्मन एवेदं द्रष्टव्यत्वं दर्शयति । तथा 'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्' इति कर्तृवचनेन शब्देनोपसंहरन्विज्ञानात्मानमेवेहोपदिष्टं दर्शयति । तस्मादात्मविज्ञानेन सर्वविज्ञानवचनं भोक्त्रर्थत्वाद्भोग्यजातस्यौपचारिकं द्रष्टव्यमिति ।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—परमात्मोपदेश एवायम् । कस्मात् ? वाक्यान्वयात् । वाक्यं हीदं पौर्वापर्येणावेक्ष्यमाणं परमात्मानं प्रति अन्वितावयवं लक्ष्यते । कथमिति, तदुपपाद्यते—'अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन' इति याज्ञवल्क्यादुपश्रुत्य 'येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्यां यदेव भगवान्वेद तदेव मे ब्रूहि' इत्यमृतत्वमाशासानाया[1] मैत्रेय्या याज्ञवल्क्य आत्मविज्ञानमिदमुपदिशति । न चान्यत्र परमात्मविज्ञानाद-

---

इदं प्रत्यक् । महदपरिच्छिन्नम् । भूतं सत्यम् । अनन्तं नित्यम् अपारं सर्वगत चिदेकरसम् । एतेभ्यः कार्यकारणात्मना [2]जायमानेभ्यो भूतेभ्यः साम्येनोत्थाय भूतोपाधिक जन्मानुभूय तान्येव भूतानि लीयमानान्यनुसृत्य विनश्यति । औपाधिकमरणानन्तरं विशेषधीर्नास्तीति श्रुत्यर्थः । विज्ञातारं विज्ञानकर्तारम् । भोक्तरि ज्ञाते भोग्यं ज्ञातमित्युपचारः ।

मोक्षसाधनज्ञानगम्यत्वादिलिङ्गैर्वाक्यस्यान्वयाद्ब्रह्मण्येव तात्पर्यावगमाद्ब्रह्मप्रमापकत्वमिति सिद्धान्तयति—एवमिति । वित्तेन । तत्साध्येन कर्मणेत्यर्थः । भेदनिन्दापूर्वकमभेदसाधनेनैकविज्ञानात्-

---

आत्मा के ही दर्शनादि का उपदश मिलता है। ऐसी स्थिति में यह उपदेश परमात्मा से भिन्न किसी आत्मा का बोध कराता है। मध्य में भी कहा है कि 'जो महद्भूत अर्थात् अपरिच्छिन्नरूप है, अन्त रहित है, नित्य, अपार, सर्वव्यापक, चिदेकरस है, इन कार्यकारणरूप से उत्पन्न सभी भूतों से सामान्यतः ऊपर उठकर, भूतोपाधिक जन्म का अनुभवकर, उन उपाधियों के लोन होने के बाद वह लीन हो जाता है, औपाधिक मरण के बाद विशेषज्ञान नहीं रहता' इस वाक्य द्वारा प्रसङ्गागत महद्भूत द्रष्टव्यतत्त्व का ही भूतों की अपेक्षा विज्ञानात्मभाव से समुत्थान बतलाते हुए श्रुति विज्ञानात्मा जीव को ही द्रष्टव्य कहती है और 'अरे ! विज्ञानात्मा को किससे जाने ?' इस कर्ता वाचक शब्द से उपसंहार बतलाते हुए यहाँ पर विज्ञानात्मा का ही उपदेश श्रुति दिखलाती है । अतः आत्मविज्ञान से सर्वविज्ञानवचन भोक्ता के लिए होने से भोग्यसमुदाय में द्रष्टव्यत्व औपचारिक है ?

ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि यह उपदेश परमात्मा के लिए ही है क्योंकि पूर्वापर के ऊपर दृष्टिपात करने से परमात्मा में ही वाक्य का अन्वय लक्षित होता है। इसका उपपादन किस प्रकार होता है ? ऐसी आकांक्षा होने पर कहते हैं कि 'हे मैत्रेयि ! वित्त से अमृतत्व की आशा नहीं की जा सकती ।' महर्षि याज्ञवल्क्य के इस वाक्य को सुनकर मैत्रेयि ने कहा कि 'जिसे लेकर मैं अमर नहीं हो सकती उससे मैं क्या करूँगी । अमरत्व का साधन जिसे आप समझते हैं वही मुझे बतलावें ।' इस वाक्य द्वारा अमृतत्व की आशा रखने वाली मैत्रेयी को महर्षि याज्ञवल्क्य ने

---

१. आशासानाया मैत्रेय्या इति षष्ठ्यन्त पाठः क्वचित्पुस्तकेषूपलभ्यते । २. परिणतेभ्यः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मृतत्वमस्तीति श्रुतिस्मृतिवादा वदन्ति । तथा चात्मविज्ञानेन सर्वविज्ञानमुच्यमानं नान्यत्र परमकारणविज्ञानान्मुख्यमवकल्पते। न चैतदौपचारिकमाश्रयितुं शक्यं, यत्कारणमात्मविज्ञानेन सर्वविज्ञानं प्रतिज्ञायानन्तरेण ग्रन्थेन तदेवोपपादयति—'ब्रह्म तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनो ब्रह्म वेद' इत्यादिना। यो हि ब्रह्मक्षत्रादिकं जगदात्मनोऽन्यत्र स्वातन्त्र्येण लब्धसद्भावं पश्यति तं मिथ्यादर्शिनम् तदेव मिथ्यादृष्टं ब्रह्मक्षत्रादिकं जगत्पराकरोतीति भेददृष्टिमपोद्य 'इदं सर्वं यदयमात्मा' इति सर्वस्य वस्तुजातस्यात्माव्यतिरेकमवतारयति। दुन्दुभ्यादिदृष्टान्तैश्च(बृ० ४-५-८)तमेवाव्यतिरेकं द्रढयति। 'अस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतदृग्वेदः' (बृ० ४-५-११) इत्यादिना च प्रकृतस्यात्मनो नामरूपकर्मप्रपञ्चकारणतां व्याचक्षाणः परमात्मानमेनं गमयति। तथैवैकायनप्रक्रियायामपि(बृ० ४-५-१२)सविषयस्य सेन्द्रियस्य सान्तःकरणस्य प्रपञ्चस्यैकायनमनन्तरमबाह्यं कृत्स्नं प्रज्ञानघनं व्याचक्षाणः परमात्मानमेनं गमयति। तस्मात्परमात्मन एवायं दर्शनाद्युपदेश इति गम्यते ॥१९॥

सर्वविज्ञानस्य समर्थनादौपचारिकत्वं न युक्तमित्याह—न चै दौपचारिकमित्यादिना। पराकरोति। श्रेयोमार्गाद् भ्रंशयति । यथा दुन्दुभिशङ्खवीणाशब्दसामान्यग्रहणेनैव गृह्यमाणास्तदवान्तरविशेषाः शुक्तिग्रहणग्राह्यरजतवत् सामान्ये कल्पितास्ततो न भिद्यन्ते, एवमात्मभानभास्यं सर्वमात्ममात्रमिति निश्चितमित्याह—दुन्दुभ्यादीति। एवमेकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञाया मुख्यत्वाद्ब्रह्मनिश्चयः। सर्वस्रष्टृत्वलिङ्गादपीत्याह—अस्य महत इति। ऋग्वेदादिकं नाम। इष्टं हुतमिति कर्म। अयञ्च लोकः परश्च लोक इति रूपम्। किञ्च 'स यथा सर्वासामपां समुद्र एकायनम्' (बृ० २-४-११) इति कण्डिकया सर्वप्रपञ्चस्य मुख्यलयाधारत्वमात्मनो ब्रह्मत्वे लिङ्गमित्याह—तथैवैकायनेति ॥१९॥

आत्मविज्ञान का उपदेश किया। परमात्म विज्ञान को छोड़कर अन्य किसी के ज्ञान से अमृतत्व नहीं मिलता है, ऐसा श्रुति-स्मृति के रहस्यवेत्ता कहते हैं। तथा आत्मविज्ञान से सर्वविज्ञान जो कहा गया है वह भी परमकारण परमात्मविज्ञान को छोड़कर अन्य किसी की भी मुख्यरूप से कल्पना नहीं कर सकते और न इसे औपचारिक ही मान सकते हैं, क्योंकि आत्मविज्ञान से सर्वविज्ञान की प्रतिज्ञाकर अव्यवहित उत्तरग्रन्थ से उसी का उपपादन करते हैं। 'उसे ब्राह्मण पराजित कर डालता है जो अपने से भिन्न ब्राह्मण को समझता है' इस वाक्य द्वारा उसी प्रतिज्ञात तत्त्व का उपदेश किया गया है। जो ब्राह्मण क्षत्रियादि जगत् को आत्मा से भिन्न स्वतन्त्र सत्तावाला जानता है उस मिथ्यादर्शी को भ्रान्तिज्ञान के विषयभूत ब्राह्मण, क्षत्रियादि जगत् ही पराभून कर डालते हैं अर्थात् वह उसके पराभव का कारण बन जाता है' इस प्रकार भेददृष्टि की निन्दा कर 'यह सब जो कुछ भा दृश्य है यह आत्मा ही है' इस वाक्य द्वारा सम्पूर्ण वस्तुसमुदाय को आत्मा से अभिन्न बतलाया गया है। उसी अभिन्न परमात्मतत्त्व को दुन्दुभ्यादि दृष्टान्तों से दृढ़ किया गया है 'यह ऋग्वेदादि इस महद्भूत परमात्मा का निःश्वासरूप है' इत्यादि वाक्य द्वारा प्रसङ्गागत आत्मा को ही नाम-रूप एवं कर्मात्मक प्रपञ्च का कारण बतलाते हुए श्रुति इसे परमात्मा बतलाती है। वैसे ही 'सम्पूर्ण जलों का एकायन समुद्र है, इस कण्डिका द्वारा एकायन प्रक्रिया में भी विषय, इन्द्रियाँ और अन्तःकरण के सहित प्रपञ्च का एकायन बाह्याभ्यन्तरभाव से रहित, सर्वथा प्रज्ञानघन को बतलाते हुए इसे परमात्मरूप में श्रुति बोध कराती है। अतः यह दर्शनादि उपदेश परमात्मा के लिए ही हैं। ऐसा जान पड़ता है ॥१९॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१२५) प्रतिज्ञासिद्धेर्लिङ्गमाश्मरथ्यः ॥२०॥

(१२६) उत्क्रमिष्यत एवंभावादित्यौडुलोमिः ॥२१॥

यत्पुनरुक्तं प्रियसंसूचितोपक्रमाद्विज्ञानात्मन एवायं दर्शनाद्युपदेश इति, अत्र ब्रूमः—

अस्त्यत्र प्रतिज्ञा 'आत्मनि विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति, इदं सर्वं यदयमात्मा' इति च तस्याः प्रतिज्ञायाः सिद्धिं सूचयत्येतल्लिङ्गं यत्प्रियसंसूचितस्यात्मनो द्रष्टव्यत्वादि-सङ्कीर्तनम् । यदि हि विज्ञानात्मा परमात्मनोऽन्यः स्यात्ततः परमात्मविज्ञानेऽपि विज्ञानात्मा न विज्ञात इत्येकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं यत्प्रतिज्ञातं तद्धीयेत । तस्मात्प्रतिज्ञा-सिद्ध्यर्थं विज्ञानात्मपरमात्मनोरभेदांशेनोपक्रमणमित्याश्मरथ्य आचार्यो मन्यते ॥२०॥

विज्ञानात्मन एव देहेन्द्रियमनोबुद्धिसङ्घातोपाधिसम्पर्कात्कलुषीभूतस्य ज्ञानध्यानादि-साधनानुष्ठानात्सम्प्रसन्नस्य देहादिसङ्घातादुत्क्रमिष्यतः परमात्मैक्योपपत्तेरिदमभेदेनोप-क्रमणमित्यौडुलोमिराचार्यो मन्यते । श्रुतिश्चैवं भवति—'एष सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात्स-मुत्थाय परं ज्योतिरुपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते' (छा० ८-१२-३) इति । क्वचिच्च जीवाश्रयमपि नामरूपं नदीनिदर्शनेन ज्ञापयति—'यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं

जीवब्रह्मणोर्भेदाभेदसत्त्वादभेदांशेनेदं जीवोपक्रमणं प्रतिज्ञासाधकमित्याश्मरथ्यमतम् ॥२०॥ सत्यसंसारदशायां भेद एव, मुक्तावेवाभेद इत्यौडुलोमिमतम् । तत्र मानमाह—श्रुतिश्चेति । समुत्थानमुत्क्रान्तिः । ननु संसारस्यौपाधिकत्वात् सर्वदैवाभेद इत्याशङ्क्य दृष्टान्तबलेन संसारस्य स्वाभाविकत्वमित्याह—क्वचिच्चेति । 'यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय'

प्रतिज्ञासिद्धेर्लिङ्गमाश्मरथ्यः (ललिता)

प्रियसंसूचित शब्द से प्रसङ्ग प्रारम्भकर जीव का ही यह दर्शनादि उपदेश किया गया है ऐसा जो आप ने कहा था। उस पर हम कहते हैं कि यह तो 'आत्मविज्ञान से सर्वविज्ञात हो जाते हैं क्योंकि यह सब आत्मा ही तो है' इस वाक्य द्वारा जो प्रतिज्ञा की गयी थी उसकी सिद्धि के लिए यह लिङ्ग है जो प्रियसंसूचित आत्मा में द्रष्टव्यत्वादि का वर्णन है । यदि परमात्मा से जीव भिन्न होगा, तो परमात्मा का विज्ञान हो जाने पर भी जीवात्मा विज्ञात नहीं हो सकता, फिर तो एक के ज्ञान से सर्व-विज्ञान की जो प्रतिज्ञा की गयी थी, वह भंग हो जाती । अतः प्रतिज्ञा की सिद्धि के लिए जीव और ब्रह्म में अभेदांश को लेकर प्रसङ्ग प्रारम्भ किया था, ऐसा आश्मरथ्य आचार्य मानते हैं ॥२०॥

उत्क्रमिष्यत एवंभावादित्यौडुलोमिः (ललिता)

देह, इन्द्रियाँ, मन एवं बुद्धि-रूप संघात उपाधि के सम्पर्क से जीवात्मा कलुषित हो गया था, वही ज्ञान, ध्यानादि साधनों के अनुष्ठान से जब स्वच्छ हो जाता है और देहादि संघात से ऊपर उठ जाता है, तब उसका परमात्मा के साथ अभेद हो जाता है, ऐसे अभेद अंश को लेकर प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ है ऐसा औडुलोमि आचार्य मानते हैं। इस विषय में श्रुति भी है 'यह जीव इस शरीर से ऊपर उठकर कूटस्थभावरूप ज्योति को प्राप्त करता है। पुनः अपने अविच्छिन्न ब्रह्मरूप से अभिनिष्पन्न होता है।' कहीं-कहीं पर जीवाश्रित नाम-रूप भी नदी दृष्टान्त के द्वारा उक्त अर्थ को ही ज्ञापित करता है 'जैसे निरन्तर बहने वाली नदियाँ अपने नाम-रूप को छोड़ कर समुद्र में मिल जाती हैं,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१२८) अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः ॥२२॥

गच्छन्ति नामरूपे विहाय । तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम् ।' (मुण्ड० ३-२-८) इति । यथा लोके नद्यः स्वाश्रयमेव नामरूपं विहाय समुद्रमुपयन्त्येवं जीवोऽपि स्वाश्रयमेव नामरूपं विहाय परं पुरुषमुपैतीति हि तत्रार्थः प्रतीयते दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोस्तुल्यतायै ॥२१॥

अस्यैव परमात्मनोऽनेनापि विज्ञानात्मभावेनावस्थानादुपपन्नमिदमभेदेनोपक्रमणमिति काशकृत्स्न आचार्यो मन्यते । तथा च ब्राह्मणम्—'अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (छा. ६-३-२)इत्येवञ्जातीयकं परस्यैवात्मनो जीवभावेनावस्थानं दर्शयति । मन्त्रवर्णश्च—'सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो नामानि कृत्वाभिवदन्यदास्ते' (तै० आ० ३-१२-७) इत्येवञ्जातीयकः । नच तेजःप्रभृतीनां सृष्टौ जीवस्य पृथक्सृष्टिः श्रुता, येन परस्मादात्मनोऽन्यस्तद्विकारो जीवः स्यात् । काशकृत्स्नस्याचार्यस्याविकृतः परमेश्वरो

(मुण्ड० ३-२-८) इति नदीनिदर्शनं व्याचष्टे—यथा लोक इति ॥२१॥

सिद्धान्तमाह—अवस्थितेरिति । अत्यन्ताभेदज्ञापनार्थं जीवमुपक्रम्य द्रष्टव्यत्वादयो ब्रह्मधर्मा उक्ता इत्यर्थः । एतेन जीवलिङ्गानां ब्रह्मपरत्वकथनार्थमिदमधिकरणं न भवति, तस्य प्रतर्दनाधिकरणे कथितत्वात् । नापि जीवानुवादेन ब्रह्मप्रतिपादनार्थम्, 'सुषुप्त्युत्क्रान्त्योः' इत्यत्र गतत्वात् । अतो व्यर्थमिदमधिकरणमिति निरस्तम् । जीवोद्देशेन ब्रह्मत्वप्रतिपादने भेदोऽप्यावश्यक इति भेदाभेदशङ्काप्राप्तौ कल्पितभेदेनोद्देश्यत्वादिकं, स्वतोऽत्यन्ताभेद इति ज्ञापनार्थमस्यारम्भात् । ज्ञायते चात्र लिङ्गमात्मशब्देनोपक्रान्तस्य जीवस्य धर्मिणो ब्रह्मणो धर्म्यन्तरस्य ग्रहणं विनैव ब्रह्मधर्मकथनं, भेदाभेदयोस्तु धर्मिद्वयग्रहः स्यादिति मन्तव्यम् । धीरः सर्वज्ञः । सर्वाणि रूपाणि कार्याणि, विचित्य सृष्ट्वा, तेषां नामानि च कृत्वा तेषु बुद्धयादिषु प्रविश्याभिवदनादिकं कुर्वन् यो वर्तते, तं विद्वानिहैवामृतो भवतीति मन्त्रोऽपि जीवपरयोरैक्यं दर्शयतीत्याह—मन्त्रेति । जीवस्य ब्रह्मविकारत्वान्नैक्यमित्यत आह—नच तेज इति । मतत्रयं विभज्य दर्शयति—काशेत्यादिना । कियानपीति । अभेदवद्भेदोऽपीत्यर्थः ।

वैसे ही ज्ञानी नाम-रूप से छूटकर दिव्य परमपुरुष को प्राप्त कर लेता है' इस वाक्य द्वारा कहा गया है कि जिस प्रकार लोक में नदियाँ स्वाश्रित नाम-रूप को छोड़कर समुद्र में मिल जाती हैं, ऐसे ही जीव भी स्वाश्रित नाम-रूप को छोड़कर परमपुरुष परमात्मा को प्राप्त कर जाता है । यह मन्त्रार्थ दृष्टान्त-दार्ष्टान्त की तुल्यता का अवबोधक है ॥२१॥

अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः (ललिता)

इसी परमात्मा के इस जीवात्मभाव के द्वारा भी अवस्थान होता है, इसीलिए अभेदांश को लेकर प्रसङ्ग प्रारम्भ हुआ था, ऐसा काशकृत्स्न आचार्य मानते है । ऐसा ही 'जीवात्मारूप से प्रविष्ट होकर मैं नाम-रूप का व्याकरण करूँगा' यह ब्राह्मणवाक्य परमात्मा का ही जीवभाव से अवस्थान बतलाता है। 'धीरपुरुष सभी रूपों का विचार कर उसे नाममात्र बतलाता हुआ जब अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है' ऐसा मन्त्रवर्ण भी उक्त अर्थ को ही कहता है। अग्नि इत्यादि की सृष्टिप्रसङ्ग में जीवात्मा की पृथक् सृष्टि नहीं कही गयी है जिससे कि परमात्मा से भिन्न परमात्मा का विकार जीव को माना जाय। इसीलिए काशकृत्स्न आचार्य के मत में अविकृत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जीवो नान्य इति मतम् । आश्मरथ्यस्य तु यद्यपि जीवस्य परस्मादनन्यत्वमभिप्रेतं, तथापि प्रतिज्ञासिद्धेरिति सापेक्षत्वाभिधानात्कार्यकारणभावः कियानप्यभिप्रेत इति गम्यते । औडुलोमिपक्षे पुनः स्पष्टमेवावस्थान्तरापेक्षौ भेदाभेदौ गम्येते । तत्र काशकृत्स्नीयं मतं श्रुत्यनुसारीति गम्यते, प्रतिपिपादयिषितार्थानुसारात् 'तत्त्वमसि' इत्यादिश्रुतिभ्यः । एवं च सति तज्ज्ञानादमृतत्वमवकल्पते । विकारात्मकत्वे हि जीवस्याभ्युपगम्यमाने विकारस्य प्रकृतिसम्बन्धे प्रलयप्रसङ्गान्न तज्ज्ञानादमृतत्वमवकल्पेत । अतश्च स्वाश्रयस्य नामरूपस्यासम्भवादुपाध्याश्रयं नामरूपं जीव उपचर्यते । अतएवोत्पत्तिरपि जीवस्य क्वचिदग्निविस्फुलिङ्गोदाहरणेन श्राव्यमाणोपाध्याश्रयैव वेदितव्या ।

यदप्युक्तं प्रकृतस्यैव महतो भूतस्य द्रष्टव्यस्य भूतेभ्यः समुत्थानं विज्ञानात्मभावेन दर्शयन्विज्ञानात्मन एवेदं द्रष्टव्यत्वं दर्शयतीति । तत्रापीयमेव त्रिसूत्री योजयितव्या ।

तत्रान्त्यस्य मतस्योपादेयत्वमाह—तत्र काशेति । सोऽयं देवदत्त इतिवत्तत्वमस्यादिवाक्येभ्यः परापरयोरत्यन्ताभेदः प्रतिपादयितुमिष्टोऽर्थः, तदनुसारित्वादित्यर्थः, ज्ञानान्मुक्तिश्रुत्यन्यथानुपपत्त्याप्ययमेव पक्ष आदेय इत्याह—एवं चेति । अत्यन्ताभेदे सतीत्यर्थः । कल्पितस्य भेदस्य ज्ञानान्निवृत्तिः सम्भवति न सत्यस्येत्यपि द्रष्टव्यम् । यदुक्तं नदीदृष्टान्तात्संसारः स्वाभाविक इति, तन्नेत्याह—अतश्चेति । अनामरूपब्रह्मत्वाज्जीवस्येत्यर्थः । उत्पत्तिश्रुत्या जीवस्य ब्रह्मणा भेदाभेदावित्यत आह—अत एवेति । उत्पत्तेः स्वाभाविकत्वे मुक्त्ययोगादेवेत्यर्थः ।

अत्र पूर्वपक्षे बीजत्रयमुक्तं । जीवेनोपक्रमः, परस्यैव समुत्थानश्रुत्या जीवाभेदाभिधानं, विज्ञातृशब्दश्चेति । तत्राद्यं बीजं त्रिसूत्र्या निरस्तम् । सम्प्रति द्वितीयमनूद्य तथैव निराचष्टे—यदप्युक्त-

---

परमेश्वर ही जीव है, भिन्न नहीं, ऐसी मान्यता है । यद्यपि जीवात्मा परमात्मा से अभिन्नरूप में आश्मरथ्य को अभिप्रेत है फिर भी प्रतिज्ञा की सिद्धि के लिए स्वापेक्षत्व का कथन होने से जीव-ब्रह्म में कुछ कार्यकारणभाव भी अभिप्रेत है ऐसा जान पड़ता है । औडुलोमि पक्ष में यह स्पष्ट ही है कि अवस्थान्तर की अपेक्षा से ही भेदाभेद है । इनमें काशकृत्स्नीय मत श्रुत्यनुकूल जान पड़ता है क्योंकि जो अर्थप्रतिपादन करना इष्ट है उसके अनुसार ही 'तत्त्वमसि' इत्यादि श्रुतिवाक्यों से भी सिद्ध होता है । इस प्रकार अत्यन्ताभेद सिद्ध होने पर उसके ज्ञान से अमरत्व प्राप्त होता है । जीव को परमात्मा का विकार मानने पर विकार का प्रकृति के साथ सम्बन्ध होता है ऐसी स्थिति में जीव के प्रलय का प्रसङ्ग आ जाने पर उसके ज्ञान से अमरत्व की कल्पना नहीं कर सकते । अतः चेतन के आश्रित नाम-रूप का होना असम्भव है, नाम-रूप तो उपाधि के आश्रित हैं जिनका जीव में उपचार होता है । इसीलिए जीव की उत्पत्ति भी कहीं-कहीं पर अग्नि विस्फुलिङ्ग उदाहरण द्वारा जो सुनी जाती है वह भी उपाधि के आश्रित ही समझना चाहिए, चेतन में नहीं ।

पूर्वपक्ष में जीवात्मा द्वारा प्रसङ्ग का प्रारम्भ होना, समुत्थान श्रुति से परमात्मा का ही जीव के साथ अभेदवर्णन और विज्ञातृ शब्द, ऐसे तीन बीज बतलाये गये थे । उनमें से प्रथम बीज का निराकरण त्रिसूत्री द्वारा कर दिया गया है, अब द्वितीय बीज का अनुवादकर उसी त्रिसूत्री से निराकरण करते हैं । पूर्वपक्षी ने जो कहा था कि प्रकृत महद्भूत द्रष्टव्य परमात्मा ही भूतों से समुत्थान हो जाने पर जीवभाव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

'प्रतिज्ञासिद्धेर्लिङ्गमाश्मरथ्यः' इदमत्र प्रतिज्ञातम्—आत्मनि विदिते सर्वं विदितं भवति । 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६) इति च, उपपादितं च, सर्वस्य नामरूपकर्मप्रपञ्चस्यैकप्रसवत्वादेकप्रलयत्वाच्च दुन्दुभ्यादिदृष्टान्तैश्च कार्यकारणयोरव्यतिरेकप्रतिपादनात् । तस्या एव प्रतिज्ञायाः सिद्धिं सूचयत्येतल्लिङ्गं यन्महतो भूतस्य द्रष्टव्यस्य भूतेभ्यः समुत्थानं विज्ञानात्मभावेन कथितमित्याश्मरथ्य आचार्यो मन्यते । अभेदे हि सत्येकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं प्रतिज्ञातमवकल्पत इति । 'उत्क्रमिष्यत एवंभावादित्यौडुलोमिः । उत्क्रमिष्यतो विज्ञानात्मनो ज्ञानध्यानादिसामर्थ्यात्सम्प्रसन्नस्य परेणात्मनैक्यसम्भवादिदमभेदाभिधानमित्यौडुलोमिराचार्यो मन्यते । 'अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः' । अस्यैव परमात्मनोऽनेनापि विज्ञानात्मभावेनावस्थानादुपपन्नमिदमभेदाभिधानमिति काशकृत्स्न आचार्यो मन्यते ।

ननूच्छेदाभिधानमेतत् 'एतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्य संज्ञास्ति' (बृ० २-४-१२) इति, कथमेतदभेदाभिधानम् । नैष दोषः । विशेषविज्ञान-

---

मित्यादिना । आत्मज्ञानात्सर्वविज्ञानं यत्प्रतिज्ञातं, तत्र हेतुः 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६) इत्यव्यतिरेक उक्तस्तस्य प्रतिपादनात्तदेव प्रतिज्ञातमुपपादितमिति योजना । एकस्मात्प्रसवो यस्य, एकस्मिन्प्रलयो यस्य तद्भावादित्यर्थः । समुत्थानमभेदाभिधानमिति यावत् ।

जन्मनाशावुक्तौ नाभेद इत्याक्षिप्य परिहरति—नन्वित्यादिना । मृतस्य संज्ञा नास्तीति वाक्ये-

---

से दिखलाया गया है । अतः जीवात्मा को ही श्रुति द्रष्टव्य बतलाती है । यहाँ पर भी इसी त्रिसूत्री की योजना कर लेनी चाहिए अर्थात् आत्मज्ञान से सर्वविज्ञान की जो प्रतिज्ञाकी गयी थी, उसमें यह हेतु है कि 'यह सब कुछ आत्मा ही तो है, भिन्न नहीं है' इसीलिए एक के ज्ञान से सब विज्ञात हो जाता है । जब एक से सबका प्रसव हुआ है और उसी में सबका विलय होता है तो यह समुत्थान अभेद को कह रहा है इसीलिए आत्मा के जानने पर सब कुछ विज्ञात होता है क्योंकि सब कुछ आत्मा ही तो है । सम्पूर्ण नाम-रूप एवं कर्मात्मक प्रपञ्च की एक अद्वय आत्मा से उत्पत्ति और उसी में सबका प्रलय कहा है । दुन्दुभ्यादि दृष्टान्त द्वारा कार्यकारण का अभेदप्रतिपादन किया गया है । इससे भी उस प्रतिज्ञा की सिद्धि सूचित होती है और इस सम्बन्ध में महद्भूत परमात्मा का भूतों से समुत्थान (अभेद अर्थात् तादात्म्य) होने पर जीवात्मा कहा गया है ऐसा आश्मरथ्य आचार्य मानते हैं। जीव और ब्रह्म का अभेद होने पर ही ब्रह्म के ज्ञान से सब के विज्ञात होने की प्रतिज्ञा सिद्ध होती है । भौतिक शरीरादि के साथ तादात्म्य कर लेने पर चेतन ब्रह्म में जीवत्व भासने लग जाते हैं । शरीर के साथ तादात्म्यभाव का परित्याग ज्ञान-ध्यानादि साधनों को जब जीव करता है तब जीवात्मा का परमात्मा के साथ में ऐक्य सम्भव हो जाता है । इसीलिए औडुलोमि आचार्य दोनों का अभेद मानते हैं किन्तु काशकृत्स्न आचार्य इस परमात्मा का ही जीवात्मभाव से अवस्थान होने पर जीव-ब्रह्म का अभेद बतलाते हैं ।

इस प्रसङ्ग में जन्म और नाश कहे गये हैं, अभेद नहीं, क्योंकि इन भूतों से ऊपर उठ जाने पर इनके नाश के पीछे जीव भी नष्ट हो जाता है, मरने पर जीव में कोई संज्ञा नहीं रह जाती फिर भला ब्रह्म के साथ अभेदाभिधान कैसे हो सकता है ? यह कोई दोष नहीं है । विशेषविज्ञान का विनाश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विनाशाभिप्रायमेतद्विनाशाभिधानं नात्मोच्छेदाभिप्रायम् । 'अत्रैव मा भगवानमूमुहन्न प्रेत्य संज्ञास्ति' इति पर्यनुयुज्य स्वयमेव श्रुत्यार्थान्तरस्य दर्शितत्वात्—'न वा अरेऽहं मोहं ब्रवीम्यविनाशी वा अरेऽयमात्मानुच्छित्तिधर्मा, मात्रासंसर्गस्त्वस्य भवति' इति । एतदुक्तं भवति—कूटस्थनित्य एवायं विज्ञानघन आत्मा, नास्योच्छेदप्रसङ्गोऽस्ति । मात्राभिस्त्वस्य भूतेन्द्रियलक्षणाभिरविद्याकृताभिरसंसर्गो विद्यया भवति । संसर्गाभावे च तत्कृतस्य विशेषविज्ञानस्याभावान्न प्रेत्य संज्ञास्तीत्युक्तमिति ।

यदप्युक्तम्—'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्' इति कर्तृवचनेन शब्देनोपसंहाराद्विज्ञानात्मन एवेदं द्रष्टव्यमिति, तदपि काशकृत्स्नीयेनैव दर्शनेन परिहरणीयम् ।

ऽत्रैव मां मोहितवानसि ज्ञानरूपस्यात्मनो ज्ञानाभावे नाशप्रसङ्गादिति मैत्रेय्योक्तो मुनिराह—न वा अरे इति । मोहं मोहकरं वाक्यम्, अविनाशी नाशहेतुशून्यः, अत उच्छित्तिधर्मा नाशवान्न भवतीत्यनुच्छित्तिधर्मेत्यर्थः ।

तृतीयं बीजं तृतीयेन मतेनैव निरसनीयमित्याह—यदपीत्यादिना । आद्यमतद्वयेऽपि सत्यभेदाङ्गीकारात् केनेत्याक्षेपो 'न युक्तः । काशकृत्स्नस्य मते त्वत्यन्ताभेदाद्विज्ञानस्य 'कारकाभावात्स युक्त इति श्रुत्यनुसारित्वात्तन्मते मनःकल्पितं विज्ञातृत्वं मुक्ते ब्रह्मात्मनि भूतपूर्वगत्योक्तमिति परिहरणीयमित्यर्थः । किञ्च पूर्वापरपर्यालोचनया वाक्यस्य मुक्तात्मपरत्वावगमाद्विज्ञातृत्वं कल्पित-

---

बतलाने में इस श्रुति का तात्पर्य है न कि आत्म उच्छेद बतलाने में । अर्थात् उस दशा में वृत्तिज्ञान नहीं रहता, स्वरूपज्ञान तो बना ही रहता है । किन्तु इस रहस्य को न जानने के कारण मैत्रेयी कहती है कि 'आप मुझे यहाँ पर मोह में डाल रहे हैं जो कहते हैं कि मरने पर संज्ञा नहीं रहती, इस वाक्य द्वारा स्वयं ही प्रश्न उठाकर श्रुति ने अर्थान्तर दिखलाया है 'महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा कि 'अरे मैत्रेयि ! मैं तुझे मोह में नहीं डाल रहा हूँ । यह आत्मा अविनाशी है, उसके अस्तित्व का कभी उच्छेद नहीं होता किन्तु उस दशा में विषयों के साथ इसका सम्बन्ध नहीं रहता । इसीलिए वृत्तिज्ञान उस समय नहीं रहता है किन्तु अविनाशी होने के कारण स्वरूपज्ञान तो तब भी विद्यमान ही रहता है' । तात्पर्य यह है कि यह विज्ञानघन आत्मा कूटस्थ, नित्य है, इसके नाश का तो प्रसङ्ग ही नहीं आता; केवल विषय और इन्द्रियाँ जो अविद्या के कार्य हैं उनका संसर्ग इसे नहीं होता, क्योंकि ब्रह्मविद्या के द्वारा ब्रह्मभिन्न सम्पूर्ण प्रपञ्च का बाध हो गया है । जब संसर्गाभाव हो जाता है तो संसर्ग के कारण होने वाले वृत्तिरूप विशेषज्ञान का भी अभाव हो जाता है, उसी को **'न प्रेत्य संज्ञा अस्ति'** इस वाक्य से श्रुति ने बतलाया है ।

तृतीय बीज का निराकरण तृतीय मत से ही करना चाहिए । इसीलिए कहते हैं कि जो पूर्वपक्षी ने कहा था कि 'अरी मैत्रेयि ! विज्ञाता को किससे जानेगा' इस वाक्य में कर्तृवाचक शब्द द्वारा उपसंहार किया गया है । अतः जीवात्मा ही यहाँ पर द्रष्टव्य है ? इस आक्षेप का समाधान काशकृत्स्न के मतानुसार ही कर लेना चाहिए । पूर्वापर की समीक्षा करने पर यह वाक्य मुक्तात्मापरक जान्

---

१. न युक्त इति—भिन्नेन जीवस्थेनेश्वरेणावगतिसम्भवादिदिति शेषः २. कारकेति कर्मत्वरूपकारकत्वाभावादित्यर्थः । यद्वा विज्ञानस्येति पूर्वान्वयि विज्ञानात्मनः परमात्मना सहात्यन्ताभेदादित्यर्थः । कारकाभावादित्यस्य कर्मकरणयोरभावादित्यर्थः । अथवाविज्ञानस्येत्युभयान्वयि तथा च विज्ञानात्मनः कर्तृकारकत्वाभावादित्यर्थः ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपि च 'यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति' (बृ० २-४-१३) इत्यारभ्याविद्याविषये तस्यैव दर्शनादिलक्षणं विशेषविज्ञानं प्रपञ्च्य 'यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्' इत्यादिना विद्याविषये तस्यैव दर्शनादिलक्षणस्य विशेषविज्ञानस्याभावमभिदधाति । पुनश्च विषयाभावेऽपि आत्मानं विजानीयादित्याशङ्क्य 'विज्ञातारमरे केन विजानीयात्' इत्याह । ततश्च विशेषविज्ञानाभावोपपादनपरत्वाद्वाक्यस्य विज्ञानधातुरेव केवलः सन्भूतपूर्वगत्या कर्तृवचनेन तृचा निर्दिष्ट इति गम्यते । दर्शितं तु पुरस्तात्काशकृत्स्नीयस्य पक्षस्य श्रुतिमत्त्वम् । अतश्च विज्ञानात्मपरमात्मनोरविद्याप्रत्युपस्थापितनामरूपरचितदेहाद्युपाधिनिमित्तो भेदो न पारमार्थिक इत्येषोऽर्थः सर्वैर्वेदान्तवादिभिरभ्युपगन्तव्यः । 'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्' (छा० ६-२-१) 'आत्मैवेदं सर्वम्' (छा० ७-२५-२), 'ब्रह्मैवेदं सर्वम्' (मुण्ड० २-२-११), 'इदं सर्वं यदयमात्मा' (बृ० २-४-६), 'नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा' (बृ० ३-७-२३), 'नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ' (बृ० ३-८-११) इत्येवंरूपाभ्यः श्रुतिभ्यः । स्मृतिभ्यश्च 'वासुदेवः सर्वमिति' (गी० ७-१९), 'क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत' (गी० १३-२), 'समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्' (गी० १३-२७) इत्येवं-

---

मेवानूद्यत इति न तल्लिङ्गेन जीवपरत्वमित्याह—अपि चेति । आर्षेषु पक्षेषु काशकृत्स्नपक्षस्यैवाऽऽदेयत्वे किं बीजं, तदाह—दर्शितमिति । अतश्च श्रुतिमत्त्वाच्च । पुनरपि श्रुतिस्मृतिमत्त्वमाह—सदेवेत्यादिना । हेतूनां भेदो न पारमार्थिक इति प्रतिज्ञया सम्बन्धः । भेदाभेदपक्षे जीवस्य जन्मादि-

---

पड़ता है विज्ञातृत्व तो उसमें कल्पित ही है । इस कल्पित विज्ञातृत्वलिङ्ग से इस प्रसङ्ग को जीवपरक नहीं मान सकते इसे भाष्यकार 'अपि च' ग्रन्थ से कहते हैं—'जहाँ द्वैत सा होता है वहाँ दूसरा दूसरे को देखता है' इस वाक्य द्वारा प्रारम्भकर अविद्या के विषय में ही दर्शनादि रूप विशेषविज्ञान का विस्तार जीव में कहा गया है किन्तु जहाँ इस ज्ञानी के लिए सब कुछ आत्मा ही हो गया वहाँ किससे किसको देखे' इस वाक्य द्वारा ज्ञान हो जाने पर उस तत्त्ववित् के लिए दशनादिरूप विशेषविज्ञान का अभाव ही श्रुति बतलाती है । पुनः विषय का अभाव हो जाने पर ही आत्मा को जाने ऐसी आशङ्काकर 'अरी मैत्रेयि ! विज्ञाता को किससे जानेगा' ऐसा श्रुति ने कहा है । इस प्रकार श्रुतिसम्मत होने के कारण इस वाक्य को विशेषविज्ञान का अभावबोधक माना है अर्थात् चैतन्य आत्मा को ही केवल तत्त्वज्ञान से पूर्वकल्पित कर्तृवाचक तृच् प्रत्यय से कहा गया है । काशकृत्स्न आचार्य का पक्ष श्रुतिसम्मत कह दिया गया था । अतः जीव और परमात्मा में अविद्या के कारण होने वाले नामरूपरचित देहादि उपाधिनिमित्त भेद है, पारमार्थिक नहीं, यह इस प्रसङ्ग का तात्पर्य है । यही अर्थ सभी वेदान्तियों को मानना चाहिए । 'हे सोम्य ! सृष्टि से पहले सजातीय, विजातीय स्वगतभेदशून्य सत्य ही था' 'यह सब कुछ आत्मा ही तो है' 'यह सब ब्रह्म ही है' 'जो कुछ यह है सब आत्मा ही है' 'आत्मा से भिन्न कोई द्रष्टा नहीं है, न कोई इससे भिन्न द्रष्टृ है' ऐसी श्रुतियाँ हैं । इसी प्रकार 'वासुदेवः सर्वमिति' 'हे भारत ! सभी शरीरों में क्षेत्रज्ञ मुझे ही जान' सभी भूतों में समानभाव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रूपाभ्यः । भेददर्शनापवादाच्च 'अन्योऽसावन्योऽहमस्मीति न स वेद यथा पशुः' (बृ० १-४-१०), 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति' (बृ० ४-४-१९) इत्येवञ्जातीयकात् । 'स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्म' (बृ० ४-४-२५) इति चात्मनि सर्वविक्रियाप्रतिषेधात् । अन्यथा च मुमुक्षूणां निरपवादविज्ञानानुपपत्तेः । सुनिश्चितार्थत्वानुपपत्तेश्च । निरपवादं हि विज्ञानं सर्वाकाङ्क्षानिवर्तकमात्मविषयमिष्यते, 'वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः' (मुण्ड० ३-२-६) इति च श्रुतेः । 'तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः' (ई० ७) इति च । स्थितप्रज्ञलक्षणस्मृतेश्च (गी० २-५४) । स्थिते च क्षेत्रज्ञपरमात्मैकत्वविषये सम्यग्दर्शने क्षेत्रज्ञः परमात्मेति नाममात्रभेदात्, क्षेत्रज्ञोऽयं परमात्मनो भिन्नः परमात्मायं क्षेत्रज्ञाद्भिन्न इत्येवञ्जातीयक आत्मभेदविषयो निर्बन्धो निरर्थकः । एको ह्ययमात्मा नाममात्रभेदेन बहुधाभिधीयते इति । नहि 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म, यो वेद निहितं गुहायाम्' (तै० २-१) इति काञ्चिदेवैकां गुहाम-

---

विकारवत्त्वात्तन्निषेधो न स्यादित्याह—स वा एष इति । भेदस्य सत्यत्वे तत्प्रमया बाधादहं ब्रह्मेति निर्बाधं ज्ञानं न स्यादित्याह—अन्यथाचेति । अभेदस्यापि सत्त्वात्प्रमेत्याशङ्क्य भेदाभेदयोर्विरोधात्संशयः स्यादित्याह—सुनिश्चितेति । मास्तु निर्बाधज्ञानमित्यत आह—निरपवादमिति । अहं ब्रह्मेत्यबाधितनिश्चयस्यैव शोकादिनिवर्तकत्वमित्यत्र स्मृतिमप्याह—स्थितेति । आत्यन्तिकैकत्वे हि प्रज्ञा प्रतिष्ठिता भवति, न भेदाभेदयोरिति भावः । ननु जीवपरमात्मानौ, स्वतो भिन्नौ, अपर्यायनामवत्त्वात्, स्तम्भकुम्भवदित्यत आह—स्थिते चेति । कथं तर्ह्यपर्यायनामभेद इत्याशङ्क्य जीवत्वेश्वरत्वादिनिमित्तभेदादित्याह—एको हीति । किञ्चाविद्यातज्जबुद्धिरूपायां गुहायां स्थितो जीवो भवति, 'तस्यामेव ब्रह्म निहित'मिति श्रुतेः । स्थानैक्याज्जीव एव ब्रह्मेत्याह—नहीति । काञ्चिदेवैकामिति ।

से स्थित परमेश्वर को जो देखता है वह तत्त्वदर्शी है' इत्यादि स्मृतियाँ भी हैं। भेददृष्टि की निन्दा 'वह देव अन्य है, मैं उपासक उससे भिन्न हूँ ऐसा समझनेवाला यथार्थदर्शी नहीं है किन्तु देवताओं का पशु है' 'जो यहाँ भेद देखता है वह मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त होता है' इन वाक्यों द्वारा की गयी है । भेदाभेद पक्ष भी ठीक नहीं है क्योंकि 'वह महान् अजन्मा आतमा अजर, अमर, अमृत एवं अभयब्रह्मस्वरूप है' इस वाक्य द्वारा आत्मा में सभी विकारों का निषेध किया गया है । अन्यथा मुमुक्षुओं को निर्बाध ज्ञान नहीं हो सकेगा और न सुनिश्चित अर्थ की सिद्धि ही होगी, क्योंकि आत्मविषयक निर्बाध विज्ञान ही सभी आकांक्षाओं का निवर्तक देखा गया है । इसीलिए 'वेदान्तविज्ञान से सुनिश्चित अर्थ हो गया है जिनको' ऐसी श्रुति है । 'वहाँ क्या शोक और क्या मोह हो सकता हैं जहाँ अभेद आत्मदर्शन होता है' इस प्रकार आत्यन्तिक एकत्व मानने पर ही प्रज्ञा की प्रतिष्ठा सम्भव है, भेदाभेद पक्ष में नहीं । जब जीव-ब्रह्म एकत्वविषयक यथार्थ दर्शन स्थिर हो जाता है, तब जीव और ब्रह्म का भेद नाममात्र ही रह जाता है । जिसमें यह कहा जाता है कि परमात्मा से भिन्न यह क्षेत्रज्ञ है और क्षेत्रज्ञ से भिन्न यह परमात्मा है उस स्थिति में यह भेदाग्रह भी निरर्थक हो जाता है । आत्मा तो एक ही है, नाममात्र के भेद से बहुधा कहा जाता है । सत्य, ज्ञान और अनन्त ब्रह्म को जो अविद्या और तज्जन्य बुद्धिरूप गुफा में निहित जानता है, यह गुहा में स्थित एक ही तत्त्व है, भिन्न नहीं, जिसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

७. प्रकृत्यधिकरणम् (सू० २३-२७)

निमित्तमेव ब्रह्मस्यादुपादानं च वीक्षणात् । कुलालवन्निमित्त तन्नोपादानं मृदादिवत् ।
बहु स्यामित्युपादानभावोऽपि श्रुत ईक्षितुः । एकबुद्धया सर्वधीश्च तस्माद्ब्रह्मोभयात्मकम् ॥

धिकृत्यैतदुक्तम् । नच ब्रह्मणोऽन्यो गुहायां निहितोऽस्ति, 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' (तै० २-६) इति स्रष्टुरेव प्रवेशश्रवणात् । ये तु निर्बन्धं कुर्वन्ति ते वेदान्तार्थं बाधमानाः श्रेयोद्वारं सम्यग्दर्शनमेव बाधन्ते । कृतकमनित्यं च मोक्षं कल्पयन्ति । न्यायेन च न सङ्गच्छन्त इति ॥२२॥

जीवस्थानादन्यामित्यर्थः । नन्वेकस्यां गुहायां द्वौ किं न स्यातामित्यत आह—नचेति । स्रष्टुरेव प्रवेशेन जीवत्वान्न भेदः । नन्वत्यन्ताभेदे जीवस्य स्पष्टभानाद्ब्रह्मापि स्पष्टं स्यादतः स्पष्टत्वा-स्पष्टत्वाभ्यां तयोर्भेद इति चेत् । न । दर्पणे प्रतिबिम्बस्य स्फुटत्वेऽपि बिम्बस्यास्फुटत्ववत् कल्पित-भेदेन विरुद्धधर्मव्यवस्थोपपत्तेः । सत्यभेदे येषामाग्रहस्तेषां दोषमाह—ये त्विति । सोऽयमितिवत्त-त्वमसीत्यकार्यकारणद्रव्यसामानाधिकरण्यादत्यन्ताभेदो वेदान्तार्थस्तद्बोध एव निःश्रेयससाधनं तस्य बाधो न युक्त इत्यर्थः । किञ्च भेदाभेदवादिनो ज्ञानकर्मभ्यां कृतकं मोक्षं कल्पयन्ति, तत्रानित्यत्वं दोषः । यत्तु कृतकमपि नित्यमिति, तच्च 'यत् क्रियासाध्यं तदनित्यम्' इति न्यायबाधितम् । अस्माकं त्वनर्थध्वंसस्य ज्ञानसाध्यत्वान्नित्यमुक्तात्ममात्रत्वाच्च नानित्यत्वदोष इति भावः । तस्मान्मैत्रेयी-ब्राह्मणं प्रत्यग्ब्रह्मणि समन्वितमिति सिद्धम् ॥२२॥

ब्रह्म कहते हैं ब्रह्म से भिन्न कोई गुफा में निहित हो नहीं सकता, क्योंकि 'उसकी सृष्टिकर स्वयं ही उस में परमात्मा प्रविष्ट हो गया' इस वाक्य द्वारा स्रष्टा का ही सृष्टि में प्रवेश सुना जाता है। किन्तु जो पारमार्थिक भेद में आग्रह रखते हैं वे वेदान्त के तात्पर्य को बाधित करनेवाले कल्याणमार्ग सम्यग्दर्शन को ही बाँधते हैं क्योंकि जो कृतिजन्य होगा वह अनित्य ही होगा, इस नियम के अनुसार कृतिजन्य मोक्ष को मानने पर उसमें अनित्यत्व आ जायेगा जो युक्ति से विरुद्ध होने के कारण ग्राह्य नहीं है। अतः मैत्रेयी ब्राह्मण प्रत्यग्ब्रह्म में हो समन्वित होता है ॥२२॥

७. प्रकृत्यधिकरण

१. **संगति**—पहले जन्माद्यधिकरण में जगत्कारण ब्रह्म बतलाया गया था वह जैसे घटादि का उपादान कारण मृत्तिकादि है वैसा ब्रह्म जगत् का उपादान कारण है अथवा कुम्भकार की भाँति निमित्तकारण या दोनों ही कारण हैं। ऐसा विशेषविचार के लिए सामान्यज्ञान हेतु होने से पूर्व के साथ इस अधिकरण की हेतुहेतुमद्भाव संगति है।

२. **विषय**—ब्रह्म की जगत्कारणता इस अधिकरण का विचारणीय विषय है।

३. **संशय**—क्या ब्रह्म जगत् का केवल निमित्त कारण ही है अथवा उपादान कारण भी है? ऐसा संशय होता है।

४. **पूर्वपक्ष**—'स ईक्षांचक्रे' (प्र० ६-३) 'स प्राणमसृजत' (प्र० ६-४) इत्यादि श्रुति से ईक्षण-पूर्वक जगत्कर्तृत्व सुना जाता है, जो केवल निमित्तकारण कुलालादि में देखा गया है। अतः ब्रह्म जगत् का निमित्तकारणमात्र है, मृदादि की भाँति उपादानकारण नहीं है।

५. **सिद्धान्त**—'बहुस्याम्' (छा० ६-२-३) इस श्रुति के द्वारा ईक्षणकर्ता में उपादानत्व भी सुना गया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१२६) प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात् ॥२३॥

यथाभ्युदयहेतुत्वाद्धर्मो जिज्ञास्य एवं निःश्रेयसहेतुत्वाद्ब्रह्म जिज्ञास्यमित्युक्तम् । ब्रह्म च 'जन्माद्यस्य यतः' (ब्र० १-१-२) इति लक्षितम् । तच्च लक्षणं घटरुचकादीनां मृत्सुवर्णादिवत्प्रकृतित्वे कुलालसुवर्णकारादिवन्निमित्तत्वे च समानमित्यतो भवति विमर्शः, किमात्मकं पुनर्ब्रह्मणः कारणत्वं स्यादिति । तत्र निमित्तकारणमेव तावत्केवलं स्यादिति प्रतिभाति । कस्मात् ? ईक्षापूर्वककर्तृत्वश्रवणात् । ईक्षापूर्वकं हि ब्रह्मणः कर्तृत्वमवगम्यते—'स ईक्षांचक्रे' (प्र० ६-३) 'स प्राणमसृजत' (प्र० ६-४) इत्यादिश्रुतिभ्यः । ईक्षापूर्वकं च कर्तृत्व निमित्तकारणेष्वेव कुलालादिषु दृष्टम् । अनेककारकपूर्विका च

प्रकृतिश्चेति । लक्षणसूत्रेणास्य सङ्गतिं वक्तुं वृत्तं स्मारयति—यथेति । तत्र हि ब्रह्मणो बुद्धिस्थत्वार्थं सामान्यतो जगत्कारणत्वं लक्षणमुक्तं, तेन बुद्धिस्थे ब्रह्मणि कृत्स्नवेदान्तसमन्वयं प्रतिपाद्य तत्कारणत्वं किं कर्तृत्वमात्रमुत प्रकृतित्वकर्तृत्वोभयरूपमिति विशेषजिज्ञासायामिदमारभ्यते । तथाच सामान्यज्ञानस्य विशेषचिन्ताहेतुत्वात्तेनास्य सङ्गतिः । यद्यपि तदानन्तर्यमस्य युक्तं, तथापि निश्चिततात्पर्यैर्वेदान्तैः कर्तृमात्रेश्वरमतनिरासः सुकर इति समन्वयान्ते इदं लिखितम् । लक्षणसूत्रस्याध्यायादिसङ्गतत्वादस्याप्यध्यायादिसङ्गतिः । पूर्वत्र सर्वविज्ञानप्रतिज्ञाया मुख्यत्वाद्वाक्यस्य जीवपरत्वं निरस्तम्, तदयुक्तम्, कर्त्रुपादानयोर्भेदेन प्रतिज्ञाया गौणत्वादित्याक्षिपति—तत्र निमित्तेत्यादिना । पूर्वोत्तरपक्षयोर्द्वैताद्वैतसिद्धिः फलम्—ईक्षापूर्वकेति । ईक्षणश्रुत्या कर्तृत्वं निश्चितम्, तथा च ब्रह्म न प्रकृतिः, कर्तृत्वात्, यो यत्कर्ता स तत्प्रकृतिर्न, यथा घटकर्ता कुलाल इत्यर्थः । जगत् भिन्नकर्त्रुपादानकम्, कार्यत्वात् घटवदित्याह—अनेकेति । ब्रह्म नोपादानं, ईश्वरत्वात्, राजादिवदित्याह—

है, साथ ही एक के ज्ञान से सबके ज्ञान की प्रतिज्ञा भी की गयी है । अतः इन सभी कारणों को देखते हुए ब्रह्म को जगत् का उभयकारण मानना उचित होगा ।

प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात् (ललिता)

लक्षण सूत्र के साथ इस अधिकरण की सङ्गति बतलाने के लिए विगत सन्दर्भ का स्मरण कराते हैं, कि जिस प्रकार अभ्युदय का हेतु होने से धर्म जिज्ञासा का विषय है, उसी प्रकार मोक्ष का हेतु होने से ब्रह्म भी जिज्ञासा का विषय है, ऐसा कहा गया था । उस ब्रह्म का **'जन्माद्यस्य यतः'** सूत्र से लक्षण भी किया गया था । सामान्यज्ञान विशेषचिन्ता का प्रयोजक हुआ करता है । अतः उक्त लक्षण से लक्षित ब्रह्म जैसे घट का उपादानकारण मृत्तिका है और रुचकादि आभूषणों का उपादानकारण स्वर्णादि है, वैसे ही जगत् का उपादानकारण ब्रह्म है अथवा घट का निमित्तकारण जिस प्रकार कुम्भकार और आभूषणादि का निमित्तकारण जैसे स्वर्णकार है, वैसा ही जगत् का निमित्तकारण ब्रह्म है, क्योंकि कारणता तो दोनों में समान ही है । अतः सामान्यज्ञान विशेषचिन्ता का प्रयोजक होने के कारण यह आकांक्षा होती है कि ब्रह्म जगत् का कैसा कारण है, केवल निमित्तकारण है, केवल उपादानकारण है अथवा उभयकारण है ? इस पर पूर्वपक्षी का कहना है, कि ब्रह्म जगत् का केवल निमित्तकारण ही भासता है, क्योंकि उसमें सङ्कल्पपूर्वक कर्तृत्व सुना जाता है । 'उसने संकल्प किया' 'उसने प्राण की सृष्टि की' इन श्रुतियों से ब्रह्म में इच्छापूर्वक कर्तृत्व जाना जाता है, ईक्षणपूर्वक कर्तृत्व कुम्भकारादि निमित्तकारण में ही देखा गया है । लोक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्रियाफलसिद्धिर्लोके दृष्टा। स च न्याय आदिकर्तर्यपि युक्तः संक्रमयितुम्। ईश्वरत्वप्रसिद्धेश्च। ईश्वराणां हि राजवैवस्वतादीनां निमित्तकारणत्वमेव केवलं प्रतीयते, तद्वत्परमेश्वरस्यापि निमित्तकारणत्वमेव युक्तं प्रतिपत्तुम्। कार्यं चेदं जगत्सावयवमचेतनमशुद्धं च दृश्यते, कारणेनापि तस्य तादृशेनैव भवितव्यं, कार्यकारणयोः सारूप्यदर्शनात्। ब्रह्म च नैवंलक्षणमवगम्यते 'निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्' (श्वे० ६-१९) इत्यादिश्रुतिभ्यः। पारिशेष्याद्ब्रह्मणोऽन्यदुपादानकारणमशुद्ध्यादिगुणकं स्मृतिप्रसिद्धमभ्युपगन्तव्यम्। ब्रह्मकारणत्वश्रुतेर्निमित्तत्वमात्रे पर्यवसानादिति।

एवं प्राप्ते ब्रूमः—प्रकृतिश्चोपादानकारणं च ब्रह्माभ्युपगन्तव्यं निमित्तकारणं च। न केवलं निमित्तकारणमेव। कस्मात्? प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्, एवं प्रतिज्ञादृष्टान्तौ श्रौतौ नोपरुध्येते। प्रतिज्ञा तावत्—'उत तमादेशमप्राक्ष्यो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्' (छा० ६-१-२) इति। तत्र चैकेन विज्ञातेन सर्वमन्यदविज्ञातमपि

ईश्वरत्वेति। जगन्न ब्रह्मप्रकृतिकं, तद्विलक्षणत्वात्, यदित्थं तत्तथा, कुलालविलक्षणघटवदित्याह—कार्यं चेति। निष्कलं निरवयवं, निष्क्रियमचलं, शान्तमपरिणामि, निरवद्यं निरस्तसमस्तदोषम्। तत्र हेतुः—निरञ्जनमिति। अञ्जनतुल्यतमःशून्यमित्यर्थः। तर्हि जगतः सदृशोपादानं किमित्यत आह—पारिशेष्यादिति।

ब्रह्मनिषेधे[1] प्रधानं परिशिष्यत इत्यभिमन्यमानः सिद्धान्तयति—प्रकृतिश्चेति। चकारान्निमित्तत्वग्रहः। एवमुभयरूपे कारणत्वे तयोरबाधो भवतीत्याह—एवमिति। कर्तृज्ञानादपि

में क्रियाफल की सिद्धि अनेक कारकपूर्वक ही देखो गयी है, वही लोकन्याय आदिकर्ता परमेश्वर में भी घटाना चाहिए। राजवैवस्वतादि ईश्वरों में ईश्वरप्रसिद्धि के कारण केवल निमित्तकारणत्व ही जाना जाता है, वैसे ही परमेश्वर में केवल निमित्तकारणता ही मानना उचित होगा। अतः ब्रह्म उपादानकारण नहीं है, राजादि की भांति, ईश्वर होने से। वैसे ही ब्रह्म जगत् का उपादानकारण नहीं है, जगत्कार्य से विलक्षण होने के कारण, कुम्भकार से विलक्षण घटादि की भाँति। कार्यजगत् सावयव, जड़, अशुद्ध देखा जाता है, तो इसका कारण भी वैसा ही होना चाहिए, क्योंकि कार्य-कारण में सादृश्य सर्वत्र देखा गया है। किन्तु ब्रह्म जगत् के समान सावयवादि गुणयुक्त नहीं है, श्रुति ने उसे निरवयव, अचल, अपरिणामी, समस्तदोषशून्य और अञ्जनतुल्य तम से शून्य कहा है। परिशेषतः ब्रह्म से भिन्न ही कोई जगत् का उपादानकारण होगा, जो अशुद्ध्यादि गुणों से युक्त है और वैसा सांख्य-स्मृतिप्रसिद्ध प्रधान ही है, उसी को सम्पूर्ण जगत् का उपादानकारण मानना चाहिए। ब्रह्म को जगत्कारण बतलाने वाली श्रुति का तात्पर्य केवल निमित्तकारण बतलाने में है।

ऐसा पूर्वपक्ष होने पर हम सिद्धान्ती कहते हैं कि ब्रह्म जगत् का उपादानकारण है और चकारात् निमित्तकारण भी है केवल निमित्तकारण ही नहीं है क्योंकि उभयकारण न मानने पर प्रतिज्ञा एवं दृष्टान्त दोनों का बाध होने लग जायेगा। अतः श्रौती प्रतिज्ञा एवं दृष्टान्त का बाध न हो, एतदर्थ ब्रह्म को जगत् उभयकारण मानना चाहिए। उद्दालक ऋषि ने कहा—हे श्वेतकेतु! तुमने आचार्य से वह आदेश पूछा है, जिसके सुनने से अश्रुत भी श्रुत, अमत मत और अविज्ञात विज्ञात हो जाता है' इस वाक्य द्वारा एक के विज्ञान से सभी अन्य वस्तु के विज्ञात

---

१. अन्यत्रोभयकारणत्वनिषेधे ब्रह्मप्रधान शिष्यते इति मन्यमानः सिद्धान्तयति।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विज्ञातं भवतीति प्रतीयते। तच्चोपादानकारणविज्ञाने सर्वविज्ञानं सम्भवत्युपादानकारणाव्यतिरेकात्कार्यस्य। निमित्तकारणाव्यतिरेकस्तु कार्यस्य नास्ति, लोके तक्षणः प्रासादव्यतिरेकदर्शनात्। दृष्टान्तोऽपि—'यथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्' इत्युपादानकारणगोचर एवाम्नायते। तथा 'एकेन लोहमणिना सर्वं लोहमयं विज्ञातं स्यात्', 'एकेन नखनिकृन्तनेन सर्वं कार्ष्णायसं विज्ञातं स्यात्' (छा० ६-१-४,५,६) इति च। तथान्यत्रापि 'कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति' (मुण्ड० १-१-२) इति प्रतिज्ञा। 'यथा पृथिव्यामोषधयः सम्भवन्ति' (मुण्ड० १-१-७) इति दृष्टान्तः। तथा 'आत्मनि खल्वरे दृष्टे श्रुते मते विज्ञाते इदं सर्वं विदितम्' इति प्रतिज्ञा। 'स यथा दुन्दुभेर्हन्यमानस्य न बाह्याञ्शब्दाञ्शक्नुयाद्ग्रहणाय, दुन्दुभेस्तु ग्रहणेन दुन्दुभ्याघातस्य वा शब्दो गृहीतः' (बृ० ४-५-६,८) इति दृष्टान्तः। एवं यथासम्भवं प्रतिवेदान्तं प्रतिज्ञादृष्टान्तौ प्रकृतित्व-

---

सर्वकार्यज्ञानं किं न स्यादित्यत आह–निमित्तकारणाव्यतिरेकस्त्विति। मृदादीनामुपादानानां दृष्टान्तत्वाद्दार्ष्टान्तिकस्य ब्रह्मण उपादानत्वं वाच्यमित्याह—दृष्टान्तोऽपीति। वागारभ्यं नाममात्रं विकारो न वस्तुतोऽस्तीति सत्यकारणज्ञानाद्विकारज्ञानं युक्तमित्यर्थः। गतिसामान्यार्थं मुण्डकेऽपि प्रतिज्ञादृष्टान्तावाह–तथान्यत्रापीति। बृहदारण्यकेऽपि तावाह–तथात्मनीति। घटः स्फुरति पटः स्फुरतीत्यनुगतस्फुरणं प्रकृतिस्तदतिरेकेण विकारा न सन्तीति सोऽयमर्थो यथा स्फुटः स्यात्तथा दृष्टान्तः स उच्यते। हन्यमानदुन्दुभिजन्याच्छब्दसामान्याद्बाह्यान् विशेषशब्दान् सामान्यग्रहणातिरेकेण पृथग्ग्रहीतुं श्रोता न शक्नुयात्। सामान्यस्य तु ग्रहणेन दुन्दुभ्याघातजशब्दविशेषो गृहीतो भवति, तस्य वा ग्रहणेन तदवान्तरविशेषशब्दो गृहीतो भवति। अतःशब्दसामान्यग्रहणग्राह्या विशेषाः सामान्ये कल्पिताः,

---

की बात जो प्रतीत होती है, वह सर्वविज्ञान उपादानकारण के ज्ञान से ही सम्भव है, क्योंकि कार्य अपने उपादानकारण से अभिन्न होता है। निमित्तकारण से अभिन्न कार्य लोक में नहीं देखा जाता है, शिल्पी प्रासादादि कार्य से भिन्न ही देखा गया है, वैसे ही दृष्टान्त भी श्रुति में प्रसिद्ध है, जो ब्रह्म को जगत् का उपादानकारण होने का सङ्केत देता है, 'हे सोम्य! जिस प्रकार एक मृत्पिण्ड के जान लेने पर सभी मृण्मय कार्य विज्ञात हो जाता है, क्योंकि विकार नाममात्र वाणी से कहने के लिए है, मृत्तिका ही सत्य है।' जैसे एक आभूषण को सोना समझ लेने पर स्वर्ण के बने हुए सभी आभूषण विज्ञात हो जाते हैं, जैसे लोहे के बने हुए औजार को लोहा समझ लेने पर अन्य सभी लोहे से निर्मित औजार विज्ञात हो जाते हैं, ये सभी दृष्टान्त उपादानकारण को ही बतलाते हैं। ऐसी ही प्रतिज्ञा और ऐसा ही दृष्टान्त मुण्डकोपनिषद् और बृहदारण्यकोपनिषद् में भी देखे जाते हैं, 'हे भगवन्! किसके जान लेने पर यह सम्पूर्ण जगत् विज्ञात होता है, ऐसी प्रतिज्ञा और 'जैसे पृथ्वी में औषधियाँ उत्पन्न होती हैं यह दृष्टान्त एवं 'आत्मा के देखने, सुनने, मनन करने तथा जान लेने पर यह सम्पूर्ण जगत् विदित हो जाता है' ऐसी प्रतिज्ञा तथा 'जिस प्रकार बजते हुए ढोल के बाह्यशब्दों को कोई ग्रहण नहीं कर सकता, किन्तु ढोल को अथवा ढोल बजाने के साधन को ग्रहण कर लेने से शब्द ग्रहीत हो जाता है' यह दृष्टान्त है। इस प्रकार यथासम्भव प्रत्येक वेदान्त में प्रतिज्ञा एवं दृष्टान्त ब्रह्म को जगत् का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१३०) अभिध्योपदेशाच्च ॥२४॥

साधनौ प्रत्येतव्यौ। यत इतीयं पञ्चमी 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इत्यत्र 'जनिकर्तुः प्रकृतिः' (पा० सू० १-४-३०) इति विशेषस्मरणात्प्रकृतिलक्षण एवापादाने द्रष्टव्या। निमित्तत्वं त्वधिष्ठात्रन्तराभावादधिगन्तव्यम्। यथा हि लोके मृत्सुवर्णादिकमुपादानकारणं कुलालसुवर्णकारादीनधिष्ठातॄनपेक्ष्य प्रवर्तते, नैवं ब्रह्मण उपादानकारणस्य सतोऽन्योऽधिष्ठातापेक्ष्योऽस्ति, प्रागुत्पत्तेरेकमेवाद्वितीयमित्यवधारणात्। अधिष्ठात्रन्तराभावोऽपि प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधादेवोदितो वेदितव्यः। अधिष्ठातरि ह्युपादानादन्यस्मिन्नभ्युपगम्यमाने पुनरप्येकविज्ञानेन सर्वविज्ञानस्यासम्भवात्प्रतिज्ञादृष्टान्तोपरोध एव स्यात्। तस्मादधिष्ठात्रन्तराभावादात्मनः कर्तृत्वमुपादानान्तराभावाच्च प्रकृतित्वम् ॥२३॥

कुतश्चात्मनः कर्तृत्वप्रकृतित्वे।

अभिध्योपदेशश्चात्मनः कर्तृत्वप्रकृतित्वे गमयति 'सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय'

तद्वदात्मभानभास्या घटादय आत्मनि कल्पिता इत्यर्थः। प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधाल्लिङ्गाद्ब्रह्मणः प्रकृतित्वमुक्त्वा पञ्चमीश्रुत्याप्याह—यत इति। 'यतो वा' इत्यत्र श्रुतौ यत इति पञ्चमी प्रकृतौ द्रष्टव्येत्यन्वयः। जनिकर्तुरिति। जायमानस्य कार्यस्य प्रकृतिरपादानसंज्ञिका भवतीति सूत्रार्थः। संज्ञायाः फलं 'अपादाने पञ्चमी' इति सूत्रात्प्रकृतौ पञ्चमीलाभः। एवं ब्रह्मणः प्रकृतित्वं प्रसाध्य कर्तृत्वं साधयति—निमित्तत्वमिति। ब्रह्म स्वातिरिक्तकर्त्रधिष्ठेयं, प्रकृतित्वात्, मृदादिवदित्याद्यनुमानमागमबाधकमाह—प्रागुत्पत्तेरिति। जगत्कर्तृ ब्रह्मैवेत्यत्रापि सूत्रं योजयति—अधिष्ठात्रन्तरेति ॥२३॥

एकस्योभयरूपं कारणत्वमविरुद्धमिति सूत्रचतुष्टयेन साधयति—कुतश्चेत्यादिना।

उपादानकारणता के बोधक हैं। 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इस श्रुति में यतः शब्द में जो पञ्चमी विभक्ति दीखती है वह अपादान संज्ञा के कारण है और अपादान संज्ञा प्रकृति को ही हुआ करती है एतदर्थ 'जनि कर्तुः प्रकृतिः' ऐसा विशेषस्मरण है, जो प्रकृतिरूप अपादान में ही देखी जाती है। इस प्रकार ब्रह्म में उपादानकारणत्व सिद्ध हो जाता है। किसी अन्य अधिष्ठाता के न होने से उसमें निमित्तकारणत्व भी मानना चाहिए। जैसे लोक में मृत्तिका, स्वर्णादि उपादानकारण कुम्भकार एवं स्वर्णकाररूप अधिष्ठाता की अपेक्षाकर कार्यरूप में प्रवृत्त होते हैं, वैसा यहाँ जगत् के उपादानकारण ब्रह्म को अपने से भिन्न किसी अधिष्ठाता की अपेक्षा नहीं होती है, क्योंकि जगदुत्पत्ति से पूर्व एक अद्वय ब्रह्म ही था ऐसा निश्चित हुआ है, दूसरे अधिष्ठाता का अभाव भी प्रतिज्ञा एवं दृष्टान्त के बाध न होने पर सिद्ध हो जाता है। उपादानकारण से भिन्न अधिष्ठाता मानने पर एक के विज्ञान से सर्वविज्ञान का होना सम्भव नहीं है। वैसी स्थिति मे प्रतिज्ञा और दृष्टान्त का बाध हो जायेगा ही। अतः अन्य अधिष्ठाता के अभाव से परमात्मा में कर्तृत्व और अन्य उपादानकारण के अभाव से उपादानत्व सिद्ध हो जाता है ॥२३॥

परमात्मा में कर्तृत्व और उपादानकारणत्व क्यों है? इसका उत्तर अग्रिम सूत्र से देते हैं—

अभिध्योपदेशाच्च (ललिता)

एक परमेश्वर में उभयकारणत्व मानना विरुद्ध नहीं है, इस बात को अग्रिम चार सूत्रों से सिद्ध करते हैं। 'उसने कामना की, कि मैं बहुरूप हो जाऊँ, प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ' 'उस ब्रह्म ने संकल्प

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१३१) साक्षाच्चोभयाम्नानात् ॥२५॥

(१३२) आत्मकृतेः परिणामात् ॥२६॥

इति, तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' इति च। तत्राभिध्यानपूर्विकायाः स्वातन्त्र्यप्रवृत्तेः कर्तेति गम्यते। बहुस्यामिति प्रत्यगात्मविषयत्वाद्बहुभवनाभिध्यानस्य प्रकृतिरित्यपि गम्यते॥२४॥

प्रकृतित्वस्यायमभ्युच्चयः। इतश्च प्रकृतिर्ब्रह्म, यत्कारणं साक्षाद्ब्रह्मैव कारणमुपादायोभौ प्रभवप्रलयावाम्नायेते—'सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्ते। आकाशं प्रत्यस्तं यन्ति' (छा० १-९-१) इति। यद्धि यस्मात्प्रभवति यस्मिंश्च प्रलीयते तत्तस्योपादानं प्रसिद्धम्। यथा व्रीहियवादीनां पृथिवी। साक्षादिति चोपादानान्तरानुपादानं दर्शयत्याकाशादेवेति। प्रत्यस्तमयश्च नोपादानादन्यत्र कार्यस्य दृष्टः॥२५॥

इतश्च प्रकृतिर्ब्रह्म, यत्कारणं ब्रह्मप्रक्रियायाम् 'तदात्मानं स्वयमकुरुत' (तै० २-७) इत्यात्मनः कर्मत्वं कर्तृत्वं च दर्शयति। आत्मानमिति कर्मत्वं, स्वयमकुरुतेति कर्तृत्वम्।

अभिध्या सृष्टिसङ्कल्पः॥२४॥

अभ्युच्चयो हेत्वन्तरम्। आकाशादेवेत्येवकारसूचितमुपादानान्तरानुपादानमग्रहणं साक्षादितिपदेन सूत्रकारो दर्शयतीति योजना॥२५॥

आत्मसम्बन्धिनी कृतिरात्मकृतिः। सम्बन्धश्चात्मनः कृतिं प्रति विषयत्वमाश्रयत्वं च। ननु

किया मैं बहुरूप हो जाऊँ और प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ' इन श्रुतियों से सृष्टिसंकल्प का उपदेश परमेश्वर में कर्तृत्व और उपादानत्व का बोध कराता है। उनमें सङ्कल्पपूर्वक स्वातन्त्र्य प्रवृत्ति से कर्ता अर्थ का बोध होता है और 'बहुस्याम्' इस प्रत्यगात्मविषयक बहुभवन के संकल्प से उपादानकारणत्व का भी बोध होता है॥२४॥

साक्षाच्चोभयाम्नानात् (ललिता)

उभयकारणत्व बोध के लिए हेत्वन्तर का भी सग्रह होता है। उनमें भी जगदुपादानत्व बोध के लिए यह प्रयास अत्यन्त आवश्यक होता है। साक्षात् ब्रह्म कारण को ही लेकर प्रलय और प्रभव का जो वर्णन किया गया है, इससे भी ब्रह्म में जगदुपादानत्व सिद्ध होता है 'ये सभी भूत आकाश से ही उत्पन्न होते हैं और आकाश में ही लीन होते हैं यह सामान्य नियम देखा गया है कि जो जिससे उत्पन्न होता है और जिसमें लीन होता है, वह उसका उपादानकारण माना जाता है, व्रीहियवादि का उपादानकारण पृथ्वी इसीलिए तो है, क्योंकि पृथ्वी से ही ये उत्पन्न होते हैं और उसी में लीन भी होते हैं 'आकादेव' इस वाक्य में एवकार अन्य उपादानकारण का ग्रहण किये बिना ही जगद् रचना को बतलाते हुए ब्रह्म में उपादानत्व कह रहा है, जिसे इस सूत्र में 'साक्षात्' पद से कहा गया है। किसी कार्य का विलय अपने उपादान में ही होता है, उपादान से भिन्न में विलय होता नहीं देखा गया है। अतः आकाशपदवाच्य ब्रह्म से जगत् का उद्भव और विलय कहकर श्रुति ने जगत् का उपादानकारण ब्रह्म को निर्विवादरूप में स्वीकार कर लिया है॥२५॥

आत्मकृते परिणामात् (ललिता)

ब्रह्मप्रक्रिया प्रसङ्ग में 'उसने अपने को स्वयं ही बनाया' इस वाक्य द्वारा आत्मा में कर्मत्व और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कथं पुनः पूर्वसिद्धस्य सतः कर्तृत्वेन व्यवस्थितस्य क्रियमाणत्वं शक्यं सम्पादयितुम्। परिमाणादिति ब्रूमः। पूर्वसिद्धोऽपि हि सन्नात्मा विशेषेण विकारात्मना परिणमयामासात्मानमिति। विकारात्मना च परिणामो मृदाद्यासु प्रकृतिषूपलब्धः। स्वयमिति च विशेषणान्निमित्तान्तरानपेक्षत्वमपि प्रतीयते।

परिणामादिति वा पृथक्सूत्रम्। तस्यैषोऽर्थः——इतश्च प्रकृतिर्ब्रह्म, यत्कारणं ब्रह्मण एव विकारात्मनायं परिणामः सामानाधिकरण्येनाम्नायते 'सच्च त्यच्चाभवत्। निरुक्तं चानिरुक्तं च' (तै० २-६) इत्यादिनेति ॥२६॥

कृतेराश्रयः सिद्धो भवति विषयस्तु साध्यः इत्येकस्योभयं विरुद्धमित्याशङ्कते—कथं पुनरिति। यथा मृदः साध्यपरिणामाभेदेन कृतिविषयत्वं, तद्वदात्मन इत्याह—परिणामादिति। आत्मानमिति। अविरोध इति शेषः। सिद्धस्यापि साध्यत्वे दृष्टान्तमाह—विकारात्मनेति। ननु ब्रह्मणः आत्मानमिति द्वितीयया कार्यात्मना साध्यत्वश्रुत्याऽस्तु प्रकृतित्वं कर्ता त्वन्योऽस्त्वित्यत आह—स्वयमिति चेति।

ब्रह्मणः कृतिकर्मत्वोपपादनार्थं 'परिणामादिति' पदं व्याख्यायान्यथापि व्याचष्टे—पृथक्सूत्रमिति। मृद्घट इतिवद्ब्रह्म सच्च त्यच्चेति परिणामसामानाधिकरण्यश्रुतेर्ब्रह्मणः प्रकृतित्वमित्यर्थः। सत्प्रत्यक्षं भूतत्रयं, त्यत्परोक्षं भूतद्वयं, निरुक्तं वक्तुं शक्यं घटादि, अनिरुक्तं वक्तुमशक्यं कपोतरूपादिकं च ब्रह्मैवाभवदित्यर्थः। अत्र सूत्रे परिणामशब्दः कार्यमात्रपरः, न तु सत्यकार्यात्मकपरिणामपरः, 'तदनन्यत्वम्–' इति विवर्तवादस्य वक्ष्यमाणत्वात् ॥२६॥

कर्तृत्व का उपदेश किया गया है, इससे ब्रह्म जगत् का उपादानकारण सिद्ध होता है। क्रिया के आश्रय को कर्ता कहते हैं जो पूर्व से सिद्ध होता है, किन्तु क्रिया से सिद्ध होने वाले साध्य को विषय कहते हैं जो बाद में बनता है, ये दोनों विरुद्ध धर्म एक में कैसे रह सकते हैं? ऐसी शङ्का भाष्य में की गयी है. कि पूर्वसिद्ध कर्तारूप से विद्यमान वस्तु में क्रियमाणत्व साध्यरूप का सम्पादन कैसे कर सकते हो? सूत्रकार ने **'परिणामात्'** इस पद से समाधान दिया है कि पूर्वसिद्ध भी परमात्मा ने विशेषविकाररूप से अपने को परिणत किया, क्योंकि मृदादि पूर्वसिद्ध का प्रकृति में विकाररूप से परिणाम देखा गया है। अतः पूर्वसिद्ध में साध्यधर्म का मानना विरुद्ध नहीं है। **'स्वयं'** ऐसा विशेषण होने के कारण उसे निमित्तान्तर की अपेक्षा भी प्रतीत नहीं होती है।

अथवा इस सूत्र का योग विभागकर **'परिणामात्'** ऐसा पृथक् सूत्र भी मान सकते हैं जिसका अर्थ होता है कि ब्रह्म का विकारात्मना यह जगत् परिणाम है। अतः ब्रह्म जगत् की प्रकृति है। मृद्घटः की भाँति ब्रह्म **'सच्च त्यच्चाभवत्'** ऐसा परिणाम के साथ सामानाधिकरण्य श्रुति से भी ब्रह्म में जगदुपादानत्व सिद्ध होता है। प्रत्यक्ष से सिद्ध भूतत्रय को सत् कहते हैं और परोक्षसिद्ध भूतद्वय को त्यत् कहते हैं। कहने योग्य घटादि को निरुक्त और अकथनीय कपोतरूपादि को अनिरुक्त कहते हैं, इन दोनों रूपों में ब्रह्म ही हुआ है। इस सूत्र में 'परिणाम' शब्द सामान्यतया कार्यमात्र अर्थ का बोधक है न कि सत्यकार्यात्मक परिणाम का बोधक। स्मृति पाद में **'तदनन्यत्वम्'** इस सूत्र द्वारा वेदान्त सिद्धान्तानुसार विवर्तवाद का वर्णन किया जायेगा ॥२६॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१३३) योनिश्च हि गीयते ॥२७॥

इतश्च प्रकृतिर्ब्रह्म, यत्कारणं ब्रह्म योनिरित्यपि पठ्यते वेदान्तेषु 'कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्' (मुण्ड० ३-१-३) इति, 'यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः' (मु० १-१-६) इति च। योनिशब्दश्च प्रकृतिवचनः समधिगतो लोके 'पृथिवी योनिरोषधिवनस्पतीनाम्' इति। स्त्रीयोनेरप्यस्त्येवावयवद्वारेण गर्भं प्रत्युपादानकारणत्वम्।

क्वचित्स्थानवचनोऽपि योनिशब्दो दृष्टः—"योनिष्ट इन्द्र निषदे अकारि' (ऋ०सं० १-१०४-१)इति। वाक्यशेषात्त्वत्र प्रकृतिवचनता परिगृह्यते 'यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च' (मु० १-१-७)इत्येवञ्जातीयकात्। तदेवं प्रकृतित्वं ब्रह्मणः प्रसिद्धम्। यत्पुनरिदमुक्तमीक्षापूर्वकं कर्तृत्वं निमित्तकारणेष्वेव कुलालादिषु लोके दृष्टं, नोपादानेष्वित्यादि ? तत्प्रत्यु-

योनिशब्दाच्च प्रकृतित्वमित्याह—योनिश्चेति। कर्तारं क्रियाशक्तिमन्तम्, ईशं नियन्तारं, पुरुषं प्रत्यञ्चं, ब्रह्म पूर्णं, योनिं प्रकृतिं, धीरा ध्यानेन पश्यन्तीत्यर्थः। नन्वनुपादानेऽपि स्त्रीयोनौ योनिशब्दो दृष्ट इत्यत आह—स्त्रीयोनेरिति। शोणितमत्रावयवशब्दार्थः।

योनिशब्दस्य स्थानमप्यर्थो भवति, सोऽत्र भूतयोन्यादिशब्दैर्न ग्राह्यः, उर्णनाभ्यादिप्रकृतदृष्टान्तवाक्यशेषविरोधादित्याह—क्वचिदिति। हे इन्द्र, ते तव निषदे उपवेशनाय योनिः स्थानं मया अकारि कृतमित्यर्थः। पूर्वपक्षोक्तानुमानानि अनूद्याऽऽगमबाधमाह—यत्पुनरित्यादिना। नन्वनुमानस्य

योनिश्च हि गीयते (ललिता)

'क्रियाशक्तिवाले नियामक पुरुष को ब्रह्मयोनि कहा गया है' 'धीर पुरुषों ने भूतों की योनि को देखा' इन वाक्यों द्वारा वेदान्त में ब्रह्मयोनि पद से ब्रह्म को जगत् का उपादानकारण बतलाया गया है, क्योंकि लोक में योनि शब्द उपादान कारण का वाचक माना गया है। जैसे औषधि और वनस्पति की योनि पृथ्वी है अर्थात् पृथ्वी इनका उपादानकारण है, ऐसे ही 'ब्रह्म भूतयोनि है' इस वाक्य द्वारा श्रुति ने ब्रह्म को भूतों का उपादानकारण कहा है। यदि कहो कि जो उपादानकारण नहीं है ऐसी स्त्रीयोनि में भी योनि शब्द का प्रयोग देखा गया है ? तो ऐसा कहना ठीक नहीं है। शोणितरूप अवयव द्वारा गर्भ के प्रति वह भी उपादानकारण है। इसलिए उसमें योनि शब्द का प्रयोग अनुचित नहीं है।

कहीं-कहीं पर 'हे इन्द्र ! तेरे बैठने योग्य स्थान मैंने बनाया है' इस वाक्यशेष से स्थानवाचक भी योनि शब्द देखा गया है, फिर भी यहाँ पर प्रकृतिवाचक योनि शब्द ही ग्रहण करना चाहिए। जैसे मकड़ी जाले को बनाती है और निगल जाती है। वैसे ही ब्रह्म जगत् को बनाता और समेटता है। इस प्रकार जाले का उपादान कारण जैसे मकड़ी है, वैसे ही जगत् का उपादानकारण ब्रह्म है। अतएव ब्रह्म में जगदुपादानत्व सिद्ध हुआ। और जो आप ने कहा था कि इच्छापूर्वक कर्तृत्व लोकानुसार कुलालादि निमित्तकारणों में ही देखा गया है, उपादान कारणों में नहीं, साथ ही अनुमान को अपने अर्थ बोध के लिये श्रुति की अपेक्षा नहीं होती है। अतः श्रुति से अनुमान का बाध नहीं कर सकते हैं। इसलिये कृति शरीरजन्य होती है—'या कृतिः सा शरीरजन्या' इस व्याप्ति के साथ विरोध

१. योनिस्ते इति पाठान्तरम्। २. वाक्यशेषादित्यनुषङ्गः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

८. सर्वव्याख्यानाधिकरणम् (सू० २८)

अण्वादेरपि हेतुत्वं श्रुतं ब्रह्मण एव वा । वटधानादिदृष्टान्तादण्वादेरपि तच्छ्रुतम् ।
शून्याण्वादिष्वेकबुद्धया सर्वबुद्धिर्न युज्यते । स्युर्ब्रह्मण्यपि धानाद्यास्ततो ब्रह्मैव कारणम् ।।

च्यते—न लोकवदिह भवितव्यम् । न ह्ययमनुमानगम्योऽर्थः । शब्दगम्यत्वात्त्वस्यार्थस्य, यथाशब्दमिह भवितव्यम् । शब्दश्चेक्षितुरीश्वरस्य प्रकृतित्वं प्रतिपादयतीत्यवोचाम । पुनश्चैतत्सर्वं विस्तरेण प्रतिवक्ष्यामः ।।२७।।

श्रुत्यनपेक्षत्वान्न तया बाध इत्यत आह—नहीति । जगत्कर्ता पक्षः श्रुत्यैव सिद्धयति, या कृतिः सा शरीरजन्येति व्याप्तिविरोधेन नित्यकृति- मतोऽनुमानासम्भवात् । अतः श्रौतमीश्वरं पक्षीकृत्या-नुपादानत्वसाधने भवत्येवोपजीव्यया प्रकृतित्वबोधकश्रुत्या बाध इत्यर्थः । यदुक्तं विलक्षणत्वाद् ब्रह्मणो न जगदुपादानत्वमिति, तत्राह—पुनश्चेति । 'न विलक्षणत्वात्–' (ब्र० सू० २-२-४) इत्यारम्येत्यर्थः । अत उभयरूपं कारणत्वं ब्रह्मणो लक्षणमिति सिद्धम् ।।२७।।

भी आता है । अतः ब्रह्म में जगदुपादानत्व मानना ठीक नहीं है ? इसका प्रत्युत्तर यह है कि इस अध्यात्म जगत् में लोक के समान होना आवश्यक नहीं है। यदि जगत्-उपादान पदार्थ अनुमानगम्य होता, तो लौकिक दृष्टान्त के अनुसार उसे मान भी सकते थे, किन्तु यह पदार्थ तो आगमप्रमाणगम्य है, इसे तो जैसा शास्त्र बतलाता है, वैसा ही मानना पड़ेगा । शास्त्र ने ईक्षणकर्ता ईश्वर को जगत् का उपादानकारण कहा है, इस बात को हम बार-बार कह आये हैं और आगे भी विस्तारपूर्वक प्रतिपादन करेंगे । अतः उभयकारणत्व ब्रह्म का लक्षण सिद्ध हो गया ।।२७।।

८. सर्वव्याख्यानाधिकरण

१. सङ्गति—पहले 'ईक्षतेर्नाशब्दम्' यहाँ से प्रसङ्ग प्रारम्भकर बार बार अशब्दत्वादि हेतुबोधक सूत्रों द्वारा प्रधानकारणवाद का जैसे निराकरण किया गया था वैसा परमाण्वादि कारणवाद का निराकरण नहीं किया गया, श्रुति में उनमें भी जगत्कारणत्व सुना गया है, ऐसी प्रत्युदाहरण सङ्गति के कारण यह अधिकरण प्रारम्भ किया जाता है ।

२. विषय—सामान्यतः सभी वेदान्तवाक्य इस अधिकरण के विचारणीय विषय हैं ।

३. संशय—जिस प्रकार ब्रह्म में जगत्कारणता सुनी गयी है ऐसे ही परमाणु, शून्य इत्यादि में भी कहीं-कहीं पर जगत्कारणत्व सुना गया है या नहीं ?

४. पूर्वपक्ष—'हे सोम्य ! जिस सूक्ष्म पदार्थ को तुम नहीं जान रहे हो, इसी सूक्ष्म वटधाना में यह महान् वटवृक्ष रहता है', ऐसे ही 'सृष्टि से पहले असत् ही था' ऐसी श्रुति भी है । इन श्रुतियों से परमाणु तथा शून्य में भी जगत्कारणत्व मानना उचित ही है ।

५. सिद्धान्त—परमाणु या शून्य को जगत्कारण मानने पर एक के ज्ञान से सर्वज्ञान की प्रतिज्ञा सिद्ध नहीं होगी एवं ब्रह्म में भी सूक्ष्म होने से धाना शब्द का और अव्याकृत नामरूप होने के कारण असत् शब्द का प्रयोग असङ्गत नहीं है । अतः सम्पूर्ण जगत् का कारण ब्रह्म ही है, परमाणु आदि नहीं हैं, यह सिद्ध हुआ ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(१३४) एतेन सर्वे व्याख्याता व्याख्याताः ॥२८॥

'ईक्षतेर्नाशब्दम्' (ब्र० सू० १-१-५) इत्यारभ्य प्रधानकारणवादः सूत्रैरेव पुनः पुनराशङ्क्य निराकृतः, तस्य हि पक्षस्योपोद्वलकानि कानिचिल्लिङ्गाभासानि वेदान्तेष्वापातेन मन्दमतीन्प्रतिभान्तीति। स च कार्यकारणानन्यत्वाभ्युपगमात्प्रत्यासन्नो वेदान्तवादस्य। देवलप्रभृतिभिश्च कैश्चिद्धर्मसूत्रकारैः स्वग्रन्थेष्वाश्रितः, तेन तत्प्रतिषेधे यत्नोऽतीव कृतो नाण्वादिकारणवादप्रतिषेधे। तेऽपि तु ब्रह्मकारणवादपक्षस्य प्रतिपक्षत्वात्प्रतिषेद्धव्याः। तेषामप्युपोद्वलकं वैदिकं किञ्चिल्लिङ्गमापातेन मन्दमतीन्प्रतिभायादिति। अतः प्रधानमल्लनिबर्हणन्यायेनातिदिशति—एतेन प्रधानकारणवादप्रतिषेधन्यायकलापेन सर्वेऽण्वादि-

---

एतेन सर्वे व्याख्याताः। अस्यातिदेशाधिकरणस्य तात्पर्यं वक्तुं वृत्तमनुवदति—ईक्षतेरिति। प्रधानवादस्य प्राधान्येन निराकरणे हेतूमाह—तस्य हीत्यादिना। तर्ह्यण्वादिवादा उपेक्षणीयाः, दुर्बलत्वादित्यत आह—तेऽपि त्विति। निर्मूलास्ते कथं प्रतिपक्षा इत्यत आह—तेषामिति। तथा हि छान्दोग्ये जगत्कारणत्वज्ञापनार्थं पिता पुत्रमुवाच, आसां वटधानानां मध्ये एकां भिन्धीति। भिन्ना भगव इत्युवाच पुत्रः। पुनः पित्रा किमत्र पश्यसीत्युक्ते, न किञ्चन भगव इत्याह। तत्र पित्राऽणिमानं न पश्यसीत्युक्तम्, तथा च न किञ्चनशब्दाच्छून्यस्वभाववादौ प्रतीयेते, अणुशब्दात्परमाणुवाद इति। एवं 'असदेवेदमग्र आसीत्' (छा० ६-२-१) 'अणोरणीयान्' (का० २-२०) इत्यादिलिङ्गं द्रष्टव्यम्। अत्राण्वादिवादाः श्रौता न वेति संशये सत्यसदण्वादिशब्दबलाच्छ्रौता इति प्राप्तेऽतिदिशति—एतेनेति। अस्यातिदेशत्वान्न पृथक् सङ्गत्याद्यपेक्षा। न किञ्चनाऽसच्छब्दयोः प्रत्यक्षायोग्यवस्तुपरत्वादणुशब्दस्य

एतेन सर्वे व्याख्याता व्याख्याताः (ललिता)

'ईक्षतेर्नाशब्दम्' इस सूत्र से प्रारम्भकर बार बार सूत्र द्वारा ही शङ्का उठाकर सूत्र से ही प्रधानकारणवाद का निराकरण किया जा चुका है, क्योंकि प्रधानकारणवाद पक्ष के समर्थक कुछ लिङ्गाभास उपनिषदों में बिना विचारे मन्दबुद्धि लोगों को प्रतीत होते थे। प्रधानकारणवाद में कार्य-कारण का अभेद माना गया है, इस मान्यता के कारण वेदान्तवाद के कुछ निकट प्रधानकारणवाद पड़ जाता है। देवलादि कुछ धर्मसूत्रकारों ने भी अपने ग्रन्थों में प्रधानकारणवाद का आश्रय लिया है। इसीलिए प्रधानकारणवादनिषेध में ही हमने अधिक प्रयत्न किया, परमाण्वादि कारणवादप्रतिषेध में प्रयत्न नहीं किया है। किन्तु वे सब भी ब्रह्मकारणवाद पक्ष के विरोधी हैं। अतः उनका निषेध करना भी आवश्यक जान पड़ता है। परमाण्वादि कारणवाद के भी समर्थक कुछ वैदिक लिङ्ग आपाततः मन्दबुद्धि लोगों को प्रतिभासित हो सकते हैं। जैसे छान्दोग्य में जगत्कारणत्व बतलाने के लिये उद्दालक ऋषि ने श्वेतकेतु से कहा, कि हे सौम्य! इन वट बीजों में से किसी एक को तोड़ो। पुत्र ने वैसा ही किया। पिता ने पुनः पूछा—इसमें क्या देखते हो? पुत्र ने कहा, कुछ नहीं देखता हूँ। इस पर पिता ने कहा कि जिस सूक्ष्म वस्तु को कुछ नहीं दीखता है, ऐसा कहते हो, उसी में यह महान् वट वृक्ष खड़ा है। यहाँ पर 'न किञ्चन' शब्द से शून्यवाद और 'अणु' शब्द से परमाणुवाद आपाततः प्रतीत होते हैं। अतः प्रधानमल्लनिबर्हणन्याय से उन मतों के खण्डन के लिए इस सूत्र से अतिदेश करते हैं। अर्थात् प्रधानकारणवादप्रतिषेध के लिए जो तर्क दिये गये हैं, उन्हीं तर्कों से परमाण्वादि कारणवाद भी निषिद्ध समझ लेना चाहिए। उनमें भी प्रधानवाद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कारणवादा अपि प्रतिषिद्धतया व्याख्याता वेदितव्याः । तेषामपि प्रधानवदशब्दत्वाच्छब्दविरोधित्वाच्चेति । व्याख्याता व्याख्याता इति पदाभ्यासोऽध्यायपरिसमाप्तिं द्योतयति ॥२८॥

इति श्रीमच्छारीरकमीमांसासूत्रभाष्ये श्रीशङ्करभगवत्पादकृतौ
प्रथमाध्यायस्य चतुर्थः पादः ॥ ४ ॥ इति समन्वयाऽध्यायः ॥ १ ॥

सूक्ष्माभिप्रायत्वादशब्दत्वं, तेषां वादानां प्रधानवादवदश्रौतत्वं, ब्रह्मकारणश्रुतिबाधित्वं च । तस्माद्ब्रह्मैव परमकारणं, तस्मिन्नेव सर्वेषां वेदान्तानां समन्वय इति सिद्धम् ॥२८॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीगोविन्दानन्दभगवत्पादकृतौ
श्रीमच्छारीरकमीमांसाव्याख्यायां भाष्यरत्नप्रभायां
प्रथमाध्यायस्य चतुर्थः पादः ॥४॥

के समान ही अशब्दत्व एवं शब्द विरोधित्व कारण बैठे हुए हैं। अर्थात् जैसे प्रधान कारणवाद का समर्थक वैदिक शब्द नहीं मिलता है, ऐसे ही परमाण्वादि कारणवाद के समर्थक भी वैदिक शब्द उपलब्ध नहीं होते हैं। इस सूत्र में व्याख्याता पद की द्विरावृत्ति अध्याय समाप्ति का द्योतक है। अतः ब्रह्म ही परमकारण है और उसी में सभी वेदान्तवाक्यों का समन्वय सिद्ध होता है ॥२८॥

इस प्रकार ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्य समन्वयाख्यप्रथमाध्याय चतुर्थपाद की
कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर
श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज
द्वारा रचित ललिता व्याख्या पूर्ण हुई ॥१॥

॥ श्रीशङ्करः प्रीयताम् ॥

(इति प्रथमो भागः)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्री कैलासपीठाधीश्वर अनन्त श्रीविभूषित श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य महामण्डलेश्वर

श्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरि जी महाराज

एवं श्री कैलास आश्रम के पूर्वाचार्यों की अनुपम कृतियाँ

कैलासविद्या प्रकाशन के सोपान

१. ईशावास्योपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्योपेता) क्राउन साइज ८ पेजी पृष्ठ ६८ ... १५.००

२. केनोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्ययुता) क्राउन साइज पृष्ठ १३८ ... २५.००

३. कठोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्योपेता) क्राउन साइज पृष्ठ १४० ... २५.००

४. प्रश्नोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय समलंकृत शाङ्करभाष्योपेता) क्राउन साइज पृष्ठ १२० ... २५.००

५. मुण्डकोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय समलंकृत शाङ्करभाष्योपेता) क्राउन साइज ८ पेजी पृष्ठ ९० ... २५.००

६. माण्डूक्य कारिका (सटिप्पण, हिन्दी, संस्कृत टीका सहित शाङ्करभाष्य) सजिल्द क्राउन साइज ८ पेजी पृष्ठ ३२० ... ५५.००

७. माण्डूक्य कारिका (सानुवाद शाङ्करभाष्ययुता) ... २५.००

८. तैत्तिरीयोपनिषद् (सटिप्पण-टीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्य युता) क्राउन साइज पृष्ठ १७८ ... २५.००

९. एतरेयोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्य युता) क्राउन साइज पृष्ठ ११२ ... २५.००

१०. छान्दोग्योपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्ययुता क्राउन साइज पृष्ठ ७३४ ... २००.००

११. बृहदारण्यकोपनिषद् (सटिप्पण-टीकाद्वय समलङ्कृत शाङ्करभाष्य-युता) सजिल्द क्राउन ८ पेजी २ खण्ड, पृष्ठ १६६२ ... ५००.००

१२. ब्रह्मसूत्र (शाङ्करभाष्य सटिप्पण रत्नप्रभा ललिता व्याख्यायुतम्)
(प्रथम भाग) ... ३००.००
(द्वितीय भाग) ... ५००.००

१३. ब्रह्मसूत्र (चतुः सूत्री, शाङ्कर भाष्य सटिप्पण ललिता व्याख्या-युतम्) ... ८०-००

१४. ब्रह्मसूत्र (शाङ्करभाष्य ललिता व्याख्यायुतम्) ... ३००.००

१५. श्रीमद्भगवद्गीता (शाङ्करभाष्य सटिप्पण आनन्द गिरि टीका ललिता व्याख्यायुतम्, दो भाग) ... ४००.००

१६. श्रीमद्भगवद्गीता (शाङ्कर भाष्य ललिता व्याख्यायुतम्) ... २२०.००

१७. ईशादिसप्तोपनिषद् (सटिप्पण-टीकाद्वय संवलित शाङ्करभाष्यो-पेता) क्राउन साइज ... २००.००

१८. ईशादि द्वादशोपनिषद् (विद्यानन्दी मिताक्षरा हिन्दी व्याख्या) सजिल्द डबल डिमाई १६ पेजी पृष्ठ ५३२ ... २००.००

१९. ब्रह्म सूत्र (सानुवाद-विद्यानन्द-वृत्ति) सजिल्द डबल डिमाई १६ पेजी पृष्ठ ५२० ... २००.००

२०. ब्रह्मसूत्र (संस्कृत विद्यानन्दवृत्ति-परीक्षोपयोगी डबल डिमाई साइज १६ पेजी पृष्ठ २४७ ... २५.००

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२१. श्रीमद्भगवद्गीता (अष्टादशाह प्रवचन) ... १५०.००
२२. ईशावास्य प्रवचनसुधा, डिमाई साइज़ पृष्ठ ३२० ... २५.००
२३. ईशावास्य प्रवचनसुधा (आंग्ल अनुवाद) डिमाई १६ पेजी सजिल्द ... १८०.००
२४. वैयासिक न्यायमाला (सानुवाद ललिता व्याख्यायुता) ... यन्त्रस्थ
२५. वेदान्त परिभाषा (अर्थदीपिका एवं सानुवाद सुबोधिनी व्याख्या) सजिल्द क्राउन साइज ८ पेजी ... ८०.००
२६. वेदान्त परिभाषा (परीक्षाब्धि-सन्तरणी) ... २०.००
२७. प्रत्यक्तत्त्व प्रदीपिका (चित्सुखी सटिप्पणटीकाद्वय संवलिता) भाग १-२ ... १८०.००
२८. प्रत्यक्तत्त्व प्रदीपिका (चित्सुखी छात्रतोषिणी टीका परीक्षाब्धि-सन्तरणी अष्टोत्तरशतन्यायमाला युता) ... १२०.००
२९. प्रत्यक्तत्त्व प्रदीपिका (चित्सुखी छात्रतोषिणी टीका परीक्षाब्धि-सन्तरणी) ... ४०.००
३०. व्याप्तिपञ्चकम् (सानुवाद माथुरी छात्रतोषिणी संवलितम्) ... ४०.००
३१. सिद्धान्त लक्षणम् (जागदीशी छात्रतोषिणी हिन्दी व्याख्या त्रय संवलितं ... यन्त्रस्थ
३२. संक्षेप शारीरकं (सानुवाद-मधुसूदनीसटिप्पणं संवलितं) ... ५००.००
३३. चतुःसूत्री (भामती परीक्षाब्धि सन्तरणी) ... २०.००
३४. सागरसेतु सजिल्द क्राउन साइज पृष्ठ ३२० ... ५०.००
३५. कैलास आश्रम शताब्दी स्मारिका सजिल्द क्राउन साइज पृष्ठ ४३४ ... ५०.००
३६. यतीन्द्रतिलक सजिल्द क्राउन साइज पृष्ठ ३२४ ... ५०.००
३७. दिव्यस्मृति पृष्ठ ३८८ ... १०.००
३८. आचार संहिता ... २०.००
३९. व्यासपूजापद्धति (शङ्खकलशप्रधान-वेदीमण्डलैः समलङ्कृता) ... २०.००
४०. चित्राञ्जलिः ... १२५.००
४१. श्रद्धासुमनाञ्जलिः ... १२५.००
४२. श्रुतिसारसमुद्धरणम् (हिन्दी-टीकायुतम्) क्राउन १६ पेजी पृष्ठ १५२ ... २०.००
४३. तत्त्वबोध, आत्मबोध सानुवाद पृष्ठ १०० ... २०.००
४४. वेदान्त रत्नाकर क्राउन १६ पेजी पृष्ठ ११६ ... २०.००
४५. वेदान्त डिण्डिम घोष (सानुवाद) पृष्ठ ५८ ... १०.००
४६. वैराग्यपञ्चक (कुञ्जिका व्याख्या) ... यन्त्रस्थ
४७. अद्वैतमुक्तावलि (मूल पञ्जाबी का संस्कृत श्लोकों एवं हिन्दी में अनुवाद) ... १०.००
४८. अमर संस्मरण (श्री अमरनाथ यात्रा विवरण) ... १०.००

विशेष सूचनाः—पुस्तक मँगाने वाले सज्जन अग्रिम राशि निम्नांकित कार्यालय में भेजकर मँगावें। पुस्तक के मूल्यातिरिक्त डाक, रेलवे तथा पोस्टेज व्यय पृथक् लगेगा, वी० पी० द्वारा पुस्तक भेजने का क्रम नहीं है।

मुख्य कार्यालयः— **श्री कैलास आश्रम**
ऋषिकेश (उ० प्र०) पिनः २४९२०१ ❁ दूरभाष : ४३०५९८

प्रकाशकः— **कैलासविद्या प्रकाशन**
श्री कैलास आश्रम, ऋषिकेश (उ० प्र०)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दस वर्षों तक निःशुल्क विद्यामहादान करते हुए विद्यालय की स्थिति को अत्यन्त सुदृढ़ करने में आपने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। प.पू. अनन्तश्री स्वामी नृसिंहगिरि जी महाराज एवं प.पू. अनन्तश्री स्वामी महेशानन्दगिरि जी महाराज की प्रेरणा से माघ कृष्ण द्वितीया वि.सं. २०२४ को आपने संन्यास दीक्षा ली जिसकी रजत जयन्ती १०-१-१९९३ ई. को बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

भगवदिच्छा एवं कैलास आश्रम के शुभचिन्तकों के प्रयास से आप दिल्ली छोड़ कैलासपीठाधीश्वर की गद्दी पर आषाढ़ शु. सप्तमी वि.सं. २०२६ को आसीन हुए। उस अवसर पर साधु समाज ने एवं कैलास पीठ के दो पूर्वाचार्यों (प.पू. स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरि जी महाराज एवं प.पू. शास्त्री जी महाराज) ने आपका चिरस्मरणीय अभिनन्दन किया और कैलास आश्रम को समुन्नत बनाने के लिए आपसे बहुत आशा व्यक्त की। आपने उन गुरुजनों के जीवन काल में ही उन की आशा से कई गुना अधिक कार्य कर उनकी परम प्रसन्नता एवं आशीर्वाद को प्राप्त किया। आपके प्रतिभाशाली नेतृत्व में कैलास आश्रम एवं शाखा आश्रमों की असाधारण उन्नति हुई। कई नई शाखाओं की स्थापना हुई। आपने अनेकानेक महोत्सवों के व्याज से प्रगति के योजनाबद्ध कार्यक्रमों का आविष्कार किया और उनको अपने अपूर्व प्रयास, लगन एवं निष्ठा से सफल बनाया। इन में कैलास आश्रम शताब्दी महोत्सव (१९८०-८१), आचार्यद्वय जन्मशताब्दी महोत्सव (१९८५-८६), भगवान् आदि शंकराचार्य द्वादश शताब्दी समारोह (१९८७-८८), दिव्य वर्ष पंचकम् (१९९२-१९९७) परम उल्लेखनीय हैं। कैलासाश्रम के सन्तों एवं भक्तों ने कृतज्ञता के भाव से प्रेरित हो आप का पट्टाभिषेक रजतमहोत्सव (१९९३-९४) एवं अमृत महोत्सव (१९९५-९६) राष्ट्रीय स्तर पर अत्यन्त उत्साहपूर्वक मनाये।

महाराज श्री भारत के आध्यात्मिक एवं धार्मिक क्षेत्र के आचार्यों में अग्रगण्य हैं और आपके निर्देश एवं परामर्शों का सभी साधु समाज अत्यधिक सम्मान करता है। आपने कई अनुपम ग्रन्थों की रचना की है। कैलास आश्रम की स्वाध्याय व्यवस्था को आपने व्यक्तिगत प्रयास से अत्यन्त सुदृढ़ बनाया है। प्रस्थान त्रयी का अष्टादशाह क्रम से स्वाध्याय करवा कर, शाङ्कर भाष्यों को सरल सुबोध हिन्दी भाषा में प्रस्तुत कर, गुरुजनों के यश को उजागर कर, १२१ दिवसीय अतिरुद्र यज्ञ सम्पन्न करवाने जैसे उद्भुत कार्यों को करके आप ने युग पुरुष की भूमिका निभाई है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2



कैलास आश्रम ऋषिकेश



कैलास आश्रम रोहतक

संस्थापिका माता सुशीला देवी-सहयोगार्थ आभार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection